ग्रंथकी रूप-रेखा बड़ी सुव्यवस्थित है। प्रत्येक महाधिकारके अन्तर्गत अनेक अधिकार है जिनमें भिन्न भिन्न विषयोंका वर्णन किया गया है। कहीं कहीं इन अधिकारोंके भी अवान्तर अधिकार निरूपण किये गये हैं। और कहीं गाथाओंमें वर्णित विषयका संख्यात्मक विवरण दे दिया गया है। ग्रंथकी अधिकांश रचना पद्यात्मक है। किन्तु कुछ गद्यखण्ड भी आगये हैं व कहीं कहीं गाथाओंकी प्रस्तावनारूप स्फुट शब्द व वाक्य भी पाये जाते हैं।

प्रथम महाधिकारके दो प्रमुख विभाग हैं— प्रस्तावना व विश्वका सामान्य निरूपण। इसमें कुल २८३ गाथायें और कुछ गद्यखंड हैं। दूसरे महाधिकारमें १५ अधिकार हैं (२,२–५) जिनमें कुल ३६७ पद्य पाये जाते है। इनमें ४ इन्द्रवज्रा (३६२, ३६४–६६) और १ स्वागता (३६३) को छोड़ शेष सब पद्य गाथा छंदमें हैं। तीसरे महाधिकारमें २४ अधिकार (३,२–६) व २४३ पद्य है जिनमें २ इन्द्रवज्रा (२२८ व २४१), ४ उपजाति (२१४-१५, २२९ व २४२) और शेष गाथाबद्ध है। चौथे महाधिकारमें १६ अधिकार हैं (४,२-५) और कुछ अधिकारोंमें अवान्तर अधिकार भी हैं। कुल पद्योंकी संख्या २९६१ है। कुछ गद्यखंड भी है। पद्योंमें ७ इन्द्रवज्रा (१६२-६३, ५५०–५१, ५७८, ९४१–४२), २ दोधक (५५२ व १२७५), १ शार्दूलविक्रीडित (७०४), २ वसन्ततिलका (९४० व १२११) और शेष गाथा छंदमें हैं। पांचवें महाधिकारमें १६ अधिकार (५,२–४), ३२१ गाथायें व अनेक गद्य-खंड हैं। छठे महाधिकारमें १७ अधिकार है (६,२–४) जिनमें अन्तिम तीन अधिकार महाधिकार ३ के अधिकारोंके समान हैं। इसकी गाथासंख्या १०३ है। सातवें महाधिकारमें १७ अधिकार हैं (७, २–४) जिनमें अन्तिम नौ तीसरे महाधिकारके समान हैं। इसकी गाथासंख्या ६१९ है व कुछ गद्यखंड भी है। आठवें महाधिकारमें २१ अधिकार (८, २–५) हैं इनमेंसे कुछका

स्पष्ट निर्देश नहीं पाया जाता; संभवतः उनके नाम छूट गये हैं। उदाहरणार्थ ११–१२ आदि। इसकी गाथासंख्या ७०३ है जिनमें केवल १ शार्दूलविक्रीडित (७०२) है और शेष गाथा। कुछ गद्यखंड भी हैं। नौवें अन्तिम महाधिकारमें ५ अधिकार व ७७ पद्य हैं जिनमें १ मालिनी (७४) और शेष गाथा रूप हैं।

ग्रंथका सम्पादन केवल थोड़ीसी हस्तलिखित प्राचीन प्रतियोंपरसे किया गया है। सम्पादकोंने ऐसे स्थल भी पाये है जहां प्रस्तुत पाठमें उन्हें स्खलन दिखाई देते हैं। कुछ पाठ अत्यधिक भ्रष्ट हैं, यद्यपि सामान्यतः उनका अर्थ अनुमान करना कठिन नहीं है। कहीं कहीं पंक्तियां छूटी हुई हैं (जैसे पृष्ठ ३३, २२८–२९, ४४२, ४४८, ४८९, ५७१, ५७६, ६२७–२८, ६३० आदि)। संख्यात्मक निरूपणोंमें अशुद्धियां हैं और बहुधा वे स्थानान्तरित भी हो गये है (पृ. ६०, ६४ आदि)। अधिकारोंके नाम सर्वत्र विधिवत् नहीं मिलते। और कहीं कहीं तो वे स्पष्टतः छूटे हुये दिखाई देते है (देखिये महाधिकार ८)। फिर भी उपलब्ध सामग्री की सीमाके भीतर प्रस्तुत पाठ प्रामाणिक कहा जा सकता है, और यदि आगे ग्रंथकी कुछ और प्राचीन प्रतियां मिल सकीं व उनसे प्रस्तुत पाठका मिलान किया जा सका, तो भविष्यमें उक्त त्रुटियां भी दूर की जा सकती हैं।

अशुद्ध प्रतियोंकी परम्परासे उत्पन्न उपर्युक्त त्रुटियोंके होते हुये भी त्रिलोकप्रज्ञप्ति सामान्यतः पर्याप्त प्राचीन परम्परापर निर्धारित है, और उसमें सामान्यतः एक ही रचियताके हाथ-की एकरूपता दिखाई देती है। प्रत्येक महाधिकारके अन्तमें ग्रंथकर्ताने स्पष्टतः उल्लेख किया है कि त्रिलोकप्रज्ञप्तिके विषयका ज्ञान उन्हें आचार्यपरम्परासे प्राप्त हुआ है। कहीं कहीं 'गुरूपदेश' का भी उल्लेख है; जैसे ७-११३,१६२)। उन्होंने प्राचीन ग्रंथों और उनके पाठान्तरोंका भी उल्लेख किया है। जैसे–आग्रायणी, परिकर्म, लोकविभाग और लोकविनिश्चय। ये ग्रंथ अब हमें उपलभ्य नहीं है। उन्होंने अनेक स्थलों (कोई पच्चीससे भी अधिक) पर यह भी स्वीकार किया है कि अमुक विषयका विवरण और उपदेश उन्हें परम्परासे गुरुद्वारा प्राप्त नहीं हुआ या नष्ट हो गया। समस्त ग्रंथके भीतर पाठकको यह अनुभव होता है कि लोकविज्ञान जैसा दुर्गम विषय उसके गणित आदि सहित भिन्न भिन्न आचार्यपरम्पराओंमें अध्ययन किया जाता था और इन परम्पराओंमें कुछ विषयोंपर परस्पर मतभेद भी था। ग्रंथमें चालीससे भी अधिक ऐसे स्थल हैं जहां हमें पाठान्तर रूप गाथाएं प्राप्त होती हैं और कहीं कहीं 'अथवा' शब्दके द्वारा मतभेदोंका निर्देश किया गया है, जैसे– पृ. ५१, ७१। ग्रंथकर्ताका प्रयोजन यही रहा है कि जहां तक हो सके परम्परागत ज्ञानको यथाशक्ति शुद्ध और पूर्णरूपसे सुरक्षित रखा जाय।

यद्यपि विद्वान् पाठकों व लेखकों द्वारा स्खलनों व क्षेपकोंकी सम्भावना तो तब तक दूर नहीं

की जा सकती जब तक और बहुतसी प्राचीन प्रतियोंका मिलान न कर लिया जाय, तथापि त्रिलोक-प्रज्ञप्तिकी रूपरेखा और विषयप्रतिपादनमें एक ही कर्ताका हाथ दिखाई देता है। ग्रंथके आदिमें स्पष्ट उल्लेखके पश्चात् पूरी रचना नौ महाधिकारोंमें विभक्त की गई है, जिनमेंसे प्रत्येक पुनः अन्तराधिकारोंमें विभाजित हैं जिनका निर्देश प्रारम्भमें ही कर दिया गया है। इस प्रकार समस्त ग्रंथमें एक योजना पाई जाती है। कहीं कहीं पश्चात्के अधिकारमें उपयोगी वस्तुविवरणके लिये पूर्वके किसी अधिकारका उल्लेख किया गया है (६, १०१)। कहीं हमें ऐसे निर्देश मिल जाते हैं—'पुव्वं व वत्तव्वं' (पहलेके समान कथन करना चाहिये—४, २६१, २७४ आदि)। इससे स्पष्ट है कि ग्रंथकर्ता लगातार विषयका प्रतिपादन कर रहा है। आदिमंगलमें पंचपरमेष्ठीको नमस्कारादि किया गया है, किन्तु सिद्धोंको प्रथम और अरहन्तको तत्पश्चात्। फिर प्रथम महाधिकारके अन्तसे प्रारंभके प्रत्येक महाधिकारके आदि और अन्तमें क्रमशः एक एक तीर्थंकरको नमस्कार किया गया है—जैसे १ नाभेय, २ अजित व संभव, ३ अभिनन्दन व सुमति, ४ पद्मप्रभ व सुपार्श्व ५ चन्द्रप्रभ व पुष्पदन्त, ६ शीतल व श्रेयांस, ७ वासुपूज्य व विमल, ८ अनन्त व धर्म तथा ९ शान्ति व कुन्थु। फिर शेष अरसे वर्धमानान्त तीर्थंकरोंको अन्तिम महाधिकारके अन्तमें नमस्कार किया गया है (९, ६७-७३)। इन नमस्कारात्मक पद्योंकी व्यवस्था व स्थानोंमें न केवल एक सुयोजना ही है किन्तु उनमें एक ही कर्ताका हाथ स्पष्ट दिखाई देता है।

२ ग्रंथकी कुछ विशेषतायें और तुलना

यहांपर तिलोयपण्णत्ति जैसे अति प्रामाणिक और प्राचीन ग्रंथके विषयकी कुछ महत्त्वपूर्ण बातोंपर ध्यान दे लेना अच्छा होगा। यह ग्रंथ मुख्यतः करणानुयोगका है जिसमें तीनों लोकोंके सम्बन्धकी समस्त ज्ञात बातोंका विवरण है। इस विशाल रचनामें अनेक रोचक वार्ताओं सम्बन्धी परिच्छेद भी सम्मिलित हो गये है जिनका जैन सिद्धान्त और साहित्यके अध्येताको पूर्वापर कालीन समानताओंकी खोज करके तुलनात्मक अध्ययन करना पड़ता है। परम्परागत विषयोंकी विवरणात्मक रचना होनेसे ति. प. में ऐसे ग्रंथोंसे समानतायें पाई जा सकती हैं जो उससे प्राचीन या अर्वाचीन होते हुए भी उनसे उसके प्रत्यक्ष आदान—प्रदानका कोई सम्बन्ध नहीं है। ऐसी अवस्थामें तद्गत विषयोंका तुलनात्मक अध्ययन तो किया जा सकता है, किन्तु उनके पूर्वापर कालीनत्व तथा परस्पर आदान-प्रदानका निर्णय स्वतंत्र रूपसे किया जाना चाहिये।

जहां तक करणानुयोगकी सामग्री (तत्संबंधी विवरण एवं गणितात्मक करणसूत्रों आदि सहित) का संबंध है, ति. प. का विषय अर्धमागधी आगमकी सूर्यप्रज्ञप्ति (बम्बई १९१९), चन्द्रप्रज्ञप्ति और जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति (बम्बई १९२०) तथा संस्कृत प्राकृतके अन्य प्राचीन अर्वाचीन ग्रंथों—जैसे लोकविभाग, तत्त्वार्थराजवार्तिक, धवला-जयधवला टीका, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिसंग्रह (इं. हि. का. भाग १४ पृ. १८८ आदि) त्रिलोकसार (बम्बई १९१७) और त्रिलोकदीपिका (ह. लि.) से बहुत कुछ

मिलता जुलता है। डॉ. किरफेलने अपनी डाइ कासमोग्राफी डेर इंडेर (बान, लीपज़िग १९२०) में जो सामग्री उपस्थित की है उसका ति. प. से सूक्ष्म मिलान करनेकी आवश्यकता है।

प्रासंगिक विषयोंमें मंगलके विषयकी चर्चा परम्परागत है। इसकी तुलना विशेषावश्यक भाष्य (जिनभद्रकृत दो भागोंमें गुजराती अनुवादसहित, सूरत, संवत् १९८०–८३), धवला टीका तथा पञ्चास्तिकायकी जयसेनकृत टीका (बम्बई १९१५) से करने योग्य है।

अठारह श्रेणियोंकी गणना तथा महाराज आदि पदवियोंकी परिभाषा (१, ४३ आदि) द्वारा हमें प्राचीन भारतके राजानुक्रम एवं वैभवका कुछ परिचय प्राप्त होता है। परमाणु आदि पुद्गलमापों, अंगुल आदि आकाशमापों और व्यवहार पल्य आदि कालमापोंसे हमें तत्कालीन ज्ञानको सुव्यवस्थित करनेके प्रयत्नोंकी स्पष्ट सूचना मिलती है। लोकके मापके लिये इन सबका उपयोग भी किया गया है। ये विषय धवला व जयधवला टीकाओंमें भी वर्णित है।

ति. प. के चतुर्थ महाधिकारमें सबसे अधिक रोचक प्रकरण शलाकापुरुषोंके वर्णनका है। इन महापुरुषोंके चरित्र जिनसेनकृत हरिवंशपुराण, जिनसेन और गुणभद्रकृत संस्कृत महापुराण, शीलाचार्यकृत प्राकृत महापुरुषचरित, पुष्पदन्तकृत अपभ्रंश तिसट्ठि-महापुरिसगुणालंकार, हेमचन्द्रकृत संस्कृत त्रिषष्ठि-शलाका-पुरुष-चरित, चामुण्डरायकृत कन्नड त्रिषष्ठि-लक्षण-महापुराण, तथा अज्ञातकर्तृक तामिल श्रीपुराण आदि ग्रंथोंमें विस्तारसे वर्णित पाये जाते हैं। इन चरित्रोंपर और भी अनेक ग्रंथ रचे गये है जिनमें कहीं सभी और कहीं कुछ या किसी एक ही महापुरुषका चरित्र वर्णन किया गया है। जैन साहित्यिक परम्परामें यह अधिकांश विवरण चिर कालसे चला आता है, और योग्य कवियोंने उसमेंसे अपनी इच्छानुसार पौराणिक या काव्यात्मक रचनाएं तैयार की हैं। ति. प. के समान ही इस विषयका विवरण समवायांग (सूत्र १५६ आदि पृ. १३९ आदि, बम्बई संस्करण अभयदेव टीका सहित) तथा विशेषावश्यक भाष्य (आगमोदय समिति सं. गुजराती अनुवाद सहित सूरत, संवत् १९८०, भाग १ परिशिष्ट पृ. ५४५ आदि) में भी पाया जाता है। तीर्थंकरोंके चरित्रमें बहुतसी धार्मिक व वर्णनात्मक चर्चाएं भी आई हैं। जैसे– समवसरणरचना, ऋद्धियां, चक्रवर्तीकी विजययात्रा इत्यादि जो पश्चात् कालीन लेखकोंके लिये आदर्श सिद्ध हुई। उल्लेखकी सरलताके लिये इनमेंके अनेक विवरण इस ग्रंथके परिशिष्टोंमें तालिका रूपमें दे दिये गये हैं। विविध ग्रंथोंके विवरणोंकी तुलना कर उनमें भेद तथा वर्णनविस्तारकी बातों-पर ध्यान दिये जानेकी आवश्यकता है।

महावीर स्वामीके पश्चात्की अन्वयपरम्परा (पृ. ३३८ आदि) जैन धार्मिक व साहित्यिक इतिहास ही नहीं किन्तु भारतके इतिहासकी दृष्टिसे भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि उसमें राजाओं, राजवंशों एवं उनकी कालगणनाका भी उल्लेख प्राप्त होता है। महावीरनिर्वाणसे लेकर शकराज तकका काल अनेक विकल्पोंके रूपमें दिया गया है जिससे ज्ञात होता है कि

तिलोयपण्णत्तिकारके सम्मुख अनेक मत–मतान्तर थे और उन्होंने उन्हें यथावत् प्रस्तुत करनेका प्रयत्न किया है। पालक, पुष्यमित्र, वसुमित्र, अग्निमित्र, गन्धर्व, नरवाहन व कल्कि आदि राजाओंके उल्लेख इतिहासोपयोगी है।

विविध क्षेत्रों एवं वहांकी नदियों, पर्वतों और मनुष्योंका वर्णन आजके भूगोलके विद्यार्थी-के लिये भले ही अधिक उपयोगी न हो, किन्तु जैन साहित्यकी पृष्ठभूमिको समुचित रूपसे समझनेके लिये इन बातोंका सावधानी पूर्वक अध्ययन आवश्यक है, क्योंकि जैन लेखक तो इन्हीं बातोंमें पगे हुए थे। यही बात आकाश तथा ज्योतिष सम्बन्धी विवरणोंके लिये समझना चाहिये।

सिद्धोंका वर्णन, आत्मचिन्तनके उपाय आदि (अन्तिम महाधिकारमें) जैन विचारधाराकी प्राचीन सम्पत्ति है। इसी प्रकारके विचार, समान शब्दावलीमें, प्राकृत सिद्धभक्ति, ओवाइयंके अन्तिम पद्यों तथा कुन्दकुन्दके अनेक ग्रंथोंमें भी पाये जाते हैं।

केवल विषयनिरूपणमें ही नहीं, किन्तु पद्योंकी शब्दरचनामें भी ति. प. अन्य अनेक ग्रंथोंसे समानता रखती है। इनमेंकी अनेक तो प्राचीन परम्परागत गाथाएं ही है जिन्हें भिन्न भिन्न ग्रंथकारोंने अपनी रचनाओंमें सम्मिलित किया है। उनमेंसे कुछ ग्रंथ ति. प. से पुराने और कुछ पीछेके है, अतएव जहां समानता विशेष है वहां आदान-प्रदानकी संभावना भी हो सकती है। इस दिशामे यहां कुछ प्रयत्न किया जाता है, और यह विश्वास है कि दूसरे विद्वान् इस प्रकारकी अनेक समान गाथाओंकी खोज कर सकेंगे। ये गाथाएं दो मुख्य भागोंमें विभाजित होती हैं। एक तो वे गाथाएं जो कुछ पाठभेद लिये हुए समानता रखती हैं, और दूसरी वे जो प्रायः या अंशतः विषयसाम्यको लिये हुए है।

तुलना कीजिये **मूलाचार** (बम्बई सं. १९७७-८०) ५,३४ (अन्तिम पादमें कुछ भेद है) १२,८१-८२ का ति. प. १-९५; ७,६१४-१५ से। मूलाचार १२, ३७-४०, ६२, १०७-८, ११५, १३६-३७, १५० का ति. प. ५, २८-३१; ४-२९५२; ८,६८५-८६; २-२९०; ८,६८०-८१; ३-१८६ से।

तुलना कीजिये **पंचास्तिकाय** (बम्बई १९१५) ७५, १४६, १५२ का ति. प. १-९५; ९,२०-२१ से। **प्रवचनसार** (बम्बई १९३५) १-१, ९, ११, १२, १३, १७; २-६९, ७०, १०३ का ति. प. ९-७३, ५६, ५७, ५८, ५९, ५४, २९, ३०, ५० से। प्रवचन-सार १-५२; २-५४, ३-६८, ९९ (३, ४ भी), १०२, १०४; ३-३९ का ति. प. ९-६५; २-२७७; ९-२८, ३४, ३३, १९, ३७ का। **समयसार** (बम्बई १९१९) १११, ३८, ६९, १५४ का ति. प. ९-२३, २४, ६३, ५३. से व समयसार १९, ३६, १८८, ३०६ का ति. प. ९-४३, २५, ४७, ४९ से।

तुलना कीजिये **भगवती आराधना** (शोलापुर संस्करण) ८८६-८७; ९१६; ९२२; १५८३ का ति. प. ४, ६२८-६२९, ६३४, ६३५, ६१८; तथा ८८८-८९, ९०४, ९३५ का ति. प. ४,६२९, ६३०, ६३६ से।

जोइंदुकृत परमात्मप्रकाश अपभ्रंश भाषाकी रचना है (बम्बई १९३७)। इसका एक पद्य २,६०, अन्य भाषामें है। तथापि परमात्मप्रकाशमें उसकी स्थिति पर्याप्त प्रामाणिक है। इसके अन्तिम पादको छोड़कर शेष सब ति. प. ९-५२ से मिलता है। संभव है जोइंदुने स्वयं उसे उद्धृत किया हो और अपनी रचनासे मेल मिलानेके लिये उसके अन्तिम चरणमें उत्तम पुरुषका निर्देश कर दिया हो।

ति. प. १-९५ का गोम्मटसार – जीवकांड (बम्बई १९१६) ६०३ से मिलान कीजिये। इसी प्रकार ति. प. ३,१८०-८१; ४-२९५२; ८-६८५ आदिका जीवकाण्ड ४२६-२७ ८२, ४२९ आदि। (विशेषावश्यक भाष्य ६९५ भी)। ति. प. ३-९; ४-२२०६; ६,४२-४४; ४८-४९; ७-५३०; ८-५६६ का त्रिलोकसार २०९, ६८७, २६५-६७, २७१-७२, ४११, ५३१ से। उसी प्रकार ति. प. ३-३८; ४-२५९८ (२८१८ भी) ६,३८-४१ का त्रिलोकसार २१५, ७६१, २६१-६३ से।

माघनन्दिने शास्त्रसारसमुच्चयके सूत्रोंपर एक विस्तृत टीका कनाड़ीमें लिखी है (बेलगांव १९१६) इस ग्रंथमें बिना नामोल्लेखके अनेक ग्रंथोंके अवतरण दिये गये हैं। प्राकृतके अवतरण बहुत ही अशुद्ध छपे हैं। सामान्य अवलोकनसे ही निम्न अवतरण ति. प. के दृष्टिमें आये हैं—ति. प. ४,१६१४-२३ (पृ. ७-८); १५००-१ (पृ. २८); १५३४, १५४४ (पृ. ३०); ५२२-२५ (पृ. ३२); ५५०, ६४२, ६४३ (पृ. ३५); ६७५-७८ (पृ. ३७-८); ९०१-३, ९०५, ९२९ (पृ. ४६); १४७२-७३ (पृ. ५६) ८-१६८ (पृ. १०७). शास्त्रसारसमुच्चय टीकामें गाथाएं इतनी अशुद्ध छपी हैं कि उनकी ति. प. की गाथाओंके साथ एकताका पता कठिनाईसे चल पाता है।

३ ग्रंथकार यतिवृषभ

त्रिलोकप्रज्ञप्तिके ग्रंथकर्तृत्व और कालनिर्णयके सम्बन्धमें अनेक विद्वान् विवेचन कर चुके हैं। संभव है इस विषयकी हमारी लेखसूची पूर्ण न हो। तथापि जहां तक हमें ज्ञात हो सका है, इस विषयपर हिंदीमें लिखे गये निबन्ध निम्न प्रकार हैं और उनका हमने प्रस्तावनामें उपयोग भी किया है। —

१. पं. नाथूरामजी प्रेमी द्वारा लिखित ' लोकविभाग और तिलोयपण्णत्ति " (जैन हितैषी १९१७; जैन साहित्य और इतिहास, बम्बई १९५६ पृ. १-२२)।

२. पं. जुगलकिशोर मुख्तार द्वारा लिखित 'कुन्दकुन्द और यतिवृषभ' (अनेकान्त २, पृ. १-१२)।

३. पं. फूलचन्द्र शास्त्री द्वारा लिखित 'वर्तमान त्रिलोकप्रज्ञप्ति और उसके रचनाकाल आदिका विचार' (जैन सिद्धांत भास्कर ११, पृ. ६५-८२)।

४. पं. महेंद्रकुमार न्यायाचार्य द्वारा लिखित जयधवलाकी भूमिका पृ. १२-२५, १९-६९ आदि (मथुरा, १९४४)।

५. पं. जुगलकिशोर मुख्तार द्वारा लिखित व अभी तक अप्रकाशित "तिलोयपण्णत्ति और यतिवृषभ" जिसमें लेखकने अपने पूर्व लेख (नं. २) का व पं. फूलचन्द्र शास्त्रीके लेख (नं. ३) का पुनः पर्यालोचन किया है। इस अप्रकाशित लेखकी हस्तलिखित प्रतिको हमारे उपयोगके लिये भेजकर पंडितजीने हमें विशेष रूपसे उपकृत किया है।

निम्न ऊहापोहमें जहां इन विद्वानोंका नामनिर्देश किया गया है वहां उनके इन्हीं उपर्युक्त लेखोंसे अभिप्राय है।

स्वयं तिलोयपण्णत्तिके उल्लेखानुसार प्रस्तुत ग्रंथका वर्तृत्व अर्थ और ग्रंथके भेदसे दो प्रकारका है। लोकातीत गुणोंसे सम्पन्न भगवान् महावीर इसके अर्थकर्ता हैं। उनके पश्चात् गौतमादि महान् आचार्योंके क्रमसे इस विषयका ज्ञान परम्परासे चला आया है (१,५५ आदि)। इस ज्ञानको ग्रंथका वर्तमान स्वरूप देनेका श्रेय किसी एक आचार्यको अवश्य होगा। अतएव हमें यह खोज करना आवश्यक है कि क्या प्रस्तुत ग्रंथमें इसका कोई वृत्तांत हमें प्राप्त हो सकता है। ग्रंथकर्ताने आदिमें या पुष्पिकाओंमें न तो अपने गुरुओंका कोई उल्लेख किया और न स्वयं अपना नामनिर्देश। इस प्रसंगमें हमारा ध्यान केवल निम्न लिखित दो गाथाओं (ति. प. ९, ७६-७७) पर जाता है—

पणमह जिणवरवसहं गणहरवसहं तहेव गुणवसहं।
दट्ठूण परिसवसहं जदिवसहं धम्मसुत्तपाढए वसहं॥
चुण्णिस्सरूवछक्करणसरूवपमाण होइ किं जं तं (?)।
अट्ठसहस्सपमाणं तिलोयपण्णत्तिणामाए॥

इन गाथाओंके ठीक अर्थ बैठानेमें कुछ कठिनाई प्रतीत होती है। प्रथम गाथामें यद्यपि 'जिनवरवृषभ' को नमस्कार किया गया है, तथापि उसमें यह भी आभास मिलता है कि कर्ताने वहां अपना नाम जदिवसह (यतिवृषभ) भी प्रकट किया है। दूसरी गाथामें कर्ताने तिलोयपण्णत्तिका प्रमाण बतलानेके लिये संभवतः अपनी ही दो अन्य रचनाओं चूर्णिस्वरूप और [षट् -] करण-स्वरूपका उल्लेख किया है। यह बात अन्य प्रमाणोंसे उपलब्ध वृत्तान्तों द्वारा भी बहुत कुछ समर्थित होती है।

कषायप्राभृतके अध्ययनकी आचार्यपरम्परा बतलाते हुये श्रुतावतारके कर्ता इन्द्रनन्दिने दो आर्या छंदोंसे इस प्रकार कहा है (१५५-१५६)—

पार्श्वे तयोर्द्वयोरप्यधीत्य सूत्राणि तानि यतिवृषभः ।
यतिवृषभनामधेयो बभूव शास्त्रार्थनिपुणमतिः ॥
तेन ततो यतिपतिना तद्गाथावृत्तिसूत्ररूपेण ।
रचितानि षट्सहस्रग्रंथान्यथ चूर्णिसूत्राणि ॥

इस प्रकार यतिवृषभने आचार्य नागहस्ति और आर्यमंक्षुसे (कषायप्राभृत) सूत्रोंका अध्ययन कर शास्त्रार्थमें निपुणता प्राप्त की । (यहां यतिवृषभ शब्दपर श्लेष पाया जाता है वह ध्यान देने योग्य है; क्योंकि वह हमें तिलोयपण्णत्तिकी ऊपर उद्धृत गाथाका स्मरण कराता है ।) फिर उसी कषायप्राभृतपर वृत्ति रूपसे उन्होंने चूर्णिसूत्रोंकी रचना की, जिनका प्रमाण छह हजार ग्रंथ था । यह वृत्तांत अब इन्द्रनन्दि द्वारा प्रसारित केवल मात्र एक परम्परा रूप नहीं कहा जा सकता, क्योंकि अब हमें स्वयं जयधवला द्वारा उसकी प्रामाणिकता प्राप्त होती है । जयधवलाके आदिमें (वृत्तिसूत्रके कर्ता एवं) आर्यमंक्षुके शिष्य व नागहस्तिके साक्षात् शिष्य यतिवृषभका आशीर्वाद प्राप्त किया गया है, व अनेक वार उनके उस चूर्णिसूत्रका उल्लेख किया गया है जो अब वीरसेन व जिनसेनकृत जयधवला टीकामें सम्मिश्रित पाया जाता है । चूंकि तिलोयपण्णत्तिमें 'यतिवृषभ' का उल्लेख है तथा उसके प्रमाण निर्देशके लिये 'चूर्णि' का भी उल्लेख किया गया है एवं कषायप्राभृतपर यतिवृषभकृत चूर्णिसूत्र उपलब्ध है, अतएव अधिक संभवना यही है कि तिलोयपण्णत्ति व कषायप्राभृतके चूर्णिसूत्रके कर्ता एक ही है ।

पं. महेंद्रकुमारजीने जयधवला टीकाके अन्तर्गत चूर्णिसूत्रके मुख्य लक्षण प्रतिपादित करनेका कुशल प्रयत्न किया है । ये चूर्णिसूत्र अल्पाक्षर और गूढार्थ है । इसी कारण उच्चारणाचार्यको उनका अर्थ अधिक स्पष्ट करनेकी आवश्यकता पड़ी तथा वीरसेन व जिनसेनने उस रचनाके विषयको पूर्णतया समझानेके लिये उसे दशगुना विस्तार दिया । यतिवृषभकी अर्थव्यक्ति व स्पष्टीकरणकी शैली परम्परानुसरिणी है । उन्होंने आठवें पूर्व कर्मप्रवाद व द्वितीय पूर्वकी पंचम वस्तुके चतुर्थ प्राभृत कर्मप्रकृतिका उल्लेख किया है । उन्होंने आर्यमंक्षु और नागहस्तिमें परम्परा मतभेदका भी उल्लेख किया है, तथा यह भी कहा है कि उनमें नागहस्तिका मत परम्परा-सम्मत होनेसे अधिक ग्रहणीय है । उच्चारणावृत्तिमें बहुधा चूर्णिसूत्रका विस्तार पाया जाता है, यद्यपि अनेक स्थलोंपर उनमें भी परस्पर मतभेद है ।

यतिवृषभकी अन्य रचना करणस्वरूप या षट्करणस्वरूपके विषयमें हमें कुछ भी ज्ञात नहीं है । किन्तु तिलोयपण्णत्तिमें कर्ताने कुछ गाथाएं दी है जो 'करण-सूत्र' या 'करण-गाथा' कहलाती है । 'करण-कुशल' (ति. प. १,११६) शब्द भी ध्यान देने योग्य है, क्योंकि उससे करणका अर्थ गणितके 'फार्मला' या संक्षिप्त सत्र जैसा सूचित होता है ।

यह दुर्भाग्यकी बात है कि हमें कषायपाहुडके चूर्णिसूत्रके तथा प्रस्तुत तिलोयपण्णत्तिके कर्ता यतिवृषभके विषयमें अधिक ज्ञान नहीं है। तिलोयपण्णत्तिकी जिस गाथामें श्लेषरूपसे उनका संकेत किया गया है, उसीके समान एक गाथा जयधवलामें भी पाई जाती है, और संभवतः इन दोनों गाथाओंमें कषायप्राभृतकी गाथाओंके रचयिता गुणधरका उल्लेख अन्तर्निहित है। यहां यह संकेत मिलता है कि यतिवृषभका गुणधरके प्रति बड़ा आदरभाव था। उन दोनोंमें परस्पर क्या सम्बन्ध था, यह हमें ज्ञात नहीं है। यहां ऐसा कोई संकेत नहीं है कि वे समसामयिक थे। यह बात वीरसेनने कही है कि यतिवृषभ आर्यमंक्षुके शिष्य एवं नागहस्तिके अंतेवासी थे। शिष्यका अभिप्राय परम्परा शिष्य से भी हो सकता है, किन्तु 'अन्तेवासी' (निकटमें रहनेवाले) से तो यही ध्वनित होता है कि वे नागहस्तिके समसामयिक व साक्षात् शिष्य थे। कुछ वर्ष पूर्व यह अनुमान किया गया था कि आर्यमंक्षु और आर्य नागहस्ति तथा नन्दिसूत्रमें उल्लिखित 'अज्ज मंगु' और 'अज्ज नागहत्थि' क्रमशः एक ही हों (प्रवचनसारकी प्रस्तावना, बम्बई १९३५, पृ. १५ टि. ३)।

४ ग्रंथका रचनाकाल

यतिवृषभ और तदनुसार तिलोयपण्णत्तिका कालनिर्णय स्वयं एक बड़ी समस्या है। इस विषयसे सम्बद्ध जो कुछ प्रमाण उपलब्ध है वह न तो पर्याप्त है और न निर्णयात्मक। ऐसी परिस्थितिमें इनके कालनिर्णयका जो भी प्रयत्न किया जायगा वह अनिश्चयात्मक ही हो सकता है। इस कार्यमें हमें निष्पक्षभावसे उपलभ्य सामग्रीका पर्यालोचन करना चाहिये और किसी बातका एकान्त आग्रह नहीं रखना चाहिये। यहां हम जो कालनिर्देश कर रहे हैं वह और अधिक खोज-बीनके लिये दिग्दर्शन मात्र कहा जा सकता है।

तिलोयपण्णत्तिमें हमें जिस विवेचनपद्धतिका दर्शन होता है, उसमें जो निरन्तर इस बातपर जोर दिया गया है कि उसका समस्त विषय परम्परागत है, विषयका जो व्यक्तिनिरपेक्ष प्ररूपण किया गया है तथा जो प्रमाणोल्लेख पाये जाते हैं, वे सब यही सूचित करते हैं कि तिलोयपण्णत्तिकी ग्रंथरचना पीछेके वैयक्तिक ग्रंथकर्ताओंके ग्रंथोंकी अपेक्षा आगम ग्रंथोंसे अधिक सम्बद्ध है।

यतिवृषभ शिवार्य, वट्टकेर, कुन्दकुन्द आदि जैसे ग्रंथरचयिताओंके वर्गके हैं; और उनकी तिलोयपण्णत्ती उन आगमानुसारी ग्रंथोंमेंसे है जो पाटलीपुत्रमें संगृहीत आगमके कुछ आचार्योंद्वारा अप्रामाणिक और त्याज्य ठहराये जानेके पश्चात् शीघ्र ही आचार्यानुक्रमसे प्राप्त परम्परागत ज्ञानके आधारसे स्मृतिसहायक लेखोंके रूपमें संग्रह किये गये।

इस पार्श्वभूमिको ध्यानमें रखते हुए आइए हम बाह्य और आभ्यन्तर सूचनाओंकी

समीक्षा करें और यतिवृषभ तथा उनकी तिलोयपण्णत्तिके रचनाकालकी कुछ सीमाएं निर्धारित करनेका प्रयत्न करें।

अ. १. वीरसेनस्वामीने अज्जमंखुके शिष्य और नागहत्थिके अन्तेवासी यतिवृषभके न केवल आशीर्वादकी आकांक्षा प्रकट की है किन्तु उन्होंने उनके 'वृत्तिसूत्र' का भी उल्लेख किया है। तिलोयपण्णत्तिका भी निर्देश किया है, उसे सूत्रकी संज्ञा देकर सम्मानित किया है,[1] उसकी गाथाएं भी उद्धृत की हैं जो कुछ अल्प परिवर्तनोंके साथ प्रस्तुत ग्रंथमें पाई जाती हैं[2] तथा कहीं कहीं उसके विषयको भी रूपान्तरित करके उद्धृत किया है[3]। वीरसेनके समान टीकाकार एक पूर्वकालीन ग्रंथके विषयको अपनाते है और उसके अवतरण भी प्रस्तुत करते हैं, यह सर्वथा स्वाभाविक है; क्योंकि टीकाकारसे प्राचीन सूत्रोंके स्पष्टीकरणमें यही तो अपेक्षा की जाती है। वीरसेनके कालके सम्बन्धमें हमें उनकी स्वयं प्रशस्ति प्राप्त है कि उन्होंने धवला टीकाको शक सं. ७३८ (+ ७८) = ८१६ ईस्वीमें समाप्त किया था। अतएव यतिवृषभकृत तिलोयपण्णत्तिका काल इससे पूर्व ठहरता है।

२. पं० महेंद्रकुमारजीने बतलाया है कि जिनभद्र क्षमाश्रमणने अपने विशेषावश्यक भाष्य (शक ५३१=६०९ ईस्वी) में जो 'आदेशकषाय' का उल्लेख किया है इसका अभिप्राय संभवतः जयधवलान्तर्गत चूर्णिसूत्रमें यतिवृषभकृत विवेचनसे है।

ब. अब हम आभ्यन्तर सूचनाओंकी समीक्षा करेंगे—

१. यतिवृषभने किन्हीं पूर्ववर्ती ग्रंथकर्ताओंका स्मरण नहीं किया। केवल तिलोयपण्णत्तिकी ९-६९ वीं गाथाके सुधारे हुये पाठसे यह ध्वनित होता है कि वे श्लेषद्वारा अपने नामके साथ साथ गुणधराचार्यका भी नामोल्लेख कर रहे हैं। तथापि इससे हमें उनके कालनिर्णयमें अधिक सहायता नहीं मिलती।

२. तिलोयपण्णत्ती ४-१२११ में बालचन्द्र सैद्धांतिकका नामोल्लेख पाया जाता है। अब प्रथम प्रश्न यह है कि क्या वह पद्य यतिवृषभकृत ही है। इस प्रश्नके उत्तरमें हमें कहना है 'नहीं'। उस स्थलका प्रसंग ही यह बतला रहा है कि उस पद्यका ग्रंथसे कोई आन्तरिक संबन्ध नहीं है। उससे पूर्वके पद्यमें कहा गया है कि ऋषभ, वासुपूज्य और नेमिनाथको छोड़कर शेष समस्त तीर्थंकरोंने कायोत्सर्ग मुद्रासे मोक्ष प्राप्त किया। इस स्थलपर कोई भी कुशल व भक्तिमान् पाठक या लिपिकार तीर्थंकरोंके स्मरणकी भावनासे प्रेरित हो सकता है।

---

१. धवला ३. पृ. ३६. २. धवला १ पृ. ४०, ६३ आदि, ३. धवला १ पृ. १६, ३१–३३, ५६–५७, ६०–६१, ६३–६४ आदि।

अतएव इसमें कोई संदेश नहीं जान पड़ता कि बालचन्द्र सैद्धांतिक यदि लिपिकार नहीं तो कोई अभ्यासशील पाठक अवश्य रहे हैं, और उन्होंने ही उस प्रसंगमें वह पद्य जोड़ दिया। सैद्धांतिककी उपाधि अनेक आचार्योंके नामोंके साथ जुड़ी हुई पाई जाती है, जैसे–नेमिचन्द्र, वीरनन्दि, माघनन्दि आदि; और वह उनकी सिद्धान्तमें निपुणताकी बोधक है। बालचन्द्र नामधारी भी अनेक आचार्य हुये हैं। अतः हमें ऐसे एक बालचन्द्रका पता लगाना चाहिये जो साहित्यमें या शिलालेखादिमें सैद्धांतिक कहे गये हों। ऐसा एक जोड़ा हुआ पद्य यह संदेह उत्पन्न करनेके लिये अच्छा सूचक है कि क्या विद्वान् पाठकों और लिपिकारोंने ग्रंथमें इधर उधर अर्थविस्तारके लिये कहीं अन्यत्रसे कुछ पाठ जोड़े हैं। कुछ भी हो, किन्तु बालचन्द्र सैद्धांतिकका यह नामोल्लेख यतिवृषभके कालनिर्णयमें हमें कुछ भी सहायता नहीं पहुँचा सकता।

३. तिलोयपण्णत्तिमें कुछ पूर्ववर्ती रचनाओं और उनके मतभेद सम्बन्धी उल्लेख ध्यान देने योग्य हैं। उनका यहां पर्यालोचन करके देखा जाय कि वे कहां तक यतिवृषभके काल-निर्णयमें हमारी सहायता कर सकते हैं।

(१) **अग्गायणिय** (लोयविणिच्छयमग्गायणिए ४-१९८२) यह उल्लेख बारहवें श्रुतांग दृष्टिवादके अन्तर्गत १४ पूर्वोंमेंसे द्वितीय पूर्व अग्रायणीयका ज्ञात होता है। प्राचीनतर प्राकृत ग्रंथोंमें इसका रूप **अग्गाणीयं** या **अग्गेणियं** पाया जाता है। यदि ऊपर निर्देशानुसार हम सन्धिव्यंजनको पूर्व पदसे पृथक् करके उत्तर पदके साथ जोड़ दें तो पाठ '**मग्गायणिए**' हो जाता है जो यथार्थतः 'अग्गायणिए'का ही बोधक है। ऐसा प्रतीत होता है कि तिलोयपण्णत्तिमें उपलब्ध सग्गायणी (४-२१७, १८२१, २०२९), संगायणी (८-२७२), संगाइणी (४-२४४८), संगोयणी (४-२१९) व संगाहणी (८-३८७) केवल अक्षरसाम्य आदिसे उत्पन्न उसीके भ्रष्ट पाठ मात्र हैं। जब कि इस रचनाका उसके मतभेदोंके स्पष्ट कथन सहित इतने वार उल्लेख किया जाता है, तब इसका यही अर्थ हो सकता है कि तिलोयपण्णत्तिकारको अग्रायणीय पूर्वका सविवरण वृत्तान्त उपलब्ध था।

(२) दिट्ठिवाद (दृष्टिवाद) के तीन स्पष्ट उल्लेख प्रस्तुत ग्रंथमें पाये जाते हैं— १-९९, १४८; ४-५५। उनसे ग्रंथकारका उक्त आगमके विषयोंका विधिवत् ज्ञान नहीं तो विधिवत् परिचय तो अवश्य प्रकट होता है। यद्यपि दृष्टिवादके विषयों व प्रकरणोंकी सूचियां सुरक्षित पाई जाती है, तथापि जैन परम्परा इस विषयमें एकमत है कि इस श्रुतांगका ज्ञान क्रमशः लुप्त हो गया। कुछ आचार्यपरम्पराओंमें भले ही उसका यत्र–तत्र खण्डशः ज्ञान रहा हो। हाल ही में यह भी बतलाया जा चुका है कि जीवट्ठाण आदिका

बहुभाग दृष्टिवादके एक विभाग द्वितीय पूर्व अग्रायणीयसे लिया गया है (धवला, भाग १ प्रस्तावना, अमरावती १९३९–४०)

(३) परिकम्म (परिकर्म) के कथनसे अपने मतका जो विरोध दिखाई देता है उसका तिलोयपण्णत्तिकारने विवेचन किया है (पृ. ७६५) । संभवतः यह उल्लेख पद्मनन्दि अपरनाम कुन्दकुन्दकृत षट्खंडागमके प्रथम तीन खंडोंकी टीकाका हो । (धवला, भाग १, प्रस्तावना पृ. ३१, ४६–४८) । पं. महेंद्रकुमारजीने संदेह व्यक्त किया है कि क्या परिकर्म कोई गणित शास्त्रका ग्रंथ था (जयधवला १, प्रस्तावना पृ. ३६) ।

(४) मूलायार (मूलाचार) के मतका उल्लेख ८–५३२ में किया गया है और हम उसे वर्तमान मूलाचार ग्रंथके पर्याप्त्यधिकार, ८० में पाते भी हैं ।

(५) लोयविणिच्छय (लोकविनिश्चय) का उल्लेख ग्रंथ रूपसे कोई एक दर्जन बार आया है– (४-१८६६, १९७५, १९८२, २०२८; ५-६९, १२९, १६७; ७-२०३; ८-२७०, ३८६; ९-९) । इस नामका कोई ग्रंथ अभी तक प्रकाशमें नहीं आया । संभव है यही वह ग्रंथ रहा हो जिसके आदर्शपर अकलंकने अपने सिद्धिविनिश्चय व न्यायविनिश्चय आदि ग्रंथोंका नामाभिधान किया हो ।

(६) लोयविभाग (लोकविभाग) का उल्लेख कोई पांच बार आया है (१-२८१, ४-२४४८, २४९१, ७-११५, ८-६३५] । ये उल्लेख अग्गायणी (४-२४४८) और लोयविणिच्छय (९-९) के साथ साथ हुये हैं; उनके प्रकरण विशेषके रूपसे नहीं । वर्तमानमें लोकविभाग नामक संस्कृत ग्रंथ ११ अध्यायोंमें सिंहसूरिकृत उपलब्ध है । ग्रंथकर्ताने सूचित किया है कि उनकी संस्कृत रचना एक प्राकृत ग्रंथका रूपान्तर मात्र है, जिसे शक ३८० (+७८) = ४५८ ईस्वीमें सर्वनन्दिने कांचीके नरेश सिंहवर्माके राज्यके २२वें वर्षमें बनाया था । सर्वनन्दिकृत ग्रंथ वर्तमानमें प्राप्य नहीं है । तिलोयपण्णत्तिमें कथित मतोंका संस्कृत लोकविभागसे मिलान करके पं. जुगलकिशोरजी मुख्तारने ठीक ही अनुमान किया है कि तिलोयपण्णत्तिकारके सन्मुख सर्वनन्दिकृत प्राकृत लोकविभाग रहा होगा ।

(७) लोगाइणि (लोकायनी) का उल्लेख (थोड़े वर्णभेदके साथ) दो बार आया है (४-२४४, ८-५३०) जहां उसके विषय व मतोंका उल्लेख किया गया है । उसे 'ग्रंथ–प्रवर' कहा गया है जिससे उसकी प्रामाणिकता और माहात्म्य प्रकट होता है ।

तिलोयपण्णत्तिमें जो उल्लेख मूलाचार व लोकविभागके आये हैं उनका विषय वर्तमान मूलाचार व संस्कृत लोकविभागमें पाया जाता है । इस बातसे तिलोयपण्णत्तिके इन उल्लेखोंकी सचाई बढ़ जाती है । अतएव हमें लोकविनिश्चय, लोकविभाग (प्राकृत) आदि

ग्रंथोंकी खोज प्राचीन ग्रंथभंडारोंमें करना चाहिये, विशेषतः गुजरात और कर्नाटकमें जहां इन्हीं कुछ वर्षोंमें बड़े दुर्लभ ग्रंथोंका पता चल चुका है।

तिलोयपण्णत्तिमें जिन ग्रंथोंका उल्लेख पाया जाता है, उनमेंसे अधिकांश जैन साहित्यके आदिम स्तरके हैं। मूलाचार यद्यपि एक प्राचीन जैन ग्रंथ माना जाता है, तथापि उसके रचनाकालके सम्बन्धमें कोई निश्चय नहीं है। जब तक यह न बतलाया जा सके कि सिंहसूरिकृत लोकविभागसे पूर्व भी उसी नामका कोई ग्रंथ था, तब तक यही मानना उचित होगा कि तिलोयपण्णत्तिमें इसी लोकविभागका उल्लेख है। अतएव तिलोयपण्णत्ति अपने वर्तमान रूपमें सर्वनन्दिकृत प्राकृत लोकविभागसे अर्थात् ४५८ ईस्वीसे पश्चात् कालकी रचना है।

इन्द्रनन्दिकृत श्रुतावतार (श्लोक १६०–१६१) के अनुसार कुन्दकुन्दपुरके पद्मनन्दि (अर्थात् कुन्दकुन्द) ने अपने गुरूओंसे सिद्धांतका अध्ययन किया और षट्खण्डागमके तीन खण्डोंपर परिकर्म नामकी टीका लिखी। जब तक धवला और जयधवला टीकायें प्रकाशमें नहीं आई थीं, तब तक परिकर्म नामकी किसी रचनाका अस्तित्व सन्देहास्पद ही था। किन्तु उक्त ग्रंथोंके प्रकाशित होनेसे परिकम्म (परिकर्म) नामक रचना–विशेषकी स्थितिमें तथा उसके वीरसेन व जिनसेनके सन्मुख उपस्थित होनेमें कोई संदेह नहीं रहता (धवला, भाग १ प्रस्तावना पृ. ४६)। परिकर्मके जितने उल्लेख अभी तक हमारे सन्मुख आये हैं वे सभी प्रायः गणितसे सम्बन्ध रखते हैं। इससे स्वभावतः यह सन्देह होता है कि वह कोई गणित विषयका ग्रंथ रहा है। कुन्दकुन्दाचार्यके उपलब्ध ग्रंथोंको देखकर यह कहना कठिन है कि वे गणितज्ञ थे। तथापि इस सम्बन्धके जब तक और भी साधक–बाधक प्रमाण हमारे सन्मुख न आजांय, तब तक इन्द्रनन्दिके कथनको मानकर चलना ही उचित होगा। तदनुसार तिलोयपण्णत्तिके परिकर्म सम्बन्धी उल्लेखोंपरसे उसके कर्ता यतिवृषभ कुन्दकुन्दसे पश्चात्कालीन प्रतीत होते हैं और कुन्दकुन्दका काल ईस्वीकी प्रारम्भिक शताब्दियोंमें ही पड़ता है (प्रवचनसारकी प्रस्तावना, बम्बई १९३५)।

४. तिलोयपण्णत्तिमें भगवान् महावीरके पश्चात्कालीन इतिहासकी बहुतसी सामग्री पाई जाती है। एक तो श्रुतपरम्परासे सम्बन्ध रखती है और दूसरी राजवंशोंसे।

महावीर भगवान्के निर्वाणसे पश्चात् तीन केवली ६२ वर्षोंमें, पांच श्रुत-केवली १०० वर्षोंमें, ग्यारह दशपूर्वी १८३ वर्षोंमें, पांच एकादशांगधारी २२० वर्षोंमें और चार आचारांगधारी ११८ वर्षोंमें हुये। इस प्रकार महावीरनिर्वाणसे ६८३ वर्ष तक, अर्थात् ६८३ – ५२७ = १५६ ईस्वी तक अंगज्ञानकी परम्परा चली। प्रसंगवश यह भी कहा गया है कि मुनिधर्म स्वीकार करनेवालोंमें मुकुटधारी अन्तिम राजा चन्द्रगुप्त ही था। तिलोय-

पण्णत्तिकारने महावीरके पश्चात् शकके राजा होने तक कितना काल व्यतीत हुआ इस विषयपर भिन्न भिन्न मतोंका उल्लेख किया है। इन अनेक मतभेदोंके उल्लेखसे ही सुस्पष्ट है कि या तो ग्रंथकार शकराजासे बहुत पीछे हुए, या इन मतभेदोंको पीछेके विद्वान् लिपिकारोंने विविध आधारोंसे समय समयपर जोड़ दिया है। इस द्वितीय विकल्पका कोई विशेष आधार नहीं है, अतः प्रथम विकल्पको ही स्वीकार करना चाहिये, क्योंकि उससे कोई बड़ा विरोध उत्पन्न नहीं होता।

राजवंशोंके सम्बन्धमें तिलोयपण्णत्ति (४·१५०५ आदि) में कहा गया है कि जिस दिन अवन्तीमें सुप्रसिद्ध पालक राजाका अभिषेक हुआ उसी दिन पावामें महावीर भगवान् का निर्वाण हुआ। पालकने ६० वर्ष राज्य किया। उसके पश्चात् १५५ वर्ष विजय वंशका, फिर ४० वर्ष मुरुदय (मौर्य या मुरुण्डय) का, ३० वर्ष पुष्यमित्रका, ६० वर्ष वसुमित्र और अग्निमित्रका, १०० वर्ष गंधर्व (गंधब्भ = गर्दभिल्ल) का, ४० वर्ष नरवाहनका, २४२ वर्ष भत्थट्ठण (भृत्यान्ध्र) राजाओंका, २३१ वर्ष गुप्त नरेशोंका और अन्ततः ४२ वर्ष कल्कीका राज्य रहा। कल्कीके पश्चात् उसका पुत्र राजा हुआ। इस प्रकार महावीरनिर्वाणसे कल्कीके राज्य तक १००० वर्ष हुये, जिसकी अवधि १००० − ५२७ = ४७३ ईस्वी होती है। गुणभद्रकृत उत्तरपुराणके अनुसार (७६-३९४) कल्कीकी उत्पत्ति दुषमा कालके एक हजार वर्ष व्यतीत होनेपर हुई थी और उसकी आयु ७० वर्षकी थी व उसका राज्यकाल ४० वर्षका। दुषमा कालका प्रारम्भ तिलोयपण्णत्तिके अनुसार महावीरनिर्वाणसे ३ वर्ष ८ माह पश्चात् हुआ। उसके अनुसार कल्कीकी मृत्यु महावीरनिर्वाणसे १००० + ३ + ७० = १०७३ वर्ष पश्चात् अर्थात् सन् १०७३ − ५२७ = ५४६ ईस्वीमें हुई। नेमिचन्द्रकृत त्रिलोकसार (गा. ८५०) के अनुसार वीरनिर्वाणसे ६०५ वर्ष ५ मास पश्चात् शक राजा हुआ और शकसे ३९४ वर्ष ७ मास पश्चात् कल्की हुआ जिसकी आयु ७० वर्षकी थी, और राज्यकाल ४० वर्षका। तदनुसार कल्कीकी मृत्यु वीरनिर्वाणसे १००० + ७० = १०७० अर्थात् १०७० − ५२७ =५४३ ईस्वीमें हुई, तथा उसका राज्यकाल ५०३ से ५४३ तक रहा। प्रो० काशीनाथ बापू पाठकके मतानुसार (Gupta Era and Mihirkula: Bhand Com. Vol. Poona. 1919 page 216) यह कल्की हूण नरेश मिहिरकुल ही था जो चीनी यात्री सुंग युनकी यात्राके समय ईस्वी सन् ५२० में राज्य कर रहा था। यह वृत्तान्त ग्रंथमें पीछेसे जोड़ा गया हो इसके लिये कोई पर्याप्त कारण नहीं दिखाई देता। जिस प्रकारसे यह वृत्तान्त दिया गया है (देखिये गाथा ४-१५१०) उससे प्रतीत होता है कि वह सब विवरण स्वयं ग्रंथकारकृत ही है। इससे स्पष्ट होता है कि तिलोयपण्णत्तिकार यतिवृषभ महावीरनिर्वाणके १००० पश्चात् अर्थात् सन् ४७३ ईस्वीसे पूर्व नहीं हो सकते।

उक्त प्रमाणोंके प्रकाशमें यतिवृषभका काल गुणधर, आर्यमंक्षु, नागहस्ति, कुन्दकुन्द और सर्वनन्दि (४५८ ईस्वी) से पश्चात्का सिद्ध होता है। वे संभवतः कल्कीसे पश्चात् (४७३ ईस्वी) शीघ्र हुये होंगे, क्योंकि उनके द्वारा प्रमुख राजाओंमें कल्कीका ही अन्तिम उल्लेख है। तथा दूसरी सीमाके सम्बन्धमें निश्चयतः तो इतना ही कहा जा सकता है कि वे वीरसेन (८१६ ईस्वी) से, और संभवतः जिनभद्र क्षमाश्रमण (६०९ ईस्वी) से भी पूर्व हुये। अतः यतिवृषभ और उनकी तिलोयपण्णत्तिका काल ४७३ और ६०९ ईस्वीके मध्य माना जा सकता है।

यतिवृषभ और उनकी तिलोयपण्णत्तिके उक्त कालनिर्णय एवं अन्य आचार्योंके उक्त काल-क्रमका इस विषयके कुछ लेखकोंके मतोंसे विरोध आता है जिसका यहां विचार करना आवश्यक प्रतीत होता है।

कुछ विद्वानोंका मत है कि कुन्दकुन्दका काल उतना प्राचीन नहीं है, क्योंकि एक तो उन्होंने 'लोकविभाग' का उल्लेख किया है जिसका अभिप्राय संभवतः सर्वनन्दिकृत प्राकृत लोकविभागसे है। और दूसरे उन्होंने 'विष्णु' 'शिव' आदिका भी उल्लेख किया है। नियमसार गाथा १७ में स्पष्टतः 'लोयविभायेसु' पद बहुवचनान्त पाया जाता है, जिससे अनुमान किया जा सकता है कि उसका अभिप्राय किसी एक ग्रंथविशेषसे न होकर परम्परागत लोकविभागविषयक उपदेशोंसे है। इस सम्बन्धमें यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि संस्कृत लोकविभागके प्रथम श्लोकमें ही 'जिनेश्वरों' का विशेषण 'लोकालोकविभागज्ञ' दिया गया है जिससे जान पड़ता है कि लोकविभागका अर्थ ग्रंथविशेषके अतिरिक्त सामान्यतः लोकके विभागोंका भी लिया जाता रहा है। विष्णु कोई इतना आधुनिक देवता नहीं है जितना मुनि कल्याणविजयजी अनुमान करना चाहते हैं (श्रमण भगवान् महावीर पृ. ३०३)। विष्णु तो बहुत प्राचीन देवता है जिसका उल्लेख उनके गरुडसहित (पक्खीसु वा गरुडे वेणुदेवो, १, ६-२१) आगमके एक प्राचीनतम ग्रंथ सूयगडमें भी पाया जाता है। उसी ग्रंथमें अन्यत्र ईश्वर व स्वयंभूका भी उल्लेख आया है जिसका अर्थ टीकाकारने 'विष्णु' किया है। मुनिजीके अन्य तर्क इतने हलके हैं कि उनके यहां खण्डन करनेकी आवश्यकता प्रतीत नहीं होती। इस प्रकार कोई एक भी ऐसा गंभीर प्रमाण प्रस्तुत नहीं है जिसके बलसे हमें कुन्दकुन्दको यतिवृषभसे पश्चात्कालीन मानना पड़े।

पं. फूलचन्द्र शास्त्रीने तिलोयपण्णत्तिके कर्ता व समयका विस्तारसे विवेचन किया है (जैन सिद्धांत भास्कर, भाग ११, किरण १, पृ. ६५–८२) और उसका खण्डन पं. जुगलकिशोरजी मुख्तारने किया है (हस्तलिखित लेख अप्रकाशित)। इस वाद-विवादसे प्रस्तुत विषय-

पर जो प्रकाश पड़ता है वह महत्वपूर्ण है। अतएव संक्षेपमें उसकी यहीं समीक्षा कर लेना आवश्यक प्रतीत होता है:—

१. पं. फूलचन्द्रजीने कहा है कि लोकके उत्तर-दक्षिण सर्वत्र सात राजुकी मान्यताको स्थापित करनेवाले धवलाके कर्ता वीरसेनाचार्य ही हैं। उनसे पूर्व वैसी मान्यता नहीं थी, जैसा कि राजवार्तिक आदि ग्रंथोंसे स्पष्ट है। तिलोयपण्णत्तिमें यही वीरसेन द्वारा स्थापित मान्यता ही स्वीकार की गई है। अतएव यह रचना अपने वर्तमान रूपमें वीरसेनके पश्चात्-कालीन प्रतीत होती है।

इसके विरुद्ध पं. जुगलकिशोरजीने तीन उल्लेख उपस्थित किये हैं जो, उनके मतसे, वीरसेनसे पूर्वकालीन होते हुये लोकको उत्तर-दक्षिण सर्वत्र सात राजु प्रमाणित करते हैं। उनमेंसे एक उल्लेख जिनसेनकृत हरिवंशपुराणका है, दूसरा स्वामि-कार्तिकेयानुप्रेक्षाका और तीसरा जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिका। हरिवंशपुराणमें लोकको चतुरस्रक तो कहा है, परन्तु उत्तर-दक्षिण सर्वत्र सात राजुकी मान्यताका वहां कोई पता नहीं है। चतुरस्रकका अभिप्राय समचतुरस्रक भी हो सकता है। यदि चतुरस्रक कहने मात्रसे ही आयतचतुरस्रककी मान्यताका अनुमान किया जा सकता हो तो हरिवंशपुराणमें ही स्पष्टतः वीरसेनको गुरु कहकर स्मरण किया गया है, उन्हें कविचक्रवर्तीकी उपाधि भी दी गई है और उनकी निर्मल कीर्तिका उल्लेख किया है। यही नहीं, किन्तु वीरसेनके शिष्य जिनसेनका और उनकी रचना पार्श्वाभ्युदयका भी वहां उल्लेख है। इस परिस्थितिमें यह कैसे कहा जा सकता है कि हरिवंशपुराणका उल्लेख वीरसेनसे पूर्वका है और उक्त पुराणकार वीरसेनकी रचनासे अपरिचित थे? इसके विपरीत उक्त उल्लेखसे तो यही सिद्ध होता है कि हरिवंशपुराणकार वीरसेनकी रचनासे सुपरिचित और प्रभावित थे।

हां, स्वामि-कार्तिकेयानुप्रेक्षामें अवश्य लोकके उत्तर–दक्षिण सर्वत्र सात राजुकी मान्यता सुस्पष्ट है। किन्तु पंडितजीने इसके रचनाकालके सम्बन्धमें केवल इतना कहा है कि वह एक बहुत प्राचीन ग्रंथ है और वीरसेनसे कई शताब्दि पहलेका बना हुआ है। किन्तु इस ग्रंथके वीरसेनसे पूर्ववर्ती होनेका उन्होंने एक भी प्रमाण उपस्थित नहीं किया। इस परिस्थितिमें उक्त उल्लेखको वीरसेनसे पूर्ववर्ती मानना सर्वथा निराधार है।

जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिमें भी उक्त मान्यताका ग्रहण सुस्पष्ट है। किन्तु इसका समय-निर्णय सर्वथा काल्पनिक है, निश्चित नहीं। मुख्तारजीने स्वयं कहा है "यदि यह कल्पना ठीक हो तो····जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिका समय शक ६७० अर्थात् वि. सं. ८०५ के आस-पासका होना चाहिये" किन्तु जब तक 'कल्पना' को निश्चयका रूप न दिया जाय तब तक उसके आधारपर जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति धवलासे पूर्वकालीन नहीं स्वीकार की जा सकती। स्वयं ग्रंथकारके

उल्लेखनुसार जंबूदीवपण्णत्तिकी रचना पारियात्र देशके बारा नगरमें शक्तिकुमार राजाके राज्यकालमें हुई थी। गुहिलवंशीय राजा शक्तिकुमारका एक शिलालेख वैशाख सुदी १ वि. सं. १०३४ का आहाड़में (उदयपुरके समीप) मिला है। उसीके समयके और दो लेख जैन मन्दिरोंमें भी मिले हैं। किन्तु उनमें संवत्के अंश जाते रहे हैं। पद्मनन्दिने संभवतः अपनी ग्रंथरचना इसी राजाके समयमें की थी, अतः वह रचना ११वीं शताब्दिकी हो सकती है (जैन साहित्य और इतिहास पृ ५७१)।

इस विषयमें ध्यान देने योग्य बात यह है कि धवलाकारके सन्मुख ' तिलोयपण्णत्ति सूत्र ' उपस्थित था और फिर भी उन्होंने केवल दो प्राचीन गाथाओंके आधारपर अपने युक्तिबलसे लोकको आयतचतुरस्राकार सिद्ध करनेका स्पष्ट उल्लेख किया है। यदि उनके सन्मुख उपस्थित तिलोयपण्णत्ति सूत्रमें वह मान्यता स्पष्ट होती, जैसी वर्तमान तिलोयपण्णत्तिमें है, तो न तो उन्हें उक्त विषयकी उतने विस्तारसे विवेचना करनेकी आवश्यकता पड़ती, जैसी जीवट्ठाण क्षेत्रानुगमके पृ. १० से २२ तक की गई है, और न उन्हें स्पर्शनानुगमके पृ. १५७ पर यह कहनेका साहस होता कि रज्जुच्छेदोंके प्रमाणकी परीक्षाविधि उन्होंने उसी प्रकार युक्तिबलसे स्थापित की है जिस प्रकार असंख्येयावलि प्रमाण अन्तर्मुहूर्तकी व आयतचतुरस्र लोककी। रज्जुच्छेदोंके सम्बन्धमें उन्हें अपने मतानुकूल तिलोयपण्णत्ति सूत्र प्राप्त हो गया था, अतएव उन्होंने उसका स्पष्टोल्लेख भी कर दिया है। तब कोई कारण नहीं कि यदि उन्हें उसी सूत्र ग्रंथमें आयतचतुरस्रक लोकका भी कोई संकेत या आधार मिलता तो वे उसका प्रमाण न देते, क्योंकि उस प्रमाणकी तो उन्हें बड़ी ही आवश्यकता थी, जिसकी पूर्ति उन्होंने केवल यह कहकर की है कि ' ण च सत्तरज्जुबाहल्लं करणाणिओगसुत्तविरुद्धं, तस्स तत्थ विधिप्पडिसेधाभावादो ' (धवला भाग ४, पृ. २२) अर्थात् लोकके उत्तर दक्षिण भागमें सर्वत्र सात राजुका बाहल्य करणानुयोग सूत्रके विरुद्ध नहीं है, क्योंकि सूत्रमें न तो उसका विधान है और न निषेध। इससे बिलकुल स्पष्ट है कि धवलाकारको ज्ञात साहित्यमें उक्त मान्यताका सर्वथा अभाव था। आज भी वीरसेनसे पूर्व निश्चितकालीन एक भी उल्लेख उस मान्यताका हमें प्राप्त नहीं है। और इसमें तो कोई सन्देह ही नहीं रहता कि वीरसेनके सन्मुख उपस्थित ' तिलोयपण्णत्ति सूत्र ' में आयतचतुरस्राकार लोकका समर्थन करनेवाला कोई उल्लेख नहीं था।

(२) पं. फूलचन्द्रजीकी दूसरी युक्ति यह है कि ति. प. के प्रथम अधिकारके आदिमें जो मंगल आदि छह अधिकारोंका वर्णन है वह ग्रंथकारके कथनानुसार विविध ग्रंथ-युक्तियों द्वारा किया गया है और वह धवला टीकाके आदिके वर्णनसे मिलता है, अतः वह संभवतः

यहींसे लिया गया है। इसपर पं. जुगलकिशोरजीका यह मत सर्वथा उचित है कि ऐसे सादृश्य मात्रपरसे बिना किसी प्रबल प्रमाणके उसका धवलासे लिया जाना सिद्ध नहीं होता। उक्त प्रकारका विवरण जिनभद्रके विशेषावश्यक भाष्य (७वीं शताब्दि) में भी मिलता है। यद्यपि ति. प. और धवलाके मंगलवर्णनमें इतना अधिक साम्य है कि एकमें दूसरेकी छायाका सन्देह होना अनिवार्य है, यथार्थतः धवलाकी सहायतासे ही ति. प. के मंगलविषयक पाठका संशोधन संभव हुआ है, तथापि ऐसे परम्परागत विषयका इतने परसे ही निश्चयतः यह कहना कठिन है कि किसने किससे लिया है।

(३) पं. फूलचन्द्रजीकी तीसरी युक्ति यह है कि 'ज्ञानं प्रमाणमात्मादेः' इत्यादि श्लोक भट्टाकलंकके लघीयस्त्रयमें आया है। यही श्लोक कुछ पाठभेद सहित धवलामें भी है जहां उससे पूर्व 'प्रमाण-नय-निक्षेपैः' आदि एक और भी श्लोक पाया जाता है जो लघीयस्त्रय में नहीं है। ये दोनों ही श्लोक प्राकृत-रूपान्तरसे तिलोयपण्णत्ति (१, ८२-८३) में भी पाये जाते हैं और संभवतः धवलापरसे ही लिये गये हैं। पं. जुगलकिशोरजीका मत है कि "दोनों गाथाओं और श्लोकोंकी तुलना करनेसे तो ऐसा मालूम होता है कि दोनों श्लोक उक्त गाथाओंपरसे अनुवाद रूपमें निर्मित हुये है, भले ही यह अनुवाद स्वयं धवलाकारके द्वारा निर्मित हुआ हो या उससे पहले किसी दूसरेके द्वारा।" तिलोयपण्णत्तिसे सीधे प्राकृत पाठको उद्धृत न कर संस्कृतानुवादमें प्रस्तुत करनेका कारण जुगलकिशोरजीने यह बतलाया है कि "यह सब धवलाकार वीरसेनकी रुचिकी बात है, वे अनेक प्राकृत गाथाओंको संस्कृतमें और संस्कृत वाक्योंको प्राकृतमें अनुवादित करके रखते हुये भी देखे जाते हैं।"

यदि ये गाथाएं धवलाकारके सन्मुख उपस्थित 'तिलोयपण्णत्ति सूत्र' में थीं तो कोई कारण नहीं कि वे उसे उसी रूपमें ही उद्धृत न कर उनका संस्कृत रूपान्तर करके लिखते। और जब उनसे पूर्व रचित लघीयस्त्रयमें वह एक संस्कृत श्लोक पाया जाता है, तब उनके संस्कृत रूपान्तर करनेकी बात सर्वथा निराधार हो जाती है। साथका जो संस्कृत श्लोक लघीयस्त्रयमें नहीं पाया जाता उसका अनुमान तो यही किया जा सकता है कि वह भी धवलाकारने बिना अनुवादके जैसा कहीं उन्हें प्राप्त हुआ वैसा ही प्रसंगोपयोगी जान उद्धृत कर दिया है। यह बात सच है कि धवलाकार कहीं संस्कृतके वाक्योंको प्राकृतमें और कहीं प्राकृतके वाक्योंको संस्कृतमें प्रस्तुत करते पाये जाते हैं। इसका कारण यह है कि जब संस्कृत और प्राकृत दोनों भाषाओंका विद्वान् स्मृतिके सहारे किसी विषयका वर्णन करता है तब वह यह भूल जा सकता है कि मूल वाक्य किस ग्रंथमें संस्कृतमें हैं या प्राकृतमें। किन्तु जब पद्य ही उद्धृत करना है तब यह अनुवाद कार्य अनायास नहीं हो सकता, क्योंकि

प्राकृतका पद्य संस्कृत छंदमें व संस्कृत छंद प्राकृतमें सरलतासे नहीं बैठता। इसी कारण ऐसे उदाहरण धवलामेंसे दिखाना कठिन है, जहां टीकाकारने प्राचीन संस्कृत या प्राकृत पद्यको बदलकर प्राकृत व संस्कृत पद्यमें उद्धृत किया हो। अतः सीधा अनुमान तो यही होता है कि धवलाकारके सन्मुख तिलोयपण्णत्ति सूत्रमें वे गाथाएं नहीं थीं व उन्होंने वह एक श्लोक लघीयस्त्रयसे और दूसरा कहीं अन्यत्रसे उद्धृत किया है। ऐसी परिस्थितिमें सन्देह तो यही होता है कि वर्तमान तिलोयपण्णत्तिमें वे गाथाएं धवलामें संगृहीत श्लोकोंपरसे लिखी गई हों। किन्तु इससे अधिक निर्णय रूपसे अभी कुछ नहीं कहा जा सकता।

(४) फूलचन्द्रजी शास्त्रीका चौथा तर्क है कि धवला, द्रव्यप्रमाण, पृ. ३६ पर जो तिलोयपण्णत्तिका ' दुगुण-दुगुणो दुवग्गो ' आदि गाथांश उद्धृत किया गया है वह वर्तमान तिलोयपण्णत्तिमें नहीं पाया जाता। इस पर पं. जुगलकिशोरजीका यह कहना है कि जितनी प्रतियां अभी तक देखी गई हैं उनमें उक्त गाथांश न होनेसे यह नतीजा नहीं निकाला जा सकता कि वह अन्य अज्ञात प्रतियोंमें भी नहीं है। दूसरे, तिलोयपण्णत्ति जैसे बड़े ग्रंथमें लेखकोंके प्रमादसे दो चार गाथाओंका छूट जाना कोई बड़ी बात नहीं है। इस प्रकार यह बात तो सिद्ध होती ही है कि वर्तमान तिलोयपण्णत्ति धवलाकारके सन्मुख उपस्थित रूपमें नहीं है, उसमें कमी-बेशी हुई है।

(५) फूलचन्द्रजीका अन्तिम प्रमाण यह है कि तिलोयपण्णत्तिका बहुतसा गद्यांश धवलान्तर्गत पाठसे मिलता-जुलता है। यहां तक कि स्पर्शनानुयोगद्वार (पृ. १५७) में जो ' तिलोयपण्णत्ति सूत्र ' का उल्लेख किया गया है वह भी वर्तमान तिलोयपण्णत्ति (पृष्ठ ७६६) में पाया जाता है। अन्तर केवल इतना है कि धवलामें जहां "एसा···· परिक्खाविही····अम्हेहि परूविदा " रूप वाक्यरचना है, वहां तिलोयपण्णत्तिमें पाठ है " एसा···· परिक्खाविही ···· एसा परूवणा परूविदा "। इससे स्पष्ट है कि यह पाठ धवलासे लिया गया है, क्योंकि ति. प. में ही तिलोयपण्णत्तिका प्रमाण नहीं दिया जा सकता। और धवलामें ' अम्हेहि ' पद द्वारा जो ग्रंथकर्ताने वैयक्तिक उल्लेख किया है उसे दूर करनेके लिये उसके स्थानपर ' एसा परूवणा ' पद रखा गया है। वह वाक्यरचना ही बिगड़कर अशुद्ध हो गई है।

पं जुगलकिशोरजीने इस गद्यभागको पीछेसे जोड़ा गया स्वीकार कर लिया है। यही नहीं, उन्होंने कुछ और भी गद्यांश जैसे ' एत्तो चंदाण सपरिवाराणमाणयणविहाणं वत्तइस्सामो ', ' एदम्हादो चेव सुत्तादो ' तथा ' तदो ण एत्थ इदमित्थमेवे त्ति···· तं चेदं ' तिलोयपण्णत्तिमें प्रक्षिप्त स्वीकार किये हैं। उन्होंने यह भी सूचना की है कि " तिलोयपण्णत्तिका परिमाण ग्रंथमें आठ हजार श्लोक प्रमाण बतलाया गया है जब कि वर्तमान तिलोयपण्णत्तिका

प्रमाण एक हजार श्लोक जितना बढ़ा हुआ है, और उससे यह साफ जाना जाता है कि मूलमें उतना अंश पीछे प्रक्षिप्त हुआ है।"

इस ऊहापोहका तात्पर्य यह है कि 'तिलोयपण्णत्ति सूत्र' की रचना सर्वनन्दिकृत लोकविभागके पश्चात् तथा वीरसेनकृत धवलासे पूर्व, अर्थात् शक ३८० और ७३८ के बीच हुई अनुमान की जा सकती है। इस रचनामें परिवर्धन और संस्कार होकर ग्रंथका वर्तमान रूप धवलाकी रचनासे पश्चात् किसी समय उत्पन्न हुआ होगा। किन्तु पं. फूलचन्द्रजीने जो यह कल्पना की है कि वर्तमान तिलोयपण्णत्तिके कर्ता वीरसेनके शिष्य जिनसेन हो सकते हैं, इसके लिये कोई समुचित साधक-बाधक प्रमाण उपलब्ध नहीं है।

५ ग्रंथका विषय-परिचय

प्रस्तुत ग्रंथ १ सामान्यलोक २ नारकलोक ३ भावनलोक ४ नरलोक ५ तिर्यग्लोक ६ व्यन्तरलोक ७ ज्योतिर्लोक ८ कल्पवासिलोक और ९ सिद्धलोक इन नौ महाधिकारोंमें विभक्त है। इसमें जैन भूगोल और खगोलका तो मुख्यतासे विवरण है ही, पर साथ ही वह प्रसंगवश जैन सिद्धान्त, पुराण एवं इतिहासादि अन्य विषयोंपर भी पर्याप्त प्रकाश डालता है। यहां हम पाठकोंको उसके विषयका दिग्दर्शन अधिकारक्रमसे करानेका प्रयत्न करेंगे।

१ सामान्यलोक—महाधिकारमें २८३ पद्य और ३ गद्य भाग हैं। प्रथम ५ गाथाओंमें क्रमशः पंच परम गुरुओंको नमस्कार कर त्रिलोकप्रज्ञप्तिके कहनेकी प्रतिज्ञा की गई है। गाथा ६-८० में मंगल, कारण, हेतु, शास्त्रका प्रमाण, नाम और कर्ताकी विस्तृत प्ररूपणा की गई है। यह प्रकरण श्री वीरसेन-स्वामिकृत षट्खण्डागमकी धवला टीका (पु. १, पृ. ८-७२) से बहुत अधिक मिलता-जुलता है। गाथा ८३ में ज्ञानको प्रमाण, ज्ञाताके अभिप्रायको नय और जीवादि पदार्थोंके संव्यवहारके उपायको निक्षेप कहा है। उक्त तीनोंके ठीक ऐसे ही लक्षण अकलंक-देवकृत लघीयस्त्रयमें[1] भी पाये जाते हैं।

गा. ९३-९४ में पल्योपम, सागरोपम, सूच्यंगुल, प्रतरांगुल, घनांगुल, जगश्रेणि, लोकप्रतर और लोक इस प्रकार उपमा-मानके आठ भेदोंको गिनाकर यह बतलाया है कि व्यवहारपल्यसे संख्या, उद्धारपल्यसे द्वीप-समुद्र और अद्धापल्यसे कर्मस्थिति जानी जाती है। गा. ९५-१०१ में परमाणुका स्वरूप अनेक प्रकारसे बतलाया है।

आगे कहा गया है कि अनन्तानन्त परमाणुओंका उवसन्नासन्न स्कन्ध, आठ उवसन्नासन्नोंका सन्नासन्न, आठ सन्नासन्नोंका त्रुटिरेणु, आठ त्रुटिरेणुओंका त्रसरेणु, आठ त्रसरेणुओं-

---

१ ज्ञानं प्रमाणमात्मादेरुपायो न्यास इष्यते। नयो ज्ञातुरभिप्रायो युक्तितोऽर्थपरिग्रहः॥ लघीयस्त्रय ६-२.

की रथरेणु, आठ रथरेणुओंका उत्तमभोगभूमिजबालाग्र, इसी प्रकार उत्तरोत्तर आठ आठ गुणित म. भो. बालाग्र, ज. भो. बालाग्र, कर्मभूमिजबालाग्र, लीख, जूं, जौ और उत्सेधांगुल होता है। पांच सौ उत्सेधांगुलोंका एक प्रमाणांगुल होता है। भरत व ऐरावत क्षेत्रमें भिन्न भिन्न कालमें होनेवाले मनुष्योंका अंगुल आत्मांगुल कहा जाता है। इनमें उत्सेधांगुलसे नर-नारकादिके शरीरकी ऊंचाई और चतुर्निकाय देवोंके भवन व नगरादिका प्रमाण जाना जाता है। द्वीप-समुद्र, शैल, वेदी, नदी, कुण्ड, जगती एवं क्षेत्रोंके विस्तारादिका प्रमाण प्रमाणांगुलसे ज्ञात होता है। झारी, कलश, दर्पण, भेरी, हल, मूसल, सिंहासन एवं मनुष्योंके निवासस्थान व नगरादि तथा उद्यान, इत्यादिके विस्तारादिका प्रमाण आत्मांगुलसे बतलाया जाता है।

इसके आगे योजनका प्रमाण निम्न प्रकार बतलाया है— ६ अंगुलोंका पाद, २ पादोंका वितस्ति, २ वितस्तियोंका हाथ, २ हाथका रिक्कु, २ रिक्कुओंका धनुष, २००० धनुषका कोश, ४ कोशका योजन।

अनादि-निधन व छह द्रव्योंसे व्याप्त लोकको अधः, ऊर्ध्व एवं तिर्यक्, इन तीन लोकोंमें विभक्त कर उनका आकार-प्रकार, विस्तार, क्षेत्रफल व घनफल आदिके द्वारा इसमें विस्तृत वर्णन किया गया है। गा: २१५–२६७ तक उपर्युक्त तीन लोकोंमेंसे प्रत्येकके सामान्य, दो चतुरस्र (ऊर्ध्वायत और तिर्यगायत), यव, मुरज, यवमध्य, मन्दर, दूष्य और गिरिकटक, ये आठ आठ भेद करके उनका पृथक् पृथक् घनफल निकालकर बतलाया गया है।

गा. २६८–२८१ में तीन वातवलयोंका आकार और भिन्न भिन्न स्थानोंमें उनकी मुटाईका प्रमाण बतलाया गया है। अन्तमें तीन गद्यभाग हैं। उनमें प्रथम गद्यभागद्वारा लोकके पर्यन्तभागोंमें स्थित उन वातवलयोंका क्षेत्रप्रमाण निकाला गया है। द्वितीय गद्यभाग द्वारा आठ पृथिवियोंके नीचे स्थित वातक्षेत्रोंका घनफल निकाला गया है। तृतीय गद्यभागमें आठ पृथिवियोंका घनफल बतलाया है। अन्तमें कहा है कि वातरुद्ध क्षेत्र और आठ पृथिवियोंके घनफलको सम्मिलित कर उसे सम्पूर्ण लोकमेंसे निकाल देनेपर शुद्ध आकाशका प्रमाण शेष रहता है।

२ नारकलोक—महाधिकारमें ३६७ पद्य हैं। प्रथम ५ गाथाओंमें मंगलपूर्वक आगे कहे जानेवाले १५ अन्तराधिकारोंकी सूचना की गई है। गा. ६-७ में एक राजु लंबी-चौड़ी और कुछ (३२१६२२८१$\frac{1}{2}$ धनुष) कम १३ राजु ऊंची त्रसनालीका निर्देश किया है। गा. ७-८ में

१ यह गद्यभाग ष. खं. पु. ४ पृ. ५१ पर ज्योंका त्यों पाया जाता है। २ यह गद्यभाग ष. खं. पु. ४, पृ. ८८ पर प्रायः ज्योंका त्यों पाया जाता है।

प्रकारान्तरसे उपपाद और मारणान्तिक समुद्घातमें परिणत त्रस तथा लोकपूरण समुद्घातगत केवलियोंकी अपेक्षा समस्त लोकको ही त्रसनाली कह दिया है। गा. ९-१९४ में रत्नप्रभादि सात पृथिवियोंमें स्थित नारकियोंके इन्द्रक, श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक बिलोंके नाम, विन्यास, संख्या, विस्तार, बाहल्य एवं स्वस्थान-परस्थान रूप अन्तरालका प्रमाण प्ररूपित है। गा. १९१-२०१ में नारकियोंकी संख्या, गा. २०२-२१५ में उनकी आयु, गा. २१६-२७० में शरीरोत्सेध और गा. २७१ में अवधिविषयकी प्ररूपणा की गई है। आगे १२ गाथाओंमें नारकी जीवोंमें सम्भव गुणस्थानादि २० प्ररूपणाओंका दिग्दर्शन कराया गया है।

गा. २८४-२८६ द्वारा प्रथमादि पृथिवियोंमें जन्म लेने योग्य प्राणियोंका निर्देश कर गा. २८७ में जन्म-मरणका अन्तरकाल और गा. २८८ में एक समयमें उत्पन्न होनेवाले व मरनेवाले नारकियोंकी संख्या निर्दिष्ट है। गा. २८९-२९२ में बतलाया गया है कि नरकसे निकले हुए जीव कर्मभूमिमें गर्भज संज्ञी पर्याप्त तिर्यंच या मनुष्य होते हैं। किन्तु सप्तम पृथिवीसे निकला हुआ जीव तिर्यंच ही होता है। नारक जीव संख्यात वर्षकी आयुवाले व्याल, दंष्ट्री (दाढ़ोंवाले सिंह-व्याघ्रादि), गृद्धादिक पक्षी एवं मत्स्यादिक जलचर जीवोंमें उत्पन्न होकर पुनरपि नरकोंमें उत्पन्न होते हैं। कोई भी नारक जीव अनन्तर भवमें केशव, बलदेव व चक्रवर्ती नहीं हो सकते। तृतीय पृथिवी तकके नारक जीव तीर्थंकर, चतुर्थ तकके चरमशरीरी, पंचम तकके संयत, छठी तकके देशव्रती एवं सातवीं तकके कोई जीव केवल सम्यग्दृष्टि ही हो सकते हैं।

प्रवचनसारोद्धार (गा. १०८७-९०) में भी यही क्रम पाया जाता है। विशेषता इतनी है कि वहां प्रथम पृथिवीसे निकलकर चक्रवर्ती और द्वितीयसे निकलकर बलदेव व वासुदेव होनेकी भी सम्भावना बतलायी गई है।

षट्खण्डागम[1] (जीवस्थान गत्यागति चूलिका) और तत्त्वार्थराजवार्तिकमें[2] सप्तम पृथिवीसे

१ अधो सत्तमाए पुढवीए णेरइया णिरयादो णेरइया उव्वट्टिदसमाणा कदि गदीओ आगच्छंति ? ॥ २०३ ॥ एक्कं हि चेव तिरिक्खगदिमागच्छंति त्ति ॥ २०४ ॥ तिरिक्खेसु उववण्णल्लया तिरिक्खा छप्पो उप्पाएंति— आभिणिबोहियणाण णो उप्पाएंति, सुदणाणं णो उप्पाएंति, ओहिणाणं णो उप्पाएंति, सम्मामिच्छत्तं णो उप्पाएंति, सम्मत्तं णो उप्पाएंति, संजमासंजमं णो उप्पाएंति ॥ २०५ ॥ पु. ६, पृ. ४८४.

२ सप्तम्यां नारका मिथ्यादृष्टयो नरकेभ्य उद्वर्तिता एकामेव तिर्यग्गतिमायान्ति। तिर्यक्ष्वायाताः पंचेन्द्रिय-गर्भज-पर्याप्तक-संख्येयवर्षायुःषूत्पद्यन्ते, नेतरेषु। तत्र चोत्पन्नाः सर्वे मति-श्रुतावधि-सम्यक्त्व-सम्यङ्-मिथ्यात्व-संयमासंयमान् नोत्पादयन्ति। त. रा. ३, ६, ७.

निकलनेवाले नारक जीवोंके सम्यग्दृष्टि होनेका स्पष्टतः निषेध किया है। शेष विधि प्रायः वहां भी समान रूपसे पायी जाती है।

गा. २९३ में नारकायुबन्धके कारणका उल्लेख करते हुए कहा है कि आयुबन्धके समय शिला, शैल, वेणुमूल और कृमिरागके सदृश कषायों (क्रमशः क्रोध, मान, माया, लोभ) का उदय होनेपर नारकायुका बन्ध होता है। यही बात गो. जीवकाण्डकी गा. २८३-२८६ में भी निर्दिष्ट है। आगे गा. २९४ में कहा है कि कृष्ण, नील और कापोत लेश्याके उदयसे जीव नारकायुको बांधकर मरनेपर उक्त लेश्याओंके साथ नरकको प्राप्त होते हैं। ऐसा ही उपदेश कुछ विशेषताके साथ गो. जीवकाण्ड गा. ५२३-२५ में भी पाया जाता है। गा. २९५-३०१ में कृष्ण, नील और कापोत लेश्यावाले जीवोंके कुछ लक्षण बतलाये गये हैं।

गा. ३०२–३१२ में नारकियोंके जन्मस्थानोंका आकार व विस्तार आदि बतलाया गया है। ये जन्मस्थान इन्द्रक, श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक बिलोंके ऊपरी भागमें स्थित हैं। इनमें जन्म लेकर नारक जीव नीचे गिरते हैं और गेंदके समान पुनः ऊपर उछलते हैं।

गा. ३१३-३५८ में नारकी जीवोंके महान् दुःखोंकी प्ररूपणा है। इस प्रकरणमें यह भी बतलाया है कि जिस प्रकार इस लोकमें मनुष्य मेष-महिषादिको लड़ाकर उनकी हार-जीतपर प्रसन्न होते हैं, उसी प्रकार तृतीय पृथिवी तक कुछ असुरकुमार जातिके देव नारकियोंको लड़ाकर उससे सन्तुष्ट होते हैं। उक्त देवोंके कुछ नाम भी यहां निर्दिष्ट हैं। जैसे सिक्तानन, असिपत्र, महाबल, महाकाल, श्याम, शबल, रुद्र, अम्बरीष, विलसित, महारुद्र, महाखर, काल, अग्निरुद्र, कुम्भ और वैतरणी आदि। ये नाम अभी तक हमें किसी अन्य दिगम्बर ग्रन्थमें नहीं उपलब्ध हुए हैं। परन्तु कुछ श्वेताम्बर ग्रन्थोंमें साधारण भेदके साथ ये नाम अवश्य पाये जाते हैं।[1]

गा. ३५९-३६१ में सम्यग्दर्शनग्रहणके कारणोंका निर्देश कर आगेके ५ छन्दोंमें बतलाया गया है कि जो जीव मद्य-मांसका सेवन करते हैं, हिंसामें आसक्त हैं; क्रोध, लोभ, भय, अथवा मोहके वशीभूत हो असत्यभाषण करते हैं, परधन-हरण करते हैं, कामोन्मत्त होकर निर्लज्जतापूर्वक परदारासक्त होते हैं या रात्रिंदिव विषयसेवन करते हैं, तथा जो पुत्र-

---

१ अंबे अंबरिसी चेव सामे य सबले वि य। रोद्दोवरुद्द काले य महाकाले त्ति आवरे॥
आसिपत्ते धणू कुंभे वालु वेयरणी वि य। खरस्सरे महाघोसे एवं पण्णरसाहिया॥
सूत्रकृतांग १, ५, नि. ६८–६९; प्रवचनसारोद्धार १०८५–८६.

कलत्रादि निज परिवार या मित्रोंके जीवनार्थ तृष्णावश हो परवंचनपूर्वक धनका उपार्जन करते हैं वे नरकोंमें जाकर महान् कष्टको सहते हैं।

यहां गा. ४ में की गई प्रतिज्ञाके अनुसार नारक जीवोंमें योनियोंकी प्ररूपणा की जानी चाहिये थी, परन्तु वह उपलब्ध नहीं हैं। सम्भव है मूल प्रतियोंमें योनिप्ररूपक गाथायें छूट गई हों और उनके स्थानमें उपर्युक्त ५ छन्द प्रक्षिप्त हो गये हों। योनियोंके वर्णनका क्रम चतुर्थ (गा. २९४८-५३), पंचम (गा. २९३-९७) और अष्टम (गा. ७००-७०१) महाधिकारोंमें बराबर पाया जाता है।

३ भावनलोक—महाधिकारमें २४३ पद्य हैं। यहां भवनवासी देवोंका निवासक्षेत्र, उनके भेद, चिह्न, भवनसंख्या, इन्द्रोंका प्रमाण व नाम, दक्षिण-उत्तर इन्द्रोंका विभाग व उनके भवनोंका प्रमाण, अल्पर्द्धिक, महर्द्धिक एवं मध्यमर्द्धिक भवनवासी देवोंके भवनोंका विस्तार, भवन, वेदी, कूट, जिनेन्द्रप्रासाद, इन्द्रविभूति, संख्या, आयुप्रमाण, शरीरोत्सेध, अवधिविषय, गुणस्थानादि, एक समयमें उत्पन्न होनेवाले व मरनेवालोंकी संख्या, आगति, भवनवासी देवोंकी आयु बांधनेवाले परिणाम और सम्यग्दर्शनग्रहणके कारण, इत्यादिका विशेष विवेचन किया है। (विशेष परिचयके लिये देखिये परिशिष्टमें यंत्र नं. २, ४ और १८)।

आयुबन्धक परिणामोंके प्रकरणमें बतलाया है कि जो ज्ञान व चरित्रके विषयमें शंकित हैं, क्लेशभावसे संयुक्त हैं, अविनयमें आसक्त हैं, कामिनीविरहसे व्याकुल हैं व कलहप्रिय हैं; वे संज्ञी-असंज्ञी जीव मिथ्यात्वभावसे संयुक्त होकर भवनवासी देवोंकी आयुको बांधते हैं; सम्यग्दृष्टि जीव कदापि वहां उत्पन्न नहीं होते। असत्यभाषी, हास्यप्रिय एवं कन्दर्पानुरक्त जीव कन्दर्प देवोंमें जन्म लेते हैं। भूतिकर्म, मंत्राभियोग व कौतूहलादिसे संयुक्त तथा चाटुकार जीव वाहनदेवोंमें उत्पन्न होते हैं। तीर्थंकर, संघ एवं आगमग्रन्थादिकके विषयमें प्रतिकूल आचरण करनेवाले दुर्विनयी मायाचारी प्राणी किल्विष सुरोंमें उत्पन्न होते हैं। उन्मार्गोपदेशक व जिनेन्द्रमार्गमें विप्रतिपन्न (विवादयुक्त) प्राणी संमोहसुरोंमें जन्मग्रहण करते हैं। क्रोध, मान, माया व लोभमें आसक्त; निकृष्ट आचरण करनेवाले तथा वैरभावसे संयुक्त जीव असुरोंमें उत्पन्न होते हैं।

जन्मग्रहणके पश्चात् अन्तर्मुहूर्तमें ही छह पर्याप्तियोंसे परिपूर्ण होकर वे देव वहां उत्पन्न होनेके कारणका विचार करते हैं। पुनः व्यवसायपुरमें प्रविष्ट हो पूजा व अभिषेकके योग्य द्रव्योंको लेकर बड़े आनन्दके साथ जिनालयको जाते हैं। वहां पहुंच कर देवियोंके साथ विनीत भावसे प्रदक्षिणापूर्वक जिनप्रतिमाओंका दर्शन कर जय-जय शब्द करते हैं। पश्चात् नाना वादित्रोंके साथ जल, चंदन, तंदुल, पुष्पमाला, नानाविध भक्ष्य द्रव्य (नैवेद्य), रत्नप्रदीप

धूप और पके हुए पनस (कटहल), केला, अनार एवं दाख आदि फलोंसे जिनपूजा करते हैं। पूजाके अन्तमें श्रेष्ठ अप्सराओंसे संयुक्त होकर विविध नाटकोंको करते हैं। तत्पश्चात् निज भवनोंमें आकर अनेक प्रकारके सुखोंका उपभोग करते हैं।

४ नरलोक– महाधिकारमें मनुष्य लोकका निर्देश, जंबूद्वीप, लवण समुद्र, धातकीखण्ड, कालोदक समुद्र, पुष्करार्ध द्वीप, इन अढ़ाई द्वीप–समुद्रोंमें स्थित मनुष्योंके भेद,संख्या, अल्पबहुत्व, गुणस्थानादि, आयुबन्धक परिणाम, योनि, सुख, दुख, सम्यक्त्वग्रहणके कारण और मोक्ष जानेवाले जीवोंका प्रमाण, इस प्रकार १६ अधिकार हैं। समस्त पद्यसंख्या २९६१ है। बीचमें एक कालभेद प्ररूपक ५ पृष्ठका गद्य भाग भी है।

इनमें जंबूद्वीपका वर्णन, वेदिका, भरतादि क्षेत्रों और कुलपर्वतोंका विन्यास, भरत क्षेत्र, उसमें प्रवर्तमान छह काल, हिमवान्, हैमवत, महाहिमवान्, हरिवर्ष, निषध, विदेह क्षेत्र, नील पर्वत, रम्यक क्षेत्र, रुक्मि पर्वत, हैरण्यवत क्षेत्र, शिखरी पर्वत और ऐरावत क्षेत्र, इन १६ अन्तराधिकारों द्वारा बहुत विस्तारपूर्वक किया गया है।

यहां विजयार्ध पर्वत और गंगा-सिंधु नदियों द्वारा छह खण्डोंमें विभक्त हुए भरत क्षेत्रके आर्यखण्डमें प्रवर्तमान उत्सर्पिणी व अवसर्पिणी स्वरूप सुषम-सुषमादि छह कालोंकी विस्तृत प्ररूपणा है। इस प्रकरणमें बतलाया गया है कि सुषम-सुषमा, सुषमा और सुषम-दुःषमा, इन तीन कालोंमें क्रमशः उत्तम, मध्यम और जघन्य भोगभूमि जैसी रचना होती है। इनमें युगल-युगल रूपसे उत्पन्न होनेवाले पुरुष-स्त्री पति-पत्नी जैसा आचरण करते हैं। यहां धर्म-कर्मका विवेक कुछ नहीं रहता। स्वामि-भृत्यादिका भेद भी नहीं होता। वैवाहिक संस्कारादि एवं कृषि आदि कर्म भी नहीं पाये जाते। वहां दस प्रकारके कल्पवृक्ष होते हैं जिनसे युगलोंको आवश्यक सामग्री प्राप्त होती रहती है। वर्तमान इतिहासमें जो यह बतलाया जाता है कि प्रारम्भमें मनुष्य जंगली थे, उस समय उनमें कुछ विवेक नहीं था। वे धीरे धीरे उन्नति करते हुए आजकी अवस्थामें आये इत्यादि, सम्भव है उसका मूल स्रोत यही व्यवस्था रही हो।

आगे कहा गया है कि जब तृतीय कालमें पल्योपमका आठवां भाग ($\frac{1}{8}$) शेष रहता है तब क्रमशः प्रतिश्रुति आदि चौदह कुलकर पुरुष उत्पन्न होते हैं जो प्रजाजनोंको भिन्न भिन्न विषयोंका उपदेश देते हैं (देखिये यंत्र नं. ३)। उनमें अन्तिम कुलकर नाभिराय थे। इन्होंने कल्पवृक्षोंके नष्ट हो जानेपर व्याकुलताको प्राप्त हुई प्रजाको आजीविकोपयोगी साधनोंका उपदेश दिया व भोजनादिकी सारी ही व्यवस्थायें समझाईं। तत्पश्चात् २४ तीर्थंकर, १२ चक्रवर्ती, ९ विष्णु, ९ प्रतिशत्रु और ९ बलदेव, इस प्रकार ६३ शलाकापुरुष उत्पन्न होते हैं। इनमें

प्रथम तीर्थंकरका जब अवतार हुआ तब सुषम-दुःषमा कालमें ८४ लाख पूर्व ३ वर्ष और ८½ मास शेष थे।

यहां प्रसंग वश २४ तीर्थंकरोंका वर्णन ५२२ से १२८० गाथाओंमें बहुत विस्तारसे किया गया है (देखिये यंत्र नं ७)। इसी बीच प्रकरणानुसार ३१ अन्तराधिकारों द्वारा (गा. ७१० से ८९४) समवसरणकी भी विस्तृत प्ररूपणा की गई है। यहां ही गणधरोंका प्रसंग आनेपर बुद्धि, विक्रिया, क्रिया, तप, बल, औषधि, रस और क्षेत्र, इन ऋद्धियोंका भी महत्वपूर्ण विवेचन है (गा. ९६७-१०९१)।

चक्रवर्तिप्ररूपणामें (गा. १२८१–१४१०) भरतादिक चक्रवर्तियोंका उत्सेध, आयु, कुमारकाल, मण्डलीककाल, दिग्विजय, राज्य और संयमकालका वर्णन है (देखिये यंत्र नं. ९)।

बलदेव, नारायण, प्रतिनारायण, रुद्र, नारद और कामदेवोंकी भी यहां संक्षिप्त प्ररूपणा की गई है (देखिये यंत्र नं. ८, १०–१२) और इन सबोंको भव्य एवं मुक्तिगामी बतलाया गया है (गा. १४११–१४७३)।

भगवान् महावीरके मुक्त होनेके पश्चात् ३ वर्ष ८½ मासके बीतनेपर दुःषम कालका प्रारम्भ हो जाता है। वीर भगवान्के सिद्ध होनेपर गौतम स्वामीको, उनके सिद्ध होनेपर सुधर्म स्वामीको, तथा सुधर्म स्वामीके भी सिद्ध होनेपर जम्बू स्वामीको केवलज्ञानकी प्राप्ति हुई। यहां तक अनुबद्ध केवलियोंका अस्तित्व रहा। यहां विशेष यह भी बतलाया है कि मुक्तिगामियोंमें अन्तिम श्रीधर थे जो कुण्डलगिरिसे मुक्त हुए। चारण ऋषियोंमें अन्तिम सुपार्श्वचन्द्र, प्रज्ञाश्रमणोंमें अन्तिम वज्रयश, अवधिज्ञानियोंमें अन्तिम श्रीनामक, तथा मुकुटधरोंमें जिन-दीक्षाधारक अन्तिम चन्द्रगुप्त हुए।

आगे जाकर वर्धमान भगवान्के तीर्थमें ५ श्रुतकेवली, ११दशपूर्वधारी, ५ ग्यारह अंगोंके धारक और ४ आचारांगधारी, इनकी परम्परा बतलायी गई है। उक्त केवलि–श्रुतकेवली आदिकोंका समस्त काल छह सौ तेरासी (६२+१००+१८३+२२०+११८= ६८३) वर्ष है। तत्पश्चात् २०३१७ वर्ष व्यतीत होनेपर, अर्थात् पंचम कालके अन्तमें, धर्मकी प्रवृत्ति नष्ट हो जायगी, ऐसा कहा गया है।

इस कालमें भी चातुर्वर्ण धर्मसंघ तो रहेगा, किन्तु कषायोंकी तीव्रता उत्तरोत्तर बढ़ती जायगी। वीरनिर्वाणके ४६१ वर्ष पश्चात् शक राजा उत्पन्न हुवा। इसमें मतान्तरसे ९७८५ वर्ष ५ मास, १४७९३ वर्ष, तथा ६०५ वर्ष ५ मास पश्चात् भी शक राजाकी उत्पत्ति कही गई है। इनमेंसे अन्तिम मत ग्रंथकारको अभीष्ट

प्रतीत होता है और वर्तमानमें जो निर्वाण संवत् और शक संवत् प्रचलित हैं उनसे भी यही मत सिद्ध होता है। इस समय प्रचलित निर्वाण संवत् २४७७ और शक संवत् १८७२ है जिससे उनके बीच ठीक ६०५ वर्षका अन्तर पाया जाता है। निर्वाण संवत् कार्तिक शुक्ल १ से तथा शक संवत् चैत्र शुक्ल १ से प्रारंभ होता है जिसमें ५ माहके अन्तरकी व्युत्पत्ति भी ठीक बैठ जाती है (गा. १४९६–१५१०)।

वीरनिर्वाणसे चतुर्मुख कल्कीके राज्य पर्यन्त एक हजार वर्ष व्यतीत हुए जिसकी इतिहासपरंपरा तीन प्रकारसे बतलाई गई है—

१

वीरनिर्वाणके पश्चात्–	४६१ वर्ष
शक वंश–	२४२ वर्ष
गुप्त वंश–	२५५ ,,
चतुर्मुख–	४२ ,,
	१००० वर्ष

२

वीरनिर्वाणके समय पालक राजाका अभिषेक	
पालक	६० वर्ष
विजय वंश	१५५ ,,
मुरुंड वंश	४० ,,
पुष्यमित्र	३० ,,
वसुमित्र-अग्निमित्र	६० ,,
गन्धर्व	१०० ,,
नरवाहन	४० ,,
भृत्यांध्र	२४२ ,,
गुप्तवंश	२३१ ,,
चतुर्मुख कल्की	४२ ,,
	१००० वर्ष

३

वीरनिर्वाणसे आचारांगधरों तककी आचार्यपरंपरा	६८३ ,,
तत्पश्चात् व्यतीत काल	२७५ ,,
चतुर्मुख कल्की	४२ ,,
	१००० वर्ष

प्रसंगवश यह भी कहा है कि २१००० वर्ष प्रमाण इस दुःषम कालमें १०००–१००० वर्षके पश्चात् एक एक कल्की और ५००–५०० वर्षमें एक एक उपकल्की जन्म लेता है। ये कल्की लोभवश साधुओंके आहारमेंसे कर (टैक्स) के रूपमें अग्रिम ग्रास मांगते हैं। साधु ग्रास देकर अन्तराय मान निराहार वापिस चले जाते हैं। उस समय उनमें किसी एकको अवधिज्ञान प्रगट हो जाता है। अन्तिम कल्कीके समय वीरांगज मुनि, सर्वश्री आर्यिका, अग्निदत्त श्रावक और पंगुश्री श्राविका रहेंगी। कल्की द्वारा आहारमेंसे अग्रिम ग्रास मांगनेपर उसे देकर मुनि अन्तराय मान वापिस चल जाते हैं। पश्चात् अवधिज्ञान प्राप्त होनेपर वे अग्रिल (अग्निदत्त), पंगुश्री और सर्वश्रीको बुलाकर प्रसन्नतापूर्वक उपदेश देते हैं

कि ' अब दुःषम कालका अन्त आगया । तुम्हारी और हमारी तीन दिनकी आयु शेष है । यह अन्तिम कल्की है । ' तब उक्त चारों जन जीवन पर्यन्त चतुर्विध आहार एवं परिग्रहसे ममता छोड़ सन्यास ग्रहण करके कार्तिककी अमावस्याको समाधिमरण प्राप्त करते हैं व यथायोग्य सौधर्म स्वर्गमें उत्पन्न होते हैं । इसपर क्रोधित हुआ कोई असुर देव मध्याह्नमें कल्कीको मार डालता है । सूर्यास्त समय अग्नि भी नष्ट हो जाती है । इस समय उक्त दुःषम कालके ३ वर्ष ८½ मास शेष रहते हैं ।

तत्पश्चात् अतिदुःषम कालका प्रारम्भ होता है । उसके प्रारम्भमें उत्कृष्ट आयु २० वर्ष और शरीरकी उंचाई ३-३½ हाथ रह जाती है । उस समय मनुष्य पशुओं जैसा आचरण करने लगते हैं । इस कालमें नरक व तिर्यंच गतिसे आये हुए जीव ही यहां जन्म लेते हैं और यहांसे मरकर वे पुनः नरक व तिर्यंच गतिमें जाते हैं । उक्त कालमें जब ४९ दिन शेष रहते हैं तब प्रलयकालके उपस्थित होनेपर सात दिन तक भयानक संवर्तक पवन चलती है । पश्चात् सात सात दिन तक क्रमशः शीतल व क्षार जल, विषजल, धूम, धूलि, वज्र और अग्निकी वर्षा होती है, जिससे पर्वत व वृक्ष आदि नष्ट हो जाते हैं । उस समय कुछ भिन्न भिन्न जातियोंके ७२ युगल प्राणी विजयार्ध पर्वतकी गुफाओंमें जा छिपते हैं । कुछ प्राणियोंको दयालु देव व विद्याधर भी सुरक्षित स्थानोंमें पहुंचा देते हैं । इस प्रकार अवसर्पिणीके छह काल समाप्त हो जाते हैं ।

पश्चात् उत्सर्पिणीका अतिदुःषम नामक प्रथम काल उपस्थित होता है । इसके प्रारम्भमें जल व दूध आदिकी वर्षा होती है जिससे पृथिवीपर नाना रसोंसे परिपूर्ण तरु-गुल्मादि उत्पन्न होने लगते हैं । तब शीतल गन्ध ग्रहण कर विजयार्धकी गुफाओं आदिको प्राप्त हुए वे मनुष्य व तिर्यंच निकल आते हैं । इस कालके प्रथम समयमें आयु १६ अथवा १५ वर्ष और शरीरकी उंचाई एक हाथ प्रमाण होती है । पश्चात् कालस्वभावसे आयु, उत्सेध, तेज, बल व बुद्धि आदि उत्तरोत्तर बढ़ने लगते हैं ।

उत्सर्पिणीके दुःषम नामक द्वितीय काल में १००० वर्ष शेष रहनेपर क्रमशः चौदह कुलकर उत्पन्न होते हैं । दुःषम-सुषम नामक तृतीय कालमें तीर्थंकर आदि महापुरुष उत्पन्न होते हैं । इस प्रकार जैसे अवसर्पिणी कालमें आयु, बुद्धि एवं बल-वीर्यादिकी उत्तरोत्तर हानि होती है वैसे ही इस कालमें उनकी वृद्धि होती जाती है ।

ये दोनों काल भरत और ऐरावत क्षेत्रोंके आर्यखण्डमें चक्रवत् घूमते रहते हैं । इन क्षेत्रोंके ५-५ म्लेच्छखण्डों और विद्याधरश्रेणियोंमें अवसर्पिणीके चतुर्थ एवं उत्सर्पिणीके तृतीय

(दुःषम-सुषम) कालमें क्रमशः आदिसे अन्त तक हानि व वृद्धि होती रहती है, अन्य कालोंकी प्रवृत्ति वहां नहीं है ।

असंख्यात अवसर्पिणी-उत्सर्पिणी कालोंके बीतनेपर एक हुण्डावसर्पिणी काल आता है जिसमें कुछ अनहोनी घटनायें घटित होती हैं । जैसे– सुषम-दुःषम कालकी स्थितिके कुछ शेष रहनेपर भी वर्षाका होने लगना, विकलेन्द्रिय जीवोंकी उत्पत्ति प्रारम्भ हो जाना, कल्पवृक्षोंका नष्ट होना, कर्मभूमिका व्यापार प्रारम्भ हो जाना, प्रथम तीर्थंकर और प्रथम चक्रवर्तीका जन्म लेना, चक्रवर्तीका विजयभंग, इसी कालमें कुछ थोड़े जीवोंका मुक्ति प्राप्त करना, चक्रवर्ती द्वारा ब्राह्मण वर्णकी उत्पत्ति, दुःषम-सुषम कालमें ६३ के स्थानपर ५८ ही शलाकापुरुषोंका होना, नौवेंसे सोलहवें तीर्थंकर तक सात तीर्थोंमें धर्मका व्युच्छेद होना, कलहप्रिय ११ रुद्र और ९ नारदोंका जन्म लेना, सातवें, तेईसवें और चौबीसवें तीर्थंकरोंके उपसर्गका होना, तथा कल्की-उपकल्कीका जन्म लेना, इत्यादि ।

गा. १६२४–१७७३ में हिमवान्, महाहिमवान्, हरिवर्ष और निषध, इनकी प्ररूपणा की है (देखिये यंत्र नं. ५–६) ।

आगे गा. १७७४- २३२६ में विदेह क्षेत्रका वर्णन करते हुए उसका विस्तारादि, मंदर शैल (सुमेरु), तत्परिस्थ पाण्डुकादिक वन, जिनभवनरचनाका प्रकार, वक्षार पर्वत, गजदन्त, जम्बू व शाल्मली वृक्ष, मन्दर पर्वत के पूर्वापर भागोंमें स्थित १६-१६ क्षेत्र, कच्छा विजय व क्षेमा नगरी आदिका विस्तारसे कथन किया गया है ।

गा. २३२७–२३७३ में नीलगिरि, रम्यक विजय, रुक्मि पर्वत, हैरण्यवत क्षेत्र, शिखरी पर्वत और ऐरावत क्षेत्रका वर्णन किया है (देखिये यंत्र नं. ५-६.) । गा. २३७४–२३७२ में भरतादिकोंका क्षेत्रफल बतलाया गया है । आगे गा. २३९७ तक नदी आदिकोंकी समस्त संख्या निर्दिष्ट की है ।

गा. २३९८-२५२६ में लवण समुद्रकी प्ररूपणा की गई है । इस प्रकरणमें २४१६ से २४२५ तक १० गाथायें प्रतियोंमें नष्ट बतलायी गई हैं । उनका छूटना प्रकरणके अधूरेपनसे भी सिद्ध होता है । यहां लवणसमुद्रका विस्तारादि बतलानेके पश्चात् उसके मध्यमें चारों दिशाओंमें ४ उत्कृष्ट पाताल, विदिशाओंमें ४ मध्यम पाताल और उन दोनोंके बीच बीचमें १००० जघन्य पाताल बतलाये गये हैं । ये पाताल रांजन (एक प्रकारका घड़ा) के आकार हैं । मुख्य पातालोंका विस्तार मूल व मुखमें दस हजार योजन तथा मध्यमें एक लाख योजन प्रमाण है । उंचाई भी इनकी एक लाख योजन ही है । मध्यम पातालोंका विस्तारादि उत्कृष्ट पातालोंके दसवें भाग और वही जघन्य पातालोंका मध्यमोंके दसवें

भाग मात्र है। इनमेंसे प्रत्येक पातालके अधस्तन त्रिभागमें वायु, मध्यम त्रिभागमें जल-वायु और उपरिम त्रिभागमें केवल जल है। इन पातालोंकी वायु स्वभावसे शुक्ल पक्षमें प्रतिदिन २२२२$\frac{२}{९}$ योजन मात्र वृद्धिको और कृष्ण पक्षमें उतनी ही हानिको प्राप्त होती है। इस प्रकार पूर्णिमाके दिन अधस्तन दो त्रिभागोंमें वायु और उपरिम एक त्रिभागमें जल रहता है, तथा अमावस्याके दिन उपरिम दो त्रिभागोंमें जल और अधस्तन त्रिभागमें वायु रहती है। यही एक कारण समुद्रके जलकी वृद्धि व हानि अर्थात् ज्वारभाटाका यहां बतलाया गया है।

आगे चलकर लवण समुद्रके अभ्यन्तर भागमें २४ और उसके बाह्य भागमें भी २४ इस प्रकार कुमानुषोंके ४८ अन्तर्द्वीप बतलाये गये हैं। इनमें रहनेवाले कुमानुषोंकी शरीराकृति कुत्सित होती है। जैसे- किसीका एक ही जंघायुक्त होना तथा किसीके पूंछ व सींगोंका होना इत्यादि। मन्दकषायी, प्रियभाषी, कुटिल, धर्मके फलको खोजनेवाले, मिथ्या देवोंकी भक्तिमें तत्पर तथा भोजनके क्लेशको सहनेवाले मिथ्यादृष्टि जीव इन द्वीपोंमें उत्पन्न होते हैं।

धातकीखण्ड द्वीपका वर्णन जगती, विन्यास, भरतक्षेत्र, उसमें कालभेद, हिमवान्, हैमवत, महाहिमवान्, हरिवर्ष, निषध, विदेह, नील, रम्यक, रुक्मि, हैरण्यवत, शिखरी और ऐरावत, इन १६ अन्तराधिकारों द्वारा २५२७-२७१७ गाथाओंमें किया गया है, जो कुछ विशेषताओंको छोड़ प्रायः जम्बूद्वीपके ही समान है। गा. २७१८-२७४३ में कालोद समुद्रकी प्ररूपणा है जो लवण समुद्रके ही समान है। पुष्करार्ध द्वीपका वर्णन भी उपर्युक्त १६ अन्तराधिकारों द्वारा धातकीखण्ड द्वीपके समान २७४४-२९२४ गाथाओंमें किया गया है। यहां जगतीके स्थानमें मानुषोत्तर पर्वत है।

आगे सामान्य, पर्याप्त, मनुष्यनी और अपर्याप्त, इन चार प्रकारके मनुष्योंकी संख्या, उनमें क्षेत्रकी अपेक्षा अल्पबहुत्व, गुणस्थानादि, गति-आगति, योनि, सुख-दुख, सम्यक्त्वग्रहण-कारण और मुक्ति प्राप्त करनेवाले जीवोंका प्रमाण बतला कर इस महाधिकारको पूर्ण किया गया है।

५ तिर्यग्लोक– महाधिकारमें १२१ पद्य हैं। इसमें गद्यभाग ही अधिक है। इस महाधिकारमें सोलह अन्तराधिकारोंके द्वारा तिर्यग्लोकका विस्तृत वर्णन किया गया है। यहां स्थावरलोकका प्रमाण बतलाते हुए यह कहा है कि जहां तक आकाशमें धर्म एवं अधर्म द्रव्यके निमित्तसे होनेवाली जीव और पुद्गलकी गति व स्थिति सम्भव है उतना सब स्थावरलोक है। उसके मध्यमें सुमेरु पर्वतके मूलसे एक लाख योजन ऊंचा और एक राजु लम्बा-चौड़ा तिर्यक् त्रस-लोक है, जहां तिर्यंच त्रस जीव भी पाये जाते हैं।

तिर्यग्लोकमें परस्पर एक दूसरको चारों ओरसे वेष्टित करके स्थित समवृत्त असंख्यात (१५ कोड़ाकोड़ि उद्धार पल्योंके बराबर) द्वीप-समुद्र हैं। उन सबके मध्यमें एक लाख योजन

विस्तारवाला जम्बूद्वीप नामक प्रथम द्वीप है। उसके चारों ओर दो लाख यो. विस्तारसे संयुक्त लवण समुद्र है। उसके आगे दूसरा द्वीप और फिर दूसरा समुद्र है। यही क्रम अन्त तक है। इन द्वीप-समुद्रोंका विस्तार उत्तरोत्तर पूर्व-पूर्वकी अपेक्षा दूना दूना होता गया है। यहां ग्रन्थकारने आदि व अन्तके सोलह सोलह द्वीप-समुद्रोंके नामोंका भी निर्देश किया है। इनमें आदिके अढ़ाई द्वीप और दो समुद्रोंकी प्ररूपणा विस्तारपूर्वक चतुर्थ महाधिकारमें की जा चुकी है।

यहां आठवें, ग्यारहवें और तेरहवें द्वीपका कुछ विशेष वर्णन किया गया है। शेष द्वीपोंमें कोई विशेषता न होनेसे उनका वर्णन नहीं किया। आठवें नन्दीश्वर द्वीपके वर्णनमें बतलाया है कि उसका विस्तार १६३८४००००० योजन है। इसके मध्यमें चारों दिशाओंमें एक एक अंजनगिरि नामक पर्वत है जिसके चारों ओर पूर्वादिक दिशाओंमें एक एक लाख योजन विस्तारसे संयुक्त समचतुष्कोण चार चार वापिकायें हैं। इनके मध्यमें एक एक दधिमुख पर्वत और ऊपर बाह्य दोनों कोनोंमें एक एक रतिकर गिरि है। इस प्रकार हर एक दिशामें जो एक एक अंजनगिरि, चार चार दधिमुख और आठ आठ रतिकर पर्वत हैं उन सबके शिखरोंपर एक एक रत्नमय जिनभवन है। ये सब चारों दिशाओंमें बावन हैं। प्रतिवर्ष आषाढ़, कार्तिक और फाल्गुन मासमें भवनवासी आदि चारों प्रकारके देव यहां आकर शुक्ल पक्षकी अष्टमीसे पूर्णिमा तक उन जिनभवनोंमें भक्तिपूर्वक पूजा करते हैं। इनमेंसे कल्पवासी देव पूर्व दिशामें, भवनवासी दक्षिणमें, व्यन्तर पश्चिममें और ज्योतिषी देव उत्तर दिशामें पूर्वाह्न, अपराह्न, पूर्व रात्रि व पश्चिम रात्रिमें दो दो प्रहर तक अभिषेकपूर्वक जल-चन्दनादिक आठ द्रव्योंसे पूजन करते व स्तुति करते हैं।

इस पूजामहोत्सवके निमित्त जो कल्पवासी १४ देवेन्द्र अपने अपने वाहनोंपर आरूढ़ होकर हाथमें कुछ फल-पुष्पादिको लिये हुए वहां जाते हैं उनके नाम यहां (५, ८४–९७) इस प्रकार बताये गये हैं — सौधर्म, ईशान, सनत्कुमार, माहेन्द्र, ब्रह्मेन्द्र, ब्रह्मोत्तरेन्द्र, शुक्रेन्द्र, महाशुक्रेन्द्र, शतारेन्द्र, सहस्रारेन्द्र आनतेन्द्र, प्राणतेन्द्र, आरणेन्द्र और अच्युतेन्द्र।

आगे चलकर कुण्डलवर और रुचकवर, इन दो द्वीपोंका कुछ थोड़ासा वर्णन करके यह बतलाया है कि जम्बूद्वीपसे आगे संख्यात द्वीप-समुद्रोंके पश्चात् एक दूसरा भी जम्बूद्वीप है। इसमें जो विजयादिक देवोंकी नगरियां स्थित हैं उनका वहां विशेष वर्णन किया गया है।

तत्पश्चात् अन्तिम स्वयम्भूरमण द्वीप और उसके बीचोंबीच वलयाकारसे स्थित स्वयम्प्रभ पर्वतका निर्देश कर यह प्रगट किया है कि लवणोद, कालोद और स्वयम्भूरमण

ये तीन समुद्र चूंकि कर्मभूमिसम्बद्ध हैं, अतः इनमें तो जलचर जीव पाये जाते हैं, किन्तु वे अन्य किसी और समुद्रमें नहीं पाये जाते।

आगे उन्नीस पक्षोंका उल्लेख करके उनमें द्वीप-समुद्रोंके विस्तार, खंडशलाकाओं, क्षेत्रफल, सूचीप्रमाण और आयाममें जो उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है उसका गणितप्रक्रियाके द्वारा बहुत विस्तारसे विवेचन किया है। पश्चात् चौंतीस भेदोंमें विभक्त तिर्यंच जीवोंकी संख्या, आयु, आयुबन्धक भाव, योनियां, सुख-दुख, गुणस्थानादिक, सम्यक्त्वग्रहणके कारण और पर्यायान्तर प्राप्तिका कथन किया गया है। फिर उक्त चौंतीस प्रकारके तिर्यंचोंमें अल्पबहुत्व और अवगाहनाविकल्पोंको बतला कर इस महाधिकारको समाप्त किया है।

६ व्यन्तरलोक– महाधिकारमें १०३ पद्य हैं। इसमें सत्तरह अन्तराधिकारोंके द्वारा व्यन्तर देवोंका निवासक्षेत्र, उनके भेद, चिह्न, कुलभेद, नाम, दक्षिण–उत्तर इन्द्र, आयु, आहार, उच्छ्वास, अवधिज्ञान, शक्ति, उत्सेध, संख्या, जन्म-मरण, आयुबन्धक भाव, दर्शनग्रहणकारण और गुणस्थानादि विकल्पोंकी प्ररूपणा की गई है। इसमें कुछ विशेष बातोंको ही बतला कर शेष प्ररूपणा तृतीय महाधिकारमें वर्णित भवनवासी देवोंके समान बतला दी गई है।

७ ज्योतिर्लोक– महाधिकारमें ६१९ पद्य हैं। इसमें ज्योतिषी देवोंका निवासक्षेत्र, उनके भेद, संख्या, विन्यास, परिमाण, चर ज्योतिषियोंकी गति, अचर ज्योतिषियोंका स्वरूप, आयु, आहार, उच्छ्वास, उत्सेध, अवधिज्ञान, शक्ति, एक समयमें जीवोंकी उत्पत्ति व मरण, आयुबन्धक भाव, सम्यग्दर्शनग्रहणके कारण और गुणस्थानादिवर्णन, इन सत्तरह अन्तराधिकारोंके द्वारा ज्योतिषी देवोंकी विस्तृत प्ररूपणा की गई है।

निवासक्षेत्रकी प्ररूपणामें बतलाया है कि एक राजु लम्बे-चौड़े और ११० योजन मोटे क्षेत्रमें ज्योतिषी देवोंका निवास है। चित्रा पृथिवीसे ७९० योजन ऊपर आकाशमें तारागण, इनसे १० यो. ऊपर सूर्य, उससे ८० यो. ऊपर चन्द्र, उससे ४ यो. ऊपर नक्षत्र, उनसे ४ यो. ऊपर बुध, उससे ३ यो. ऊपर शुक्र, उससे ३ यो. ऊपर गुरु, उससे ३ यो. ऊपर मंगल और उससे ३ यो. ऊपर जाकर शनिके नगर (विमान) हैं। ये नगरस्थल ऊर्ध्वमुख अर्ध गोलकके आकार हैं। इनमें चन्द्रनगरस्थलोंका उपरिम तलविस्तार $\frac{५६}{६१}$ यो., सूर्यनगरस्थलोंका $\frac{५८}{६१}$ यो., नक्षत्रनगरस्थलोंका $\frac{१}{४}$ यो., बुधका $\frac{१}{८}$ यो., शुक्रका $\frac{१}{४}$ यो., गुरुका कुछ कम $\frac{१}{४}$ यो., मंगलका $\frac{१}{८}$ यो. और शनिका $\frac{१}{८}$ यो. है। ताराओंके नगरस्थलोंका उपरिम तलविस्तार २०००, १५००, १००० और ५०० धनुष प्रमाण है। इन नगरस्थलोंका बाहल्य अपने अपने विस्तारसे आधा है। वे सब देव इन नगरस्थलोंमें सपरिवार आनन्दसे रहते हैं। इनमें चन्द्रनगरस्थलोंको सोलह हजार देवोंमेंसे चार चार हजार देव क्रमसे

पूर्वादिक दिशाओंमें खींचते हैं। अत एव वे सदा गतिमान् रहते है। इसी प्रकार अन्य सूर्यादिके नगरस्थलोंको भी आभियोग्य जातिके देव सदा खींचते रहते हैं।

इन ज्योतिषी देवोंमेसे चन्द्रको इन्द्र और सूर्यको प्रतीन्द्र माना गया है। चन्द्रका चारक्षेत्र जम्बूद्वीपमें १८० यो. और लवणसमुद्रमें ३३०$\frac{४८}{६१}$ यो. है। इस चारक्षेत्रमें चन्द्रकी अपने मण्डल प्रमाण ($\frac{५६}{६१}$ यो.) विस्तारवाली ८५ गलियां हैं। प्रथम गली मेरुसे ४४८२० यो. की दूरीपर है। दूसरी गली इससे ३६$\frac{१७९}{२६७}$ यो. दूर है। इसी प्रकार आगेकी गलियां उत्तरोत्तर ३६$\frac{१७९}{४२६७}$ यो. अधिक दूर होती गई हैं। इस प्रकार अन्तिम १५ वीं गली मेरुसे ४५३२९ $\frac{३७१}{४२६७}$ यो. की दूरीपर है।

जम्बूद्वीपमें दो चन्द्र हैं। इनका अन्तर मेरुके विस्तारसे अधिक उसकी दूरीसे दूना रहता है। जैसे– प्रथम वीथीमें उन दोनोंका अन्तर ४४८२०×२+१०००=९९६४० यो. रहता है। प्रथम पथकी परिधिका प्रमाण ३१५०८९ यो. है। इससे आगे द्वितीयादिक पथोंकी परिधि २३०$\frac{१४३}{४२६७}$ यो. अधिक होती गई है। चूंकि प्रथम पथसे द्वितीयादि पथोंकी ओर जाते हुए वे चन्द्रादिक देवोंके विमान शीघ्र गमनशील और वापिस आते समय मन्द गमनशील होते हैं, अतः वे उन विषम परिधियोंका पारिभ्रमण समान कालमें ही पूर्ण करते है। उक्त पन्द्रह परिधियोंमेसे प्रत्येक परिधिके १०९८०० यो. प्रमाण गगनखण्ड किये गये हैं। इनमें १७६७ गगनखण्डोंको एक चन्द्र एक मुहूर्तमें लांघता है। समस्त गगनखण्डोंको दोनों चन्द्र ६२$\frac{२३}{२२१}$ (१०९८०० + १७६८) मुहूर्तोंमें लांघते हैं। अत एव चान्द्र दिवसका प्रमाण ३१$\frac{२३}{४४२}$ मुहूर्त कहा है।

चन्द्रनगरस्थलोंसे ४ प्रमाणांगुल (८२$\frac{१}{२}$ हाथ) नीचे राहुविमानके ध्वजदण्ड हैं। ये अरिष्ट रत्नमय राहुविमान कुछ कम एक यो. विस्तृत और इससे आधे बाहल्यवाले हैं। इनका वर्ण कज्जल जैसा है। इनकी गति दिनराहु और पर्वराहुके भेदसे दो प्रकार है। जिस मार्गमें चन्द्र परिपूर्ण दिखता है वह दिन पूर्णिमा नामसे प्रसिद्ध है। इस मार्गसे अव्यवहित दूसरे मार्गमें चन्द्र वायव्य दिशाकी ओरसे और राहु आग्नेय दिशाकी ओरसे प्रविष्ट होते हैं। यहां दिनराहु अपनी गतिविशेषसे चन्द्रमण्डलकी एक कला ($\frac{५६}{६१}$ ÷ १६ = $\frac{७}{१२२}$ यो.) आच्छादित करता है। इस प्रकार प्रत्येक मार्गमें दिनराहु द्वारा एक एक कलाके आच्छादित करनेपर जिस मार्गमें चन्द्रकी एक कला ही अवशिष्ट रहती है वह दिन अमावस्या कहा जाता है। पश्चात् वह दिनराहु प्रतिपदूसे प्रत्येक पथमें चन्द्रकी एक एक कलाको छोड़ता जाता है। पक्षान्तरमें यहां यह भी कह दिया है कि " अथवा चन्द्रबिम्ब पन्द्रह दिन पर्यन्त स्वभावतः

कृष्णवर्ण और शुक्लवर्ण परिणमता है" । पर्वराहु छह छह मासोंमें पूर्णिमाके अन्तमें गतिविशेषसे चन्द्रमण्डलोंको आच्छादित किया करते हैं ।

चन्द्रके समान सूर्य भी जम्बूद्वीपमें दो ही हैं । इनकी भी संचारभूमि ५१०$\frac{४८}{६१}$ (१८० + ३३० + $\frac{४८}{६१}$) यो. है । इसमें सूर्यबिम्बके समान विस्तृत और इससे आधे बाहल्य-वाली १८४ वीथियां हैं । प्रथम वीथीमें सूर्य मेरुसे ४४८२० यो. दूर रहता है । यह दूरी आगे उत्तरोत्तर २$\frac{४८}{६१}$ यो. अधिक होती गई है । प्रथम पथमें स्थित दोनों सूर्योंका अन्तर ९९६४० यो. (४४८२० × २ + १००००) यो. होता है । यह अन्तर द्वितीयादि पथोंमें ५$\frac{३५}{६१}$ यो. अधिक होता गया है । इन पथपरिधियोंमेंसे प्रत्येकके १०९८०० यो. प्रमाण गगनखण्ड किये गये है । चूंकि सूर्य एक मुहूर्तमें इनमेंसे १८१० गगनखण्डोंको लांघता है, अतः समस्त गगनखण्डोंके लांघनेमें दोनों सूर्योंको ६० मुहूर्त लगते हैं । सूर्य जब प्रथम पथमें स्थित रहता है तब दिन व रात्रि क्रमशः १८ व १२ मुहूर्त प्रमाण होते हैं। आगे द्वितीयादि पथोंमें दिन $\frac{२}{६१}$ मुहूर्त कम और रात्रि उतनी ही अधिक होती जाती है । इस प्रकार अन्तिम पथमें सूर्यके स्थित रहनेपर दिनका प्रमाण १२ मुहूर्त और रात्रिका १८ मुहूर्त हो जाता है ।

इसके आगे सूर्यके प्रथमादि पथोंमें स्थित होनेपर कहां कितनी धूप और कितना अंधेरा रहता है, यह विस्तारसे बतलाया है । इसी प्रकार भरत एवं ऐरावत क्षेत्रमें सूर्यके उदयकालमें कहां कितना दिन और रात्रि होती है, यह भी निर्दिष्ट कर दिया है । जम्बूद्वीपमें स्थित दोनों सूर्य पृथक् पृथक् आग्नेय व वायव्य दिशासे दो दो योजन लांघकर प्रथम पथसे द्वितीय पथमें प्रविष्ट होते है ।

तत्पश्चात् अठासी ग्रहोंकी संचारभूमि और वीथियोंका निदश मात्र किया है, उनकी विशेष प्ररूपणा नहीं की गई है । इसका कारण काल वश तद्विषयक उपदेशका नष्ट हो जाना बतलाया गया है । आगे चलकर अट्ठाईस नक्षत्रोंकी प्ररूपणा की गई है । इसका विवरण पृ. १०३० पर यंत्रके रूपमें दिया गया है, अतः वहांपर देखा जा सकता है । तत्पश्चात् चन्द्र-सूर्यादि उक्त ज्योतिषी देवोंकी संख्या, आहार, उच्छ्वास, और उत्सेध आदिको कहकर इस महाधिकारको समाप्त किया गया है ।

८ सुरलोक–महाधिकारमें ७०३ पद्य हैं । इसमें वैमानिक देवोंका निवासक्षेत्र, विन्यास, भेद, नाम, सीमा, विमानसंख्या, इन्द्रविभूति, आयु, जन्म-मरणअन्तर, आहार, उच्छ्वास, उत्सेध, आयुबन्धक भाव, लौकान्तिक देवोंका स्वरूप, गुणस्थानादिक,

सम्यक्त्वग्रहणके कारण, आगमन, अवधिज्ञान, देवोंकी संख्या, शक्ति और योनि, इन इक्कीस अन्तराधिकारोंके द्वारा वैमानिक देवोंकी विस्तारसे प्ररूपणा की है।

यहां विमानोंके रचनाक्रममें समस्त इन्द्रक विमानोंकी संख्या नामनिर्देशपूर्वक ६३ बतलायी है। सभी इन्द्रक विमानोंके चारों ओर पूर्वादिक दिशाओंमें श्रेणिबद्ध विमान और विदिशाओंमें प्रकीर्णक विमान स्थित है। उनमेंसे प्रथम ऋतु इन्द्रकके चारों ओर प्रत्येक दिशामें बासठ श्रेणिबद्ध विमान है। इसके आगे उत्तरोत्तर १-१ श्रेणिबद्ध विमान कम (६१, ६० इत्यादि) होता गया है।

यहां गाथा ८४ के अनुसार ऋतु इन्द्रकके चारों ओर ६३-६३ श्रेणिबद्ध विमान भी बतलाये गये हैं। वहां आगे यह भी बतला दिया गया है कि जिनके मतानुसार ६३ श्रेणिबद्ध कहे गये हैं वे सर्वार्थसिद्धि इन्द्रककी चारों दिशाओंमें भी एक एक श्रेणिबद्ध विमान स्वीकार करते है। यहां गाथा ८५ में 'बासट्ठी' पद अशुद्ध प्रतीत होता है, उसके स्थानमें 'तेसट्ठी' पद होना चाहिये।

उक्त दोनों मतोंमें पूर्व मतका आश्रय करके ही प्रस्तुत ग्रन्थमें इन्द्रक, श्रेणिबद्ध और प्रकीर्णक विमानोंकी सर्वत्र संख्या निर्दिष्ट की है। गा. १२५ में सर्वार्थसिद्धि इन्द्रककी पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर दिशाओंमें जो क्रमशः विजय, वैजयन्त, जयन्त और अपराजित नामक चार विमान बतलाये है वे श्रेणिबद्ध ही कहे जावेंगे। यह कथन द्वितीय मतके आधारसे ही सम्भव है, क्योंकि, प्रथम मतके अनुसार वहां श्रेणिबद्धोंकी सम्भावना नहीं है। आगे गा. १२६ में उन विजयादिक विमानोंके दिशाक्रममें एक अन्य मतका भी उल्लेख किया गया है। हरिवंशपुराण और वर्तमान लोकविभागमें द्वितीय मतको स्वीकार करके सर्वत्र श्रेणिबद्ध विमानोंकी संख्या निर्दिष्ट की गई है।

इसी प्रकार तिलोयपण्णत्तिकारके सामने बारह और सोलह कल्पों विषयक भी पर्याप्त मतभेद रहा है। उन्होंने प्रथमतः बारह कल्पोंका स्वरूप बतलाते हुए यह कहा है कि ऋतु आदि इकतीस इन्द्रक; इनके पूर्व, पश्चिम व दक्षिण इन तीन दिशाओंमें स्थित श्रेणिबद्ध विमान; तथा नैऋत्य एवं आग्नेय विदिशाओंके प्रकीर्णक विमान; ये सब सौधर्म कल्पके अन्तर्गत हैं। उक्त इन्द्रक विमानोंकी उत्तर दिशाके श्रेणिबद्ध तथा वायव्य व ईशान विदिशाओंमें स्थित प्रकीर्णक, इन सबको ईशान कल्प कहा गया है। इसी दिशाक्रमसे सनत्कुमार और माहेन्द्र कल्पोंका भी स्वरूप बतलाया गया है। अरिष्टादिक चारों इन्द्रक, उनके समस्त श्रेणिबद्ध और सभी प्रकीर्णक विमान, इनको ब्रह्म कल्प कहा गया है। यही क्रम लान्तव, महाशुक्र और सहस्रार कल्पोंमें है। आगे आनतादिक छह इन्द्रक; उनके पूर्व, पश्चिम एवं दक्षिण

दिशाके श्रेणिबद्ध और नैऋत्य व आग्नेय विदिशाओंके प्रकीर्णक; इन सबको आनत-आरण कल्प तथा उनके उत्तरके श्रेणिबद्ध और वायव्य एवं ईशान विदिशाओंके प्रकीर्णक, इनको प्राणत-अच्युत कल्प बतलाया है। यहां आनत, प्राणत, आरण और अच्युत कल्पोंका स्वरूप पृथक् पृथक् नहीं बतलाया जा सका है। इन बारह कल्पोंमें गणित प्रक्रियाके अनुसार उन्होंने श्रेणिबद्ध विमानोंकी संख्या निर्धारित की है। तत्पश्चात् उनमें प्रकीर्णक विमानोंकी भी संख्याका निर्देश करके उन्होंने सोलह कल्पोंके मतानुसार भी उक्त विमानोंकी संख्या समुदित (८, १७८-१८५) रूपमें बतला दी है। सोलह कल्पोंके मतानुसार उन कल्पोंकी सीमा निर्धारित करके (८-१४८) भी उनमें पृथक् पृथक् इन्द्र (सोलह) क्यों नहीं स्वीकार किये गये, यह विचारणीय है।

इसके आगे इन्द्रविभूतिप्ररूपणामें इन्द्रोंके सामानिक-त्रायस्त्रिंश आदि रूप देवपरिवार, उनकी देवियोंका प्रमाण एवं प्रासादादिकका वर्णन है। पटलक्रमसे सभी देव-देवियोंकी आयुका भी विस्तारसे कथन किया गया है।

तत्पश्चात् इन्द्रादिकोंके जन्म-मरणके अन्तरको बतला कर गा. ५४९-५० में उक्त अन्तरको प्रकारान्तरसे फिर भी बतलाया गया है। गाथा ५४९ त्रिलोकसार (५२९) में ज्योंकी त्यों पायी जाती है। आगे गा. ५५१ से ५५४ में आयुके अनुसार आहारकालकी प्ररूपणा की है। गा. ५५५ में सौधर्म इन्द्रके सोम और यम लोकपालोंके आहारकालका प्रमाण $\frac{२५}{२}$ दिन बतलाया है, परन्तु वरुण और कुबेर लोकपालोंके आहारकालका उल्लेख यहां कुछ भी नहीं है। इसके आगे गा. ३ में की गई प्रतिज्ञाके अनुसार उच्छ्वासकाल और उत्सेधकी भी प्ररूपणा पायी जानी चाहिये थी, परन्तु वह भी यहां उपलब्ध नहीं होती। अतः सम्भव है कि यहां प्रतियोंमें कुछ पाठ छूट गया है। यह उत्सेधप्ररूपणा मूलाचारके पर्याप्ति अधिकारमें (गा. २३ से २७) तथा सर्वार्थसिद्धि आदि अन्य ग्रन्थोंमें भी यथास्थान पायी जाती है।

इसके साथ ही एक-दो गाथायें आयुबन्धप्ररूपणाकी भी छूट गई प्रतीत होती हैं, क्योंकि, यहां भोगभूमिजोंकी उत्पत्तिका क्रम उपलब्ध नहीं होता, जब कि उनका उत्पाद केवल देवगतिमें ही सम्भव है। कौन कौनसे जीव आकर देवगतिमें कहां कहां जन्म लेते हैं, इसके लिये निम्न प्रकार यंत्र दिया जाता है। इसमें प्रस्तुत ग्रन्थके अतिरिक्त मूलाचार, तत्त्वार्थराजवार्तिक, हरिवंशपुराण और त्रिलोकसार ग्रन्थोंका भी आश्रय लिया गया है।

देवोंमें उत्पत्तिक्रम

कौनसे जीव ?	तिलोयपण्णत्ति ८, ५५६-५६४	मूलाचार १२,१२८-१३५	तत्त्वार्थराजवार्तिक ४, २१, १०	हरिवंशपुराण ६,१०३-१०७	त्रिलोकसार ५४५-५४७
दशपूर्वधर	सौधर्मसे सर्वार्थ.	....	....	....	....
चतुर्दशपूर्वधर	ल.न्तवसे "	....	....	....	....
देशव्रती	सौधर्मसे अच्युत	अच्युत कल्प तक	सौधर्मसे अच्युत	सौधर्मसे अच्युत	अच्युत कल्प
स्त्री	अच्युत कल्प तक	"	....	....	....
निर्ग्रन्थ अभव्य	उपरिम ग्रैवेयक तक	उपरिम ग्रैवेयक तक	उपरिम ग्रैवेयक तक	उपरिम ग्रैवेयक	ग्रैवेयक तक
निर्ग्रन्थ सम्य.	उ. ग्रै. से सर्वार्थ.	उ. ग्रै. से सर्वार्थ.	उ. ग्रै. से सर्वार्थ.	उ. ग्रै. से सर्वार्थ.	उ. ग्रै. से सर्वा
चरक	भवन. से ब्रह्म.	....	....	....	ब्रह्मोत्तर तक
परिव्राजक	"	ब्रह्मलोक तक	ब्रह्मलोक तक	ब्रह्मलोक तक	"
संज्ञी पंचे.ति.मि.	सहस्रार तक	....	सहस्रार तक	....	....
आजीवक	भवनसे अच्युत	सहस्रार तक	"	सहस्रार तक	अच्युत तक
तापस	....	भवनत्रिक	भवनत्रिक	ज्योतिर्लोक तक	भवनत्रिक
भोगभूमिज मि.	....	"	"	....	"
संज्ञी मिथ्यादृष्टि	भवनत्रिक (३-२००)	भवनवासी,व्यन्तर	सहस्रार तक	....	....
असंज्ञी "	"	"	भवनवासी, व्यन्तर	....	....
संज्ञी पंचे.ति. स.	....	....	सौधर्मसे अच्युत	....	अच्युत तक
भोगभूमिज सम्य	....	देव	सौधर्म-ईशान	....	सौधर्मद्विक

आगे जाकर उत्पत्तिप्रकार, सुख, तमस्काय, लौकान्तिक देव, गुणस्थानादिक, सम्यग्-दर्शनग्रहणके कारण, आगति, अवधिविषय, संख्या और योनि, इन सबकी प्ररूपणा करके इस अधिकारको पूर्ण किया है। यहां योनिप्ररूपणामें जो दो गाथायें (७००-७०१) दी गई हैं वे प्रतियोंमें यहां उपलब्ध न होकर आगे नौवें अधिकारमें गाथा १० के आगे पायी जाती हैं, जहां वे अप्रकृत हैं।

९ सिद्धलोक— महाधिकारमें सिद्धोंका क्षेत्र, उनकी संख्या, अवगाहना और सुखका वर्णन करके जिस भावनासे सिद्धत्व पद प्राप्त होता है उसका कथन किया गया है। इस प्रकरणकी बहुतसी गाथायें समयसार, प्रवचनसार और पंचास्तिकायमें दृष्टिगोचर होती हैं।

६ त्रिलोकप्रज्ञप्तिकी अन्य ग्रंथोंसे तुलना

१ समयसार, पंचास्तिकाय व प्रवचनसार

ये तीनों भगवत्कुन्दकुन्दाचार्यविरचित द्रव्यार्थिकनयप्रधान आध्यात्मिक ग्रन्थ है। इनका रचनाकाल सम्भवतः विक्रमकी प्रथम शताब्दि है।

तिलोयपण्णत्तिका नौवां अधिकार सिद्धत्व महाधिकार है। इसमें गाथा १८-६५ में सिद्धत्वकी हेतुभूत भावनाका वर्णन किया गया है। इन गाथाओंमें कितनी ही गाथायें प्रवचनसार व समयसारकी ज्योंकी त्यों हैं, ४-६ गाथायें पंचास्तिकायकी भी है। वे गाथायें स्वयं तिलोयपण्णत्तिकारके द्वारा निर्मित न होकर उपर्युक्त ग्रन्थोंसे वहां ली गई हे, यह हम सिद्ध करनेका प्रयत्न करते है--

(१) तिलोयपण्णत्तिके प्रथम महाधिकारमें गा. ९३ के द्वारा उ[illegible] आठ भेदोंका निर्देश करके आगेकी ९४वीं गाथामें तीन प्रकारके पल्यों व उनके उपयोगकी सूचना की गई है। ठीक इसके पश्चात् ही प्रकरणके पूर्वापर सम्बन्धकी कुछ भी सूचना न करके पुद्गलभेदोंका निर्देश करनेवाली निम्न गाथा दी गई है—

खंदं सयलसमत्थं तस्स य अद्धं भणंति देसो त्ति।
अद्धद्धं च पदेसो अविभागी होदि परमाणू ॥ ९५ ॥

यह गाथा पंचास्तिकायकी है। वहां इस गाथाके पूर्वमें निम्न गाथा उपलब्ध होती है—

खंधा य खंधदेसा खंधपदेसा य होंति परमाणू।
इदि ते चदुव्वियप्पा पुग्गलकाया मुणेयव्वा ॥ ७४ ॥

वहां यहांसे पुद्गल-अस्तिकायका प्रकरण प्रारम्भ होता है। इस गाथामें स्कन्ध, स्कन्धदेश, स्कन्धप्रदेश और परमाणु, ये चार पुद्गल-अस्तिकायके भेद बतलाये गये हैं। ठीक इसके पश्चात् ही प्रस्तुत गाथाके द्वारा उन चारों पुद्गलभेदोंका लक्षण बतलाया गया है। इससे सुस्पष्ट है कि उस गाथाकी स्थिति पंचास्तिकायमें कितनी दृढ व सुसंगत है। यदि

---

१ खंधं सयलसमत्थं तस्स दु अद्धं भणंति देसो त्ति। अद्धद्धं च पदेसो परमाणू चेव अविभागी ॥ पंचा. ७५.

इस गाथाको वहांसे अलग कर दिया जावे तो पूर्व गाथामें कहे गये उन स्कन्धादिकोंका लक्षण न बतलानेसे प्रकरण अधूरासा ही रह जाता है। परन्तु तिलोयपण्णत्तिमें उसकी ऐसी स्थिति नहीं है। वहां यदि यह गाथा न भी रहती तो भी पाठक प्रकरणकी असंगतिका अनुभव कदापि नहीं कर सकते थे।

(२) इसके आगे तिलोयपण्णत्तिमें आयी हुई गाथा ९७ और १०१ भी पंचास्तिकायमें क्रमशः ८१ और ७८ नं. पर पायी जाती हैं[1]। वहां तिलोयपण्णत्तिमें आयी हुई गा. १०१ के 'आदेस्मुत्तमुत्तो' के स्थानमें 'आदेसमत्तमुत्तो'; 'जादो' के स्थानमें 'जो दु' और 'य खंदस्स' के स्थानमें 'सयमसद्दो' पाठभेद पाया जाता है जो सुव्यवस्थित है। यदि वहां 'आदेसमुत्तमुत्तो' पाठ लेते हैं तो उसका सुसंगत अर्थ नहीं बैठता। किन्तु 'आदेसमत्तमुत्तो' के होनेपर उसका इस प्रकार सुसंगत अर्थ हो जाता है– जो आदेश मात्र अर्थात् केवल संज्ञादिकके भेदसे ही मूर्तिक है, किन्तु वस्तुतः एकप्रदेशी होनेसे अमूर्तिक ही है। कर्तृपदके रूपमें तथा 'सो' पदका सापेक्ष होनेसे 'जो दु' में 'जो' पदका प्रयोग उचित है। 'जादो' पाठ असम्बद्ध है। इसी प्रकार चतुर्थ चरणके अन्तमे 'खंदस्स' पद भी असम्बद्ध व अनर्थक है। किन्तु 'सयमसद्दो' पाठ 'शब्दका कारण होनेपर भी स्वयं शब्दपर्यायसे रहित है' अर्थका बोधक होनेसे अधिक उपयोगी है। पंचास्तिकायमें इसके आगे आयी हुई 'सद्दो खंधप्पभवो' आदि गाथा इस अर्थको और भी पुष्ट कर देती है।

(३) ति. प. के नौवें अधिकारमें निम्न गाथा है—

कम्मे णोकम्मम्मि य अहमिदि अहयं च कम्म-णोकम्मं।
जायदि सा खलु बुद्धी सो हिंडइ गरुवसंसारे ॥ ४३ ॥

इसके उत्तरार्धमें प्रयुक्त 'सा' और 'सो' सर्वनाम पद 'जा' और 'जो' सर्वनाम पदोंकी अपेक्षा रखते हैं। परन्तु यहां उन दोनों ही पदोंका अभाव है। अत एव बिना खींचातानीके उसका अर्थ ठीक नहीं बैठता। अब जरा इसी गाथाका असली रूप समयसारमें देखिये। वहां वह इस प्रकार है—

कम्मे णोकम्मम्हि य अहमिदि अहकं च कम्म-णोकम्मं।
जा एसा खलु बुद्धी अप्पडिबुद्धो हवदि ताव ॥ स. सा. १-१९.

अब इस रूपमें उसका अर्थ बड़ी सरलतासे इस प्रकार किया जा सकता है— कर्म

१ एयरस-वण्ण-गंधं दो फासं सद्दकारणमसद्दं। खधंतरिदं दव्वं परमाणुं तं वियाणेहि ॥ ८१ ॥
आदेसमत्तमुत्तो धादुचदुक्कस्स कारणं जो दु। सो णेओ परमाणू परिणामगुणो सयमसद्दो ॥ ७८ ॥

और नोकर्ममें 'अहम्' ऐसी, तथा 'मै हूं सो ही कर्म-नोकर्म है' इस प्रकारकी यह बुद्धि 'जा=जाव' अर्थात् जब तक बनी रहती है 'ताव' अर्थात् तब तक यह जीव अप्रतिबुद्ध अर्थात् स्वानुभवसे शून्य बहिरात्मा ही बना रहता है।

उसके इस रूपको देखते हुए इसमें कोई सन्देह नहीं रहता कि उपर्युक्त गाथा उक्त परिवर्तनके साथ तिलोयपण्णत्तिमें समयसारसे ही ली गई है।

(४) इसके आगे तिलोयपण्णत्तिमें एक दूसरी गाथा इस प्रकार है—

परमट्ठबाहिरा जे ते अण्णाणेण पुण्णमिच्छंति।
संसारगमणहेदुं विमोक्खहेदुं अयाणंता ॥ ५३ ॥

यह गाथा समयसार (३-१०) में ज्योंकी त्यों पायी जाती है। इसके पूर्वमें वहां निम्न तीन गाथायें है जो विशेष ध्यान देने योग्य है—

परमट्ठो खलु समओ सुद्धो जो केवली मुणी णाणी।
तम्हि ट्ठिदा सहावे मुणिणो पावंति णिव्वाणं ॥ ७ ॥
परमट्ठम्मि य अठिदो जो कुणदि तवं वदं च धारयदि।
तं सव्वं बालतवं बालवदं विंति सव्वण्हू ॥ ८ ॥
वद-णियमाणि धरंता सीलाणि तहा तवं च कुव्वंता।
परमट्ठबाहिरा जेण तेण ते होंति अण्णाणी ॥ ९ ॥

यहां प्रथम गाथामें बन्धका अकारण और मोक्षका कारण होनेसे ज्ञानको परमार्थ या आत्मा कह कर उसके ही नामान्तर समय, शुद्ध, केवली, मुनि व ज्ञानी बतलाये हैं और इसके साथ ही यह भी बतला दिया है कि जो मुनि उस स्वभावमें स्थित हैं वे निर्वाणको प्राप्त करते हैं।

आगेकी दूसरी गाथामें यह बतलाया है कि इस ज्ञानस्वरूप परमार्थमें स्थित न होकर जो तप व व्रतको धारण करता है उसका वह सब तप व व्रत बालतप एवं बालव्रत ही है, वास्तविक नहीं हैं। ऐसा बतला कर तप एवं व्रतको परमार्थभूत ज्ञानसे रहित होनेके कारण मोक्षका अहेतु सूचित कर दिया है।

तीसरी गाथामें व्रत-नियमोंको धारण करनेवाले तपस्वियोंको परमार्थबाह्य होनेसे अज्ञानी बतलाया गया है।

इनसे आगे प्रकृत गाथामें अज्ञानतासे केवल अशुभ कर्मको बन्धका कारण मान उक्त व्रत-नियम-शीलादि रूप पुण्य कर्मको भी बन्धका कारण न जानकर उसे मोक्षका हेतु माननेवाले उन्हीं परमार्थबाह्योंको पुण्यका इच्छुक बतलाया है और इस प्रकारसे उनकी संसार-हेतु विषयक अज्ञानता प्रगट की गई है।

इस पूर्वापर प्रकरणको देखकर अब पाठक स्वयं निर्णय करें कि उक्त गाथा समयसारकी होनी चाहिये या तिलोयपण्णत्तिकी।

(५) एक और भी नमूना लीजिये—

पडिक्कमणं पडिसरणं पडिहरणं धारणा णियत्ती य ।
णिंदण-गरहण-सोही लब्भंति णियादभावणए ॥ ति प. ९-४९.

यह गाथा समयसार (८-१९) में भी पायी जाती है। वहां उसका उत्तरार्ध इस प्रकार है — णिंदा गरुहा सोहि य अट्ठविहो होदि विसकुंभो।

इसके आगे वहां निम्न गाथा और भी है—

अपडिक्कमणं अपडिसरणं अप्पडिहारो अधारणा चेव ।
अणियत्ती य अणिंदा अगरुहा विसोहि य अमयकुंभो ॥ २० ॥

यहां इन दो गाथाओंके द्वारा प्रतिक्रमण, प्रतिसरण, परिहरण, धारणा, निवृत्ति, निन्दा, गर्हा और विशुद्धि, इन आठको विषकुम्भ तथा इनसे विपरीत अप्रतिक्रमणादि रूप आठको अमृतकुम्भ बतलाया है। अभिप्राय यह कि प्रतिक्रमणादि व अप्रतिक्रमणादि रूप उभय अवस्थाओंसे रहित होकर तृतीय अवस्था (शुद्धोपयोग) पर लक्ष्य रखनेवालेके लिये निरपराध होनेसे वे प्रतिक्रमणादिक अकिंचित्कर ही है, अतः हेय हैं। परन्तु जो इस तृतीय भूमिको न देखकर केवल व्यवहार नयका आश्रय कर प्रतिक्रमणादिकको ही मोक्षहेतु मानता है उसके लिये वे विषकुम्भके ही समान है। वे (प्रतिक्रमणादिक) शुद्धोपयोग रूप तृतीय भूमिकाकी प्राप्तिमें कारण होनेसे केवल व्यवहार नयकी अपेक्षा उपादेय हैं, निश्चयसे नहीं।

अब देखिये कि उक्त दो गाथाओंमेंसे तिलोयपण्णत्तिमें केवल प्रथम गाथा ही कुछ पाठ-परिवर्तनके साथ उपलब्ध होती है। इस पाठपरिवर्तनसे उसकी यथार्थता नष्ट हो गई है, क्योंकि, उक्त पाठभेद (लब्भंति णियादभावणए) के कारण उन्हें (प्रतिक्रमणादिकोंको) निजात्मभावनाके द्वारा प्राप्तव्य या उपादेय मानना पड़ता है, जो प्रकृत (सिद्धत्वभाव) में विरुद्ध पड़ता है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि यह गाथा समयसारसे ही यहां ली गई है।

इनके अतिरिक्त २१, २४, २५, ४२ और ६२-६४ गाथायें भी समयसारमें जैसीकी तैसी या कुछ परिवर्तनके साथ पायी जाती हैं (देखिये समयसार १, गा. १०, ३८, ३६, ११, ८-६, २-१, और २-८.)।

इसी प्रकार प्रवचनसारकी भी बीसों गाथायें तिलोयपण्णत्तिमें जैसीकी तैसी या कुछ

परिवर्तित रूपमें पायी जाती हैं। उदाहरण स्वरूप निम्न गाथाओंका मिलान किया जा सकता है—

ति. प. म. ९	१९	२६	२८-३०	३१	३२	३३	३४	३७	४४
प्र. सा.	२-१०४	२-९९	२, ६८-७०	२-१००	२-९९	२-१०२	३-४	३-३९	२-१०४

ति. प. म. २	५०	५१	५६	५७-५९
प्र. सा.	२-१०३	२-९८	१-९	१, ११-१३

२ मूलाचार

इसके रचयिता श्री वट्टकेराचार्य हैं। इसमें १२ अधिकार व समस्त गाथायें १२५२ हैं। यह प्रायः मुनिधर्मका प्रतिपादन करता है। इसका रचनाकाल निश्चित नहीं है। फिर भी ग्रन्थकी रचनाशैली आदिको देखते हुए वह प्राचीन ही प्रतीत होता है। ति. प. गा. ८-५३२ में 'मूलाआरे इरिया' द्वारा सम्भवतः इसी ग्रन्थका उल्लेख किया गया प्रतीत होता है। यह माणिकचन्द ग्रन्थमाला द्वारा दो भागोंमें प्रकाशित हो चुका है। इसके अन्तमें जो पं. मेधाविविरचित हस्तलिखित प्रतिका प्रशस्ति-पाठ दिया गया है वही प्रशस्ति-पाठ आवश्यक परिवर्तनके साथ तिलोयपण्णत्तिकी बंबई प्रतिके अन्तमें भी पाया जाता है। देखिये ति. प. पृ. ८८३ आदि)।

इसका अन्तिम (१२वां) अधिकार पर्याप्त्यधिकार (पर्याप्तिसंग्रहिणी) है। इसमें आहारादिक छह पर्याप्तियां, देवशरीरकी विशेषता, चारों गतियोंके जीवोंका शरीरोत्सेध, जम्बूद्वीपकी परिधिका प्रमाण, जम्बूद्वीपादिक सोलह द्वीपोंके नामोंका निर्देश, द्वीप-समुद्रसंख्या, समुद्रोंके नाम व उनका जलस्वाद, मत्स्यादिकोंकी सम्भावना व उनका देहप्रमाण, गर्भज आदिकोंका देहप्रमाण, शरीराकृतिभेद, इन्द्रियविषय, योनिस्वरूप, चतुर्गति जीवोंका आयुप्रमाण, संख्याप्रमाण, उपमाप्रमाण, योग, वेद, देव-देवी आदिकोंकी उत्पत्ति, लेश्या, प्रवीचार, देवोंमें आहारकालका प्रमाण, देव-नारकियोंका अवधिविषय, गत्यागति, निर्वृतिसुख, इन्द्रिय-प्राण-जीव-समास-गुणस्थान-मार्गणास्थानादि, कुलकोटि, चारों गतियोंमें अल्पबहुत्व एवं बन्धस्वरूप व उसके भेद, इन विषयोंकी प्ररूपणा की गई है।

उपर्युक्त विषयोंमेंसे प्रायः (बन्धादिकको छोड़कर) सभी विषय तिलोयपण्णत्तिमें यथास्थान चर्चित हैं। इतना ही नहीं, बल्कि कितनी ही गाथायें दोनों ग्रन्थोंमें ज्योंकी त्यों या साधारण शब्दपरिवर्तनके साथ पायी जाती हैं। जैसे—

[1]कणयमिव णिरुवलेवा णिम्मलगत्ता सुयंधणीसासा ।
अणादिवरचारुरूवा समचतुरंसोरुसंठाणं ॥ १२-१०.

[2]केस-णह-मंसु-लोमा चम्म-वसा-रुहिर-मुत्त-पुरिसं वा ।
णेवट्ठी णेव सिरा देवाण सरीरसंठाणे ॥ १२-११.

[3]वरवण्ण-गंध-रस-फासादिब्भंबहुपोग्गलेहिं णिम्माणं ।
गेण्हदि देवो देहं सुचरिदकम्माणुभावेण ॥ १२-१२.

[4]आ ईसाणा कप्पा उववादो होइ देव-देवीणं ।
तत्तो परं तु णियमा उववादो होइ देवाणं ॥ १२-९०.

[5]बालेसु य दाढीसु य पक्खीसु य जलचरेसु उववण्णा ।
संखेज्जआउठिदिया पुणो वि णिरयावहा होंति ॥ १२-११५.

[6]आ उवरिमगेवज्जं उववादो अभवियाण उक्कस्सो ।
उक्कट्ठेण तवेण दु णियमा णिग्गंथलिंगेन ॥ १२-१३४.

[7]तत्तो परं तु णियमा तव-दंसण-णाण-चरणजुत्ताणं ।
णिग्गंथाणुववादो जाव दु सव्वट्ठसिद्धि त्ति ॥ १२-१३५.

[8]आ ईसाणा देवा चएत्तु एइंदिएत्तणे भज्जा ।
तिरियत्त-माणुसत्ते मयणिज्जा जाव सहसारा ॥ १२-१३६.

[9]तत्तो परं तु णियमा देवा वि अणंतरे भवे सव्वे ।
उववज्जंति मणुस्से ण तेसिं तिरिएसु उववादो ॥ १२-१३७

बारहवें अधिकारके अतिरिक्त अन्य अधिकारोंकी भी गाथायें जैसीकी तैसी या कुछ परिवर्तित रूपमें तिलोयपण्णत्तिमें उपलब्ध होती हैं । यथा—

पुढवी य वालुगा सक्करा य उवले सिला य लोणे य ।
अय तंब तउय सीसय रुप्प सुवण्णे य वइरे य ॥
हरिदाले हिंगुलये मणोसिला सस्सगंजण पवाले य ।
अब्भपडलब्भवालुय बादरकाया मणिविधीया ॥

१ ति. प. ३-१२५. २ ति. प. ३-२०८. ३ ति. प. ३-२०९. ४ ति. प. ८-५५५.
५ ति. प. २-२९०; प्रवचनसारोद्धार १०९३ ('णिरयावहा' के स्थानमें 'नरयाउया' है).
६ ति. प. ८-५६०. ७ ति. प. ८-५६१. ८ ति. प. ८-६८०. ९ ति. प. ८-६८१.

गोमज्झगे य रुजगे अंके फलिहे लोहिदंके य ।
चंदप्पभे य वेरुलिए जलकंते सूरकंते य ॥
गेरुय चंदण वव्वग वयमोए तह मसारगल्लो य ।
ते जाण पुढविजीवा जाणित्ता परिहरेदव्वा ॥ मूला. ५, ९-१२.

(देखिये ति. प. गा. २, ११-१४। यहां कुछ पाठ अशुद्ध हुआ प्रतीत होता है। जैसे– 'अंबवालुकाओ' = 'अब्भवालुकाओ' इत्यादि)

लोओ अकिट्टिमो खलु अणाइ-णिहणो सहावणिप्पण्णो।
जीवाजीवेहि भुडो णिच्चो तालरुक्खसंठाणो ॥
धम्माधम्मागासा गदिरागदि जीव-पुग्गलाणं च ।
जावत्तावल्लोगो आगासमदो परमणंतं ॥ मूला. ८, २२-२३.
(ति. प. १, १३३-३४. ,

३ भगवती-आराधना

तिलोयपण्णत्तिके चतुर्थ महाधिकारमें ऋषभादिक तीर्थंकरोंकी विरक्तिके कारणोंका निर्देश करके गा. ६११-६४२ में उनकी वैराग्यभावनाका वर्णन किया गया है। इस प्रकरणमें कुछ ऐसी गाथायें हैं जो भगवती-आराधनामें भी ज्योंकी त्यों या कुछ शब्दपरिवर्तनके साथ पायी जाती हैं। उदाहरणार्थ— गा. ६१७, ६१८, ६२३, ६३४ व ६३५ भगवती-आराधनामें क्रमशः गा. १५८२, १५८३, १०२०, ९१६ व ९२२ के रूपमें ज्योंकी त्यों उपलब्ध होती हैं। इसी प्रकरणमें निम्न गाथा आई हुई है—

एवं अणंतखुत्तो णिच्च-चदुगदिणिगोदमज्झम्मि ।
जम्मण-मरणरहट्टं अणंतखुत्तो परिगदो जं ॥ ६१९ ॥

इसका उत्तरार्ध भगवती-आराधनाकी निम्न गाथामें जैसाका तैसा है—

तिरियगदिं अणुपत्तो भीममहावेदणाउलमपारं ।
जम्मण-मरणरहट्टं अणंतखुत्तो परिगदो जं ॥ १५८१ ॥

यहां इस गाथासे तिर्यंच गतिके दुःखोंका वर्णन प्रारम्भ होकर वह निम्न गाथामें समाप्त होता है—

इच्चेवमादिदुक्खं अणंतखुत्तो तिरिक्खजोणीए ।
जं पत्तो सि अदीदे काले चिंतेहि तं सव्वं ॥ १५८७ ॥

यहां गाथा १५८१ में आये हुए 'जं' पदका सम्बन्ध गा. १५८७ में प्रयुक्त

'तं' पदसे है। परन्तु तिलोयपण्णत्तिकी गा. ६१९ में आया हुआ वह 'जं' पद साकांक्ष ही रह गया है। इसके अतिरिक्त उक्त गाथामें 'अणंतखुत्तो' पद दो बार प्रयुक्त हुआ है जो अनावश्यक है। इससे अनुमान किया जाता है कि ति. प. की गा. ६१९ का उत्तरार्ध भगवती-आराधनाकी गा. १५८१ से लिया गया है।

भगवती आराधनाकी गा. १००३ में क्षपकको लक्ष्य करके देहके बीज, निष्पत्ति, क्षेत्र, आहार, जन्म, वृद्धि, अवयव, निर्गम, अशुचि, व्याधि एवं अध्रुवताके वर्णन करनेकी प्रतिज्ञा की गई है। तदनुसार ही क्रमसे उनकी प्ररूपणा करते हुए 'निष्पत्ति' प्रकरणमें निम्न गाथायें दी गई हैं--

कालगदं दसरत्तं अच्छदि कलुसीकदं च दसरत्तं।
थिरभूदं दसरत्तं अच्छदि गब्भम्मि तं बीयं॥ १००७.

तत्तो मासं बुब्बुदभूदं अच्छदि पुणो वि घणभूदं।
जायदि मासेण तदो मंसप्पेसी य मासेण॥ १००८.

मासेण पंचपुलगा तत्तो हुंति हु पुणो वि मासेण।
अंगाणि उवंगाणि य णरस्स जायंति गब्भम्मि॥ १००९.

मासम्मि सत्तमे तस्स होदि चम्म-णह-रोमणिप्पत्ती।
फंदणमट्ठममासे णवमे दसमे य णिग्गमणं॥ १०१०.

इन गाथाओंका प्रभाव ति. प. की गा, ६२० से ६२२ पर (६२२ का उत्तरार्ध भगवती आराधनाकी गा. १०१० में ज्योका त्यों है) पर्याप्त रूपमें पड़ा हुआ है। भगवती-आराधनाकी गा. १००३ में की गई प्रतिज्ञाके निर्वहनार्थ उपर्युक्त गाथाओंकी स्थिति जैसी वहां अनिवार्य है वैसी तिलोयपण्णत्तिमें नहीं है, क्योंकि, इनके विना यहां प्रकरणमें कोई आपाततः विरोध नहीं था। इसके अतिरिक्त भगवती-आराधनाकी उन (१००७, १००९) गाथाओंमें 'बीयं' और 'णरस्स' पद भी ध्यान देने योग्य है। ये दोनों पद यहां आवश्यक थे। परन्तु तिलोयपण्णत्तिमें ऐसे कोई पद वहां नहीं प्रयुक्त किये गये। हां, वहां गा. ६२० में प्रयुक्त 'पुव्वगदपावगुरुगो' विशेषण पदसे विशेष्य पदके रूपमें 'नर' पदका ग्रहण येन केन प्रकारेण किया जा सकता है।

इनके अतिरिक्त निम्न गाथायें भी यहां ध्यान देने योग्य हैं। इनमेंसे गा. ८८९, ९१६, ९१९, ९२२ और १०२० में कोई विशेष परिवर्तन नहीं है।

भ. आरा.	८८६-७	८८९	९०४	९०८	९१६	९१९	९२२	१०१२	१०२०
ति. प.	४-६२८	४-६२९	४-६३०	४-६३१	४-६३४	४-६२७	४-६२५	४-६२४	४-६२३

आराधनामें गा. १७९-१८६ में कन्दर्प, किल्विषिक, आभियोग्य, आसुरी एवं सम्मोहा, इन पांच संक्लिष्ट भावनाओंके भेद और उनका स्वरूप बतला कर आगे १९५९-१९६१ गाथाओंके द्वारा उक्त भावनाओंका फल क्रमशः कन्दर्पिक, किल्विषिक, आभियोग्य, असुरकाय और सम्मोह, इन देवपर्यायोंकी प्राप्ति बतलाया गया है। यह विषय तिलोयपण्णत्ति गा. ३, २०१-२०६ में भी चर्चित है।

४ लोकविभाग

तिलोयपण्णत्तिमें अनेकों वार (१-२८१, ४-२४४८, ७-११५, ८-६३५ आदि) लोकविभाग ग्रन्थका उल्लेख पाया जाता है। परन्तु तिलोयपण्णत्तिकारके सामने जो लोकविभाग ग्रन्थ रहा है वह कब और किसके द्वारा रचा गया है, इसका कुछ भी पता नहीं लगता। वर्तमानमें जो लोकविभाग ग्रन्थ उपलब्ध है वह संस्कृत अनुष्टुप छन्दोंमें है। यह ग्रन्थ सिंहसूरिके द्वारा, सर्वनन्दि-मुनि-विरचित ग्रन्थकी भाषाका परिवर्तन कर लिखा गया है[1]। यह ग्यारहवीं शताब्दिके पश्चात् रचा गया प्रतीत होता है। कारण यह है कि इसमें अनेक स्थानोंपर तिलोयपण्णत्ति, आदिपुराण (आर्ष), जंबूदीवपण्णत्ति और त्रिलोकसार ग्रन्थोंका कहीं स्पष्टतया नामोल्लेखपूर्वक और कहीं 'उक्तं च' के रूपमें निर्देश किया गया है। तिलोयपण्णत्तिकी तो इसमें लगभग ९० गाथायें पायी जाती हैं। इसकी जो प्रति हमारे सामने है वह अशुद्धिबहुल और त्रुटित पाठोंवाली है।

इसमें निम्न ग्यारह प्रकरण हैं—१ जंबूद्वीपविभाग २ लवणसमुद्रविभाग ३ मानुषक्षेत्रविभाग ४ द्वीप-समुद्रविभाग ५ कालविभाग ६ ज्योतिर्लोकविभाग ७ भवनवासिलोकविभाग ८ अधोलोकविभाग ९ व्यन्तरलोकविभाग १० स्वर्गविभाग और ११ मोक्षविभाग। समस्त श्लोकोंका प्रमाण लगभग १९००-२००० है।

(१) जंबूद्वीपविभागमें प्रथमतः जंबूद्वीपका विस्तार बतलाकर विजयार्ध, छह कुलाचल, उनके ऊपर स्थित कूटादिक, विदेह विजय, मेरु, भद्रशालादि वनचतुष्टय, जिनभवनरचना और दूसरा जंबूद्वीप, इन सबका कथन किया गया है।

---

[1] भव्येभ्यः सुरमानुषोरुसदसि श्रीवर्धमानार्हता यत्प्रोक्तं जगतो विधानमखिलं ज्ञानं सुधर्मादिभिः।
आचार्यावलिकागतं विरचितं तत् सिंहसूरर्षिणा भाषायाः परिवर्तनेन निपुणैः सम्मान्यतां साधुभिः॥
वैश्वे स्थिते रविसुते वृषभे च जीवे राजोत्तरेषु सितपक्षमुपेत्य चन्द्रे।
ग्रामे च पाटलिकनामनि पाणराष्ट्रे शास्त्रं पुरा लिखितवान् मुनिसर्वनन्दी॥
(अन्तिम प्रशस्ति)

(२) लवणसमुद्र विभागमें लवणसमुद्रका विस्तार, उसके मध्यमें स्थित पाताल, पर्वत, जलकी वृद्धि–हानि, देवनगरियां और अन्तरद्वीपज मनुष्योंकी प्ररूपणा की गई है।

(३) मानुषक्षेत्र विभागमें धातकीखण्ड और पुष्कर द्वीपमें स्थित इष्वाकार पर्वत, क्षेत्र, कुलपर्वत, मेरु पर्वत, वनचतुष्टय, कालोदक समुद्र, अन्तरद्वीपज मनुष्य, मानुषोत्तर पर्वत, और उसके ऊपर स्थित कूट, इत्यादिकोंका वर्णन है।

(४) द्वीप-समुद्रविभागमें आदिम एवं अन्तिम १६-१६ द्वीप-समुद्रोंका नामोल्लेख करके राजुके अर्धच्छेदोंका पतन और द्वीप-समुद्रोंके अधिपति व्यन्तर देवोंके नामोंका निर्देश किया है। पश्चात् नन्दीश्वर द्वीपके विस्तार व परिधिका प्रमाण, उसमें स्थित अंजनशैल, वापिकायें दधिमुख, रतिकरगिरि, और सौधर्मेन्द्रादिकके द्वारा किये जानेवाले पूजा-विधानका कथन किया गया है। आगे जाकर अरुणवरद्वीप व अरुणवर समुद्रका निर्देश करके आठ कृष्णराजियां कुण्डलद्वीप, कुण्डलगिरि व उसके ऊपर स्थित कूट, रुचकवर द्वीप, रुचकाद्रि, उसके ऊपर स्थित कूट, दिक्कुमारिकाएं और उनका सेवाकार्य इत्यादिकी प्ररूपणा की गई है।

(५) कालविभागमें उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी कालोंके सुषम-सुषमादि विभाग, प्रथम तीन कालोंमें होनेवाले मनुष्योंकी आयु व उत्सेधादिका प्रमाण, दश प्रकारके कल्पवृक्ष व उनका दानकार्य, क्षेत्रानुसार कालविभाग, कुलकरोंकी उत्पत्ति और उनका शिक्षणकार्य, पूर्वांग व पूर्वादिकोंका प्रमाण, भोगभूमिका अन्त व कर्मभूमिका प्रवेश, तीर्थंकरादिकोंकी उत्पत्ति, पांचवें व छठे कालकी विशेषता, अवसर्पिणीका अन्त और उत्सर्पिणीका प्रवेश तथा कुलकरादिकोंकी उत्पत्ति आदिकी प्ररूपणा की गई है।

इस प्रकरणमें आदि व अन्तके कुछ अंशको छोड़कर प्रायः सर्वत्र ही आदिपुराणके श्लोकोंका ज्योंका त्यों या उनका पादपरिवर्तनके[1] साथ उपयोग किया है। यहां प्रारम्भमें लगभग ४०-४५ श्लोकोंके पश्चात् 'उक्तं चार्षे' कह कर तृतीय कालमें पल्योपमका आठवां भाग शेष रहनेपर उत्पन्न होनेवाले प्रतिश्रुति आदि कुलकरोंका वर्णन करते हुए जो श्लोक दिये गये हैं वे आदिपुराणके तीसरे पर्वमें क्रमशः इस प्रकार उपलब्ध होते हैं— ५५-५७, ६३-६४, ६९-७२, ७६-७७, ७९, ८१-८३ इत्यादि।

यहां १४ कुलकरोंकी आयुका प्रमाण क्रमशः इस प्रकार बतलाया है— पल्यका

१ यथा— इमे मद्रमृगाः पूर्वं संवसन्तेऽनुपद्रवाः। इदानीं तु विना हेतोः श्वभ्रैरमिभवन्ति नः॥ इस श्लोककी पूर्ति वहां क्रमशः आदिपुराणके ९५ वें श्लोकके चतुर्थ चरण, ९६ वेंके चतुर्थ चरण और ९७ वें श्लोकके पूर्वार्ध भागसे की गई है।

दशवां भाग, अमम, अटट, त्रुटित, कमल, नलिन, पद्म, पद्मांग, कुमुद, कुमुदांग, नयुत, नयुतांग, पूर्व [पर्व] और पूर्वकोटि। इस मतका उल्लेख तिलोयपण्णत्ति (४, ५०२-५०३) में 'केई णिरूवेंति' वाक्यके द्वारा किया गया है।

भोगभूमिजोंकी यौवनप्राप्तिमें यहां सामान्यतः २१ दिनका कालप्रमाण बतलाया है[1]। परन्तु तिलोयपण्णत्तिमें उत्तम, मध्यम और जघन्य भोगभूमियोंके अनुसार पृथक् पृथक् (४,३७९-८०, ३९९- ४००, ४०७-८) क्रमशः २१, ३५ और ४९ दिनोंका कालक्रम बतलाया गया है। यही कालक्रम हरिवंशपुराण[2] और सागारधर्मामृतमें[3] सामान्य रूपसे ४९ दिन प्रमाण कहा गया है। लोकप्रकाश (२९-२१४) में इसी कालक्रमका निर्देश करते हुए 'तथा हि' कहकर जो श्लोक दिया है वह सागारधर्मामृतमें भी है, जो इस प्रकार है—

सप्तोत्तानशया लिहन्ति दिवसान् स्वांगुष्ठमार्यास्ततः,
कौ रिङ्गन्ति ततः पदैः कलगिरो यान्ति स्खलद्भिस्ततः।
स्थेयोमिश्च ततः कलागुणभृतस्तारुण्यभोगोद्गताः,
सप्ताहेन ततो भवन्ति सुदृगादानेऽपि योग्यास्ततः॥ सा. ध. २-६८.

(६) ज्योतिर्लोकविभागमें ज्योतिषी देवोंके भेद, उनका निवासस्थान, विमानविस्तरादि, संचारक्रम, जंबूद्वीपादिकमें चन्द्रसंख्या, वीथियां, मेरुसे चन्द्र-सूर्योंका अन्तरप्रमाण, उनका परस्पर अन्तर, मुहूर्तगति, दिन-रात्रिप्रमाण, ताप-तमकी परिधियां, चारक्षेत्र, अधिक मास, दक्षिण-उत्तरअयन, आवृत्तियां, विषुप, चन्द्रकी हानि-वृद्धि, ग्रहादिकोंका आकार, कृत्तिकादिकोंका संचार, उनके देवता, समय-आवली आदिका प्रमाण, सूर्यका उदय व अस्तगमन, ताराप्रमाण, चन्द्रादिकोंकी आयुका प्रमाण और देवीसंख्या आदिकी प्ररूपणा की गई है।

(७) भवनवासिलोकविभागमें चित्रा-वज्रा आदि १६ पृथिवियों एवं पंकभाग व अब्बहुल भागका निर्देश करके भवनवासी देवोंके भवनोंकी संख्या, जिनभवन, इन्द्रोंके नाम, उनके भवन, परिवारदेव-देवियां, आयु, उच्छ्वास एवं आहारकालका प्रमाण तथा मुकुटचिह्न, इत्यादिकी प्ररूपणा की गई है।

(८) अधोलोकविभागमें रत्नप्रभादिक भूमियोंका बाहल्य, वातवलय, पृथिवीक्रमानुसार प्रस्तारसंख्या, श्रेणिबद्ध व प्रकीर्णक बिलोंकी संख्या, इन्द्रकादिकोंका विस्तार, उनका अन्तर, प्रथम श्रेणिबद्धोंके नाम, जन्मभूमियोंका आकार व विस्तारादि, नारकउत्सेध, आयु, आहार,

१ दिवसैरेकविंशत्या पूर्यन्ते यौवनेन च। प्रमाणयुक्तसर्वांगा द्वात्रिंशल्लक्षणाङ्किताः॥ ५-२५.
२ ह. पु. ७, ९२-९४. ३ सा. ध. २-६८.

अवधिविषय, इन्द्रियादिक मार्गणाओंकी सम्भावना, वेदना, उत्पतन, जन्म-मरणअन्तर, गत्यागति, क्रिया तथा पारस्परिक एवं असुरकृत वेदना, इन सबका वर्णन किया गया है।

(९) व्यन्तरलोकविभागमें पहले औपपातिक, अध्युषित और आभियोग्य, ये तीन भेद व्यन्तरोंके बतलाये गये हैं। पश्चात् भवन, आवास और भवनपुर, इन तीन प्रकारके व्यन्तर-स्थानोंका उल्लेख करके उनका विस्तारादि बतलाते हुए यह भी कथन किया गया है कि उक्त भवनादिक किनके होते हैं और किनके नहीं होते। आगे चलकर आठ प्रकारके व्यन्तरोंका निर्देश करते हुए उनमेंसे प्रत्येकके अवान्तरभेद, इन्द्रोंके नाम, उनकी आयु, वल्लभायें और उन वल्लभाओंके परिवारका प्रमाण बतलाया गया है। पश्चात् उपर्युक्त व्यन्तरजातियोंका शरीरवर्ण, चैत्यवृक्ष, सामानिकादि देवोंकी संख्या व्यन्तरनगरियां, गणिकामहत्तरियोंके नाम और उनकी आयु एवं उत्सेध आदिका कथन किया गया है।

(१०) ऊर्ध्वलोकविभागमें सर्वप्रथम भावन, व्यन्तर, नीचोपपातिक, दिग्वासी, अन्तरवासी, कूष्माण्ड, उत्पन्नक, अनुत्पन्नक, प्रमाणक, गन्धिक, महागन्ध, भुजग, प्रीतिक, आकाशोत्पन्न, ज्योतिषी, वैमानिक और सिद्ध, इनकी क्रमशः ऊपर-ऊपर स्थिति बतला कर ज्योतिषी पर्यन्त उनकी ऊर्ध्वस्थिति व आयुका प्रमाण दिखलाया गया है। तत्पश्चात् १२ कल्पोंका व कल्पातीतोंका उल्लेख करके कल्पविभागानुसार इन्द्रकप्रमाण, ऋतु आदि इन्द्रकोंके चारों ओर स्थित श्रेणिबद्ध विमानोंका संख्याक्रम, इन्द्रकनाम, १६ कल्पोंके मतानुसार विमानसंख्या, संख्यात-असंख्यात योजन विस्तारवाले विमानोंकी संख्या, कल्पानुसार श्रेणिबद्ध विमानोंकी संख्या, कल्पोंका आधार, विमानबाहल्य, प्रासादोत्सेधादि, विमानवर्ण, गति-आगति, मुकुटचिह्न, सौधर्मेन्द्रका निवासस्थान, उसके नगर-प्रासादोंका रचनाक्रम, देवीसंख्या व उनके प्रासाद, ईशानादिक अन्य इन्द्रोंके नगर दिक, सामानिक आदिकोंका प्रमाण, सोम-यमादिकोंकी आयु उच्छ्वास व आहारकाल, कल्पोंमें देवों व देवियोंकी आयुका प्रमाण, सुधर्मा सभादि, प्रासादोंके अग्र भागमें स्थित स्तम्भ व न्यग्रोध पादप, यानविमान, सोमादिकके प्रधान विमान, प्रवीचार, उत्सेध, लेश्या, विक्रिया, अवधिविषय, देवियोंकी उत्पत्ति, जन्म-मरणअन्तर, तमस्काय, लौकान्तिक देव, उत्पत्यन्तर जिनपूजाप्रक्रम और सुखोपभोग इत्यादि विषयोंकी प्ररूपणा की गई है।

(११) मोक्षविभागमें आठवीं ईषत्प्राग्भार पृथिवीका विस्तारादि दिखाकर सिद्धोंका अवस्थान और उनकी अवगाहनाका प्रमाण बतलाया है। तत्पश्चात् सिद्धोंका स्वरूप बतलाते हुए साताजन्य सुख और अतीन्द्रिय सुखकी प्ररूपणा की गई है। आगे जाकर अधः और ऊर्ध्व लोकका उत्सेधादि बतला कर अन्तिम प्रशस्तिके साथ ग्रन्थकी समाप्ति की गई है।

तिलोयपण्णत्तिमें अनेक स्थानोंपर 'लोकविभाग' का उल्लेख करके जो जो मतभेद

दिखलाये हैं वे वर्तमान लोकविभागमें कहां तक पाये जाते हैं, इस बातका यहां विचार किया जाता है—

(१) ति. प. म. १, गा. २७३ में प्रथमतः तीनों वातवलयोंकी मुटाई लोकशिखरपर क्रमशः २, १ और कुछ (४२५ धनुष) कम १ कोश बतला कर पश्चात् गा. २८१ में लोकविभागके अनुसार उक्त मुटाईका प्रमाण क्रमशः १$\frac{१}{२}$, १$\frac{१}{३}$ और १$\frac{१}{१२}$ कोश बतलाया गया है। यह मत वर्तमान लोकविभागमें उपलब्ध नहीं होता, प्रत्युत वहां पूर्व मतानुसार (१-२७३) ही उसका प्रमाण पाया जाता है। यथा—

लोकाग्रे क्रोशयुग्मं तु गव्यूतिर्न्यूनगोरुतम्।
न्यूनप्रमाणं धनुषां पंचविंश-चतुशतम् ॥ लो. वि. ८-१४.

(२) ति. प. ४-२४४८ में 'संगाइणी लोकविभाग' के अनुसार लवणसमुद्रका विस्तार जलशिखरपर दश हजार योजन प्रमाण कहा है। इस विषयको लोकविभागमें खोजनेपर वहां निम्न श्लोक प्राप्त होता है—

दशैवेश (?) सहस्राणि मूलेऽग्रेऽपि पृथुर्मतः।
सहस्रमवगाढोऽगादूर्ध्वं स्यात् षोडशोच्छ्रितः ॥ लो. वि. २-३.

इसमें अग्र भागमें उसका विस्तार दश हजार यो. प्रमाण ही बतलाया है। यहां विस्तारके लिये 'पृथु' शब्दका उपयोग किया गया है। इसके आगे 'उक्तं च त्रिलोकप्रज्ञप्तौ' कह कर ति. प. गाथा ४-२४०० उद्धृत की है। इसका सम्बन्ध प्रकरणसे स्पष्टतापूर्वक नहीं बतलाया गया।

तिलोयपण्णत्तिमें इससे पूर्व गा. २४४२ और २४४३ में बतलाया है कि दोनों ओर तटसे ९५००० यो. जानेपर लवणसमुद्रका जल शुक्ल पक्षमें क्रमशः बढ़ता हुआ पूर्णिमाके दिन दो क्रोश ऊंचा हो जाता है। वही अमावस्याके दिन घटकर भूमिके सदृश हो जाता है। यह मत 'लोगाइणी ग्रन्थप्रवर' का बतलाया गया है (गा. २४४४)। ठीक इसके आगे गा. २४४५-४६ में जलका ११००० यो. अवस्थित उत्सेध बतलाकर उसकी वृद्धि व हानिका प्रमाण ५००० यो. निर्दिष्ट किया गया है। यह पिछला मत वर्तमान लोकविभागमें पाया जाता है। यथा—

एकादश सहस्राणि यमत्रास्यां [अमावास्यां] गतोच्छ्रयः।
ततः पंच सहस्राणि पौर्णिमास्यां विवर्धते ॥ लो. वि. २-७.

(३) ति. प. गा. २४७८-२४९० में अन्तरद्वीपों और उनमें रहनेवाले कुमानुषोंका स्वरूप बतला कर आगे गा. २४९१-९९ में लोकविभागाचार्यके मतानुसार उसे फिरसे भी

अन्य प्रकारसे बतलाया है। यह मत वर्तमान लोकविभाग (२, ३३-४०) में पाया जाता है। विशेषता यह है कि इसी लोकविभागमें आगे जाकर श्लोक ४४ के पश्चात् 'उक्तं च त्रिलोकप्रज्ञप्तौ' कहकर ति. प. की २४७८ से ८८ तक जिन ११ गाथाओंको उद्धृत किया है वे उसके पूर्व मतके विरुद्ध पड़ती हैं।

(४) ति. प. गा. ७-११५ में ज्योतिषी देवोंकी नगरियोंका बाहल्य लोकविभागाचार्यके मतानुसार अपने अपने विस्तारके बराबर बतलाया है। इस विषयको लोकविभागमें खोजनेपर वहां सूर्य-चन्द्रादिके विमानोंका विस्तारप्रमाण तो मिलता है[1], परन्तु उनके बाहल्यका प्रमाण वहां दृष्टिगोचर नहीं होता। हां, वहांपर छठे प्रकरणके १५ वें श्लोकसे आगे 'पाठान्तरं कथ्यते' कहकर निम्न श्लोक द्वारा उक्त विमानोंका बाहल्य अपने अपने विस्तारसे आधा अवश्य बतलाया है जो तिलोयपण्णत्तिमें प्रकरणानुसार पाया जाता है[2]।

रवीन्दु-शुक्र-गुर्वाख्याः कुजाः सौम्यास्तमोदयाः।
ऋक्षास्ताराः स्वविष्कम्भादर्धबाहल्यकाः मताः ॥ लो. वि. ६ १६.

(५) तिलोयपण्णत्ति (८, ६१४-६३४) में लौकान्तिक देवोंकी प्ररूपणा करके आगे (गा. ६३५-३९) लोकविभागाचार्यके मतानुसार उनके अवस्थान व संख्या आदिकी प्ररूपणा फिरसे भी की गई है। यह मत वर्तमान लोकविभागमें[3] अंशतः पाया जाता है, क्योंकि, वहां उनकी संख्यामें कुछ भेद दिखायी देता है। ति. प. में सारस्वत और आदित्य आदिकोंके मध्यमें जिन अनलाभ और सूर्याभ आदि दो दो देवोंके नामोंका उल्लेख किया गया है उनका निर्देश भी यहां नहीं किया गया।

(६) तिलोयपण्णत्ति (९-६) में सिद्धोंकी उत्कृष्ट और जघन्य अवगाहनाका प्रमाण क्रमशः ५२५ धनुष और ३½ हाथ बतला कर फिर आगे गाथा ९ में 'लोकविनिश्चय ग्रन्थ लोकविभाग' के अनुसार उक्त अवगाहनाको अन्तिम शरीरसे कुछ कम बतलाया है। यह मत वर्तमान लोकविभागमें प्राप्त होता है। यथा—

गव्यूतेस्तत्र चोर्ध्वायास्तुर्ये भागे व्यवस्थिताः।
अन्त्यकायप्रमाणात्तु किंचित्संकुचितात्मकाः ॥ लो. वि. ११-७.

इस प्रकार वर्तमान लोकविभागके रूपको देखकर उसपर विचार करनेसे ऐसा प्रतीत होता है कि इसकी रचनाके आधार तिलोयपण्णत्ति और त्रिलोकसार आदिक ग्रन्थ भी रहे हों तो

१ लो. वि. प्रकरण ६ श्लोक ९, ११ इत्यादि। २ ति. प. म. ७ गा. ३९, ६८, ८५, ९१ इत्यादि।
३ लो. वि. प. १०७.

आश्चर्य नहीं। इसके कर्ताके सामने कोई दूसरा प्राचीन लोकविभाग ग्रन्थ रहा है, जिसकी भाषाका परिवर्तन करके उन्होंने यह रचना प्रस्तुत की है। यह बात ग्रन्थकारने स्वयं कही है, जो विचारणीय है। इसमें कुछ मतभेदोंका भी जो उल्लेख किया है वह प्रायः तिलोयपण्णत्तिसे मिलता है। जैसे-- १२ और १६ कल्प[1], सर्वार्थसिद्धिमें जघन्य आयु[2] इत्यादि।

५ हरिवंशपुराण

यह पुन्नाटसंघीय जिनसेन सूरि द्वारा विरचित प्रथमानुयोगका एक प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इसका रचनाकाल शक संवत् ७०५ (वि. सं. ८४०) है। यह ग्रन्थ ६६ सर्गोंमे विभक्त है। इसकी समस्त श्लोकसंख्या लगभग १०००० है। यह ग्रन्थ यद्यपि प्रथमानुयोगका है, फिर भी इसमें भूगोल, आयुर्वेद, ज्योतिष और संगीत आदि अन्य विषयोंकी भी यथास्थान प्ररूपणा पायी जाती है। ग्रन्थका मनन करनेसे उसके रचयिताकी बहुश्रुतज्ञताका परिचय मिलता है।

इसके चतुर्थ सर्गमें अधोलोक, पंचममें तिर्यग्लोक, छठेमें ऊर्ध्वलोक और सातवें सर्गमें कालका वर्णन विस्तारसे किया गया है। यह वर्णन प्रायः तिलोयपण्णत्ति जैसा ही है। यद्यपि इन दोनों ग्रन्थोंमें कहीं कहीं कुछ भिन्न मत भी देखनेमें आते है, परन्तु दोनोंकी वर्णन-शैली बहुत कुछ मिलती-जुलती है। उदाहरणार्थ— जिस प्रकार तिलोयपण्णत्तिके प्रथम और द्वितीय महाधिकारोंमें अधोलोकका विस्तार, वातवलय, नारकबिलोंके नाम, उनकी संख्या व विस्तार, नारकियोंकी आयु, उत्सेध, अवधिविषय और जन्मभूमियों आदिका विस्तृत वर्णन पाया जाता है; उसी प्रकार उन सबका वर्णन हरिवंशपुराणके चतुर्थ सर्गमें भी किया गया है। विशेषतायें यहां ये हैं—

(१) तिलोयपण्णत्तिकारने विस्तारादिकी प्ररूपणा करते हुए प्रथमतः गणित-सूत्रोंका उल्लेख किया है और फिर तदनुसार सभी जगह कहीं सिद्धांकों द्वारा और कहींपर सिद्धांकोंको न देकर भी वर्णन किया है। परन्तु हरिवंशपुराणकारने गणित-सूत्रोंका उल्लेख कहीं भी न करके केवल सिद्धांकों द्वारा ही उनका वर्णन किया है। उदाहरणार्थ- अधोलोकका आठ स्थानोंमें

---

१ जे सोलस कप्पाइं केई इच्छंति ताण उवएसे। तीस्सं तस्सिं वोच्छं परिमाणाणिं विमाणाणं॥ ति. प. ८-१७८.
ये च षोडश कल्पाँश्च केचिदिच्छन्ति तन्मते। तस्मिंस्तस्मिन् विमानानां परिमाणं वदाम्यहम्॥ लो. वि. १०-३६.

२ तेत्तीसउवहिउवमा पल्लासंखेज्जभागपरिहीणा। सव्वट्ठसिद्धिणामे मण्णंते केइ अवराऊ॥ ति. प. ८-५११.
सर्वार्थायुर्यदुत्कृष्टं तदेवास्मिंस्ततः पुनः। पल्यासंख्येयभागोनमिच्छन्त्येकेऽल्पजीवितम्॥ लो. वि. १०-२३५.

और ऊर्ध्वलोकका दश स्थानोंमें वर्णित विस्तारप्रमाण[1], तथा सीमन्तक आदि ४९ इन्द्रकोंका भी विस्तारप्रमाण[2]।

(२) तिलोयपण्णत्तिकारके सामने जिस विषयका परम्परागत उपदेश नहीं रहा है उस विषयका निरूपण न करनेका कारण उन्होंने तद्विषयक उपदेशका अभाव ही बतलाया है[3]। परन्तु हरिवंशपुराणकारने न तो कहीं वैसा उल्लेख ही किया है और न उन विषयोंका वर्णन भी। इसी प्रकार तिलोयपण्णत्तिकारके सामने जिस विषयपर आचार्योंका मतभेद रहा है उसका भी उन्होंने स्पष्टतासे कहीं नामनिर्देशपूर्वक या कहीं नामनिर्देश न करके 'केइ' आदि पदों द्वारा भी उल्लेख किया है[4], पर हरिवंशपुराणमें ऐसा नहीं है।

(३) तिलोयपण्णत्तिकारने नारकियोंमें असुरकृत वेदनाको बतलाते हुए सिकतानन व असिपत्र[5] आदि जिन पन्द्रह असुर सुरोंके नामोंका उल्लेख किया है वे हरिवंशपुराणमें उपलब्ध नहीं होते। इन नामोंको खोजनेका जहां तक प्रयत्न किया गया है, वे हमें किसी अन्य दिगम्बर ग्रन्थमें प्राप्त नहीं हो सके। परन्तु हां वे सूत्रकृताङ्ग और प्रवचनसारोद्धार आदि कितने ही श्वेताम्बर ग्रन्थोंमें अवश्य प्राप्त होते है। यथा—

अंबे अंबरिसी चेव सामे य सबले वि य। रुद्दोवरुद्द काले य महाकाले त्ति आवरे॥
असिपत्ते धणुं कुंभे वालु वेयरणी वि य। खरस्सरे महाघोसे एवं पन्नरसाहिया॥

सू. कृ. ५, १, ६८-६९ (निर्युक्ति)

(४) तिलोयपण्णत्तिमें जहां उत्कर्षसे प्रथमादिक सात पृथिवियोंमें क्रमशः आठ, सात, छह, पांच, चार, तीन और दो बार उत्पत्ति बतलाई गई है; वहां हरिवंशपुराणमें क्रमशः सात, छह, पांच, चार, तीन, दो और एक बार ही उत्पत्ति बतलाई है[6]।

(५) तिलोयपण्णत्तिकारने सातवीं पृथिवीसे निकलकर तिर्यंचोंमें उत्पन्न हुए कोई कोई जीव सम्यक्त्वको प्राप्त कर सकते हैं, ऐसा स्पष्ट उल्लेख किया है (देखिये गा. २-२९२)। यह मत वर्तमान लोकविभागमें भी पाया जाता है। यथा—

संयतासंयतः षष्ठ्याः सप्तम्यास्तु मृतोद्गतः।
सम्यक्त्वार्हो भवेत् कश्चित् तिर्यक्ष्वेवात्र [तिर्यक्ष्वेवात्र] जायते॥ लो. वि. ८-१०१.

१ ति. प. १, १७६-१७८, १, १९३-१९७; ह. पु. ४, १७-२८.
२ ति. प. २, १०५-१५६. ह. पु. ४, १७१-२१७. ३ ति. प. २-५४, ३-११३, ४-१५७२, १५८३, १६८८, १७१०; ५-४८, ६-६६, ७-३२, ८-२७६. इत्यादि।
४ देखिये पृ. ९८७-८८. ५ ति. प. २, ३४८-३४९. ६ ह. पु. ४, ३७६-३७८.

परन्तु हरिवंशपुराणमें[1] इसका कुछ निर्देश नहीं किया गया। हां, षट्खंडागम आदि[2] ग्रन्थोंमें उसका स्पष्टतासे निषेध अवश्य किया गया है। यथा—

अधो सत्तमाए पुढवीए णेरइया णिरयादो णेरइया उव्वट्टिदसमाणा कदि गदीओ आगच्छंति ? एक्कम्हि चेव तिरिक्खगदिमागच्छंति त्ति। तिरिक्खेसु उववण्णल्लया तिरिक्खा छण्णो उप्पाएंति— आभिणिबोहियणाणं णो उप्पाएंति, सुदणाणं णो उप्पाएंति, ओहिणाणं णो उप्पाएंति, सम्मामिच्छत्तं णो उप्पाएंति, सम्मत्तं णो उप्पाएंति, संजमासंजमं णो उप्पाएंति (ष. खं. पु. ६, ९, २०३-२०६)।

इसके विपरीत प्रज्ञापना[3] और प्रवचनसारोद्धार[4] आदि श्वेताम्बर ग्रन्थोंमें भी तिलोयपण्णत्तिके समान उनमें सम्यक्त्वकी योग्यता बतलाई गई है।

(६) तिलोयपण्णत्तिकारने कालप्ररूपणामें भोगभूमिजोंका वर्णन करते हुए यह बतलाया है कि अंगुष्ठावलेहन, उपवेशन, अस्थिरगमन, स्थिरगमन, कलागुणप्राप्ति, तारुण्य और सम्यक्त्वग्रहण, इन सात अवस्थाओंमें उत्तमभोगभूमिजोंके तीन तीन दिन, मध्यमभोगभूमिजोंके पांच पांच दिन और जघन्यभोगभूमिजोंके सात सात दिन व्यतीत होते हैं[5]। परन्तु हरिवंशपुराणकारने उक्त अवस्थाओंमें सामान्य रूपसे सात सात दिन व्यतीत होना ही बतलाया है[6]। यही बात आदिपुराण, त्रिलोकसार और सागारधर्मामृत आदि ग्रन्थोंमें भी पायी जाती है।

(७) इसी प्रकरणमें प्रतिश्रुति आदि चौदह कुलकरोंकी उत्पत्ति बतलाते हुए हरिवंशपुराणकारने उन्हें उत्तरोत्तर पहिले पहिलेका पुत्र होना सूचित किया है[7]। परन्तु तिलोयपण्णत्तिकारने उनको उत्तरोत्तर पुत्र होना तो दूर रहा, किन्तु उनके बीचमें आगे आगे पल्यके $\frac{१}{८०}$, $\frac{१}{८००}$, $\frac{१}{८०००}$ भाग प्रमाण इत्यादि कालका अन्तर भी बतलाया है[8]। गणितप्रक्रियासे विचार करनेपर यही मत ठीक प्रतीत होता है। कारण कि दोनों ही ग्रन्थकर्ताओंने यह समान रूपसे स्वीकार

---

१ ह. पु. ४-३७९. २ सप्तम्यां नारका मिथ्यादृष्टयो नरकेभ्य उद्वर्तिता एकमेव तिर्यग्गतिमायान्ति। तिर्यक्ष्वायाताः पंचेन्द्रिय-गर्भज-पर्याप्तक-संख्येयवर्षायु-ष्पूपपद्यन्ते, नेतरेषु। तत्र चोत्पन्नाः सर्वे मति-श्रुतावधि-सम्यक्त्व-सम्यङ्मिथ्यात्व-संयमासंयमानामुत्पादयन्ति। त. रा. ३, ६, ७.

३ अहे सत्तमपुढवी-पुच्छा। गोमया ! णो इणट्ठे समट्ठे, सम्मत्तं पुण लभेज्जा। प्रज्ञापना २०, १०.

४ प्रवचनसारोद्धार १०८७. ५ ति. प. ४, ३७९-३८०; ३९९-४००, ४०७-४०८. ६ ह. पु. ७-९२-९४.

७ यथा— पल्यस्य दशमं भागं जीवित्वासौ प्रतिश्रुतिः। पुत्रं सन्मतिमुत्पाद्य जीवितान्ते दिवं स्मृतः [सुतः] ॥ ह. पु. ७-१४८. ८ यह अन्तर आदिपुराण (पर्व ३ श्लोक ७६, ९०, १०२ आदि) में प्रायः सर्वत्र असंख्यात वर्षकोटि प्रमाण बतलाया गया है।

किया है कि तृतीय कालमें पल्यका आठवां भाग शेष रहनेपर चौदह कुलकरोंकी उत्पत्ति होती है। उनमें प्रथम कुलकरकी आयु $\frac{१}{१०}$ पल्य, द्वितीयकी $\frac{१}{१००}$ पल्य, इस प्रकार आगे आगेके कुलकरकी आयु पूर्व पूर्वकी अपेक्षा दशवें भाग होती गई है। अब यदि हरिवंशपुराणकर्ताके अनुसार कुलकर पुरुषोंके बीच अन्तराल न स्वीकार किया जाय तो उन सबकी आयुके प्रमाणको मिलानेपर वह कुछ कम पल्यका नौवां भाग ($\frac{१}{९}$) होता है। इस प्रकार पल्यका आठवां भाग शेष रहनेपर जो उन्होंने कुलकर पुरुषोंकी उत्पत्ति स्वीकार की है[१], वह उनके ही मतके विरुद्ध पड़ती है। किन्तु तिलोयपण्णत्तिकारके अनुसार उक्त आयुप्रमाण $\left[\frac{१११११११११११११}{१०००००००००००००} = \text{कुछ कम } \frac{१}{९} \text{ पल्य}\right]$ में सबोंके अन्तरकाल $\left[\frac{१११११११११११११}{८०००००००००००००} = \text{कुछ कम } \frac{१}{७२} \text{ पल्य}\right]$ को मिला देनेपर वह कुछ कम पल्यका आठवां भाग $\left[\frac{१}{९} + \frac{१}{७२} = \frac{९}{७२} = \frac{१}{८}\right]$ होता है, जैसा कि उन्होंने स्वीकार भी किया है (देखिये गा. ४-४२१)।

हरिवंशपुराणके कर्ताने प्रतिश्रुति आदि उक्त कुलकरोंकी आयु, उत्सेध और वर्णादिका निर्देश करके भी उनकी पत्नियोंका कोई उल्लेख नहीं किया। परन्तु तिलोयपण्णत्तिकारने प्रत्येक कुलकरकी पत्नीका नामोल्लेख करके प्रसेनजित् नामक तेरहवें कुलकर तक उनके लिये 'देवी' या 'महादेवी' पदका तथा अन्तिम कुलकर नाभिरायकी पत्नीके लिये 'वधू' पदका प्रयोग किया है। इससे ध्वनित होता है कि उनके मतानुसार विवाहविधि प्रसेनजित् कुलकरके समयसे चालू हुई है। हरिवंशपुराणके अनुसार यह विधि मरुदेव नामक बारहवें कुलकरके समयसे प्रारम्भ हुई है, क्योंकि, वहां मरुदेवके द्वारा अपने पुत्र प्रसेनजित्का प्रधानकुलवाली कन्याके साथ विवाह करानेका स्पष्ट उल्लेख है[२]।

मिलान कीजिये—

एक्करस-वण्ण-गंधं दो फासा सद्दकारणमसद्दं। खंदंतरिदं दव्वं तं परमाणुं भणंति बुधा॥
अंतादि-मज्झहीणं अपदेसं इंदिएहि ण हु गेज्झं। जं दव्वं अविभत्तं तं परमाणुं कहंति जिणा॥
वण्ण-रस-गंध-फासे पूरण-गलणाइं सव्वकालम्हि। खंदं पि व कुणमाणा परमाणू पुग्गला तम्हा॥
ति. प. १ गा. ९७, ९८, १००.

१ अथ कालद्वयेऽतीते क्रमेण सुखकारणे। पल्याष्टभागशेषे च तृतीये समवस्थिते॥ क्रमेण क्षीयमाणेषु कल्पवृक्षेषु भूरिषु। क्षेत्रे कुलकरोत्पत्तिं शृणु श्रेणिक साम्प्रतम्॥ ह. पु. ७, १२२-२३. २ ह. पु. ७, १६६-६७.

एकदैकं रसं वर्णं गन्ध-स्पर्शावबाधकौ । दधन् स वर्तते ऽभेद्यः शब्दहेतुरशब्दकः ॥ ह. पु. ७-३३
आदि-मध्यान्तनिर्मुक्तं निर्विभागमतीन्द्रियम् । मूर्त्तमप्यप्रदेशं च परमाणुं प्रचक्षते ॥ ह. पु.७-३२
वर्ण-गन्ध-रस-स्पर्शैः पूरणं गलनं च यत् । कुर्वन्ति स्कन्धवत्तस्मात् पुद्गलाः परमाणवः ॥ ७-३६

× × ×

तं चिय पंचसयाइं अवसप्पिणिपढमभरहचक्किस्स । अंगुल एक्कं चेव य तं तु पमाणंगुलं णाम ॥
जस्सिं जस्सिं काले भरहेरावदमहीसु जे मणुआ । तस्सिं तस्सिं ताणं अंगुलमादंगुलं णाम ॥
ति. प. १, १०८-१०९

प्रमाणांगुलमेकं स्यात् तत् पंचशतसंगुणम् । प्रथमस्यावसर्पिण्यामंगुलं चक्रवर्तिनः ॥ ह. ७-४२
स्वे स्वे काले मनुष्याणामंगुलं स्वांगुलं मतम् । मीयते तेन तच्छत्र-भृंगार-नगरादिकम् ॥ ह. ७-४४

× × ×

पास-रस-गंध-वण्णव्वदिरित्तो अगुरुलहुगसंजुत्तो । वत्तणलक्खणकलियं कालसरूवं इमं होदि ॥
[कालस्स दो वियप्पा मुक्खामुक्खा हुवंति एदेसुं । मुक्खाधारवलेणं अमुक्खकालो पयट्टेदि ॥]
जीवाण पुग्गलाणं हुवंति परियट्टणाइ विविहाइं । एदाणं पज्जाया वट्टंते मुक्खकालआधारे ॥
सव्वाण पयत्थाणं णियमा परिणामपहुदिवित्तीओ । बहिरंतरंगहेदुहि सव्वब्भेदेसु वट्टंति ॥
बाहिरहेदू कहिदो णिच्छयकालो त्ति सव्वदरिसीहिं । अब्भंतरं णिमित्तं णिय-णियदव्वेसु चेट्ठेदि ॥
कालस्स भिण्णभिण्णा अण्णुण्णपवेसणेण परिहीणा । पुह पुह लोयायासे चेट्ठंते संचएण विणा ॥
ति. प. ४, २७८-२८३.

वर्ण-गन्ध-रस-स्पर्शमुक्तोऽगौरवालाघवः । वर्तनालक्षणः कालो मुख्यो गौणश्च स द्विधा । ह. ७-१.
जीवानां पुद्गलानां च परिवृत्तिरनेकधा । गौणकालप्रवृत्तिश्च मुख्यकालनिबन्धना ॥ ह. ७-४.
सर्वेषामेव भावानां परिणामादिवृत्तयः । स्वान्तर्बहिर्निमित्तेभ्यः प्रवर्त्तन्ते समन्ततः ॥ ह. ७-५.
निमित्तमान्तरं तत्र योग्यता वस्तुनि स्थिता । बहिर्निश्चयकालस्तु निश्चितस्तत्त्वदर्शिभिः ॥ ७-६
अन्योन्यानुप्रवेशेन विना कालाणवः पृथक् । लोकाकाशमशेषं तु व्याप्य तिष्ठन्ति संचिताः
[तिष्ठन्त्यसंचिताः] ॥ ह. ७-७.

× × ×

णिरएसु णत्थि सोक्खं णिमेसमेत्तं पि णारयाण सदा । दुक्खाइं दारुणाइं वट्टंते पच्चमाणाणं ॥
ति. प. २-३५२.
अक्ष्णोर्निमीलनं यावन्नास्ति सौख्यं च जातुचित् । नरके पच्यमानानां नारकाणामहर्निशम् ॥
ह. ४-३६८

× × ×

विप्फुरिदपंचवण्णा सहावमउवा य मधुररसजुत्ता। चउरंगुलपरिमाणा तण त्ति जाएदि सुरहिगंधड्ढा॥
ति. प. ४-३२२

पंचवर्ण-सुखस्पर्श-सुगन्ध-रस-शब्दकैः। संछन्ना राजते क्षोणी तृणैश्च चतुरंगुलैः॥ ह. ७-७७.

× × ×

गीदरवेसुं सोत्तं रूवे चक्खू सुसोरभे घाणं। जीहा विविहरसेसुं पासे पासिंदियं रमइ॥
इय अण्णोण्णासत्ता ते जुगला वर णिरंतरे भोगे। सुलभे वि ण संतित्तिं इंदियविसएसु पावंति॥
ति. प. ४, ३५५-३५६.

श्रोत्रं गीतरवे रूपे चक्षुर्घ्राणं सुसौरभे। जिह्वा मुख [सुख] रसास्वादे सुस्पर्शे स्पर्शनं तनोः॥
अन्योन्यस्य तदासक्तं दंपतीनां निरंतरम्। स्तोकमपि न संतृप्तं मनोऽधिष्ठितमिन्द्रियम्॥
ह. पु. ७, ९७-९८.

× × ×

णभगजघंटणिभाणिं चंदाइच्चाण मंडलाणि तदा। आसाढपुण्णिमाए दट्ठूणं भोगभूमिजा सव्वे॥
आकंसियमदिघोरं उप्पादं जादमेदमिदि मत्ता। पज्जाउला पकंपं पत्ता पवणेण पहदरुक्खो व्व॥
ति. प ४, ४२३-४२४.

तस्य काले प्रजा दृष्ट्वा पौर्णमास्यां सहैव खे। आकाशगजघंटाभे द्वे चन्द्रादित्यमण्डले॥
आकस्मिकभयोद्विग्नाः स्वमहोत्पातशंकिताः। प्रजाः संभूय पपृच्छुस्तं प्रभुं शरणागताः॥ ७,१२६-२७

× × ×

उववणवाविजलेणं सित्ता पेच्छंति एक्कभवजाइं। तस्स णिरिक्खणमेत्ते सत्तभवातीद-भाविजादीओ॥
ति. प. ४-८०८.

नन्दा भद्रा जया पूर्णेत्यभिख्याभिः क्रमोदिताः। यज्जलाभ्युक्षिता पूर्वां जातिं जानन्ति जन्तवः॥
ताः पवित्रजलापूर्णसर्वपाप-रुजाहराः। परापरभवा सप्त दृश्यन्ते यासु पश्यताम्॥ ह. ५७, ७३-७४.

× × ×

पण्णरसेसु जिणिंदा णिरंतरं दोसु सुण्णया तत्तो।
तीसु जिणा दो सुण्णा इगि जिण दो सुण्ण एक्कजिणो॥ ति. प. ४-१२८८.

दो सुण्णा एक्कजिणो इगि सुण्णो इगि जिणो य इगि सुण्णो।
दोण्णि जिणा इदि कोट्ठा णिद्दिट्ठा तित्थकत्ताणं॥ ति. प. ४-१२८९.

दोकोट्ठेसुं चक्की सुण्णं तेरससु चक्किणो छक्के ।
सुण्ण तिय चक्कि सुण्णं चक्की दो सुण्ण चक्कि सुण्णो य ॥ ति. प. ४-१२९०

चक्की दो सुण्णाइं छक्खंडवईण चक्कवट्टीणं ।
एदे कोट्ठा कमसो संदिट्ठी एक्क दो अंका ॥ ति. प. ४-१२९१.

दस सुण्ण पंच केसव छस्सुण्णा केसि सुण्ण केसीओ ।
तियसुण्णमेक्ककेसी दो सुण्णं एक्क केसि तिय सुण्णं ॥ ति. प ४-१४१७.

वृषभाद्या धर्मपर्यन्ता जिनाः पंचदश क्रमात् । निरन्तरास्ततः शून्ये त्रिजिनाश्शून्ययोर्द्वयम् ॥
जिने [जिनो] शून्यद्वयं तस्माज्जिनः शून्यद्वयं पुनः ।
जिने [जिनो] शून्यं जिनः शून्यं द्वौ जिनेन्द्रौ निरन्तरौ ॥
चक्रिणौ भरताद्यौ द्वौ तौ शून्यानि त्रयोदश । षट् चक्रिणस्त्रिशून्यानि चक्री शून्यं च चक्रभृत् ॥
ततः शून्यद्वयं चक्री शून्यं चक्रधरस्ततः । शून्ययोर्द्वितयं तस्मादिति चक्रधरक्रमः ॥
शून्यानि दश पंचातस्त्रिपृष्ठाद्यास्तु केशवाः । शून्यषट्कं ततश्चैकः केशवो व्योम-केशवः [वाः] ॥
त्रिशून्यं केशवश्चैकः शून्यद्वितयमप्यतः । केशवस्त्रीणि शून्यानि केशवानामयं क्रमः ॥
ह. पु. ६०, ३२४-३२९.

× × ×

अणिदाणगदा सव्वे बलदेवा केसवा णिदाणगदा । उड्ढगामी सव्वे बलदेवा केसवा अधोगामी ॥
ति. प. ४-१४३६.

ऊर्ध्वगा बलदेवास्ते निर्निदाना भवान्तरे । अधोगा सनिदानास्तु केशवाः प्रतिशत्रवः ॥
ह. पु. ६०-२९३.

× × ×

एदम्मि तमिस्से जे विहरंते अप्परिद्धिया देवा । दिग्मूढा वच्चंते माहप्पेण महद्धियसुराणं ॥
ति. प. ८-६१३.

अस्मिन्नल्पर्द्धयो देवा दिग्मूढाश्चिरमासते । महर्द्धिकसुरैः सार्द्धं कुर्युस्तद्वार्धिलंघनम् ॥
ह. पु. ५-६८५.

× × ×

तिलोयपण्णत्ति और हरिवंशपुराणका विषयसाम्य

विषय	ति. प.	ह. पु.
राजुविभाग	१, १५४-१६२	४, १२-१६
प्रथमादिक राजुकी समाप्तिपर लोकविस्तार	,, १७६-७८, १९३-९७	,, १७-२८
वातवलय	,, २६७-२७३	,, ३३-४२
रत्नप्रभादि ७ पृथिवियां	,, १५२-१५३	,, ४३-४६
खर-पंकभागादि विभाग	२, ९-२३	,, ४७-५८
भवनवासी १०	३, ९	,, ६३-६४
असुरकुमारादिकोंकी आयु	,, १४४-१४५	,, ६६-६७
असुरकुमारादिकोंकी उंचाई	,, १७६	,, ६८
नरकसंख्या	२, २६-२८	,, ७१-७४
प्रस्तारसंख्या	,, ३७	,, ७५
४९ इन्द्रकोंके नाम	,, ४०-४५	,, ७६-८५
इन्द्रक, श्रेणिबद्ध व प्रकीर्णक बिलोंकी संख्या	,, ५५-९४	,, ८६-१५०
सीमन्तक आदिक प्रथम श्रेणिबद्धोंके नाम	,, ४७-५३	,, १५१-१५८
संख्यात व असंख्यात योजन विस्तृत बिलोंकी संख्या	,, ९५-९९	,, १६०-१७०
सीमन्तकादि इन्द्रक बिलोंका विस्तार	,, १०५-१५६	,, १७१-२१७
इन्द्रकादिक बिलोंका बाहल्य	,, १५७-१५८	,, २१८-२२४
इन्द्रकादिकोंका अन्तराल	,, १५९-१९४	,, २२५-२४८
नारक बिलोंके अनुसार आयुका प्रमाण	,, २०२-२१५	,, २४९-२९४
उत्सेध	,, २१६-२७०	,, २९५-३३९
अवधिविषय	,, २७१	,, ३४०-३४१
मृत्तिकागन्ध	,, ३४६	,, ३४२
लेश्या	,, २८१	,, ३४३-३४५
स्पर्शवेदना	,, २९-३३	,, ३४६
जन्मभूमियां	,, ३०२-३१२	,, ३४७-३५४
समुत्पतन	,, ३१५	,, ३५५-३६२
वेदना	,, ३१६-३५८	,, ३६३-३६९
जन्म-मरणान्तर	,, २८७	,, ३७१-३७२
नरकोंमें उत्पन्न होनेवाले जीव व उत्पत्तिवार	,, २८४-२८६	,, ३७३-३७८
नरकोंसे निर्गमन	,, २८९-२९२	,, ३७९-३८१

६ त्रिलोकसार

यह आचार्यप्रवर श्री नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती द्वारा विरचित लोकानुयोगका एक सुप्रसिद्ध ग्रन्थ है। इसका रचनाकाल शककी दशवीं शताब्दि है। इसमें बहुतसी प्राचीन गाथायें ग्रन्थके अंग रूपमें सम्मिलित करली गई हैं। परन्तु उनके निर्माताओंका नामोल्लेख आदि कुछ भी नहीं पाया जाता है। इसमें लोकसामान्य, भावनलोक, व्यन्तरलोक, ज्योतिर्लोक, वैमानिकलोक और नर तिर्यग्लोक, ये छह अधिकार हैं। इसकी समस्त गाथासंख्या १०१८ है। यद्यपि ग्रन्थकारने इसमें उपर्युक्त ६ अधिकारोंका निर्देश नहीं किया है तथापि प्रारम्भमें "भवण-वेंतर-जोइस-विमाण-णरतिरियलोयजिणभवणे। सव्वामरिंद-णरवइसंपूजियथवंदिए वंदे ॥२॥" इस मंगलगाथा द्वारा द्वितीयादि अधिकारोंकी सूचना कर दी है। इसी प्रकार इन भावनलोकादि अधिकारोंके प्रारम्भमें प्रथम गाथाके द्वारा वहां वहांके जिनभवनोंको नमस्कार किया गया है।

जिस प्रकार तिलोयपण्णत्तिमें तीनो लोकोंका विस्तृत वर्णन किया गया है उसी प्रकार इसमें भी प्रायः उन सभी विषयोंका विवेचन पाया जाता है। विशेषता यह कि जहां तिलोयपण्णत्तिमें गणितसूत्रों द्वारा कई स्थानोंमें विस्तारादिके सिद्ध हो जानेपर भी उन्हीं स्थानोंमें पुनः पृथक् पृथक् सिद्धांकों द्वारा प्ररूपणा की है, वहां इस ग्रन्थमें केवल करणसूत्रों द्वारा ही काम निकाला है। जैसे ४९ नरकप्रस्तारोंका विस्तार (देखिये ति. प. गा. २, १०५-१५६ और त्रि. सा. गा. १६९)।

१ **लोकसामान्य** अधिकारमें पहले संख्याप्ररूपणामें संख्यात, असंख्यात व अनन्त संख्याओं[1] तथा सर्वधारा आदि १४ धाराओंकी प्ररूपणा करके फिर पल्य, सागर व सूच्यंगुल आदि आठ प्रकारके उपमामानका स्वरूप बतलाया गया है[2]। आगे चलकर अधोलोकस्थ रत्नप्रभादि सात पृथिवियोंमें स्थित नारकबिल, नारकियोंके उत्पादस्थान, विक्रिया, वेदना, आयु, उत्सेध, अवधिविषय और गति-आगतिकी प्ररूपणा है। यह नारकप्ररूपणा तिलोयपण्णत्तिमें नारकलोक नामक द्वितीय अधिकारमें की गई है।

यहां तिलोयपण्णत्तिसे निम्न कुछ विशेषतायें भी हैं—

(१) तिलोयपण्णत्ति महाधिकार १, गा. २१५ से २३४ [यहां पाठ कुछ स्खलित हो गया प्रतीत होता है] तक सामान्यलोक, आगे गा. २४९ तक अधोलोक और इसके

---

१ इनकी प्ररूपणा ति. प. में पृ. १७८-१८२ पर एक गद्यभाग द्वारा की गई है। २ ति. प. १,९३-११२.

आगे गा. २६६ तक ऊर्ध्वलोक, इन तीनोंमेंसे प्रत्येकके निम्न आठ आठ भेद बतलाये हैं— १ सामान्य, २-३ दो चतुरस्र, ४ यवमुरज, ५ यवमध्य, ६ मन्दर, ७ दूष्य, और ८ गिरिकटक। परन्तु यहां त्रिलोकसारमें गा. ११५-११७ द्वारा केवल अधोलोकके ही उपर्युक्त आठ भेद बतलाये गये हैं। गा. ११८-१२० में ऊर्ध्वलोकके निम्न पांच भेद बतलाये हैं जो तिलोयपण्णत्तिसे भिन्न हैं— १ सामान्य, २ प्रत्येक, ३ अर्ध, ४ स्तम्भ और ५ पिनष्टि।

(२) तिलोयपण्णत्तिमें त्रसनालीकी ऊंचाई तेरह राजुसे कुछ (३२१६२२४१$\frac{२}{३}$ धनुष) कम बतलाई गई है[1]। परन्तु यहां उसे पूर्ण चौदह राजु ऊंची ही बतलाया है। जैसे—

लोयबहुमज्झदेसे रुक्खे सार व्व रज्जुपदरजुदा।
चोद्दसरज्जुत्तुंगा तसणाली होदि गुणणामा ॥ त्रि. सा. १४३.

(३) तिलोयपण्णत्ति (२,३४७–४९) में जिन १५ असुरकुमार जातिके देवोंके नामोंका निर्देश किया है वे यहां नहीं पाये जाते। यहां केवल गा. १९७ में असुरकृत वेदनाका ही सामान्यतया उल्लेख किया गया है।

(४) तिलोयपण्णत्ति (२,२९२) में सातवीं पृथिवीसे निकलकर तिर्यंचोंमें उत्पन्न होनेवाले जीवोंके सम्यग्दर्शनप्राप्तिकी योग्यता बतलाई गई है। परन्तु यहां उसका 'मिस्सतियं णत्थि णियमेण' (गा. २०४) द्वारा स्पष्टतया निषेध किया गया है। इत्यादि। गाथाओंकी समानता—

लोगो अकिट्टिमो खलु अणाइ-णिहणो सहावणिव्वत्तो। जीवाजीवेहि फुडो सव्वागासवयवो णिच्चो ॥
धम्माधम्मागासा गदिरागदि जीव-पोग्गलाणं च। जावत्तावल्लोगो आयासमदो परमणंतं ॥
उब्भियदेलेक्कमुरवद्धयसंचयसण्णिहो हवे लोगो। अद्धुदयो मुरवसमो चोद्दसरज्जूदओ सव्वो ॥
त्रि. सा. ४–६.

आदि-णिहणेण हीणो पगदिसरूवेण एस संजादो। जीवाजीवसमिद्धो सव्वण्हावलोइओ लोओ ॥
धम्माधम्मणिबद्धा गदिरागदि जीव-पोग्गलाणं च। जेत्तियमेत्तायासे लोयायासो स णादव्वो ॥
हेट्ठिमलोयायारो वेत्तासणसण्णिहो सहावेण। मज्झिमलोयायारो उब्भियमुरअद्धसारिच्छो ॥
ति. प. १ गा. १३३, १३४, १३७.

ये गाथायें मूलाचार (द्वादशानुप्रेक्षाधिकार गा. २२-२४) में भी पायी जाती हैं।

---

१ ति. प. २-८.

अच्छिणिमीलणमेत्तं णत्थि सुहं दुक्खमेव अणुबद्धं । णिरए णेरइयाणं अहोणिसं पच्चमाणाणं ॥

त्रि. सा. २०७.

णिरएसु णत्थि सोक्खं णिमेसमेत्तं पि णारयाण सदा । दुक्खाइं दारुणाइं वट्टंते पच्चमाणाणं ॥

ति. प. २-३५२

२ भावनलोक अधिकारमें भवनवासी देवोंके भेद, इन्द्र, मुकुटचिह्न, चैत्यवृक्ष, भवन, सामानिक आदि परिवारदेव, देवीसंख्या, आयुप्रमाण, उच्छ्वास और आहार, इन सब विषयोंकी प्ररूपणा तिलोयपण्णत्तिके ही समान की गई है । गाथाओंकी समानता—

असुरा णाग-सुवण्णा दीवोदहि-विज्जु-थणिद-दिस-अग्गी ।
वादकुमारा पढमे चमरो वइरोइणो इंदो ॥ त्रि. सा. २०९.
असुरा णाग सुवण्णा दीओवहि-थणिद-विज्जु-दिस-अग्गी ।
वाउकुमारा परया दसभेदा होंति भवणसुरा ॥ ति. प. ३-९.

× × ×

चूडामणि-फणि-गरुडं गज मयरं वड्ढमाणगं वज्जं ।
हरि-कलसस्सं चिण्हं मउले चेत्ततुमाह धया ॥ त्रि. सा. २१३.
चूडामणि-अहि-गरुडा करि-मयरा वड्ढमाण-वज्ज-हरी ।
कलसो तुरवो मउडे कमसो चिण्हाणि एदाणिं ॥ ति. प. ३–१०.

× × ×

अस्सत्थ-सत्त-सामलि-जंबू-वेतस-कदंबक-पियंगू । सिरिसं पलासरायहुमा य असुरादिचेत्ततरू ॥
चेत्ततरूणं मूले पत्तेयं पडिदिसम्हि पंचेव । पलियंकठिया पडिमा सुरच्चिया ताणि वंदामि ॥

त्रि. सा. २१४–१५

अस्सत्थ-सत्तवण्णा संमल-जंबू य वेतस-कडंबा । तह पीयंगू सिरसा पलासरायहुमा कमसो ॥
चेत्तदुमामूलेसुं पत्तेक्कं चउदिसासु चेट्ठंते । पंच जिणिंदप्पडिमा पलियंकठिदी परमरम्मा ॥

ति. प. ३,१३६–३७

× × ×

पदमेत्ते गुणयारे अण्णोण्णं गुणिय रूवपरिहीणे । रूऊणगुणेणहिए मुहेण गुणियम्मि गुणगणियं ॥

त्रि. सा. २३१.

गच्छसमे गुणयारे परप्परं गुणिय रूवपरिहीणे । एक्कोणगुणविहत्ते गुणिदे वयणेण गुणगणिदं ॥

ति. प. ३–८०.

× × ×

असुरस्स महिस-तुरग-रथेभ-पदाती कमेण गंधव्वा। णिच्चाणीय महत्तर महत्तरी छक्क एक्का य ॥
णावा गरुडिभ-मयरं करभं खग्गी मिगारि-सिबिगस्सं। पढमाणीयं सेसे सेसाणीया हु पुव्वं व ॥
त्रि. सा. २३२-३३.

असुरम्मि महिस-तुरगा रह-करिणो तह पदाति गंधव्वो। णच्चणया एदाणं महत्तरा छ महत्तरी एक्का ॥
णावा गरुड-गइंदा मयरट्ठा खग्गि-सीह-सिबिकस्सा। णागादीणं पढमाणीया बिदियाय असुरं वा ॥
ति. प. ३, ७८-७९.

३ व्यन्तरलोक अधिकारमें व्यन्तर देवोंके भेद, उनका शरीरवर्ण, चैत्यवृक्ष, व्यन्तरोंके अवान्तरभेद, इन्द्रनाम, गणिकामहत्तरी, सामानिक आदि परिवारदेव, निवासद्वीप, प्रासाद, आयु और भवनपुरादि विभागका उसी प्रकार वर्णन पाया जाता है जैसा कि तिलोयपण्णत्तिके छठे अधिकारमें किया गया है।

४ ज्योतिर्लोक अधिकारमें पहिले ज्योतिषी देवोंके पांच भेदोंका निर्देश करके उनके संचारादिके प्ररूपणार्थ आदि व अन्तके सोलह-सोलह दीपोंके नामोंका उल्लेख कर उनकी समस्त संख्याका प्रमाण बतलाया गया है। तत्पश्चात् जम्बूद्वीपादिकका विस्तार, उनकी आदिम मध्यम व बाह्य सूचियां, परिधि, बादर व सूक्ष्म क्षेत्रफल, जम्बूद्वीपप्रमाण खण्ड, लवणसमुद्रादिका जलस्वाद, उनमें जलचर जीवोंकी सम्भावना, मानुषोत्तर व स्वयम्प्रभादि पर्वत, अवगाहना और पृथिवी आदिक जीवोंका आयुप्रमाण, इन सबका कथन किया है[1]।

आगे ज्योतिषी देवोंका जो अवस्थान (निवासक्षेत्र) बतलाया है वह तिलोयपण्णत्तिके ही समान है[2]। इसके लिये यहां जो निम्न गाथा दी गई है वह किसी प्राचीनतम ग्रन्थकी प्रतीत होती है—

णउदुत्तरसत्तसए दस सीदी चदुदुगे तियचउक्के।
तारिण-ससि-रिक्ख-बुहा सुक्क-गुरुंगार-मंदगदी ॥३२॥

यह गाथा कुछ शब्दभेदके साथ सर्वार्थसिद्धि (४-१२) में 'उक्तं च' करके उद्धृत की गई है। यहां मात्र शब्दभेद ही है, अर्थभेद नहीं हुआ। परन्तु तत्त्वार्थ-राजवार्तिकमें[3] वही गाथा ऐसे पाठभेदोंके साथ उद्धृत की गई है कि जिससे वहां नक्षत्र, बुध,

१ इन सब विषयोंकी प्ररूपणा तिलोयपण्णत्तिके तिर्यग्लोक नामक पांचवें अधिकारमें विस्तारपूर्वक की गई है। २ ति. प. म. ७ गा. ३६, ६५, ८३, ८९, ९३, ९६, ९९, १०४.
२ णवदुत्तरसत्तसया दस सीदिच्चदुतिगं च दुगचदुक्क। तारा-रवि-ससि-रिक्खा बुह-भग्गव-गुरु-अंगिरार-सणी ॥
त. रा. ४, १२. १०.

शुक्र, बृहस्पति, मंगल और शनिके अवस्थानमें भी भेद हो गया है।

इसी अधिकारमें आगे ज्योतिष विमानोंका विस्तार, चन्द्रमण्डलकी हानि-वृद्धि, अढ़ाई द्वीपके चन्द्र-सूर्यादिकोंकी संख्या, अढ़ाई द्वीपके बाहिर चन्द्र-सूर्यादिका अवस्थान, असंख्यात द्वीप-समुद्रोंके ऊपर स्थित चन्द्र-सूर्यादिकोंकी संख्या, अठासी ग्रहोंके नाम, चारक्षेत्र, दिन-रात्रिका प्रमाण, ताप व तमका प्रमाण, चन्द्र सूर्यादिकोंके गगनखण्ड, अधिक मास, दक्षिण-उत्तर अयनका प्रारम्भ व आवृत्तियां, नक्षत्र तिथि एवं पर्वके निकालनेकी रीति, समान दिनरात्रि स्वरूप विषुप, नक्षत्रोंके नामादिक तथा चन्द्र-सूर्यादिकोंके आयुप्रमाणादिकी प्ररूपणा की गई है। गाथाओंकी समानता—

लवणादीणं वासं दुग-तिग-चदुसंगुणं तिलक्खूणं।
आदिम-मज्झिम-बाहिरसूइ त्ति भणंति आइरिया ॥ त्रि सा. ३१०

लवणादीणं रुंदं दु-ति-चउगुणिदं कमा तिलक्खूणं।
आदिम-मज्झिम-बाहिरसूईणं होदि परिमाणं ॥ ति. प. ५-३४.

गाथा ४३३ ति. प. के सातवें अधिकारमें (१०१) ज्योंकी त्यों पायी जाती है।

५ वैमानिकलोक अधिकारमें प्रथमतः सोलह और फिर इन्द्रोंकी अपेक्षा बारह कल्पोंके नामोंका निर्देश किया गया है। तत्पश्चात् कल्पातीत विमानोंका उल्लेख, सौधर्मादिकोंमें विमानोंकी संख्या, इन्द्रकोंका प्रमाण, नाम व विस्तार; श्रेणिबद्ध विमानोंका अवस्थान, दक्षिण उत्तर इन्द्रोंका निवास, मुकुटचिह्न, नगर प्रासादिकोंका रचनाक्रम, सामानिक देवादिकोंकी संख्या, अग्रदेवियोंके नाम, कल्पस्त्रियोंका उत्पत्तिस्थान, प्रवीचार, विक्रिया, अवधिविषय, जन्म-मरणान्तर, इन्द्रादिकोंका उत्कृष्ट विरह, आयुप्रमाण, लौकान्तिक देवोंका स्वरूप, कल्पस्त्रियोंका आयुप्रमाण, उत्सेध, उच्छ्वास व आहारग्रहणका काल, गत्यागति, उत्पत्तिप्रकार, ईषत्प्राग्भार नामक आठवीं पृथिवीका स्वरूप, सिद्धोंका क्षेत्र और उनका सुख, इत्यादि प्ररूपणा तिलोयपण्णत्तिके आठवें महाधिकारमें की गई प्ररूपणाके ही समान यहां भी पायी जाती है। सिद्धोंकी प्ररूपणा तिलोयपण्णत्तिके नौवें महाधिकारमें की गई है। यहां कुछ उल्लेखनीय विशेषतायें ये हैं—

(१) ति. प. (८, ८३-८४) में बतलाया है कि ऋतु इन्द्रककी चारों दिशाओंमें ६२-६२ श्रेणिबद्ध विमान हैं। आगे आदित्य इन्द्रक पर्यन्त वे एक एक कम (६१-६० इत्यादि) होते गये हैं। वहीं दूसरे मतसे ६२ के स्थानमें ६३ श्रेणिबद्ध विमान भी बतलाये हैं। इस मतके अनुसार सर्वार्थसिद्धि इन्द्रकके चारों ओर भी श्रेणिबद्ध विमानोंकी स्थिति स्वीकार की गई है। यहां त्रिलोकसारमें ६२ वाला मत (गा. ४७३) स्वीकार किया गया है।

(२) ति. प. (८, ३३२–३५०) में सौधर्मादिक इन्द्रोंका अवस्थान पृथक् पृथक् बतला देनेके पश्चात् इसी अर्थको समुदित रूपमें बतलानेके लिये जो 'छज्जुगलसेसएसुं....' इत्यादि गाथा (३५१) दी गई है वह यहां त्रिलोकसारमें (४८३) भी थोड़ेसे पाठभेदके साथ पायी जाती है ।

(३) ति. प. (८–४०१) में स्तम्भोंके ऊपर और नीचे २५–२५ कोश छोड़कर जो करण्डकोंका अवस्थान बतलाया है, यहां (५२१) उसे क्रमशः २५ और २१ कोश छोड़कर बतलाया है ।

(४) तिलोयपण्णत्ति (म. ८, १९५–२६) में जो विजयादिकके अवस्थानमें दिशाभेद बतलाया है उसमें यहां (५२७) द्वितीय मत स्वीकार किया गया प्रतीत होता है ।

(५) ति. प. (८–५११) में आचार्यान्तरके मतसे सर्वार्थसिद्धिमें पल्यके असंख्यात भागसे हीन तेतीस सागरोपम प्रमाण जघन्य आयु भी बतलाई है । परन्तु यहां (५३२) जघन्य आयुका कुछ स्पष्ट उल्लेख नहीं पाया जाता ।

(६) ति. प. (८,५४४–४६) में कल्पवासी देवोंका उत्कृष्ट विरहकाल बतला कर फिर भी मतान्तरसे अन्य प्रकार बतलाते हुए जो गा. ५४९ दी गई है वह गाथा यहां (५२९) भी पायी जाती है । यहां इसी मत को अपनाया गया है ।

(७) ति. प. (८,५२५–२६) में पहले बारह कल्पोंकी विवक्षासे देवियोंकी आयुका प्रमाण बतला कर फिर गा. ५२७–२९ में, जो सोलह कल्पोंको स्वीकार करते हैं, उनके उपदेशानुसार भी उक्त आयुका प्रमाण बतलाया है । तत्पश्चात् गा. ५३० में 'लोकायनी' के अनुसार तथा गा. ५३१–३२ में मूलाचारके अनुसार भी उन देवियोंकी आयुका प्रमाण बतलाया है जो पल्योंमें निम्न प्रकार है—

सौ.	ई.	स.	मा.	ब्र.	ब्रह्मो.	लां.	का.	शु.	म.	श.	स.	आ.	प्रा	आरण	अ.
५	७	९	११	१३	...	१७	...	...	२३	...	२७	३४	४१	४८	५५
५	७	९	११	१३	१५	१७	१९	२१	२३	२५	२७	३४	४१	४८	५५
५	७	९	११	१३	१५	१७	१९	२१	२३	२५	२७	२९	३१	३३	३५
५		१७		२५		३५		४०		४५		५०		५५	

यहां त्रिलोकसारमें (५४२) द्वितीय मतको स्वीकार कर उसके अनुसार देवियोंकी आयुका प्रमाण बतलाया गया है ।

समानताके लिये निम्न गाथाओंका मिलान कीजिये —

त्रिलोकसार	४५९	४६३	४७१	४७४	४७५	४८३	५२८	५२९
तिलोयपण्णत्ति	८-१४९	८-११	१-१६३	८-१०१	८-१६८	८-३५१	६८७	५४९

६ नर-तिर्यग्लोक यह अधिकार तिलोयपण्णत्तिमें मानुषलोक (४) और तिर्यग्लोक (५) इन दो स्वतन्त्र महाधिकारोंमें विभक्त पाया जाता है। इस अधिकारमें पहिले जम्बूद्वीपस्थ भरतादिक क्षेत्रों, हिमवदादि पर्वतों, पद्मादिक हृदों व उनसे निकलनेवाली गंगादिक नदियों, तथा मेरु पर्वत व भद्रशालादि वनोंका विस्तारादि बतलाया गया है। आगे जम्बू वृक्ष व शाल्मली वृक्ष और उनके परिवार वृक्षोंका उल्लेख करके क्षेत्रानुसार भोगभूमि और कर्मभूमियोंका विभाग बतलाया है। तत्पश्चात् यमकगिरि, ह्रदपंचक, कांचन शैल, दिग्गज पर्वत, गजदन्त पर्वत, वक्षार पर्वत व विभंग नदियां, इनके नामादिकका निर्देश करके ग्राम-नगरादिकका स्वरूप बतलाया गया है। फिर विदेह क्षेत्रमें वर्षा आदिका स्वरूप दिखाकर पांच मेरु सम्बन्धी तीर्थंकर व चक्रवर्ती आदिकोंकी जघन्य-उत्कृष्ट संख्या निर्दिष्ट की है। इससे आगे चक्रवर्तीकी सम्पदाका उल्लेख करके राजा-अधिराजा आदिके लक्षण बतलाते हुए ३२ विदेहों, विजयार्धगिरिस्थ ११० विद्याधरनगरियों, विदेहक्षेत्रस्थ ३२ नगरियों तथा हिमवदादि पर्वतोंके ऊपर स्थित कूटोंके नामोंका निर्देश किया है। आगे चलकर अनेक करणसूत्रों द्वारा चाप, बाण, वृत्तविष्कम्भ तथा स्थूल व सूक्ष्म क्षेत्रफल निकाल कर निर्दिष्ट किया गया है।

तत्पश्चात् भरत व ऐरावत क्षेत्रोंमें प्रवर्तमान सुषम-सुषमादिक छह कालोंका प्रमाण और उनमें होनेवाले प्राणियोंकी आयु व उत्सेध आदिका प्रमाण बतलाते हुए प्रथमतः भोगभूमियोंकी प्ररूपणा की है। फिर चतुर्थ कालमें होनेवाले ६३ शलाकापुरुष (२४ तीर्थंकर, १२ चक्रवर्ती और ९-९ बलदेव नारायण व प्रतिनारायण), ९ नारद और ११ रुद्रोंकी प्ररूपणा करके शक राजाकी उत्पत्ति एवं कल्किका कार्य बतलाया गया है। इसके आगे उत्सर्पिणी कालके प्रवेश-क्रमको दिखलाकर भरतादिक क्षेत्रोंमें सदा अवस्थित रहनेवाले कालोंका तथा द्वीप-समुद्रोंके मध्यमें स्थित प्राकार एवं वेदिकादिकोंका वर्णन करते हुए जम्बूद्वीपकी प्ररूपणा समाप्त की गई है।

आगे चलकर लवणसमुद्र व उसमें स्थित अन्तरद्वीपोंका निरूपण करते हुए धातकी व पुष्कर द्वीपों; मानुषोत्तर, कुण्डल एवं रुचक पर्वतों और उनके ऊपर स्थित कूटों, नन्दीश्वर द्वीप तथा अकृत्रिम जिनभवनोंकी प्ररूपणा की गई है। इस प्रकार इस अधिकारके पूर्ण होनेपर उक्त ग्रन्थ समाप्त होता है।

यहां हिमवान् पर्वतके ऊपरसे जिस जिह्विका नालीके द्वारा गंगा नीचे गिरी है उसका स्वरूप इस प्रकार बतलाया है—

केसरिमुह-सुदि-जिब्भा-दिट्ठी भू-सीसपहुदिगोसरिसा ।
तेणिह पणालिया सा वसहायारे त्ति णिद्दिट्ठा ॥ त्रि. सा. ५८५.

अर्थात् वह नाली मुख, कान, जिह्वा और नेत्र इनसे सिंहके आकार तथा भ्रू और शिर आदिसे गायके सदृश है, अत एव वह वृषभाकार कही गई है ।

इस प्रकार उस नालीका यह स्वरूप कुछ अटपटासा हो गया है, क्योंकि, उसका आकार न तो सिंहके समान ही रह सका है और न गायके ही समान । हम जब तिलोयपण्णत्तिमें इस प्रकरणको देखते हैं तो वहां हमें यह गाथा उपलब्ध होती है—

सिंग-मुह-कण्ण-जिंहा-लोयण-भूआदिएहि गोसारिसो ।
वसहो त्ति तेण भण्णइ रयणामरजीहिया तत्थ ॥ ति. प. ४–२१५.

इसमें उक्त नालीका स्वरूप पूर्ण रूपेण गायके आकार ही बतलाया गया है । यह गाथा सम्भवतः त्रिलोकसारकर्ताके सामने रही है । परन्तु उसका 'सिंग' पद अपने रूपमें न रहकर सिंघ या सिंह पदके रूपमें भ्रष्ट होकर रहा है । इसीके द्वारा भ्रान्ति हो जानेसे उन्होंने 'सिंह' के पर्यायवाची 'केसरी' शब्दका प्रयोग उपर्युक्त गाथामें कर दिया है ।

इस विषयको तत्त्वार्थराजवार्तिकमें देखनेपर वहां गंगाकुण्डादिका निर्देश तो मिलता है, परन्तु उक्त नालीका निर्देश वहां किसी प्रकार भी देखनेमें नहीं आता । (देखिये त. रा. अध्याय ३ सूत्र २२)

हरिवंशपुराण[1] और वर्तमान लोकविभागमें[2] उसे वृषभाकार ही बतलाया है, न कि कुछ अवयवोंसे सिंहाकार भी। जंबूद्वीपप्रज्ञप्तिमें[3] उसे स्पष्टतया सींग एवं मुखादिक सब अवयवों द्वारा वृषभाकार ही कहा है । जिनभद्रगणि-क्षमाश्रमण-विरचित बृहत्क्षेत्रसमासमें[4] उसे

---

१ षड्योजनीं सगव्यूतां विस्तीर्णां वृषभाकृतिं । जिह्विका योजनार्द्धं तु बाहुल्यायामतो गिरौ ॥
तयैव पतिता गंगा गोशृंगाकारधारिणी । श्रीगृहाग्रेऽभवद् भूमौ [illegible] ॥ ह. पु. ५, १४०-४१.

२ सक्रोशषट् च विस्तीर्णा बहला चार्धयोजनम् । जिह्विका वृषभाकारास्त्यायता [illegible] ॥
जिह्विकायां गता गंगा पतन्ती श्रीगृहे शुभे । गोशृंगसंस्थिता भूत्वा पतिता दशविस्तृता ॥ लो. वि. १,९२-९३.

३ सिंग-मुह-कण्ण-जीहा-णयणा-भूआदिएहि गोसरिसा । वसह त्ति तेण णामा णाणामणि-रयणपरिणामा ॥
जं. प. ३-१५१.

४ निवडइ गिरिसिहराओ गंगाकुंडम्मि जिब्भियाए उ । मयरवियट्टाइरसंठियाए वइरामयतलम्मि ॥
बृ. क्षे. १, ११६.

मगरके खुले हुए अधरके आकार निर्दिष्ट किया है ।

यहां त्रिलोकसार गा. ८४२–८४६ में तीर्थंकर, चक्रवर्ती, अर्धचक्री और रुद्रोंका उत्पत्तिकाल बतलानेके लिये जिस संदृष्टिका उपयोग किया है वह तिलोयपण्णत्ति (४, १२८७–९१, १४१७, १४४३) में भी इसी क्रमसे पृथक् पृथक् पायी जाती है । इसके अतिरिक्त वह हरिवंशपुराण (६०, ३२४–३२९) और प्रवचनसारोद्धार (४०६–४०९) में भी इसी क्रमसे उपलब्ध होती है ।

किन्तु जब हम त्रिलोकसारकी गाथा ८५० का तिलोयपण्णत्तिकी गाथा ४, १५०७ आदिसे मिलान करते है तो हमें कल्किके सम्बन्धमें दोनों ग्रन्थोंमें बड़ा मतभेद दिखाई देता है । त्रिलोकसारके अनुसार महावीरनिर्वाणसे एक हजार वर्ष व्यतीत हो जानेपर कल्किका जन्म हुआ और उसने चालीस वर्ष राज्य किया, जब कि तिलोयपण्णत्तिके अनुसार महावीरनिर्वाणसे एक हजार वर्षके भीतर ही कल्किका आयुकाल आ जाता है और उसका राज्यकाल ब्यालीस वर्ष बतलाया गया है ।

अन्य अधिकारोके समान इस अधिकारकी भी कितनी ही गाथायें ज्योंकी त्यों या कुछ परिवर्तनके साथ तिलोयपण्णत्तिमें देखी जाती हैं । उदाहरणार्थ निम्न गाथाओंका मिलान किया जा सकता है—

त्रि. सा.	३१०	५७०	५९०	५९४–५	६८७-९०	९२०	९८८	९८९	१००९	१०१४
ति. प.	२५६१	१६६७	४-२३०	४,२३८-९	२२०६-९	२४८९	१६३९	३-४९	३-४७	३-४५

७ जंबूदीवपण्णत्ति

यह पद्मनन्दिमुनि विरचित एक लोकानुयोग (करणानुयोग) का ग्रन्थ है । इसमें निम्न तेरह उद्देश हैं— १ उपोद्घात, २ भरत-ऐरावत वर्ष, ३ शैल-नदी-भोगभूमि, ४ सुदर्शन (मेरु), ५ मन्दरजिनभवन, ६ देवोत्तरकुरु, ७ कक्षाविजय, ८ पूर्व विदेह, ९ अपर विदेह, १० लवणसमुद्र, ११ द्वीप-सागर, अधः-ऊर्ध्व-सिद्धलोक, १२ ज्योतिर्लोक, और १३ प्रमाणपरिच्छेद । इनकी गाथासंख्या इस प्रकार है— ७४ + २१० + २४५ + २५२ + १२५ + १७८ + १५३ + १९८ + १९७ + १०२ + ३६५ + ११४ + १७६ = २३८९ । इसकी रचनाशैली पूर्णतया तिलोयपण्णत्तिके समान है । यथा—

(१) जिस प्रकार तिलोयपण्णत्तिके प्रारम्भमें प्रथम पांच गाथाओंके द्वारा पांचों परमेष्ठियोंका स्मरण करके पश्चात् छठी गाथाके द्वारा तिलोयपण्णत्तिके कहनेकी प्रतिज्ञा की

गई है[1] उसी प्रकार इसके प्रारम्भमें भी प्रथमतः पांच गाथाओंके द्वारा पांचों परमेष्ठियोंकी वन्दना करके पश्चात् छठी गाथाके द्वारा 'दीव-सायरपण्णत्ति' के कहनेकी प्रतिज्ञा की गई है[2]। भेद केवल इतना हुआ है कि तिलोयपण्णत्तिमें पहले सिद्धोंको नमस्कार करके फिर अरहन्तोंको नमस्कार किया है। किन्तु इसमें पहले अरहन्त और फिर सिद्धोंको नमस्कार किया गया है।

(२) तिलोयपण्णत्तिके समान ही इसमें भी प्रत्येक अधिकार (प्रथम अधिकारको छोड़) के प्रारम्भ व अन्तमें क्रमशः ऋषभादि चौबीस तीर्थंकरोंको नमस्कार किया गया है।

(३) विषयवर्णनपद्धति तो दोनो ग्रन्थोंकी समान है ही, साथ ही इसमें तिलोय-पण्णत्तिकी बीसों गाथायें यत्किंचित् परिवर्तनके साथ प्रायः ज्योंकी त्यों पायी जाती हैं। जैसे—

(क) भरतादिक सात क्षेत्रोंको नरेन्द्रकी उपमा देकर दोनों ग्रन्थोंमें उनका इस प्रकार वर्णन किया गया है—

कप्पतरु-धवलछत्ता वरउववण-चामरेहि चारुधरा । वरकुंड-कुंडलेहिं विचित्तरूवेहिं रमणिज्जा ॥
वरवेदी-कडिसुत्ता बहुरयणुज्जलणगिंद-मउडधरा । सरिजलपवाह-हारा खेत्त-णरिंदा विराजंति ॥
ति. प. ४, ९२-९३.

कप्पतरु-धवलछत्ता उववण-ससिधवलचामराडोवा । बहुकुंड-रयणकंठा वण-कुंडलमंडियागंडा ॥
वेइ-कडिसुत्तसोहा णाणापव्वय-फुरंतवरमउडा । चर [वर] णइजलंतहोए [जलच्छहारा] खेत्त-णरिंदा
विरायंति ॥ जं. दी. २, ३-४.

(ख) हिमवदादिक छह कुलपर्वतोंका वर्णन—

वरदह-सिदादवत्ता सरि-चामरविज्जमाणया परिदो । कप्पतरु-चारुचिंधा वसुमइ-सिंहासणारूढा ॥
वरवेदी-कडिसुत्ता विविहुज्जलरयणकूड-मउडधरा । अंबरणिज्झर-हारा चंचलतरु-कुंडलाभरणा ॥
गोउर-तिरीडरम्मा पायार-सुगंधकुसुमदामरगा । सुरपुर-कंठाभरणा वणराजि-विचित्तवत्थकयसोहा ॥
तोरण-कंकणजुत्ता वज्जपणाली-फुरंतकेयूरा । जिणवरमंदिर-तिलया भूधरराया विराजंति ॥
ति. प. ४, ९६-९९

वरदह-सिदादपत्ता सरि-चामरविज्जुमाण बहुमाणा । कप्पतरु-चारुचिण्हा वसुमइ-सिंहासणारूढा ॥
वेदि-कडिसुत्तणिवहा मणिकूट-किरंतदिव्ववरमउडा । णिज्झरपलंबणाहा [हारा] तरु-कुंडलमंडियागंडा ॥

१ एवं वरपंचगुरू तिरयणसुद्धेण णमंसिऊणाहं । भव्वजणाण पदीवं वोच्छामि तिलोयपण्णत्तिं ॥ ति. प १-६.
२ दे [ते] वंदिऊण सिरसा वोच्छामि जहाकमेण जिणदिट्ठं । आयरियपरंपरया पण्णत्तिं दीव-जलधीणं ॥
जं. दी. १-६.

सुरधर [घर] कंठाभरणा वणसंड-विचित्तवत्थकयसोहा । गोउर-तिरीडमाला पायार-सुगंधदामड्ढा ॥
तोरण-कंकणहत्था वज्जाणाली-कु [फु] रंतकेऊरा । जिणभवण-तिलयभूदा भूहर-राया विरायंति ॥
जं. दी. ३, ३३-३६.

(ग) तिलोयपण्णत्तिके पांचवें महाधिकारमें नन्दीश्वर द्वीपके वर्णनमें बतलाया है कि चारों प्रकारके देव प्रति वर्ष अष्टाह्निक पर्वमें वहां जाकर गाढ़ भक्तिसे जिनपूजन करते हैं। उस समय वहां सौधर्मादिक इन्द्रोंके जानेका वर्णन जैसा तिलोयपण्णत्तिमें किया गया है[1] (देखिये ति. प. ५, ८४–९७), ठीक उसी प्रकार जंबूदीवपण्णत्तिके पांचवें उद्देशमें भी मेरु-पर्वतस्थ जिनभवनोंमें जिनपूजनके निमित्त प्रस्थान करनेवाले उक्त इन्द्रोंकी यात्राका वर्णन किया गया है (देखिये जं. दी. ५, ९३–१०८)। विशेष इतना है कि उस समय नन्दीश्वर दीपको जाते हुए इन्द्रोंके हाथमें जहां तिलोयपण्णत्तिमें श्रीफल आदि पूजाद्रव्यका होना बतलाया है, वहां जंबूदीव-पण्णत्तिमें उनके हाथमें वज्र व त्रिशूल आदिके रहनेका उल्लेख है।

(घ) नर्तकानीक द्वारा किया जानेवाला तीर्थंकरादिके चरित्रका अभिनय (ति. प. ८ ३६०-३६७; जं. दी. ४, २१३-२१९)।

इसके अतिरिक्त दोनों ग्रन्थोंकी समानताके लिये निम्न गाथाओंकी और भी तुलना की जा सकती है—

जं. दी.	१-३६	२-६५	२-६८	२, १९५-९८	४-४५	४-५६	६-१२	६-७९
ति. प.	४-१६४८	४-१६४१	४-१६५६	४, १५३९-४०	४-१९१५	४-१६९३	४-२०२५	४-२१९८

जं. दी.	७,५७-६०	७, ६१-६४	७-६९	७-११०	७, १११ १४	११-१९
ति. प	४, २४४८-५१	४, २२८२-८५	४-२२८७	४-२२८९	४, २२७८-८०	४-२५८२

जं. दी.	११-१०८	११-२८५
ति. प.	१-१६५	८-३९१

जंबूदीवपण्णत्तिके विषयका परिचय उद्देशक्रमसे इस प्रकार है–

(१) प्रथम उद्देशमें पहले पंच गुरुओंको नमस्कार करके महावीर भगवान्‌के निर्वाणके पश्चात् रहनेवाली केवली व श्रुतकेवली आदिकी परम्परा बतलायी गई है। तत्पश्चात् उक्त

[1] यहां लांतवेन्द्रकी यात्रासूचक गाथा प्रतियोंमें छूट गई प्रतीत होती है।

परम्परासे प्राप्त हुई द्वीप-सागरप्रज्ञप्तिके प्ररूपणकी प्रतिज्ञा करके समस्त द्वीप-समुद्रोंकी संख्याका निर्देश करते हुए जम्बूद्वीप, उसकी जगती, विजयादिक द्वार और उनके ऊपर स्थित विजयादिक देवोंकी नगरियोंकी प्ररूपणा की है। अन्तमें जम्बूद्वीपस्थ क्षेत्र, अनेक प्रकारके पर्वत और समस्त वेदियोंकी संख्या बतला कर इस उद्देशको पूर्ण किया है।

(२) दूसरे उद्देशमें भरतादिक सात क्षेत्रोंके नामोंका निर्देश करके उनके विस्तारादिका कथन करते हुए करणसूत्रों द्वारा जीवा, धनुःपृष्ठ, इषु, वृत्तविष्कम्भ, जीवाकरणि, धनुष्करणि, इषुकरणि, पार्श्वभुजा और चूलिका आदिके निकालनेकी विधि बतलायी है। फिर विजयार्ध पर्वत, उसके ऊपर स्थित कूट, जिनभवन, दक्षिण-उत्तर भरतकी जीवा आदिका प्रमाण, भरतसे ऐरावत क्षेत्रकी समानता और सुषम-सुषमादिक कालोंके वर्तनक्रमकी प्ररूपणा की गई है।

(३) तृतीय उद्देशमें हिमवदादि कुल पर्वत, उनपर स्थित द्रह, कूट एवं गंगादिक नदियोंका विस्तारसे वर्णन किया गया है।

(४) चतुर्थ उद्देशमें मेरु पर्वत, भद्रशालादि वनचतुष्टय और जिनजन्माभिषेक-यात्राकी अधिक विस्तारके साथ प्ररूपणा की गई है।

(५) पांचवें उद्देशमें मन्दरपर्वतस्थ त्रिभुवनतिलक नामक जिनभवनकी रचना आदिका बहुत विस्तारपूर्वक वर्णन करके नन्दीश्वरद्वीपादिकमें स्थित अन्य जिनभवनोंके प्रमाणादिकका भी निर्देश किया गया है।

(६) छठे उद्देशमें उत्तरकुरुकी स्थिति व विस्तारादि बताकर यमकगिरि, द्रहपंचक, द्रहोंमें स्थित कमल, कंचनशैल, सीतानदी, जम्बूवृक्ष, देवकुरु, वक्षारगिरि आदि, शाल्मलीवृक्ष और देव-उत्तरकुरुओंमें उत्पन्न हुए मनुष्योंके उत्सेध आदिकी प्ररूपणा की गई है।

(७) सातवें उद्देशमें विदेह क्षेत्रकी स्थिति व विस्तारादि बताकर देवारण्य, ८ वेदिकायें, १२ विभंग नदियां, १६ वक्षार पर्वत, ३२ विजय व ६४ नदियां, इनका विस्तारादि बतलाया गया है। पश्चात् कच्छा विजयका वर्णन करते हुए कर्वट एवं मटंबादिकोंका स्वरूप बतला कर तीर्थंकरादिकोंका अवस्थान, विजयार्ध पर्वत, मागध वरतनु व प्रभास द्वीप तथा चक्रवर्तीके दिग्विजयकी प्ररूपणा की गई है।

(८) आठवें उद्देशमें कच्छा विजयके समान ही सुकच्छा, महाकच्छा, कच्छकावती, आवर्ता, लांगलावर्ता, पुष्कला, पुष्कलावती, वत्सा, सुवत्सा, महावत्सा, वत्सकावती, रम्या, सुरम्या, रमणीया और मंगलावती, इन पन्द्रह विजयोंकी पृथक् पृथक् प्ररूपणा की गई है।

(९) नौवें उद्देशमें सौमनस और विद्युत्प्रभ पर्वतोंका विस्तारादि बतला कर अपरविदेहस्थ

पद्मा आदिक १६ विजयोंका पृथक् पृथक् वर्णन किया गया है। फिर गन्धमादन और माल्यवन्त पर्वतों एवं वेदी आदिकी प्ररूपणा करके इस उद्देशको समाप्त किया गया है।

(१०) दशवें उद्देशमें लवण समुद्रका विस्तार बतला कर उसके मध्यमें स्थित उत्तम मध्यम एवं जघन्य पातालों, जलकी वृद्धि-हानि, कौस्तुभादि आठ पर्वतों, देवनगरियों, गौतमादिक द्वीपों, अन्तरद्वीपों एवं उनमें रहनेवाले कुमानुषोंकी प्ररूपणा की गई है।

(११) ग्यारहवें उद्देशमें पहले धातकीखण्ड द्वीप, कालोद समुद्र, पुष्कर द्वीप और उसके मध्यमें स्थित मानुषोत्तर पर्वतका वर्णन करके जम्बूद्वीपको आदि लेकर १६ द्वीपोंके नामोंका निर्देश करते हुए लवणोद एवं कालोद समुद्रोंको छोड़ शेष समुद्रोंके नाम द्वीपसम बतलाये गये हैं। आगे जाकर लोकका आकार और विस्तार बतलाते हुए रत्नप्रभादिक सात पृथिवियों, भवनवासी व व्यन्तर देवों, ४९ नरकप्रस्तारों व उनमें स्थित नारकियोंके दुःखों एवं वहां उत्पन्न होनेके कारणोंका वर्णन किया गया है। तत्पश्चात् अढ़ाई द्वीपोंके आगे असंख्यात द्वीपोंमें उत्पन्न होनेवाले तिर्यंचोंकी अवस्था बतला कर ६३ इन्द्रक पटलोंका निर्देश करते हुए सौधर्म एवं ईशान इन्द्रके सुखकी प्ररूपणा की है। आगे चलकर सनत्कुमारादि कल्पों एवं कल्पातीतोंका संक्षेपमें वर्णन करके यह उद्देश समाप्त किया गया है।

(१२) बारहवें उद्देशमें प्रथमतः चन्द्रोंका अवस्थान बतला कर उनकी गति और संख्या आदिकी प्ररूपणा करते हुए संक्षेपमें सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और ताराओंका भी कथन किया गया है।

(१३) तेरहवें उद्देशमें प्रथमतः कालके दो भेद बतला कर पुनः समयादि रूप व्यवहार कालके भेदोंका उल्लेख करते हुए उत्सेधांगुलादि तीन अंगुलों एवं पल्यादिकोंके प्रमाणकी प्ररूपणा की गई है। पश्चात् सर्वज्ञका स्वरूप बतला कर उसके वचनकी प्रमाणता प्रगट करते हुए प्रमाणके प्रत्यक्ष-परोक्षादि रूप अनेक भेद-प्रभेदोंका वर्णन किया है। आगे चलकर श्रुतकी विशेषता दिखलाते हुए पुनः सर्वज्ञका स्वरूप बतला कर जिन भगवान्‌के अतिशय बतलाये गये हैं।

अन्तमें कहा गया है कि ऋषि विजयगुरुके समीपमें जिनागमको सुनकर उनके प्रसादसे मैंने अढ़ाई द्वीपों, अधः उर्ध्व एवं तिर्यग् लोकोंमें जहां-जहां मंदर शैलादिक जो जो स्थान हैं उन सबोंका आचार्यपरम्परानुसार वर्णन किया है। आगे तप-संयमसम्पन्न एवं श्रुतसागर-पारंगत माघनन्दि गुरु, उनके शिष्य सकलचन्द गुरु और प्रशिष्य श्रीनान्दि गुरुका उल्लेख करके कहा गया है कि प्रस्तुत ग्रन्थ इन्हीं श्रीनान्दि गुरुके निमित्त लिखा गया है।

ग्रन्थकार पद्मनन्दि मुनिने अपने लिये यहां गुणगणकलित, त्रिदंडरहित, त्रिशल्य-

परिशुद्ध, गारव-त्रय-रहित व सिद्धान्तपारंगत आदि विशेषण पदोंका प्रयोग करते हुए अपनी गुरुपरम्परा इस प्रकार बतलाई है— पंचाचारपरिपालक (आचार्य) वीरनन्दि; उनके शिष्य विख्यात बलनन्दि और उनके शिष्य ग्रन्थकर्ता पद्मनन्दि।

अन्तमें ग्रन्थरचनाका स्थान वारा नगर और वहांके राजा णउत्तम (नरोत्तम) 'शान्ति' का निर्देश करते हुए श्रुत-कल्पतरु, धर्म-समुद्र एवं वीरजिनेन्द्रको नमस्कार करके प्रस्तुत ग्रन्थको पूर्ण किया गया है।

इस ग्रन्थमें चूंकि त्रिलोकसारकी निम्न गाथायें ज्योंकी त्यों पायी जाती हैं, अतः, यदि वे उससे भी प्राचीन किसी अन्य ग्रन्थकी नहीं हैं तो, प्रायः निश्चित है कि इसकी रचना त्रिलोकसारके पश्चात् हुई है—

[1]ववहारुद्धारद्धापल्ला तिण्णेव होंति णायव्वा। संखा दीव-समुद्दा कम्मट्ठिदि वण्णिदा जेहिं ॥ ९३ ॥
[2]विक्खंभवग्गदहगुणकरणी वट्टस्स परिरयो होदि। विक्खंभचउब्भागे परिरयगुणिदे हवे गणियं ॥९६॥

[3]इसुवग्गं चउगुणिदं जीवावग्गम्हि पक्खिवित्ताणं।
चउगुणिदिसुणा भजिदे णियमा वट्टस्स विक्खंभो ॥ ७६१ ॥

इनके अतिरिक्त त्रिलोकसारकी ७६० और ७६४ नं. की गाथायें भी साधारण परिवर्तनके साथ जंबूदीवपण्णत्तिके द्वितीय उद्देशमें क्रमशः २३-२४ और २५ नं. पर पायी जाती हैं।

चूंकि इसकी निम्न गाथा 'उक्तं च जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तौ' कह कर वर्तमान लोकविभागके तृतीय प्रकरणमें श्लोक ५२ के पश्चात् उद्धृत की गई है, अतः निश्चित है कि इसकी रचना वर्तमान लोकविभागके पहिले हो चुकी है—

कोसेक्कसमुत्तुंगा पलिदोवमआउगा समुद्दिट्ठा। आमलयपमाहारा चउत्थभत्तेण पारंति ॥

जं. दी. ११–५४.

८ बृहत्क्षेत्रसमास

जिस प्रकार दिगम्बर परम्परामें त्रिलोकप्रज्ञप्ति, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, त्रिलोकसार और लोकविभाग आदि कितने ही ग्रन्थ लोकानुयोगके उपलब्ध हैं उसी प्रकार श्वेताम्बर परम्परामें भी बृहत्क्षेत्रसमास, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, प्रवचनसारोद्धार, बृहत्संग्रहणी और लोकप्रकाश आदि उक्त

१ जं. दी. १३-३६. (यह गाथा सर्वार्थसिद्धि ३-३९ में भी उद्धृत है, अतः प्राचीन है। साथ ही इसके अध्याय ३ सूत्र ३१ में उद्धृत की गई एक गाथा और भी जंबूदीवपण्णत्ति (१३-१२) में पायी जाती है। यह गाथा प्रवचनसारोद्धारमें भी १३८७ नं. पर उपलब्ध होती है।

२ जं. दी. ४–३४. ३ जं. द्वी. ६–७.

विषयके अनेक ग्रन्थ पाये जाते हैं। इन दोनों ही परम्पराओंमें लोककी प्ररूपणा प्रायः समान रूपसे पायी जाती है, मतभेद क्वचित् किंचित् ही पाये जाते हैं। ऐसे मतभेद तो प्रायः एक परम्पराके भीतर भी विद्यमान हैं।

बृहत्क्षेत्रसमास यह जिनभद्र-गणि-क्षमाश्रमण द्वारा प्रणीत है। इसका रचनाकाल प्रायः विक्रमकी सातवीं शताब्दि होना चाहिये। इनके द्वारा विरचित एक बृहत्संग्रहणी सूत्र भी रहा है। वर्तमान 'बृहत्संग्रहणी' चन्द्रमहर्षि द्वारा विरचित एक अर्वाचीन ग्रन्थ है। श्वेताम्बर सम्प्रदायमें बृहत्संग्रहणी सूत्र (त्रैलोक्यदीपिका) ग्रन्थोंकी परम्परा प्राचीन कालसे अब तक प्राप्त है। त्रिलोकप्रज्ञप्ति (४-२१७, २१९, २०२९, २४४८, ८-२७२, ३८७ आदि) में सग्गायणी, संगोयणी, संगायणी या संगाहणी आदि पदोंके द्वारा जिस ग्रन्थका उल्लेख किया गया है वह ऐसा ही कोई संग्रहणी सूत्र सम्भवतः प्रतीत होता है। त्रिलोकप्रज्ञप्तिके द्वितीय महाधिकारमें गा. २२ के द्वारा शर्करा आदि छह पृथिवियोंका बाहल्य बतला कर आगे गाथा २१ के द्वारा भी प्रकारान्तरसे उनका बाहल्य फिरसे बतलाया है। यह बाहल्यप्रमाण प्रायः अन्य दिगम्बर ग्रन्थमें तो नहीं देखा जाता, पर वर्तमान बृहत्संग्रहणीमें वह अवश्य उपलब्ध होता है। यथा—

असीइ बत्तीसडवीस-वीस-अट्ठार-सोल-अडसहस्सा।
लक्खुवरि पुढविपिंडो घणुदहि-घणवाय-तणुवाया॥ बृ. सं. सू. २१२.

प्रस्तुत बृहत्क्षेत्रसमास ग्रन्थमें १ जम्बूद्वीपाधिकार, २ लवणाब्ध्यधिकार, ३ धातकीखण्डद्वीपाधिकार, ४ कालोदध्यधिकार और ५ पुष्करवरद्वीपार्धाधिकार, ये पांच अधिकार हैं। इनमें क्रमशः ३९८ + ९० + ८१ + ११ + ७६ = ६५६ गाथायें हैं।

(१) जंबूद्वीपाधिकारमें जम्बूद्वीपादि स्वयम्भूरमणान्त सब द्वीप-समुद्रोंकी अढ़ाई उद्धार सागरोंके समयों प्रमाण संख्या बतला कर मानुषक्षेत्र व जम्बूद्वीपकी सविस्तार परिधि, जम्बूद्वीपकी जगती, भरतादिक सात क्षेत्रों व हिमवदादिक छह कुलपर्वतों एवं वैताढ्यगिरिका विस्तार, करणसूत्रपूर्वक बाण, जीवा, धनुष्पृष्ठ, बाहा (पार्श्वभुजा), क्षेत्रफल, घनफल, सब पर्वतोंके ऊपर स्थित कूटोंकी संख्या, नाम व उंचाई आदि; दक्षिणभरतस्थ शाश्वत नगरी अयोध्याका विस्तारादि, वैताढ्य (विजयार्ध) प्ररूपणा, वृषभ कूट, पद्मद्रह, गंगाप्रपातकुंड, नदीविस्तारादि, हैमवतादि क्षेत्रस्थ मनुष्योंका प्रमाणादिक, देव-उत्तरकुरु, जम्बूवृक्ष, देव-उत्तरकुरुस्थ मनुष्योंका प्रमाणादिक, मेरुप्ररूपणा, विजय व वक्षार पर्वतादिकोंका विस्तारादि, विदेह क्षेत्रमें तीर्थंकरादिकोंका अवस्थान व जम्बूद्वीपमें चन्द्र-सूर्यादिकोंकी संख्या, इत्यादिक विषयोंकी प्ररूपणा त्रिलोकप्रज्ञप्तिके ही समान की गई है।

यहां प्रकरण पाकर गा. ३९५-९६ की टीकामें टीकाकार श्री मलयगिरि सूरिके द्वारा चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र व ताराओंकी प्ररूपणा विस्तारपूर्वक उसी प्रकार की गई है जैसे कि त्रिलोकप्रज्ञप्तिके सातवें महाधिकारमें।

(२) लवणाब्ध्यधिकारमें लवणसमुद्रका विस्तार, परिधि, उसमें स्थित पाताल, जल-वृद्धि-हानि, वेलंधर नागकुमार देवोंकी संख्या आदि, गोतीर्थ, गौतमद्वीप, सूर्यद्वीप, चन्द्रद्वीप, छप्पन अन्तरद्वीप, अन्तरद्वीपस्थ मनुष्योंका उत्सेधादिक, लवणसमुद्रके अवगाह व उत्सेधका प्रमाण एवं चन्द्र-सूर्यादिकोंकी संख्या, इत्यादिक विषयोंकी प्ररूपणा की गई है।

(३) घातकीखण्ड अधिकारमें घातकीखण्ड द्वीपके विस्तार व परिधिका प्रमाण, इषुकार पर्वत, मेरु पर्वत, भरतादिक क्षेत्रोंका आकार व विस्तारादि, हिमवदादिक पर्वतोंका विस्तार, द्रह व नदीकुण्डादिकोंका उत्सेधादि, घातकी वृक्ष, मेरु पर्वतोंका उत्सेधादिक, विजयों व वक्षार पर्वतोंका विस्तार तथा चन्द्रसूर्यादिकोंकी संख्या, इन सबका वर्णन किया गया है।

(४) चतुर्थ अधिकारमें कालोद समुद्रके विस्तार, परिधि, द्वारान्तर, [illegible], कालोद समुद्रके जलका स्वरूप, उसके अधिपति देव एवं वहां चन्द्रसूर्यादिकोंकी संख्या बतलाई गई है।

(५) पांचवें अधिकारमें पुष्करद्वीप व उसके मध्यमें स्थित मानुषोत्तर पर्वतके विस्तारादिका प्रमाण, इषुकार पर्वत, वैताढ्य पर्वत, भरतादिक क्षेत्रों एवं हिमवदादिक पर्वतोंके विस्तारादिक, उत्तरकुरुस्थ पद्म व महापद्म वृक्षों एवं उनके अधिपति देवों, विजय व वक्षारादिकोंके विस्तारादि तथा चन्द्र-सूर्यादिकोंकी संख्या आदिकी प्ररूपणा की गई है।

यहां बृहत्क्षेत्रसमास व त्रिलोकप्रज्ञप्ति आदिक ग्रन्थोंमें गणितनियमोंमें प्रायः समानता ही देखी जाती है। उदाहरणार्थ परिधि व क्षेत्रफल निकालनेका करणसूत्र—

विक्खंभवग्गदहगुणकरणी वट्टस्स परिरओ होई।
विक्खंभपायगुणिओ परिरओ तस्स गणियपयं ॥ बृ. क्षे. १-७.
समवट्टवासवग्गे दहगुणिदे करणि परिधिओ होदि।
वित्थारतुरिमभोग परिधिहदे तस्स खेत्तफलं ॥ त्रि. प्र. १-११७.
तिगुणियवासं परिही दहगुणवित्थारवग्गमूलं च।
परिहिहदवासतुरिमं बादर सुहमं च खेत्तफलं ॥ त्रि. सा. ३११.

बाणके निकालनेकी रीति—

जीवा-विक्खंभाणं वग्गविसेसस्स वग्गमूलं जं।
विक्खंभाओ सुद्धं तस्सद्धमिसुं वियाणाहि ॥ बृ. क्षे. १-४१.

जीवा-विक्खंभाणं वग्गविसेसस्स होदि जं मूलं ।
तं विक्खंभा सोहय सेसद्धमिसुं विजाणाहि ॥ त्रि. सा. ७६४.
जीवा-विक्खंभाणं वग्गविसेसस्स होदि जं मूलं ।
विक्खंभजुदं अद्धिय रिजुबाणो धादईसंडे ॥ त्रि. प्र. ४-२५९७.

अभीष्ट स्थानमें मेरुके विस्तारको निकालनेकी रीति—

जत्थिच्छसि विक्खंभं मंदरसिहराहि उवइत्ताणं ।
एक्कारसहि विभत्तं सहस्ससहियं च विक्खंभं ॥ बृ. क्षे. १–३०७.
जत्थिच्छसि विक्खंभं मंदरसिहराउ समवदिण्णाणं ।
तं एक्कारसभजिदं सहस्ससहिदं च तत्थ वित्थारं ॥ त्रि. प्र. ४–१७९९.

चूलिकाविस्तार—

जत्थिच्छसि विक्खंभं चूलियसिहराहि उवइत्ताणं ।
तं पंचहिं पविभत्तं चउहिं जुयं जाण विक्खंभं ॥ बृ. क्षे. १–३५०.
जत्थिच्छसि विक्खंभं चूलियसिहराउ समवदिण्णाणं ।
तं पंचेहि विहत्तं चउजुत्तं तत्थ तव्वासं ॥ त्रि प्र. ४–१७९७.

कुछ विशेषतायें—

(१) यहां (१-१८०) विजयार्ध पर्वतकी दोनों गुफाओंमेंसे तिमिस्र गुफाको पश्चिमकी ओर और खण्डप्रपातको पूर्वकी ओर बतलाया गया है, किन्तु त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें तिमिस्रको पूर्व और खण्डप्रपातको उत्तरकी ओर स्थित बतलाया है (देखिये ति. प. गा. ४-१७६) ।

(२) यहां गुफाद्वारमें दक्षिण और उत्तरकी ओरसे कपाटपृष्ठभावी चार योजन आयत स्तूपसे सत्तर-सत्तरह योजन आगे जानेपर दो योजनके अन्तरसे तीन-तीन योजन प्रमाण विस्तारसे संयुक्त उन्मग्ना व निमग्ना नदियोंकी स्थिति बतलायी गई है (४ + १७ + २ + ३ + ३ + १७ + ४ = ५० विजयार्धविस्तार) । यथा—

सत्तरस जोयणाइं गुहदाराणोभओ वि गंतूणं ।
जोयणदुगंतराओ विउलाओ जोयणे तिन्नि ॥
गुहविपुलायामाओ गंगं सिंधुं च ता समप्पंति ।
पव्वयकडगपवूढा उम्मग्ग-निमग्गसलिलाओ ॥ बृ. क्षे. १, १८४-८५.

परन्तु त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें गुफाके भीतर पच्चीस योजन प्रवेश करनेपर उपर्युक्त दोनों नदियोंकी स्थिति बतलायी गई है (देखिये ति. प. ४-२३७) । यहां न तो नदियोंका विस्तार ही बतलाया गया है और न उसे पर्वतविस्तारमेंसे कम ही किया गया है ।

(३) यहां बृहत्क्षेत्रसमासमें अन्तरद्वीपोंकी स्थिति इस प्रकार बतलाई है— पूर्व व पश्चिम दिशामें वेदिकासे आगे क्रमशः हिमवान् पर्वतके ईशान और अग्निकोण तथा नैऋत्य व वायुकोणमें एक-एक दंष्ट्रा है। इनसे आगे क्रमशः तीन सौ, चार सौ, पांच सौ, छह सौ, सात सौ, आठ सौ और नौ सौ योजन लवण समुद्रमें प्रवेश करनेपर एक एक अन्तरद्वीप है। इस प्रकार अट्ठाईस द्वीप हिमवान् पर्वत सम्बन्धी और अट्ठाईस ही शिखरी पर्वत सम्बन्धी, समस्त अन्तरद्वीप छप्पन है। इन अन्तरद्वीपोंके नाम क्रमशः एकोरुक, आभाषिक वैषाणिक और लाङ्गलिक आदि हैं। इनमें रहनेवाले मनुष्य आठ सौ धनुष ऊंचे, सदा प्रमुदित, मिथुनधर्म परिपालक, पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण आयुसे संयुक्त, चौंसठ पृष्ठकरण्डकोंसे सहित और एक दिनके अन्तरसे आहार करनेवाले हैं। (देखिये बृ. क्षे. २, ५६-६३, ७३-७४)

परन्तु त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें इन द्वीपोंका अवस्थान भिन्न स्वरूपसे बतलाया गया है। वहां एकोरुक आदिकोंको द्वीपोंके नाम न स्वीकार कर वहां रहनेवाले मनुष्योंका वैसा आकार माना गया है। (देखिये ति. प. ४, २४७८ से २४९९)।

(४) बृहत्क्षेत्रसमास (१, ३५५-५६) में जो पाण्डुकशिलादिकी लम्बाई ५०० यो. और चौड़ाई २५० यो. बतलायी गयी है, उस मतका उल्लेख ति. प. गा. ४-१८२१ में 'सग्गायणिआइरिया' कह कर किया गया है।

९ प्रवचनसारोद्धार

श्वेताम्बर सम्प्रदायमें श्री नेमिचन्द्र सूरिनिर्मित यह एक प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इसमें २७६, द्वार और १५९९ गाथायें हैं। यह सिद्धसेनसूरिकृत वृत्ति सहित दो भागोंमें सेठ देवचन्द्र लालभाई जैन पुस्तकोद्धार संस्था द्वारा प्रकाशित हो चुका है। इसमें बहुतसे विषय संगृहीत हैं। रचनाकाल इसका तेरहवीं शताब्दिके करीब प्रतीत होता है। जिस प्रकार त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें नारक, भवनवासी, व्यन्तर, तीर्थंकर, चक्रवर्ती, बलदेव व वासुदेव आदिकोंकी विस्तृत प्ररूपणा की गई है वैसे ही प्रायः उन सभी विषयोंकी प्ररूपणा यहां भी देखी जाती है। इस प्ररूणामें कहीं समानता व कहीं मतभेद भी हैं। समानता यथा—

(१) जिस प्रकार त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें नारकप्ररूपणामें नारक जीवोंकी निवासभूमि, नारकसंख्या, नारकायु, उत्सेध, विरहकाल व अवधिविषय आदिका वर्णन किया गया है ठीक उसी प्रकार ही इनका वर्णन यहां भी किया गया है (देखिये प्र. सा. गा. १०७१ आदि)।

(२) इसी प्रकरणके भीतर त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें असुरकुमार जातिके जिन १५ भेदोंका निर्देश किया गया है वे यद्यपि किसी अन्य दिगम्बर ग्रन्थमें देखनेमें नहीं आये, परन्तु वे यहां

अवश्य उपलब्ध होते हैं[1] (देखिये पीछे पृ. ५३)।

ये दोनों गाथायें सूत्रकृताङ्ग (५, १, नि. ६८-६९) में भी पायी जाती हैं। वहां 'पन्नरस परमाहम्मिया' के स्थानमें 'एवं पण्णरसाहिया' पाठ है।

(३) सातवीं पृथिवीसे निर्गत जीव किन किन तिर्यंचोंमें उत्पन्न होते हैं, यह बतलानेके लिये त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें निम्न गाथा आई है—

वालेसुं दाढीसुं पक्खीसुं जलचरेसु जाऊणं। संखेज्जाउगजुत्ता तेई णिरएसु वच्चंति ॥ २-२९०.

यही गाथा कुछ परिवर्तनके साथ प्रवचनसारोद्धारमें भी पायी जाती है। यथा—

वालेसु य दाढीसु य पक्खीसु जलयरेसु उववन्ना।
संखिज्जाउठिईया पुणोऽवि नरयाउया हुंति ॥ १०९३.

इसका पाठ मूलाचार (१२-११५) में आयी हुई इसी गाथाके पाठसे बहुत कुछ मिलता जुलता है[2]। मूलाचारमें इसके पूर्वमें जो 'उव्वट्टिदा य संता' इत्यादि गोथा (१२-११४) आयी है वह भी प्रवचनसारोद्धार (१०८९) में जैसीकी तैसी उपलब्ध होती है।

(४) त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें चतुर्थ महाधिकारकी गा. १२८७-९१, १४१७ और १४४३ के द्वारा तीर्थंकर एवं चक्रवर्ती आदिकोंके कालसे सम्बद्ध जिस संदृष्टिकी रचना की गई है उसका उल्लेख यहां भी निम्न गाथाओंके द्वारा किया गया है—

बत्तीसं घरयाइं काउं तिरियाअयाहि रेहाहिं। उड्ढाअयाहिं काउं पंच घराइं तओ पढमे ॥

पन्नरस जिणे निरंतर सुन्नदुगं तिजिण सुन्नतियगं च।
दो जिण सुन्न जिणिंदो सुन्न जिणो सुन्न दोन्नि जिणा ॥

बिईयपंतिठवणा—

दो चक्कि सुन्न तेरस पण चक्की सुण्ण चक्कि दो सुण्णा।
चक्की सुन्न दुचक्की सुण्णं चक्की दुसुण्णं च ॥

तईयपंतिठवणा—

दस सुण्ण पंच केसव पणसुण्णं केसि सुण्ण केसी य।
दो सुण्ण केसवोऽवि य सुण्णदुगं केसव तिसुण्णं ॥ प्र. सा. ४०६-४०९.

यहां संदृष्टिमें रुद्रोंको सम्मिलित नहीं किया गया है। इस संदृष्टिका रूप जो त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें उन उन गाथाओंके नीचे दिया गया है वह सम्भवतः किसी प्रतिलेखकने लिखनेकी सहूलियतसे वैसा दिया है। उसकी आकृति सम्भवतः ऐसी रही हो जैसी कि परिशिष्ट (पृ.

---

१ प्रवचनसारोद्धार गा. १०८५-८६. २ देखिये पीछे पृ. ४३.

१०२३) में दी गई है। प्रवचनसारोद्धारकी टीकामें भी वह इसी रूपमें पायी जाती है।

(५) त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें परमाणुका स्वरूप बतलानेके लिये जो प्रथम महाधिकारमें ९६ वीं गाथा आयी है वह कुछ परिवर्तित रूपमें यहां भी पायी जाती है। यथा—

सत्थेण सुतिक्खेण वि छेत्तुं भेत्तुं च जं किर न सक्का।
तं परमाणुं सिद्धा वयंति आइं पमाणाणं ॥ १३९० ॥

यह अनुयोगद्वारसूत्र (सूत्र १३३, गा. १००) में भी इसी रूपमें उपलब्ध होती है।

विशेषता— (१) त्रिलोकप्रज्ञप्ति (२-२९१) में नरकसे निकले हुए जीवोंके केशव, बलभद्र और चक्रवर्ती होनेका निषेध किया है। परन्तु यहां उसका स्पष्टतया विधान पाया जाता है। यथा—

पढमाओ चक्कवट्टी बीयाओ राम-केसवा हुंति।
तच्चाओ अरहंता तहंऽनक्किरिया चउत्थीओ ॥ १०८८ ॥

षट्खण्डागम व राजवार्तिक आदि अन्य दिगम्बर ग्रन्थोंमें सातवीं पृथिवीसे निकलकर सम्यक्त्व प्राप्त कर सकनेका निषेध होनेपर भी त्रिलोकप्रज्ञप्ति (२-२९२) में उक्त जीवोंके उसकी योग्यता प्रगट की गई है। यह योग्यता प्रवचनसारोद्धारमें भी बतलाई गई है। यथा—

तिसु तित्थ चउत्थीए केवलं पंचमीइ सामन्नं।
छट्ठीए विरइऽविरई सत्तमपुढवीइ सम्मत्तं ॥ १०८७.

(२) त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें उत्सेधांगुलका स्वरूप इस प्रकार बतलाया है— अनन्तानन्त परमाणुओंका उवसन्नासन्न स्कन्ध होता है। उवसन्नासन्न, सन्नासन्न, त्रुटिरेणु, त्रसरेणु, रथरेणु, उत्तमभोगभूमिजबालाग्र, म. भो. बालाग्र, ज. भो. बालाग्र, कर्मभूमिजबालाग्र, लिक्षा, यूक और यव, इनको उत्तरोत्तर आठसे गुणित करनेपर एक उत्सेधांगुल होता है। इसी प्रकार ही अनुयोगद्वार सूत्र (१३३) में भी उसका प्रमाण बतलाया गया है। वहां एक कर्मभूमिजबालाग्रके स्थानमें पूर्वापर-विदेह-जात-बालाग्र और भरत-ऐरावत-जात-बालाग्र ऐसे दो स्थान ग्रहण किये गये हैं। परन्तु यहां प्रवचनसारोद्धारमें परमाणु, त्रसरेणु, रथरेणु, बालाग्र, लिक्षा, यूक और यव, इन सातको ही उत्तरोत्तर आठसे गुणित करनेपर प्राप्त राशि प्रमाण उत्सेधांगुलको बतलाया गया है। इसमें समस्त परमाणुओंकी संख्या २०९७१५२ (८×८×८×८×८×८×८) बतलाई है जो उक्त क्रमानुसार ठीक है। यद्यपि यहां टीकाकारने अनुयोगसूत्रादिके विरुद्ध होनेसे उपलक्षण द्वारा शेष स्थानोंका भी ग्रहण किया है, परन्तु मूलग्रन्थकारने उनका ग्रहण क्यों नहीं किया, यह विचारणीय है। उनके वाक्य इस प्रकार हैं—

परमाणू तसरेणू रहरेणू अग्गयं च बालस्स।
लिक्खा जूया य जवो अट्ठगुणविवड्ढिया कमसो ॥ ११९१ ॥

बीसं परमाणुलक्खा सत्तानउई भवे सहस्साइं ।
सयमेगं बावन्नं एगंमि उ अगुले हुंति ॥ १३९२ ॥

१० अनुयोगद्वार सूत्र

त्रिलोकप्रज्ञप्ति (४-२८५) में जो कालभेदोंकी प्ररूपणा की गई है उससे अनुयोग-द्वारमें की गई उक्त प्ररूपणा कुछ भिन्न है । उक्त दोनों ग्रन्थोंमें उपलब्ध कालभेदोंके नाम इस प्रकार हैं--

क्रम	त्रिलोकप्रज्ञप्ति ४-२८५ से	अनुयोगद्वार सूत्र सूत्र ११४, १३७	क्रम	त्रिलोकप्रज्ञप्ति ४-२८५ से	अनुयोगद्वार सूत्र ११४, १३७
१	समय	समय	२५	कुमुदांग	अटटांग
२	आवलि	आवलिका	२६	कुमुद	अटट
३	उच्छ्वास	आन	२७	पद्मांग	अववांग
४	प्राण=निश्वास	प्राणु	२८	पद्म	अवव
५	स्तोक	स्तोक	२९	नलिनांग	हुहुकांग
६	लव	लव	३०	नलिन	हुहुक
७	नाली	....	३१	कमलांग	उत्पलांग
८	मुहूर्त	मुहूर्त	३२	कमल	उत्पल
९	दिवस	अहोरात्र	३३	त्रुटितांग	पद्मांग
१०	पक्ष	पक्ष	३४	त्रुटित	पद्म
११	मास	मास	३५	अटटांग	नलिनांग
१२	ऋतु	ऋतु	३६	अटट	नलिन
१३	अयन	अयन	३७	अममांग	अर्थनिपूरांग
१४	वर्ष	वर्ष	३८	अमम	अर्थनिपूर
१५	युग	युग	३९	हाहांग	अयुतांग
१६	वर्षदशक	....	४०	हाहा	अयुत
१७	वर्षशत	वर्षशत	४१	हूहूांग	नयुतांग
१८	वर्षसहस्र	वर्षसहस्र	४२	हूहू	नयुत
१९	दशवर्षसहस्र	....	४३	लतांग	प्रयुतांग
२०	वर्षलक्ष	वर्षशतसहस्र	४४	लता	प्रयुत
२१	पूर्वांग	पूर्वांग	४५	महालतांग	चूलिकांग
२२	पूर्व	पूर्व	४६	महालता	चूलिका
२३	नियुतांग	त्रुटितांग	४७	श्रीकल्प	शीर्षप्रहेलिकांग
२४	नियुत	त्रुटित	४८	हस्तप्रहेलित	शीर्षप्रहेलिका
			४९	अचलात्म	....

त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें पूर्वांग व नियुतांग आदि अंगान्त स्थानोंको उत्तरोत्तर ८४ से गुणित तथा पूर्व व नियुत आदि स्थानोंको उत्तरोत्तर ८४ लाखसे गुणित बतलाया है। अन्तमें गा. ४-३०८ के द्वारा यह भी प्रगट किया है कि ३१ स्थानोंमें ८४ संख्याको रखकर परस्पर गुणा करनेपर ९० शून्याङ्क रूप ' अचलात्म ' प्रमाण उत्पन्न होता है। यहां चूंकि ३१ स्थानोंमें ८४ को रखकर परस्पर गुणा करनेकी प्रक्रिया बतलाई गई है। अतः निश्चित है कि ये पूर्वांग व पूर्व आदि ' अचलात्म ' पर्यन्त स्थान ३१ होने चाहिये। परन्तु हैं वे २९ ही (देखिये परिशिष्ट पृ. ९९७)। इसी लिये ऐसा प्रतीत होता है कि इनमेंसे किन्हीं दो स्थानोंकी सूचक गाथा किसी प्रतिलेखककी असावधानीसे छूट अवश्य गयी है। ये छूटे हुए स्थान पूर्वांग व पूर्वके पश्चात् पर्वांग व पर्व होने चाहिये। ये दोनों स्थान इसी प्रकार आदिपुराण (३-२१९) में पाये भी जाते हैं। हरिवंशपुराणमें भी इसी स्थलपर पाठ कुछ भ्रष्ट हो गया प्रतीत होता है। यथा—

भवेद् वर्षसहस्रं तु शतं चापि दशाहतम्। दशवर्षसहस्राणि तदेव दशताडितम् ॥२३॥
ज्ञेयं वर्षसहस्रं तु (?) तच्चापि दशसंगुणम्। पूर्वांगं तु तदभ्यस्तमशीत्या चतुरग्रया ॥२४॥
तत्तद्गुणं च पूर्वांगं पूर्वं भवति निश्चितम्। पूर्वांगं तद्गुणं तच्च पूर्वसंज्ञं तु तद्गुणम् ॥ २५॥
ह. पु. ७.

यहां श्लोक २४ में 'ज्ञेयं वर्षसहस्रं तु' के स्थानमें 'शतवर्षसहस्रं तु' ऐसा कोई पद रहा होना चाहिये। चूंकि श्लोक २४-२५ में पूर्वांग व पूर्व ये दोनों स्थान पुनरुक्त है, अतः श्लोक २५ में उनके स्थानमें पूर्वांग व पर्व पद ही रहे होंगे, ऐसा प्रतीत होता है। यहां गुणकारका भी कुछ स्पष्ट निर्देश नहीं किया गया।

अनुयोगद्वार सूत्रमें इसी सूत्र (११४) की श्री मलधारीय हेमचन्द्रसूरि निर्मित वृत्तिमें पूर्वांग व पूर्व आदिक सभी स्थानोंको उत्तरोत्तर चौरासी लाखसे गुणित बतलाया गया है। इस प्रकारके गुणनक्रमसे उत्पन्न हुई संख्याका वहां अङ्कक्रमसे इस प्रकार निर्देश भी किया गया है— ७५८२६३२५३०७३०१०२४११५७९७३५६९९७५६९६४०६२१८९६६८४-८०८०१८३२९६ आगे १४० शून्य। समस्त अंक १९४ होते हैं।

अनुयोगद्वार सूत्रके एक दूसरे सूत्र (१३७) में भी उपर्युक्त कालभेदोंका उल्लेख किया गया है। वहां ' उच्छ्वास ' के आगे ' निश्वास ' पद अधिक है तथा अयुतके पश्चात् प्रयुतांग-प्रयुत और इनके पश्चात् नयुतांग-नयुत पद पाये जाते हैं।

११ वैदिकधर्माभिमत भूगोल

(विष्णुपुराणके आधारसे)

जिस प्रकार जैन ग्रन्थों (तिलोयपण्णत्ति, त्रिलोकसार व बृहत्क्षेत्रसमास आदि) के

भीतर भूगोलके वर्णनमें बतलाया गया है कि इस पृथिवीपर वलयाकारसे एक-दूसरेको वेष्टित करके अनेक द्वीप व समुद्र स्थित हैं। उन सबके मध्यमें पहिला जम्बूद्वीप है। इसके ठीक बीचमें नाभिके समान मेरु पर्वत स्थित है। इसके दक्षिण व उत्तरमें तीन तीन कुलपर्वतोंके होनेसे उक्त जम्बूद्वीपके भरतादिक सात विभाग हो गये हैं इत्यादि। लगभग इसी प्रकारसे वैदिक धर्मके ग्रन्थोंमें भी उक्त भूगोलका वर्णन पाया जाता है। उदाहरण स्वरूप हम विष्णु-पुराणके आधारसे भूगोलका वर्णन करते हैं। यद्यपि पुराण ग्रन्थ होनेसे इसमें मुख्यतासे विष्णु भगवान्‌के चरित्रका ही वर्णन किया गया है; पर साथ ही इसमें भूगोल, ज्योतिष, वर्णाश्रमव्यवस्था, राजवंश एवं अनेक उपाख्यानोंकी भी चर्चा की गई है।

प्रस्तुत ग्रन्थके द्वितीय अंशमें दूसरे अध्यायसे भूगोलका वर्णन प्रारम्भ किया गया है। वहां बतलाया है कि इस पृथिवीपर १ जम्बू, २ प्लक्ष, ३ शाल्मल, ४ कुश,[1] ५ क्रौंच[2], ६ शाक और ७ पुष्कर[3], ये सात द्वीप हैं। ये द्वीप आकारसे गोल (चूड़ी जैसे) होते हुए अपने विस्तारके समान विस्तारवाले १ लवणोद,[4] २ इक्षुरस, ३ सुरोद, ४ सर्पिस्सलिल, ५ दधितोय, ६ क्षीरोद और ७ स्वादुसलिल, इन सात समुद्रोंसे क्रमशः वेष्टित हैं। इन सबके बीचमें जम्बूद्वीप है। इसका विस्तार एक लाख योजन है जो जैन-ग्रन्थ-सम्मत है। उसके मध्यमें चौरासी हजार योजन ऊंचा मेरु पर्वत है[5]। इसकी नींव पृथिवीके भीतर सोलह हजार योजन प्रमाण है। विस्तार उसका मूलमें सोलह हजार और फिर ऊपर क्रमशः बढ़ता हुआ शिखरपर जाकर बत्तीस हजार योजन मात्र हो गया है।

इस जम्बूद्वीपमें सुमेरुसे दक्षिणमें हिमवान्, हेमकूट और निषध तथा उत्तरमें नील, श्वेत और शृङ्गी, ये छह वर्षपर्वत हैं[6] जो इसको सात भागोंमें विभक्त करते हैं। इनमेंसे क्रमशः मेरुके दक्षिण और उत्तरमें स्थित निषध और नील ये दो पर्वत पूर्व-पश्चिम समुद्र तक एक एक लाख योजन लम्बे, दो दो हजार योजन ऊंचे और इतने ही विस्तारसे संयुक्त हैं। हेमकूट और श्वेत ये दो पर्वत पूर्व-पश्चिममें नब्बे हजार यो. लम्बे, दो हजार योजन ऊंचे और इतने ही विस्तृत भी हैं। हिमवान् और शृङ्गी ये दो पर्वत अस्सी हजार यो. लम्बे, दो-दो हजार यो.

---

१ जैन शास्त्रानुसार १५ वें द्वीपका नाम कुशवर है। २ जैन ग्रन्थोंमें क्रौंचवर सोलहवां द्वीप है।

३ यह द्वीप जैन शास्त्रानुसार तीसरा है। ४ जैन शास्त्रानुसार लवणोद पहिला, सुरोद (वारुणिवर) चौथा, सर्पिःसलिल छठा और क्षीरोद पांचवां समुद्र है। ५ जैन ग्रन्थानुसार जम्बूद्वीपस्थ मेरुकी ऊंचाई १००००० यो. और धातकीखण्ड एवं पुष्करद्वीपस्थ मेरुओंकी ऊंचाई ८४००० यो. है। ६ जैन ग्रन्थोंमें उनके नाम इस प्रकार हैं— हिमवान्, महाहिमवान्, निषध, नील, रुक्मि (श्वेत-रजतमय) और शिखरी (शृङ्गी)।

ऊंचे और इतने ही विस्तृत भी हैं[1]। इन पर्वतोंके द्वारा जो जम्बूद्वीपके सात भाग किये गये हैं उनके नाम दक्षिणकी ओरसे ये हैं — भारत वर्ष, किम्पुरुष, हरि वर्ष, इलावृत, रम्यक, हिरण्मय और उत्तरकुरु[2]। इनमें इलावृतको छोड़ शेष छहका विस्तार दक्षिण-उत्तरमें नौ नौ हजार योजन है। इलावृत वर्ष मेरुके पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर, इन चारों दिशाओंमें नौ-नौ हजार योजन विस्तृत है। सब पर्वतों व वर्षोंके विस्तारको मिलानेपर वह एक लाख यो. प्रमाण होता है, जितना कि समस्त जम्बूद्वीपका विस्तार है। यथा— भारत वर्ष ९००० + हिमवान् २००० + किम्पुरुष ९००० + हेमकूट २००० + हरि वर्ष ९००० + निषध २००० + इलावृत १८०००(दक्षिण-उत्तर नौ-नौ हजार) मेरु १६००० + नील २००० + रम्यक ९००० + श्वेत २००० + हिरण्मय ९००० + शृङ्गी २००० +उत्तरकुरु ९००० = १००००० यो.।

मेरु पर्वतके दोनों ओर पूर्व-पश्चिममें इलावृत वर्षकी मर्यादाभूत माल्यवान् और गन्धमादन पर्वत है जो नील व निषध पर्वत तक फैले हुए हैं[3]। इनके कारण दोनों ओर जो दो विभाग हुए हैं उनका नाम भद्राश्व व केतुमाल है। उपर्युक्त सात वर्षोंमें इन दो वर्षोंको और मिला देनेपर जम्बूद्वीपस्थ सब वर्षोंकी संख्या नौ हो जाती है।

मेरुके चारों ओर पूर्वादिक दिशाओंमें क्रमशः मन्दर, गन्धमादन, विपुल और सुपार्श्व ये चार पर्वत हैं। इनके ऊपर क्रमशः ग्यारह सौ योजन ऊंचे कदम्ब, जम्बू, पीपल और वट, ये चार वृक्ष हैं। इनमेंसे जम्बू वृक्षके नामसे इस द्वीपका भी नाम जम्बू द्वीप प्रसिद्ध हुआ[4]।

उपर्युक्त नौ वर्षोंमें भारत वर्ष कर्मभूमि है, क्योंकि, यहांसे स्वर्ग और मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है, तथा यहांपर मनुष्य पाप कर्ममें रत होकर तिर्यंच व नारक पर्याय भी प्राप्त करता है[5]। यहां भरत क्षेत्रमें महेन्द्र, मलय, सह्य, शुक्तिमान्, ऋक्ष, विन्ध्य और पारियात्र, ये सात कुलपर्वत हैं। इनमें हिमवान्से शतद्रु और चन्द्रभागा आदि, पारियात्रसे वेद और स्मृति आदि, विन्ध्यसे नर्मदा और सुरसा आदि; ऋक्षसे तापी, पयोष्णी और निर्विन्ध्या आदि; सह्यसे गोदावरी, भीमरथी और कृष्णवेणी आदि; मलयसे कृतमाला और ताम्रपर्णी आदि, महेन्द्रसे त्रिसामा और

---

१ इनकी इस लम्बाईका प्रमाण गणितप्रक्रियामें नहीं बैठता। २ जैन ग्रन्थोंमें उनके नाम ये हैं— भरत, हैमवत, हरि, विदेह, रम्यक, हैरण्यवत और ऐरावत। यहां विदेह क्षेत्रके भीतर मेरुसे उत्तरमें उत्तरकुरुकी स्थिति है। ३ जैन ग्रन्थानुसार माल्यवान् और गन्धमादन ये दो गजदन्ताकार वक्षार पर्वत क्रमशः मेरुकी नैऋत्य व वायव्य दिशामें स्थित हैं। ४ जैन ग्रन्थानुसार मेरुकी ईशान दिशामें जम्बू वृक्ष और नैऋत्य दिशामें शाल्मलि वृक्ष स्थित हैं। ५ जैनग्रन्थानुसार भरत, ऐरावत, और विदेह क्षेत्र कर्मभूमियां, तथा शेष भोगभूमियां हैं।

आर्यकुल्या आदि, तथा शुक्तिमान् पर्वतसे ऋषिकुल्या और कुमारा (कुमारी) आदि नदियां निकली हैं। इन नदियोंके किनारोंपर मध्यदेशको आदि लेकर कुरु और पाञ्चाल, पूर्व देशको आदि लेकर कामरूप निवासी, दक्षिणको आदि लेकर पुण्ड्र, कलिङ्ग और मगध, सौराष्ट्र शूर, आभीर व अर्बुद ये पश्चिमांत देश, पारियात्रनिवासी कारूष और मालव, कोशलनिवासी सौवीर, सैन्धव, हूण और साल्व, तथा पारसीकोंको आदि लेकर माद्र, आराम और अम्बष्ठ देशवासी रहते हैं।

कृतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग, ये चार युग इसी भारत वर्षमें ही हैं; किम्पुरुषादिक शेष वर्षोंमें वे नहीं हैं। उन शेष आठ क्षेत्रोंमें शोक, परिश्रम, उद्वेग और क्षुधाभय आदिक नहीं हैं। वहांके प्रजाजन स्वस्थ, आतङ्कसे रहित और सब प्रकारके दुःखोंसे वियुक्त होकर दश-बारह हजार वर्षों तक जीवित रहते हैं। वे जरा एवं मृत्युके भयसे रहित होकर सदा सुखी रहते हैं। वहां धर्म-अधर्म तथा उत्तम, मध्यम एवं अधम, ये भेद भी नहीं हैं। यहां स्वर्ग-मोक्षकी प्राप्तिके कारणभूत तपश्चरणादि रूप क्रियाओंका अभाव होनेसे वे क्षेत्र कर्मभूमि न होकर केवल भोगभूमियां ही हैं[1]। इसी कारण जम्बूद्वीपस्थ उन नौ वर्षोंमें एक मात्र भारत वर्ष ही सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इसमें जन्म लेनेके लिये देवगण भी उत्कण्ठित रहते हैं।

स्वायम्भुव मनुके पुत्र प्रियव्रतके आग्नीध्र, अग्निबाहु, वपुष्मान्, द्युतिमान्, मेधा, मेधातिथि, भव्य, सवन, पुत्र और ज्योतिष्मान्, ये दश पुत्र हुए। इनमें मेधा, अग्निबाहु और पुत्र इन तीन पुत्रोंने जातिस्मरण हो जानेसे योगपरायण होकर राज्यकी अभिलाषा नहीं की। उनके पिता प्रियव्रतने शेष सात पुत्रोंमेंसे आग्नीध्रको जम्बू द्वीप, मेधातिथिको प्लक्ष द्वीप, वपुष्मान्को शाल्मल द्वीप, ज्योतिष्मान्को कुश द्वीप, द्युतिमान्को क्रौंच द्वीप, भव्यको शाक द्वीप और सवनको पुष्कर द्वीपका अधिपति बनाया।

इनमेंसे आग्नीध्रके नाभि, किम्पुरुष, हरिवर्ष, इलावृत, रम्य, हिरण्यवान्, कुरु, भद्राश्व और केतुमाल, ये नौ पुत्र हुए जो क्रमशः हिम वर्ष (भारत वर्ष) आदि उपर्युक्त नौ वर्षोंके अधिपति थे। इनमें हिम वर्षके अधिपति महाराज नाभिके ऋषभ नामक पुत्र हुआ। महात्मा ऋषभके भरतादिक सौ पुत्र हुए। इनने कुछ काल तक धर्मपूर्वक राज्यकार्य करके पश्चात् अपने ज्येष्ठ पुत्र भरतको राज्याभिषिक्त किया और स्वयं तपश्चरण करनेके लिये मुनि पुलहके आश्रममें जा पहुंचे। वहां उन्होंने घोर तप किया। इससे वे अत्यन्त कृश हो गये, उनकी धमनियां

१ जैन ग्रन्थोंमें भी भोगभूमियोंका प्रायः ऐसा ही वर्णन किया गया है।

साफ साफ दिखने लगी थीं। तत्पश्चात् वे नग्न होकर मुखमें बीटा करके महाध्यानको प्राप्त हुए। चूंकि महाराज ऋषभने वन जाते समय राज्य भरतको दिया था, अतः यह हिम वर्ष भरतके नामसे भारत वर्ष प्रसिद्ध हुआ[1]। इसके निम्न नौ भाग हुए हैं— इन्द्रद्वीप, कसेरु, ताम्रपर्ण, गभस्तिमान्, नागद्वीप, सौम्य, गन्धर्व और वारुण ये आठ, तथा समुद्रसे वेष्टित नौवां भाग। यह भाग दक्षिण-उत्तरमें सहस्र योजन प्रमाण है। इसके पूर्व भागमें किरात और पश्चिम भागमें यवनोंका निवास है।

जम्बू द्वीपको वलयाकारसे वेष्टित करके एक लाख योजन विस्तारवाला लवणसमुद्र स्थित है। इसको चारों ओरसे वेष्टित करनेवाला दो लाख योजन विस्तृत प्लक्ष द्वीप स्थित है। इसके अधीश्वर मेधातिथि थे। उनके सात पुत्र हुए, जिनके नामोंसे इस द्वीपके निम्न सात वर्ष प्रसिद्ध हुए हैं— शान्तहय, शिशिर, सुखोदय, आनन्द, शिव, क्षेमक और ध्रुव। इनके विभाजक पर्वतोंके नाम ये हैं— गोमेद, चन्द्र, नारद, दुन्दुभि, सोमक, सुमना और वैभ्राज। इन वर्षोंमें और पर्वतोंके ऊपर देव-गन्धर्वोंके साथ जो प्रजाजन निवास करते हैं वे अतिशय पुण्यवान् व आधि व्याधिसे रहित हैं। वहां न उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी हैं और न युगपरिवर्तन ही है। वहां सदा त्रेता युग जैसा काल रहता है। आयु वहां पांच हजार वर्ष परिमित है। यहांके निवासी वर्णाश्रम विभागके अनुसार पांच धर्मों (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, और अपरिग्रह) का परिपालन करते हैं। जिस प्रकार जम्बू द्वीपमें जम्बू वृक्ष है उसी प्रकार इस द्वीपमें एक प्लक्ष वृक्ष स्थित है। इसीके कारण इस द्वीपका भी नाम प्लक्ष द्वीप प्रसिद्ध हुआ।

इस द्वीपको इसीके समान विस्तारवाला इक्षुरसोद समुद्र वेष्टित करता है। इसको भी चारों ओरसे घेरनेवाला चार लाख योजन विस्तृत शाल्मल द्वीप है। इसी क्रमसे आगे सुरोद समुद्र, कुश द्वीप, घृतोद समुद्र, क्रौंच द्वीप, दधिमण्डोदक समुद्र, शाक द्वीप और क्षीर समुद्र स्थित है। ये द्वीप पूर्व-पूर्व द्वीपकी अपेक्षा दूने-दूने विस्तारवाले हैं। समुद्रोंका विस्तार अपने अपने द्वीपोंके समान है। शाल्मल आदि शेष उपर्युक्त द्वीपोंका रचनाक्रम प्लक्ष द्वीपके समान है।

---

१ जैन धर्ममें नाभिरायके पुत्र भगवान् ऋषभ देवको प्रथम तीर्थंकर माना गया है। उनके भरतादिक सौ पुत्र थे। उन्होंने कुछ समय तक प्रजापरिपालन करके राज्य भरतको दे दिया और स्वयं दैगम्बरी दीक्षा ले ली। पश्चात् घोर तप करके कैवल्य प्राप्त होनेपर धर्मप्रचार किया और अन्तमें मुक्ति प्राप्त की। विष्णुपुराणमें तृतीय अंशके अन्तर्गत सत्रहवें और अठारहवें अध्यायमें भगवान् ऋषभके चरित्रका चित्रण करके जैन धर्म और दिगम्बर साधुओंपर कुछ कटाक्ष किया गया है जो प्रायः धार्मिक असहिष्णुताका द्योतक है।

आगे सातवां पुष्कर द्वीप है[1]। इसके बीचोंबीच मानसोत्तर पर्वत वलयाकारसे स्थित है, जिसके कारण इस द्वीपके दो खण्ड हो गये हैं। इनमें मानसोत्तर पर्वतके बाह्य खण्डका नाम महावीर वर्ष और अभ्यन्तर खण्डका नाम धातकी वर्ष है[2]। इन दो वर्षोंके अधिपति क्रमशः महाराज सवनके महावीर और धातकी नामक दो पुत्र हुए। इस द्वीपमें रहनेवाले रोग, शोक एवं राग-द्वेषसे रहित हैं। आयु उनकी दश हजार वर्ष प्रमाण है। उनमें न तो उत्तम-अधमका भाव है और न बध्य-बधक भाव ही है। इसी प्रकार वहां न वर्णव्यवस्था है और न सत्य एवं मिथ्याका व्यवहार ही है। इस द्वीपमें पर्वत व नदियां नहीं हैं।

इस द्वीपको वेष्टित करके स्वादूदक समुद्र स्थित है। अब यहांसे आगे प्राणियोंका निवास नहीं है[3]। स्वादूदक समुद्रके आगे उससे दूने विस्तारवाली सुवर्णमयी भूमि है। उसके आगे दश हजार योजन विस्तृत और इतना ही ऊंचा लोकालोक पर्वत है। इसको चारों ओरसे वेष्टित करके तमस्तम स्थित है। यह तमस्तम भी चारों ओरसे अण्डकटाह द्वारा वेष्टित है। इस अण्डकटाहके साथ उपर्युक्त द्वीप-समुद्रोंको गर्भमें रखनेवाले समस्त भूमण्डलका विस्तार पचास करोड़ योजन और उंचाई सत्तर हजार योजन प्रमाण है।

यहां नीचे दश-दश हजार योजनके ये सात पाताल हैं— १ अतल, २ वितल, ३ नितल, ४ गभस्तिमत्, ५ महातल, ६ सुतल और ७ पाताल। ये पाताल क्रमशः शुक्ल, कृष्ण, अरुण, पीत, शर्करा, शैल और कांचन स्वरूप हैं। यहां उत्तम प्रासादोंसे सुशोभित भूमियां हैं जहां दानव, दैत्य, यक्ष एवं नाग आदि सैकड़ों जातियां निवास करती हैं[4]।

पातालोंके नीचे विष्णु भगवान्‌का शेष नामक तामस शरीर स्थित है जो 'अनन्त' कहा जाता है। यह शरीर हजार शिरों (फणों) से संयुक्त होकर समस्त भूमण्डलको धारण करता हुवा पातालमूलमें स्थित है। कल्पान्तमें इसके मुखसे निकली हुई संकर्षणात्मक रुद्र विषाग्नि-शिखा तीनों लोकोंका भक्षण करती है।

पृथिवी और जलके नीचे रौरव, सूकर, रोध, ताल, विशासन, महाज्वाल, तप्तकुम्भ, लवण, विलोहित, रुधिर, वैतरणि, कृमीश, कृमिभोजन, असिपत्रवन, कृष्ण, लालाभक्ष, दारुण,

.....

१ इसे जैन ग्रन्थोंमें तीसरा द्वीप कहा गया है। मानुषोत्तर पर्वतकी स्थिति यहां भी इसी प्रकार ही स्वीकार की गई है। २ जैन ग्रन्थोंमें 'धातकीखण्ड' यह दूसरे द्वीपका नाम बतलाया गया है।

३ जैन ग्रन्थोंमें मानुषोत्तर पर्वतके आगे केवल मनुष्योंका ही अभाव बतलाया गया है। ४ जैन ग्रन्थानुसार अधोलोकमें रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा आदि ७ पृथिवियां बतलाई हैं। इनमेंसे रत्नप्रभाके खरभाग एवं पंकभागमें असुरकुमार-नागकुमारादि १० भवनवासी तथा यक्षादि ८ जातिके व्यन्तर रहते हैं।

पूयवह, पाप, वह्निज्वाल, अधःशिरा, सन्दंश, कालसूत्र, तम, आवीचि, क्षभोजन, अप्रतिष्ठ और अग्रार्चि इत्यादि बहुतसे महा भयानक नरक हैं[1]। इनमें पापी जीव मरकर जन्म लेते हैं। फिर वहांसे निकलकर वे क्रमशः स्थावर, कृमि, जलचर, धार्मिक पुरुष, देव और मुमुक्षु होते हैं। जितने जीव स्वर्गमें हैं उतने ही नरकोंमें भी हैं।

भूमिसे ऊपर एक लाख योजनकी दूरीपर सौर मण्डल, इससे एक लाख योजन ऊपर चन्द्रमण्डल, इससे एक लाख योजन ऊपर समस्त नक्षत्रमण्डल, इससे दो लाख यो. ऊपर बुध, इससे दो लाख यो. ऊपर शुक्र, इससे दो लाख यो. ऊपर मंगल, इससे दो लाख यो. ऊपर बृहस्पति, इससे दो लाख यो ऊपर शनि, इससे एक लाख यो. ऊपर सप्तर्षिमण्डल, तथा इससे एक लाख यो. ऊपर ध्रुव स्थित है। (एतद्विषयक जैन मान्यताके लिये देखिये पीछे पृ. ३१)

ध्रुवसे एक करोड़ योजन ऊपर जाकर महर्लोक है। यहां कल्पकाल तक जीवित रहनेवाले कल्पवासियोंका निवास है[2]। इससे दो करोड़ यो. ऊपर जनलोक है। यहां नन्दनादिसे सहित ब्रह्माजीके प्रसिद्ध पुत्र रहते हैं। इससे आठ करोड़ यो. ऊपर तपलोक है। यहां वैराज देव निवास करते हैं। इससे बारह करोड़ यो. ऊपर सत्यलोक है। यहां फिरसे न मरनेवाले अमर (अपुनर्मारक) रहते हैं। इसे ब्रह्मलोक भी कहा जाता है।

भूमि (भूलोक) और सूर्यके मध्यमें सिद्धजनों व मुनिजनोंसे सेवित स्थान भुवर्लोक कहलाता है। सूर्य और ध्रुवके मध्यमें चौदह लाख यो. प्रमाण क्षेत्र स्वर्लोक नामसे प्रसिद्ध है।

भूलोक, भूवर्लोक और स्वर्लोक ये तीन लोक कृतक तथा जनलोक, तपलोक और सत्यलोक ये तीन लोक अकृतक है। इन दोनों (कृतक और अकृतक) के बीचमें महर्लोक है। यह कल्पान्तमें जनशून्य हो जाता है, परन्तु सर्वथा नष्ट नहीं होता।

१२ बौद्धाभिमत भूगोल

(वसुबन्धुकृत अभिधर्म-कोशके आधारसे, ५वीं शताब्दि)

लोकके अधोभागमें सोलह लाख (१६०००००) योजन ऊंचा अपरिमित वायुमण्डल है। उसके ऊपर ग्यारह लाख बीस हजार (११२००००) यो. ऊंचा जलमण्डल है। इसमें तीन

१ जैन ग्रन्थोंमें जो ४९ इन्द्रक नारक बिल कहे गये हैं उनमें ये नाम भी पाये जाते हैं— रौरव, प्रज्वलित, तप्त, तम व अप्रतिष्ठान। यहां वैतरणि नदी एवं असिपत्र वन भी बताये गये हैं। जन्मभूमियां यहां अधोमुख हैं। २ जैन ग्रन्थोंमें वैमानिक देवोंके कल्पवासी और कल्पातीत ये दो भेद बतलाये गये हैं। इन दोनोंका ही निवास ऊर्ध्व लोकमें है।

लाख बीस हजार (११२०००० – ८००००० = ३२००००) यो. कांचनमय भूमण्डल है। जलमण्डल व कांचनमण्डलका विस्तार १२०३४५० यो. और परिधि ३६१०३५० यो. प्रमाण है।

कांचनमय भूमण्डलके मध्यमें मेरु पर्वत है। यह अस्सी हजार यो. जलमें डूबा हुआ है तथा इतना ही ऊपर भी स्थित है। आगे अस्सी हजार यो. विस्तृत और दो लाख चालीस हजार यो. प्रमाण परिधिसे संयुक्त प्रथम सीता (समुद्र) है जो मेरुको चारों ओरसे वेष्टित करती है। आगे चालीस हजार यो. विस्तृत युगन्धर पर्वत वलयाकारसे स्थित है। इसके आगे भी इसी प्रकारसे एक-एक सीताको अन्तरित करके उत्तरोत्तर आधे आधे विस्तारसे संयुक्त क्रमशः ईषाधर, खदिरक, सुदर्शन, अश्वकर्ण, विनतक और निमिंधर पर्वत हैं। सीताओंका विस्तार भी उत्तरोत्तर आधा आधा होता गया है। उक्त पर्वतोंमें मेरु चतुरत्नमय और शेष सात पर्वत सुवर्णमय हैं। सबसे बाह्यमें स्थित सीता (महासमुद्र) का विस्तार तीन लाख बाईस हजार यो. प्रमाण है। अन्तमें लोहमय चक्रवाल पर्वत स्थित है।

निमिंधर और चक्रवाल पर्वतोंके मध्यमें जो समुद्र स्थित है उसमें जम्बूद्वीप, पूर्वविदेह, अवरगोदानीय और उत्तरकुरु, ये चार द्वीप हैं। इनमें जम्बूद्वीप मेरुके दक्षिण भागमें है। उसका आकार शकटके समान है। इसकी तीन भुजाओंमेंसे दो भुजायें दो दो हजार यो. और एक भुजा तीन हजार पचास यो. है।

मेरुके पूर्व भागमें अर्धचन्द्राकार पूर्वविदेह नामक द्वीप स्थित है। इसकी भुजाओंका प्रमाण जम्बूद्वीपके ही समान है।

मेरुके पश्चिम भागमें मण्डलाकार अवरगोदानीय द्वीप स्थित है। इसका विस्तार २५०० यो. और परिधि ७५०० यो. प्रमाण है।

मेरुके उत्तर भागमें समचतुष्कोण उत्तरकुरु द्वीप अवस्थित है। इसकी एक एक भुजा २००० यो. है।

इनमेंसे पूर्वविदेहके समीपमें देह व विदेह, उत्तरकुरुके समीपमें कुरु व कौरव, जम्बूदीपके समीपमें चामर व अवरचामर, तथा गोदानीय द्वीपके समीपमें शाटा व उत्तर मंत्री अन्तरद्वीप स्थित हैं। इनमेंसे चमरद्वीपमें राक्षसों और शेष द्वीपोंमें मनुष्योंका निवास है।

जम्बूद्वीपमें उत्तरकी ओर नौ कीटाद्रि और उनके आगे हिमवान् पर्वत अवस्थित है। हिमवान् पर्वतसे आगे उत्तरमें ५०० यो. विस्तृत अनवतप्त नामक अगाध सरोवर है। इससे गंगा, सिन्धु, वक्षु और सीता ये नदियां निकली हैं। उक्त सरोवरके समीपमें जम्बू वृक्ष है,

जिसके कारण इस द्वीपका 'जम्बू द्वीप' नाम प्रसिद्ध हुआ। अनवतप्त सरोवरके आगे गन्धमादन पर्वत है।

जम्बूद्वीपके नीचे २०००० यो. प्रमाण अवीचि नामक नरक है। उसके ऊपर क्रमशः प्रतापन, तपन, महारौरव, रौरव, संघात, कालसूत्र और संजीव, ये सात नरक और हैं। इन नरकोंके चारों पार्श्वभागोंमें कुकूल, कुणप, क्षुरमार्गादिक (असिपत्र वन, श्यामशबल-श्व-स्थान, अयःशाल्मली वन) और खारोदक (वैतरिणी) नदी, ये चार उत्सद हैं। अर्बुद, निरर्बुद, अटट, हहव, हुहुव, उत्पल, पद्म और महापद्म, ये जम्बूद्वीपके अधोभागमें महानरकोंके धरातलमें आठ शीत नरक और हैं।

मेरु पर्वतके अर्ध भागसे अर्थात् भूमिसे ४०००० यो. ऊपर चन्द्र व सूर्य परिभ्रमण करते हैं। इनमे चन्द्रमण्डलका प्रमाण पचास यो. और सूर्यमण्डलका प्रमाण इक्यावन यो. है। जिस समय जम्बूद्वीपमें मध्याह्न होता है उस समय उत्तरकुरुमें अर्धरात्रि, पूर्वविदेहमें अस्तगमन और अवरगोदानीयमें सूर्योदय होता है। भाद्र मासके शुक्ल पक्षकी नवमीसे रात्रिकी वृद्धि और फाल्गुन मासके शुक्ल पक्षकी नवमीसे उसकी हानिका प्रारम्भ होता है। रात्रिकी वृद्धिमें दिनकी हानि व रात्रिकी हानिमें दिनकी वृद्धि होती है। सूर्यके दक्षिणायन व उत्तरायणमें क्रमशः रात्रि व दिनकी वृद्धि होती है।

मेरु पर्वतके चार परिषण्ड (विभाग) है। प्रथम परिषण्ड मेरु और सीताजलसे १०००० यो. ऊपर स्थित है। इसके आगे क्रमशः दश-दश हजार यो. ऊपर जाकर द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ परिषण्ड हैं। इनमेंसे प्रथम परिषण्ड सोलह हजार यो., द्वितीय परिषण्ड आठ हजार यो., तृतीय परिषण्ड चार हजार यो. और चतुर्थ परिषण्ड दो हजार यो. मेरुसे बाहिर निकला है। प्रथम परिषण्डमें पूर्वकी ओर करोटपाणि यक्ष रहते हैं। इनका राजा धृतराष्ट्र है। द्वितीय परिषण्डमें दक्षिणकी ओर मालाधर रहते हैं। इनका राजा विरूढक है। तृतीय परिषण्डमें पश्चिमकी ओर सदामद रहते हैं। इनका राजा विरूपाक्ष है। चतुर्थ परिषण्डमें चातुर्महाराजिक देव रहते हैं। इनका राजा वैश्रवण है। इसी प्रकार शेष सात पर्वतोंपर भी इन देवोंका निवास है।

मेरुशिखरपर त्रयस्त्रिंश (स्वर्ग) लोक है। इसका विस्तार अस्सी हजार योजन है। यहां त्रयस्त्रिंश देव रहते हैं। यहां चारों विदिशाओंमें वज्रपाणि देवोंका निवास है। त्रयस्त्रिंश लोकके मध्यमें इन्द्रका २५० यो. विस्तृत वैजयन्त नामक प्रासाद स्थित है। नगरके बाह्य भागमें चारों ओर चैत्ररथ, पारुष्य, मिश्र और नन्दन, ये चार वन हैं। इनके चारों ओर बीस योजनके अन्तरसे देवोंके क्रीड़ास्थल हैं।

त्रयस्त्रिंश लोकके ऊपर विमानोंमें याम, तुषित, निर्माणरति और परनिर्मितवशवर्त्ती देव रहते हैं। कामधातुगत देवोंमेंसे चातुर्महाराजिक और त्रयस्त्रिंश देव मनुष्यवत् कामभोग भोगते हैं। याम, तुषित, निर्माणरति और परनिर्मितवशवर्ती देव क्रमशः आलिंगन, पाणिसंयोग, हसित

और अवलोकनसे ही तृप्तिको प्राप्त होते हैं[1]।

कामधातुके ऊपर सत्तरह स्थानोंसे संयुक्त रूपधातु है। वे सत्तरह स्थान ये हैं— प्रथम ध्यानमें ब्रह्मकायिक, ब्रह्मपुरोहित व महाब्रह्म लोक; द्वितीय ध्यानमें परित्ताभ, अप्रमाणाभ, व आभस्वर लोक; तृतीय ध्यानमें परित्तशुभ, अप्रमाणशुभ व शुभकृत्स्न लोक; तथा चतुर्थ ध्यानमें अनभ्रक, पुण्यप्रसव, वृहत्फल, पंचशुद्धावासिक, अवृह, अतपसुदृश, सुदर्शन और अकनिष्ठ; इस प्रकार इन चार ध्यानोंमें उक्त सत्तरह लोक हैं। ये देवलोक क्रमशः ऊपर-ऊपर अवस्थित हैं। इनमें रहनेवाले देव ऋद्धिबलसे अथवा अन्य देवकी सहायतासे ही अपनेसे ऊपरके देवलोकको देख सकते हैं।

जम्बूद्वीपवासी मनुष्योंका शरीर ३½ या ४ हाथ, पूर्वविदेहवासियोंका ७-८ हाथ, गोदानीयद्वीपवासियोंका १४-१६ हाथ और उत्तरकुरुस्थ मनुष्योंका शरीर २८-३२ हाथ ऊंचा होता है। कामधातुवासी देवोंमें चातुर्महाराजिक देवोंका शरीर ¼ कोश, त्रयस्त्रिंशोंका ½ कोश, यामोंका ¾ कोश, तुषितोंका १ कोश, निर्माणरति देवोंका १¼ कोश और परनिर्मितवशवर्ती देवोंका शरीर १½ कोश ऊंचा है। रूपधातुमें ब्रह्मकायिक देवोंका शरीर ½ योजन ऊंचा है। आगे ब्रह्मपुरोहित, महाब्रह्म, परित्ताभ, अप्रमाणाभ, आभस्वर, परित्तशुभ, अप्रमाणशुभ और शुभकृत्स्न, इन देवोंका शरीरोत्सेध क्रमशः १, १½, २, ४, ८, १६, ३२ और ६४ योजन प्रमाण है। अनभ्र देवोंके शरीरकी ऊंचाई १२५ यो. प्रमाण है। आगे इस ऊंचाईका प्रमाण पुण्यप्रसव आदिक सात देवोंमें उत्तरोत्तर दूना-दूना होता गया है।

यहां अंगुलादिकका प्रमाण इस प्रकार बतलाया गया है— परमाणु, अणु, लोहरज, जलरज, शशरज, अविरज, गोरज, छिद्ररज, लिक्षा, यव और अंगुलीपर्व, ये क्रमशः उत्तरोत्तर सात-सातगुणे हैं। २४ अंगुलियोंका एक हाथ, ४ हाथका एक धनुष, ५०० धनुषका एक कोश, १०० धनुषका अरण्य और ८ कोशका एक योजन होता है।

७ हमारा आधुनिक विश्व

गत पृष्ठोंमें हम देख चुके कि जिस विश्वमें हम निवास करते हैं उसको हमारे पूर्वाचार्योंने तथा नाना धर्मोंके गुरुओंने किस प्रकार समझा है। यहां हम तुलनात्मक अध्ययनकी सुविधाके लिये विश्वका वह स्वरूप संक्षेपमें प्रस्तुत करते हैं जो इस युगके वैज्ञानिकोंने निर्धारित किया है।

जिस पृथ्वीपर हम निवास करते हैं वह मिट्टी पत्थरका एक नारंगीके समान चपटा गोला है जिसका व्यास लगभग आठ हजार मील और परिधि पच्चीस हजार मीलकी है। किसी समय, आजसे करोड़ों वर्ष पूर्व, यह ज्वालामयी अग्निका गोला था। यह अग्नि धीरे धीरे ठंडी होती गई और अब यद्यपि पृथ्वीका धरातल सर्वत्र शीतल हो चुका है तो भी अभी इसके गर्भमें अग्नि तीव्रतासे जल रही है, जिसके कारण हमारा धरातल भी कुछ उष्णताको लिये हुए है, तथा नीचेकी ओर खुदाई की जाय तो अधिकाधिक उष्णता पाई जाती है। कभी कभी यही

---

१ यह व्यवस्था प्रायः "कायप्रवीचारा आ ऐशानात्, शेषाः स्पर्श-रूप-शब्द-मनःप्रवीचाराः" (त. सू. ४, ७-८.) इन सूत्रोंमें बतलायी गयी व्यवस्थाके समान है।

भूगर्भकी ज्वाला कुपित होकर भूकम्प उत्पन्न कर देती है, व ज्वालामुखीके रूपमें फूट निकलती है। इसीसे शैल, पर्वत, कन्दराओं आदिका निर्माण व विध्वंस तथा भूमि और जलभागोंमें विपरिवर्तन होता रहता है। इसी अग्निके तापसे पृथ्वीका द्रव्य यथायोग्य दबाव व शीतलता पाकर नाना प्रकारकी धातु-उपधातुओं एवं द्रव और वायु रूपी पदार्थोंमें परिवर्तित हो गया है, जो हमें पत्थर, कोयला, लोहा, सोना, चांदी आदि तथा जल और वायुमण्डलके रूपमें दिखाई देता है। जल और वायु ही सूर्यके प्रतापसे मेघों आदिका रूप धारण कर लेते हैं। यह वायु-मण्डल पृथ्वीके धरातलसे उत्तरोत्तर विरल होते हुए लगभग पांच सौ मील तक फैला हुआ अनुमान किया जाता है। पृथ्वीका धरातल भी सम नहीं है। पृथ्वीतलका उच्चतम भाग हिमालयका गौरीशंकर शिखर (माउंट एवेरेस्ट) माना जाता है जो समुद्रतलसे उनतीस हजार फुट अर्थात् कोई साढ़े पांच मील ऊंचा है। तथा समुद्रकी उत्कृष्ट गहराई बत्तीस हजार फुट अर्थात् लगभग छह मील तक नापी जा चुकी है। इस प्रकार पृथ्वीतलकी उंचाई निचाईमें उत्कृष्टतम साढ़े ग्यारह मील का अन्तर पाया जाता है। इसकी ठण्डी होकर जमी हुई पपड़ी सत्तर मील समझी जाती है जिसकी द्रव्यरचनाके अध्ययनसे अनुमान लगाया गया है कि उसे जमे लगभग तीन करोड़ वर्ष हुए हैं। सजीव तत्त्वके चिह्न केवल चौंतीस मीलकी ऊपरकी पपड़ीमें पाये जाते है जिससे अनुमान लगाया गया है कि पृथ्वीपर जीव तत्त्व उत्पन्न हुए दो करोड़ वर्ष से अधिक काल नहीं हुआ। इसमें भी मनुष्यके विकासके चिह्न केवल एक करोड़ वर्षके भीतरके ही पाये गये हैं।

पृथ्वीतलके ठण्डे हो जानेके पश्चात् उसपर आधुनिक जीवशास्त्रके अनुसार, जीवनका विकास इस क्रमसे हुआ। सर्व प्रथम स्थिर जलके ऊपर जीव-कोश प्रकट हुए जो पाषाणादि जड़ पदार्थोंसे मुख्यतः तीन बातोंमें भिन्न थे। एक तो वे आहार ग्रहण करते और बढ़ते थे। दूसरे वे इधर उधर हलचल भी सकते थे। और तीसरे वे अपने ही तुल्य अन्य कोश भी उत्पन्न कर सकते थे। कालक्रमसे इनमेंके कुछ कोश भूमिपर जड़ जमा कर स्थावरकाय-वनस्पति बन गये, और कुछ जलमें ही विकसित होते होते मत्स्य बन गये। क्रमशः ऐसे वनस्पति व मैंढक आदि प्राणी उत्पन्न हुए जो जलमें ही नहीं किन्तु थलपर भी श्वासोच्छ्वास कर सकते थे। इन्हीं स्थल प्राणियोंमेंसे सरीसृप अर्थात् घिसटकर चलनेवाले जन्तु सांप आदि उत्पन्न हुए। सरीसृपका विकास दो दिशाओंमें हुआ — एक पक्षी और दूसरे स्तनधारी प्राणी। स्तनी जातिकी यह विशेषता है कि वे अण्डे उत्पन्न न कर गर्भधारण करके अपनी जातिके शिशु उत्पन्न करते और अपने स्तनोंके दूधसे उनका पोषण करते हैं। इसी कारण उनमें शिशुपालन व मातृप्रेमकी भावना उत्पन्न होती है। मकरसे लेकर भेड़, बकरी, गाय, भैंस, घोड़ा, हाथी आदि सब इसी महा जातिके प्राणी हैं। इन्हीं स्तनधारी प्राणियोंकी एक जाति वानर उत्पन्न हुई। किसी समय कुछ वानरोंने अपने अगले दो पैर उठाकर पीछेके दो पैरोंपर चलना सीख लिया। बस, यहींसे मनुष्य जातिका विकास प्रारम्भ हुआ माना जाता है। उक्त जीवकोशसे लगाकर

मनुष्यके विकास तक प्रत्येक नई धारा उत्पन्न होनेमें हजारों नहीं किन्तु लाखों व करोड़ों वर्षका अन्तराल माना जाता है।

इस विकासक्रममें समय समयपर तात्कालिक परिस्थितियोंके अनुसार नाना जीव-जातियां उत्पन्न हुईं। उनमेंकी अनेक जातियां परिस्थितियोंके विपरिवर्तन व अपनी अयोग्यताके कारण विनष्ट हो गईं। उनका पता अब हमें भूगर्भमें उनके निखातकों द्वारा मिलता है।

पृथ्वीतलपर भूमिसे जलका विस्तार लगभग तिगुणा है– दोनोंका अनुपात शतांशमेंसे २८ : ७२ बतलाया जाता है। जलके विभागानुसार प्रमुख भूमिखण्ड पांच पाये जाते हैं– एशिया, यूरोप व आफ्रिका मिलकर एक, उत्तर-दक्षिण अमेरिका मिलकर दूसरा, आस्ट्रेलिया तीसरा, तथा उत्तर ध्रुव और दक्षिण ध्रुव। इनके अतिरिक्त अनेक छोटे मोटे द्वीप भी हैं। यह भी अनुमान किया जाता है कि सुदूर पूर्वमें सम्भवतः ये प्रमुख भूमिभाग परस्पर जुड़े हुए थे। उत्तर-दक्षिण अमेरिकाकी पूर्वी सीमारेखा ऐसी दिखाई देती है कि वह यूरोप-आफ्रिकाकी पश्चिमी सीमारेखाके साथ ठीक मिलकर बैठ सकती है। तथा हिन्द महासागरके अनेक द्वीपसमुदायोंकी शृंखला एशिया खण्डको आस्ट्रेलियाके साथ जोड़ती हुई दिखाई देती है। वर्तमानमें नहरें खोदकर आफ्रिकाका एशिया-यूरोप भूमिखण्डसे तथा उत्तर अमेरिकाका दक्षिण अमेरिकासे भूमिसम्बन्ध तोड़ दिया गया है। इन भूमिखण्डोंका आकार, परिमाण व स्थिति परस्पर अत्यन्त विषम है। इस समस्त पृथ्वीपर रहनेवाले मनुष्योंकी संख्या लगभग दो अरब है।

भारत वर्ष एशिया खण्डका दक्षिण पूर्वीय भाग है। वह त्रिकोणाकार है। दक्षिणी कोना लंका द्वीपको प्रायः स्पर्श कर रहा है। वहांसे भारतवर्षकी सीमा उत्तरकी ओर पूर्व-पश्चिम दिशाओंमें फैलती हुई चली गई है और हिमालय पर्वतकी श्रेणियोंपर जाकर समाप्त हुई है। देशका उत्तर-दक्षिण तथा पूर्व-पश्चिम दिशाओंका उत्कृष्ट विस्तार लगभग दो हजार मीलका है। इसकी उत्तर सीमापर तो हिमालय पर्वत फैला हुआ है, मध्यमें विन्ध्य और सतपुड़ा पर्वतमालायें पायी जाती हैं, तथा दक्षिणके पूर्वीय व पश्चिमी तटोंपर पूर्वी घाट और पश्चिमी घाट नामक पर्वतश्रेणियां फैली हुई हैं। देशकी प्रमुख नदियां हिमालयके प्रायः मध्यसे निकलकर पूर्वकी ओर समुद्रमें गिरनेवाली ब्रह्मपुत्रा व गंगा और उसकी सहायक जमना, चम्बल, सिंध, वेतवा, सोन आदि हैं तथा पश्चिमकी ओर समुद्रमें गिरनेवाली सिन्धु व उसकी सहायक नदियां झेलम, चिनाब, रावी, व्यास और सतलज है। गंगा व सिन्धुकी लम्बाई लगभग पन्द्रह सौ मीलकी है। देशके मध्यमें विन्ध्य और सतपुड़ाके बीच पूर्वसे पश्चिमकी ओर समुद्र तक प्रवाहित नर्मदा नदी है, तथा सतपुड़ाके दक्षिणमें ताप्ती। दक्षिणकी प्रमुख नदियां गोदावरी, कृष्णा और कावेरी पश्चिमसे पूर्वकी ओर प्रवाहित हैं।

देशके उत्तरमें सिन्धसे गंगा कछार तक प्रायः आर्य जातिके, सतपुड़ाके सुदूर दक्षिणमें द्राविड जातिके, एवं पहाड़ी प्रदेशोंमें गोंड, भील, कोल व किरात आदि पर्वतीय जातियोंके लोग

निवास करते हैं।

भारतवर्षकी जनसंख्या लगभग चालीस करोड़ है जिसमें हिन्दी, मराठी, बंगाली व गुजराती आदि आर्य भाषाओंके बोलनेवाले कोई बत्तीस करोड़ और शेष तामिल, तेलुगू, कनाड़ी, मलयालम आदि द्राविड़ी भाषाओंके बोलने वाले है।

इस आठ हजार मील व्यास व पच्चीस हजार मील परिधि प्रमाण भूमण्डलके चारों ओर अनन्त आकाश है, जिसमें हमें दिनको सूर्यमण्डल तथा रात्रिको चन्द्र, ग्रह व ताराओंके दर्शन होते है और उनसे प्रकाश मिलता है। इनमें सबसे अधिक समीपवर्ती चन्द्रमा है, जो पृथ्वीसे कोई सवा दो लाख मीलकी दूरीपर है। यह पृथ्वीके समान ही एक भूमण्डल है जो पृथ्वीसे बहुत छोटा है और उसीके आसपास घूमा करता है जिसके कारण हमारे शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष होते है। चन्द्रमें स्वयं प्रकाश नहीं है, किन्तु वह सूर्यके प्रकाशसे प्रकाशित होता है और इसी लिये अपने परिभ्रमणानुसार घटता बढ़ता दिखाई देता है। अनुसन्धानसे जाना गया है कि चन्द्रमा बिलकुल ठंडा हो गया है। पृथ्वीके भूगर्भके समान उसमें अग्नि नहीं है। उसके आसपास वायुमण्डल भी नहीं है और धरातलपर जल भी नहीं है। इन्हीं कारणोंसे वहां श्वासोच्छ्वासप्रधान प्राणी व वनस्पति भी नहीं पाये जाते। भीषण शैल व पर्वतों तथा कन्दराओंके सिवाय वहां कुछ भी नहीं है। अनुमान किया जाता है कि चन्द्रमा पृथ्वीका ही एक भाग है जिसे टूटकर अलग हुए कोई पांच-छह करोड़ वर्ष हुए हैं।

चन्द्रसे परे क्रमशः शुक्र, बुध, मंगल, बृहस्पति व शनि आदि ग्रह हैं जो सब पृथ्वीके समान ही भूमण्डल हैं और सूर्यकी परिक्रमा किया करते है तथा सूर्यके ही प्रकाशसे प्रकाशित होते है। इन ग्रहोंमेंसे किसीमें भी पृथ्वीके समान जीवोंकी सम्भावना नहीं मानी जाती, क्योंकि वहांकी परिस्थितियां जीवनके साधनोंसे सर्वथा विहीन हैं।

इन ग्रहोंसे परे, पृथ्वीसे कोई साढ़े नौ करोड़ मीलकी दूरीपर सूर्यमण्डल है, जो पृथ्वीसे लगभग पन्द्रह लाख गुणा बड़ा है— अर्थात् पृथ्वीके समान कोई पन्द्रह लाख भूमण्डल उसके गर्भमें समा सकते हैं। यह महाकाय मण्डल अग्निसे प्रज्वलित है और उसकी ज्वालायें लाखों मील तक उठती हैं। सूर्यकी इसी जाज्वल्यतासे करोड़ों मील, विस्तृत सौर मण्डल भरमें प्रकाश और उष्णता फैल रहे है। एक वैज्ञानिक मत है कि इसी सूर्यमण्डलकी चिनगारियोंसे पृथ्वी व बुध-बृहस्पति आदि ग्रह और उपग्रह बने हैं, जो सब अभी तक उसके आकर्षणसे निबद्ध होकर उसीके आसपास घूम रहे हैं। हमारा भूमण्डल सूर्यकी परिक्रमा एक वर्षमें पूरी करता है और इसी परिक्रमाके आधारपर हमारा वर्षमान अवलंबित है। इस परिक्रमणमें पृथ्वी निरन्तर अपनी कीलपर भी घूमा करती है जिसके कारण हमारे दिन और रात्रि हुआ करते हैं। जो गोलार्ध सूर्यके सन्मुख पड़ता है वहां दिन और शेष गोलार्धमें रात्रि होती है। वैज्ञानिकोंका यह भी अनुमान है कि ये पृथ्वी आदि ग्रहोपग्रह धीरे धीरे पुनः सूर्यकी ओर आकृष्ट हो रहे

हैं। अतः आश्चर्य नहीं जो किसी सुदूरवर्ती एक दिन वे पुनः सूर्यमण्डलमें लवलीन हो जांय।

हमने ऐसे महाकाय सूर्यमण्डलके दर्शन किये जिनकी बराबरीका अन्य कोई भी ज्योतिर्मण्डल आकाश भरमें दिखाई नहीं देता। किन्तु इससे यह नहीं समझना चाहिये कि उन अति लघु दिखाई देनेवाले तारोंमें सूर्यके तुल्य महान् कोई एक भी नहीं हैं। यथार्थतः तो हमें जिन तारोंका दर्शन होता है उनमें सूर्यसे छोटे व सूर्यके बराबरके तो बहुत थोड़े तारे हैं। उनमें अधिकांश तो सूर्यसे भी बहुत विशाल, उससे सैकड़ों, सहस्रों व लाखों गुणे बड़े हैं। किन्तु उनके छोटे दिखाई देनेका कारण यह है कि वे हमसे सूर्यकी अपेक्षा बहुत ही अधिक दूरीपर हैं। तारोंकी दूरी समझनेके लिये हमारे संख्यावाची शब्द काम नहीं देते। उसके लिये वैज्ञानिकोंकी दूसरी ही प्रक्रिया है। प्रकाशकी गति प्रति सैकंड १,८६,००० एक लाख छयासी हजार मील, तथा प्रति मिनिट १,११,६०,००० एक करोड़, ग्यारह लाख, साठ हजार मील मापी गई है। इस प्रमाणसे सूर्यका प्रकाश पृथ्वी तक कोई ८-९ मिनटमें आता है। तारे हमसे इतनी दूर है कि उनका प्रकाश हमारे समीप वर्षोंमें आ पाता है, और जितने वर्षोंमें वह आता है उतने ही प्रकाशवर्षकी दूरीपर वह तारा कहा जाता है। सेन्टोरी नामक अति निकटवर्ती तारा हमसे चार प्रकाशवर्षकी दूरीपर है, क्योंकि उसके प्रकाशको हमारे पास तक पहुंचनेमें चार वर्ष लगते हैं। इस प्रकार दश, बीस, पचास एवं सैकड़ों प्रकाशवर्षोंकी दूरीके ही नहीं किन्तु ऐसे ऐसे तारोंका ज्ञान हो चुका है जिनकी दूरी दश लाख प्रकाशवर्षकी मापी गई है तथा जो प्रमाणमें भी हमारी पृथ्वी तो क्या हमारे सूर्यसे भी लाखों गुने बड़े हैं। तारोंकी संख्याका भी पार नहीं है। हमें अपनी नग्न दृष्टिसे तो अधिकसे अधिक छठवें प्रमाण तकके कोई छै सात हजार तारे ही दिखाई देते हैं। किन्तु दूर-दर्शक यंत्रोंकी जितनी शक्ति बढ़ती जाती है उतने ही उत्तरोत्तर अधिकाधिक तारे दिखाई देते हैं। अभी तक बीसवें प्रमाण तकके तारोंको देखने योग्य यंत्र बन चुके हैं जिनके द्वारा सब मिलाकर दो अरबसे भी अधिक तारे देखे जा चुके हैं। किन्तु तारोंकी संख्याका अन्त नहीं। जेम्स जीन्स सदृश ज्योतिषी वैज्ञानिकका मत है कि तारोंकी संख्या हमारी पृथ्वीके समस्त समुद्र-तटोंकी रेतके कणोंके बराबर हो तो आश्चर्य नहीं। और ये असंख्य तारे एक दूसरेसे कितने दूर दूर हैं इसका अनुमान इसीसे लगाया जा सकता है कि सूर्यसे निकटतम दूसरा तारा चार प्रकाशवर्ष अर्थात् अरबों खर्बों मीलकी दूरीपर है। ये सब तारे बड़े वेगसे गतिशील हैं और उनका प्रवाह दो भिन्न दिशाओंमें पाया जाता है।

इस प्रकार लोकका प्रमाण असंख्य है, और आकाशका कहीं अन्त दिखाई नहीं देता। किन्तु दृश्यमान लोकका आकार कुछ कुछ समझा गया है। तारागणोंका जिस प्रकार आकाशमें वितरण है तथा आकाशगंगामें जो तारापुंज दिखाई देते हैं, उनपरसे अनुमान

लगाया गया है कि इस समस्त तारामण्डल रूप लोकका आकार लेन्सके आकारका है अर्थात् ऊपर और नीचेको उभरा हुआ और बीचमें फैला हुआ गोल है, जिसकी परिधिपर आकाश-गंगा दिखाई देती है और उभरे हुए भागके मध्यमें हमारा सूर्यमण्डल है।

प्रश्न होता है कि क्या इस तारामण्डलमें पृथ्वीके अतिरिक्त और कहीं जीवधारी हैं या नहीं? कुछ काल पूर्व मंगल ग्रहमें जीवधारियोंकी संभावना की जाती थी, किन्तु, जैसा हम ऊपर कह आये हैं, अब किसी भी ग्रहमें जीव-जन्तुओंकी सम्भावना नहीं की जाती। और जिन तारोंका हमने ऊपर वर्णन किया है वे तो सब सूर्यके समान अग्निके गोले हैं जिनमें जीवोंकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। सूर्यके अतिरिक्त अन्य किसी तारेके ग्रहों उप-ग्रहोंका कोई पता नहीं चलता जिनमें जीव-जगत्की कल्पना की जा सके। इस प्रकार विज्ञान इस विषयमें बहुत ही सशंक है कि हमारी इस पृथ्वीके अतिरिक्त अन्यत्र कहीं भी दृश्यमान लोकमें जीवधारी हैं या नहीं। [आधारभूत ग्रंथः — The Structure of the earth by Prof. T. G. Bonney; An outline of Modern knowledge; Mysterious universe by Eddington; विश्वकी रूपरेखा— रा. सांकृत्यायनकृत]

८ अन्तिम निवेदन

तिलोयपण्णत्तिका प्रथम भाग सन् १९४३ में प्रकाशित हो गया था। उससे सात वर्ष पश्चात् यह दूसरा अन्तिम भाग प्रकाशित हो रहा है। इस विलम्बके अनेक कारण हैं। एक तो प्राचीन ग्रंथों विशेषतः—प्राकृतकी गहनविषयात्मक रचनाओंकी थोड़ीसी मौलिक प्रतियोंपरसे संशोधन, सम्पादन व अनुवाद करना एक बड़ा कठिन कार्य है। चित्तकी निरा-कुलताके विना यह कार्य सुचारु रूपसे नहीं हो पाता। पूर्वोक्त समयावधिके भीतर मेरा अमरावतीसे स्थान-परिवर्तन हो गया, तथा एक समय ऐसा भी आगया जब मेरा इस कार्यसे सम्बन्ध रहना भी संदिग्ध अवस्थामें पड़ गया। कागजकी दुर्लभता तथा मुद्रणकी विघ्न-बाधाओंने भी गति-रोध उत्पन्न करनेमें कसर नहीं रक्खी। फिर अनुक्रमणिकाओं आदिके तैयार करनेमें बड़ा परिश्रम और समय लगा। सम्पादकोंके हाथ अन्य साहित्यिक कार्योंसे भरे होनेके कारण प्रस्तावना तैयार होनेमें भी विलम्ब हुआ। तथापि, इन सब विपत्तियोंके होते हुए भी, आज इस महान् ग्रन्थका पूर्णतः प्रकाशन हो रहा है इस बातका हमें बड़ा हर्ष है। और इस सफलता-का श्रेय है हमारे समस्त सहयोगियोंको। हमारी ग्रन्थमालाके संस्थापक ब्रह्मचारी जीवराज भाईकी धर्मनिष्ठा और कार्यतत्परता सराहनीय है। उनकी यह प्रेरणा बनी ही रहती है कि ग्रन्थप्रकाशन कार्य जितना हो सके और जितने वेगसे हो सके उतना किया जाय। संस्कृति-संरक्षक संघके अधिकारियों तथा प्रबन्धसमितिके सदस्योंका भी इस विषयमें मतैक्य है। फिर भी यदि ग्रन्थप्रकाशनमें पाठकोंको विलम्ब दिखाई दे तो इसका कारण कार्यकर्ताओंके उत्साहमें कमी नहीं, किन्तु इस कार्यकी विशेष अनिवार्य अड़चनें ही हैं। ग्रन्थमें आये हुए गणितने हमें अनेक वार बहुत हैरान किया। इस सम्बन्धमें, विशेषतः पांचवेंसे सातवें अधिकार तक, आये

हुए गणितके अनेक स्थलोंकी गुत्थियोंको सुलझानेमें मुझे मेरे प्रिय मित्र श्री नेमिचन्द्र सिंघई, इंजीनियर, नागपुरसे बहुत सहायता मिली। मेरे सहयोगी और स्नेही मित्र डॉ. आदिनाथ उपाध्येके धैर्य और उत्साहकी भी प्रशंसा किये बिना मुझसे नहीं रहा जाता। उनकी निरन्तर प्रेरणा और मेरे लिये आकर्षण यदि प्रबल नहीं होते तो संभवतः इस कार्यमें और भी विघ्न एवं विलम्ब हो सकता था। परिस्थितियोंके चढ़ाव-उतारके बीच भी कार्यमें एकरूपता और अविच्छिन्नता बनाये रखनेका श्रेय हमारे पं. बालचन्द्रजी शास्त्रीको है, जो सब अवस्थाओंमें बड़ी ही एकाग्रता, तत्परता एवं निराकुल भावसे कार्यको गतिशील बनाये रहे हैं। हम तीनोंके बीच सम्पादन कार्यके सम्बन्धमें कभी कोई असामञ्जस्य उत्पन्न नहीं हुआ, यह प्रकट करते मुझे बड़ा हर्ष होता है। इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि हम किसी भी बातमें कोई मतभेद ही नहीं रखते। सच्चे और स्वतंत्र विचारकोंमें ऐसा होना असम्भव है। मेरे कहनेका अभिप्राय यह है कि हमारे मतभेदसे ग्रन्थरचनामें कोई त्रुटि या कठिनाई उत्पन्न नहीं हुई, किन्तु उससे सदैव विषयकी समृद्धि और पुष्टि ही हुई है। यह बात इस ग्रन्थकी प्रस्तावनाओंपर ध्यान देनेसे पाठकोंको खूब ही स्पष्ट हो जायगी। ग्रन्थकी अंग्रेजी भूमिका मेरे प्रिय मित्र डॉ. उपाध्येने लिखी है। मैंने उसीके आधारपर, प्रायः अनुवाद रूपसे ही, हिन्दी प्रस्तावनाके प्रथम तीन परिच्छेद लिखे हैं। ग्रन्थके रचनाकाल सम्बन्धी प्रमाणोंके विषयमें भी यद्यपि मेरे और डॉ. उपाध्येजीके बीच मतैक्य है, तथापि किन बातोंको आपेक्षिक कितना महत्त्व दिया जाय इस बातपर हमारा कुछ मतभेद है। अतएव इस विषयपर हमने अपने अपने विचार एक दूसरेके लेखोंसे लाभ उठाकर भी कुछ स्वतंत्रतासे प्रकट किये हैं। इससे पाठकोंको विचार व अध्ययनके लिये प्रचुर सामग्री मिलेगी और आगे अन्वेषणका मार्ग अवरुद्ध न होकर खुला रहेगा। ग्रन्थका विषय-परिचय तथा ग्रन्थकी अन्य ग्रन्थोंसे तुलना शीर्षक परिच्छेद पं. बालचन्द्रजी शास्त्री द्वारा लिखे गये हैं जिनमें मैंने यत्र तत्र परिवर्तन व घटा बढ़ीके सिवाय विशेष कुछ नहीं किया। 'हमारा आधुनिक विश्व' शीर्षक परिच्छेद मैंने लिखा है। मुझे पूर्ण आशा और भरोसा है कि यह सब सामग्री इस महान् ग्रन्थके इतिहास, उसकी विषयसमृद्धि एवं साहित्यमें प्रभावको समझनेमें पाठकोंकी बड़ी सहायता करेगी।

अन्तमें मैं इस ग्रन्थके मुद्रक, सरस्वती प्रेसके मैनेजर श्री टी. एम्. पाटिलके सहयोग का उल्लेख किये बिना नहीं रह सकता। आज कोई बीस वर्षसे मेरा जो सम्बन्ध सरस्वती प्रेससे अविच्छिन्न चला आ रहा है, उसका मुख्य कारण श्री पाटिलका सौजन्य और हमारे प्रति सद्भाव ही है। इसी कारण मेरे नागपुर आजानेपर भी इस प्रेससे सम्बन्धविच्छेदकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की। मुझे आशा है कि जब तक उनका प्रेससे सम्बन्ध है और मेरा साहित्यिक कार्यसे, तब तक हमारा सहयोग अस्खलित बना रहेगा।

नागपुर महाविद्यालय,
विजयादशमी, १९५०

हीरालाल जैन

विषयानुक्रमणिका

विषय	गाथा
महाधिकार ५	
मंगलाचरण	१
तिर्यग्लोकप्रज्ञप्तिमें १६ अन्तराधिकारोंका निर्देश	२
स्थावरलोकका प्रमाण	५
तिर्यग्लोकका प्रमाण	६
द्वीप-सागरसंख्या	७
द्वीप-सागरोंकी स्थिति	९
अभ्यन्तर भागमें स्थित ३२ द्वीप-समुद्रोंके नाम	११
बाह्य भागमें स्थित ३२ द्वीप-समुद्रोंके नाम	२२
लवण और कालोद समुद्रोंको छोड़ शेष सब समुद्रोंके द्वीपसम नामोंका निर्देश	२८
समुद्रोंके रसका निर्देश	२९
आदिके दो और अन्तिम समुद्रको छोड़ शेष समुद्रोंमें जलचरोंके अभावकी सूचना	३१
द्वीप-समुद्रोंका विस्तार	३२
आदिम, मध्यम और बाह्य सूचियोंका प्रमाण	३४
द्वीप-समुद्रोंकी परिधिका प्रमाण	३५
द्वीप-समुद्रोंके जम्बूद्वीपसम खण्ड	३६
आदिके नौ द्वीप और नौ समुद्रोंके अधिपति देवोंके नामोंका निर्देश	३७
शेष द्वीप-समुद्रोंके अधिपति देवोंके नामोंके उपदेशका अभाव	४८
उक्त देवोंकी स्थिति आदि	४९

विषय	गाथा
नन्दीश्वर द्वीपका वर्णन	५२
कुण्डलवर द्वीपका वर्णन	११७
रुचकवर द्वीपस्थ रुचकवर पर्वतका वर्णन	१४१
लोकविनिश्चय ग्रन्थके अनुसार रुचकवर पर्वतका वर्णन	१६७
द्वितीय जम्बूद्वीपका वर्णन	१७९
स्वयम्भूरमण पर्वतका वर्णन	२३८
द्वीप-समुद्रोंका बादर क्षेत्रफल	२४१
प्रकारान्तरसे उनका बादर क्षेत्रफल	२४२
उन्नीस विकल्पों द्वारा द्वीप-समुद्रोंका अल्पबहुत्व	पृष्ठ ५६१
चौंतीस प्रकारके तिर्यंच	,, ५९६
तेजकायिक जीवोंकी संख्या	,, ५९७
पृथिवीकायिकादि जीवोंकी संख्या	,, ५९९
द्वीन्द्रियादि जीवोंकी संख्या	,, ६०७
पृथिवीकायिकादिकोंकी आयु	२८१
आयुबन्धक भाव	२९१
तिर्यंचोंमें योनिप्ररूपणा	२९३
उनमें सुख-दुखका निर्देश	२९८
उनमें यथासम्भव गुणस्थानादिकोंकी प्ररूपणा	२९९
सम्यक्त्वग्रहणके कारण	३०८
उनके द्वारा प्राप्त करने योग्य गति	३११
चौंतीस पदवाला अल्पबहुत्व	पृष्ठ ६१५
जघन्य अवगाहनाका स्वामी	३१५
पद्म आदिकोंकी अवगाहना	३१७

विषय	गाथा
द्वीन्द्रियादिकोंमें जघन्य अवगाहनाके स्वामी	३१८
अवगाहनाके विकल्पोंका क्रम	पृष्ठ ६१८
महाधिकार ६	
आद्य मंगल	१
सत्तरह अन्तराधिकारोंका निर्देश	२
व्यन्तर देवोंके तीन प्रकारके पुर	५
व्यन्तरोंके भेद	२५
चैत्य वृक्षोंका निर्देश	२७
कुलभेद	३२
किन्नर जातिके १० भेद	३४
किम्पुरुष जातिके १० भेद	३६
महोरग जातिके १० भेद	३८
गन्धर्व जातिके १० भेद	४०
यक्षोंके १२ भेद	४२
राक्षसोंके ७ भेद	४४
भूतोंके ७ भेद	४६
पिशाचोंके १४ भेद	४८
व्यन्तरोंमें गणिकामहत्तरियोंके नाम	५०
व्यन्तरोंका शरीरवर्ण	५५
दक्षिण-उत्तर इन्द्रोंका निर्देश	५९
व्यन्तरनगरोंका वर्णन	६०
व्यन्तरेन्द्रोंके परिवार देवोंकी प्ररूपणा	६७
नीचोपपाद आदि देवोंका अवस्थान	८०
व्यन्तरोंमें आयुप्रमाण	८३
आहारकाल	८७
उच्छ्वासकाल	८९
अवधिविषय	९०
शक्तिप्ररूपणा	९२
शरीरोत्सेध	९८
संख्या	९९
जन्म-मरण	१००
आयुबन्धक भाव आदि	१०१
जिनपुरोंका प्रमाण	१०२
महाधिकार ७	
आद्य मंगल	१
सत्तरह अन्तराधिकारोंका निर्देश	२
ज्योतिष देवोंका निवासक्षेत्र	५
ज्योतिष देवोंके भेद	७
उनकी संख्याका निर्देश	११
चन्द्र ज्योतिषियोंका प्रमाण	१२
सूर्य ज्योतिषियोंका प्रमाण	१४
अठासी ग्रहोंके नाम	१५
समस्त ग्रहोंकी संख्या	२३
अट्ठाईस नक्षत्रोंके नाम	२५
समस्त नक्षत्रोंकी संख्या	२९
एक चन्द्र सम्बन्धी ताराओंका प्रमाण	३१
ताराओंके नामोंके उपदेशका अभाव	३२
समस्त ताराओंकी संख्या	३३
चन्द्रमण्डलोंकी प्ररूपणा	३६
सूर्यनगरोंकी प्ररूपणा	६५
बुधनगरोंकी प्ररूपणा	८२
शुक्रनगरियां	८९
बृहस्पतिनगरियां	९३
मंगलनगरियां	९६
शनिनगरियां	९९
नक्षत्रनगरियां	१०४
तारानगरियां	१०८
नगरोंका प्रमाण	११४

विषय	गाथा
लोकविभागाचार्यके मतानुसार ज्योतिष-नगरियोंका बाहल्य	११५
चन्द्रोंकी संचारभूमि	११६
ध्रुवराशिका प्रमाण	१२३
चन्द्रवीथियोंका अन्तर	१२४
द्वितीयादि वीथियोंमें स्थित चन्द्रका मेरुसे अन्तर	१२८
दोनों चन्द्रोंका अन्तर	१४३
चन्द्रपथपरिधियोंका प्रमाण	१६१
समान कालमें असमान परिधियोंके परिभ्रमण कर सकनेका कारण	१७९
चन्द्रके गगनखण्ड	१८०
चन्द्रके वीथीपरिभ्रमणका काल	१८३
चन्द्रका एक मुहूर्तपरिमित गमनक्षेत्र	१८५
राहुविमानका वर्णन	२०१
पूर्णिमाकी पहिचान	२०६
अमावस्याकी पहिचान	२०७
चान्द्र दिवसका प्रमाण	२१३
प्रतिपद्से पूर्णिमा तक क्रमशः होनेवाली एक एक कलाकी हानि	२१४
प्रकारान्तरसे चन्द्रका कृष्ण व शुक्ल रूप परिणत होनेका निर्देश	२१५
पर्वराहु द्वारा चन्द्रका आच्छादन	२१६
सूर्यकी संचारभूमि	२१७
सूर्यवीथियां व उनका विस्तारादि	२१९
सूर्यवीथी और मेरुके बीच अन्तर	२२१
सूर्यकी ध्रुवराशि	२२२
सूर्यपथोंके बीच अन्तरका प्रमाण	२२३
प्रथमादि पथोंमें सूर्यका मेरुसे अन्तर	२२८
दोनों सूर्योंका अन्तर	२३४
सूर्यबिम्बका विस्तार	२४१
सूर्यपथोंका प्रमाण	२४२
मेरु आदिकी परिधियां	२४४
समान कालमें असमान परिधियोंके परिभ्रमण कर सकनेका कारण	२६५
सूर्यके गगनखण्ड	२६६
सूर्यका मुहूर्तपरिमित गमन	२६९
केतुके नगरस्थल	२७२
प्रथमादि पथोंमें दिन-रात्रिका प्रमाण	२७६
आतपक्षेत्र व उसका प्रमाण	२९१
तिमिरक्षेत्रका प्रमाण	३६१
आतप और तिमिर क्षेत्रका क्षेत्रफल	४१६
सूर्योंके उदय व अस्त होनेके समयकी कुछ विशेषतायें	४२१
उत्कृष्ट चक्षुस्पर्शक्षेत्रका प्रमाण	४३०
चक्रवर्ती द्वारा सूर्यबिम्बका दर्शन	४३२
भरत क्षेत्रमें सूर्यके उदित होनेपर क्षेमा आदिमें दिन-रात्रिका विभाग	४३५
ऐरावत क्षेत्रमें सूर्यके उदित होनेपर दिन-रात्रिका विभाग	४४१
चक्रवर्ती ५५७४$\frac{२३३}{३८०}$ यो. से अधिक दूरीपर सूर्यबिम्ब नहीं देख सकते	४४६
दोनों सूर्योंके प्रथम मार्गसे द्वितीय मार्गमें प्रविष्ट होनेकी दिशायें	४४९
सूर्यके बाह्य मार्गमें स्थित होनेपर दिन-रात्रिका प्रमाण	४५२
सूर्यके उदयस्थान	४५४
ग्रहप्ररूपणा	४५७

विषय	गाथा
नक्षत्रप्ररूपणा	४५९
ताराप्ररूपणा	४९४
सूर्य व चन्द्रके अयन और उनमें दिन-रात्रियोंकी संख्या	४९८
नक्षत्रोंके गगनखण्ड	५०१
सूर्य व चन्द्र द्वारा एक मुहूर्तमें लांघने योग्य गगनखण्डोंका प्रमाण	५०६
तत्थ वि विजयप्पहुदिसु भवंति देवाण दिव्वणयरीओ[5]। उवरिं[6] वज्जाखिदीए चित्तामज्झम्मि पुव्वपहुदीसुं ॥ १८०

ये बत्तीस रुचकवरकूट पूर्वोक्त नामोंसे युक्त हैं। इनपर जो दिक्कन्यायें रहती हैं, उनके नाम भी वे (पूर्वोक्त) ही है ॥ १७२ ॥

वैडूर्य, मणिप्रभ, रुचक, रत्नप्रभ, रत्न, शंखरत्न (सर्वरत्न), रुचकोत्तम और रत्नोच्चय, इन पूर्वोक्त कूटोके सदृश कूटोंमें दो दो उत्तम कूट प्रदक्षिणक्रमसे ईशानादि विदिशाओंमें स्थित हैं ॥ १७३-१७४ ॥

इन कूटोंपर क्रमसे रुचका, विजया, रुचकाभा, वैजयन्ती, रुचककान्ता, जयन्ती, रुचकोत्तमा और अपराजिता, ये दिक्कन्याओकी महत्तरियां (प्रधान) निवास करती हैं। ये सब उत्कृष्ट भक्तिसे जिनेन्द्रभगवान्‌के जातकर्मको किया करती हैं ॥ १७५-१७६ ॥

विमल, नित्यालोक, स्वयंप्रभ तथा नित्योद्योत, ये चार उत्तम कूट पूर्वादिक दिशाओंमें प्रदक्षिणरूपसे स्थित हैं ॥ १७७ ॥

इन कूटोके अभ्यन्तर भागमे चार सिद्धवर कूट है, जिनके ऊपर पहिलेके ही समान अंजनपर्वतस्थ जिनभवनोंके सदृश जिनालय स्थित हैं ॥१७८ ॥ पाठान्तर।

जम्बूद्वीपसे आगे संख्यात समुद्र व द्वीपोंके पश्चात् अतिशय रमणीय दूसरा जम्बूद्वीप है ॥ १७९ ॥

वहांपर भी वज्रा पृथिवीके ऊपर चित्राके मध्यमें पूर्वादिक दिशाओंमें विजयप्रभृति देवोंकी दिव्य नगरियां है ॥ १८० ॥

---

१ द ब ईसाणदिसा° २ द बेलुरिय पयणि णामा, ब वेरुलिय पयणि णामा. ३ द ब उच्चका. ४ द ब रुचकाय. ५ ब °नयरी. ६ द उवरिम.

उच्छेहजोयणेणं पुरीओ बारससहस्सरुंदाओ । जिणभवणभूसिदाओ उववणवेदीहिं जुत्ताओ ॥ १८१

१२००० ।

पण्णत्तरिदलतुंगा पायारा जोयणद्धमवगाढा । सव्वाणं णयरीणं णच्चंतविचित्तधयमाला ॥ १८२

$\frac{७५}{२}$ । $\frac{१}{२}$ ।

कंचणपायाराणं वररयणविणिम्मियाण भूवासो । जोयणपणुवीसदलं तच्चउभागो य मुहवासो ॥ १८३

$\frac{२५}{२}$ । $\frac{२५}{४}$ ।

एक्केक्काए दिसाए पुरीण पणुवीसगोउरदुवारे । जंबूणदणिम्मविदा मणितोरणथंभरमणिज्जा ॥ १८४

बासट्ठि जोयणाणिं ताणं हवंति पुरोवरिपुराणं । उदओ[1] तद्दलमेत्तो रुंदो गाढो दुवे कोसा[2] ॥ १८५

६२ । ३१ । को २ ।

मज्झे चेट्ठदि रायं विचित्तबहुभवणएहि[3] अदिरम्मं । जोयणसदाणि बारस वासजुदं एक्ककोसउच्छेहो ॥ १८६

१२०० । को १ ।

ये नगरियां उत्सेध योजनसे बारह हजार योजनप्रमाण विस्तारसे सहित, जिनभवनोंसे विभूषित और उपवनवेदियोंसे संयुक्त है ॥ १८१ ॥ विस्तार १२०० यो. ।

इन सब नगरियोंके प्राकार पचहत्तरके आधे (साढ़े सैंतीस) योजन ऊंचे, अर्ध योजन-प्रमाण अवगाहसे सहित, और फहराती हुई विचित्र ध्वजाओंके समूहसे संयुक्त हैं ॥ १८२ ॥

उत्सेध $\frac{७५}{२}$ । अवगाह $\frac{१}{२}$ ।

उत्तम रत्नोंसे निर्मित इन सुवर्णप्राकारोंका भूविस्तार पच्चीसके आधे (साढ़े बारह) योजन और मुखविस्तार पच्चीसका चतुर्थ भाग अर्थात् सवा छह योजनमात्र है ॥ १८३ ॥

भूविस्तार $\frac{२५}{२}$ । मुखविस्तार $\frac{२५}{४}$ ।

इन नगरियोंकी एक एक दिशामें सुवर्णसे निर्मित और मणिमय तोरणस्तम्भोंसे रमणीय पच्चीस गोपुरद्वार है ॥ १८४ ॥

इन नगरियोंके उत्तम भवनोंकी उंचाई बासठ योजन, इससे आधा विस्तार और अवगाह दो कोशमात्र है ॥ १८५ ॥

उत्सेध ६२ । विस्तार ३१ । अवगाह को० २ ।

नगरियोंके मध्यमें विचित्र बहुत भवनोंसे अतिशय रमणीय, बारहसौ योजनप्रमाण विस्तारसे सहित और एक कोश ऊंचा राजांगण स्थित है ॥ १८६ ॥

विस्तार १२०० । उत्सेध को० १ ।

१ द ब उदए. २ द ब कोसो. ३ द ब विचित्तवइभवणएहिं.

तस्स य थलस्स उवरिं समंतदो दोण्णि कोस उच्छेहं । पंचसयचापरुंदं चउगोउरसंजुदं वेदी ॥ १८७
को २ । दंड ५००।
रायंगणबहुमज्झे कोससयं पंचवीसमब्भहियं । विक्खंभो तद्दुगुणो उदओ गाढं[1] दुवे कोसा ॥ १८८
१२५ । २५० । को २ ।
पासादो मणितोरणसंपुण्णो अट्ठजोयणुच्छेहो । चउवित्थारो दारो[2] वज्जकवाडेहिं सोहिल्लो ॥ १८९
८ । ४ ।
एदस्स चउदिसासुं चत्तारो होंति दिव्वपासादा । उप्पण्णुप्पण्णाणं चउ चउ वड्ढंति जाव छक्कंतं ॥ १९०
एत्तो[3] पासादाणं परिमाणं मंडलं पडिभणामो । एक्को हवेदि मुक्खो चत्तारो मंडलम्मि पढमम्मि ॥ १९१
१ । ४ ।
सोलस बिदिए तदिए चउसट्ठी बेसदं च छप्पण्णं । तुरिमे तं चउपहदं पंचमिए मंडलम्मि पासादा ॥ १९२
१६ । ६४ । २५६ । १०२४ ।
चत्तारि सहस्साणिं छण्णउदिजुदाणि होंति छट्ठीए । एत्तो पासादाणं उच्छेहादिं परूवेमो ॥ १९३
४०९६ ।

इस स्थलके ऊपर चारों ओर दो कोश ऊंची, पांचसौ धनुष विस्तीर्ण और चार गोपुरोंसे युक्त वेदी स्थित है ॥ १८७ ॥ उत्सेध २ को. । विस्तार ५०० धनुष ।

राजांगणके बहुमध्यभागमें एकसौ पच्चीस कोश विस्तारवाला, इससे दूना ऊंचा, दो कोशमात्र अवगाहसे सहित, और मणिमय तोरणोंसे परिपूर्ण प्रासाद है । इसका वज्रमय कपाटोंसे सुशोभित द्वार आठ योजन ऊंचा और चार योजनमात्र विस्तारसे सहित है ॥ १८८–१८९ ॥

प्रासादविस्तार १२५ । उत्सेध २५० । अवगाह २ को. । द्वारोत्सेध ८ । विस्तार ४ यो. ।

इसकी चारों दिशाओंमें चार दिव्य प्रासाद हैं । (?) उनसे आगे छठे मण्डल तक उत्तरोत्तर चार चार गुणे प्रासाद हैं ॥ १९० ॥

यहांसे प्रत्येक मण्डलके प्रासादोंके प्रमाणको कहते है । एक (मध्यका) प्रासाद मुख्य है । प्रथम मण्डलमें चार प्रासाद हैं ॥ १९१ ॥

द्वितीय मण्डलमें सोलह, तृतीयमें चौंसठ, चतुर्थमें दो सौ छप्पन और पाचवें मण्डलमें इससे चौगुणे अर्थात् दश सौ चौबीस प्रासाद हैं ॥ १९२ ॥

द्वि. मं. १६ । तृ. मं. ६४ । च. मं २५६ । पं. मं. १०२४ ।

छठे मण्डलमें चार हजार छ्यानबै प्रासाद हैं । अब यहांसे आगे भवनोंकी उंचाई आदिका निरूपण किया जाता है ॥ १९३ ॥ षष्ठ मं. ४०९६।

१ ब उवउगादं. २ द दारा. ३ द एत्तो.

सव्वब्भंतरमुक्खप्पासादुस्सेहवासगाढसमा । आदिमदुगमंडलए तस्स दलं तदिय-तुरिमम्मि ॥ १९४
पंचमिए छट्ठीए तद्दलमेत्तं हुवेदि उदयादी । एक्केक्के पासादे एक्केक्का वेदिया विचित्तयरा ॥ १९५
वेकोसुच्छेहादिं पंचसयाणिं धणूणि वित्थिण्णा । आदिल्लयपासादे पढमे बिदियम्मि तम्मेत्ता ॥ १९६
पुव्विल्लवेदिअद्धं तदिए तुरिमम्मि होंति मंडलए । पंचमिए छट्ठीए तस्सद्धपमाणवेदीओ ॥ १९७
गुणसंकमणसरूवट्ठिदाण सव्वाण होदि परिसंखा । पंचसहस्सा चउसयसंजुत्ता एक्कसट्ठी य ॥ १९८

५४६१ ।

आदिमपासादादो उत्तरभागे ट्ठिदा सुधम्मसभा । दलिदपणुवीसजोयणदीहा तस्सद्धवित्थारा ॥ १९९

$२\frac{५}{२}$ । $२\frac{५}{४}$ ।

आदिके दो मंडलोंमे स्थित प्रासादोंकी उंचाई, विस्तार और अवगाह सबके बीचमे स्थित मुख्य प्रासादकी उंचाई, विस्तार और अवगाहके समान है। तृतीय और चतुर्थ मंडलके प्रासादोंकी उंचाई आदि उससे आधी है। इससे भी आधी पंचम और छठे मण्डलके प्रासादोंकी उंचाई आदिक है। प्रत्येक प्रासादके विचित्रतर एक एक वेदिका है ॥ १९४–१९५ ॥

प्रथम प्रासादके आश्रित वेदी दो कोश उंचाई आदिसे सहित और पांच सौ धनुष विस्तीर्ण है। प्रथम और द्वितीय मंडलमें स्थित प्रासादोंकी वेदियां भी इतनीमात्र उंचाई आदिसे सहित हैं ॥ १९६ ॥

तृतीय व चतुर्थ मण्डलके प्रासादोंकी वेदिकाकी उंचाई व विस्तारका प्रमाण पूर्वोक्त वेदियोंसे आधा और इससे भी आधा प्रमाण पांचवें व छठे मण्डलके प्रासादोंकी वेदिकाओंका है ॥ १९७ ॥

गुणितक्रमसे स्थित इन सब भवनोंकी संख्या पांच हजार चार सौ इकसठ है ॥ १९८ ॥

५४६१ ।

प्रथम प्रासादके उत्तर भागमें पच्चीस योजनके आधे अर्थात् साढ़े बारह योजन लंबा और इससे आधे विस्तारवाली सुधर्मसभा स्थित है ॥ १९९ ॥ लंबाई $२\frac{५}{२}$ । विस्तार $२\frac{५}{४}$ यो. ।

१ ब दुग. २ द ब गुणसंकरण. ३ ब चउस्सय. ४ द °पासादो.

णवजोयणउच्छेहा[1] गाउदगाढा सुवण्णरयणमई । तीए उत्तरभागे जिणभवणं होदि तम्मेत्तं ॥ २००

९ । को १ ।

पवणदिसाए पढमप्पासादादो जिणिंदगेहसमा । चेट्ठदि उववादसभा कंचणवररयणणिवहमई ॥ २०१

$\frac{२५}{२}$ । $\frac{२५}{४}$ । ९ । को १ ।

पुव्वदिसाए पढमप्पासादादो विचित्तविण्णासा । चेट्ठदि अभिसेयसभा उववादसभाए सारिच्छा ॥ २०२

तत्थ च्चिय दिब्भाए अभिसेयसभासरिच्छवासादी । होदि अलंकारसभा मणितोरणदाररमणिज्जा । २०३

तस्सिं चिय दिब्भाए पुव्वसभासरिसउदयवित्थारा । मंतसभा चामीयररयणमई सुंदरदुवारा ॥ २०४

एदे छप्पासादा पुव्वेहिं मंदिरेहि मेलविदा । पंच सहस्सा चउसयअब्भहिया सत्तसट्ठीहिं ॥ २०५

५४६७ ।

सुवर्ण और रत्नमयी यह सभा नौ योजन ऊंची और एक गव्यूति अर्थात् कोशमात्र अवगाहसे सहित है । इसके उत्तरभागमें इतनेमात्र प्रमाणसे संयुक्त जिनभवन है ॥ २०० ॥

उत्सेध ९ यो. । अवगाह को. १ ।

प्रथम प्रासादसे वायव्यदिशामें जिनेन्द्रभवनके समान सुवर्ण एवं उत्तम रत्नसमूहोंसे निर्मित उपपादसभा स्थित है ॥ २०१ ॥

लंबाई $\frac{२५}{२}$ । विस्तार $\frac{२५}{४}$ । उत्सेध ९ यो. । अवगाह १ को. ।

प्रथम प्रासादके पूर्वमें उपपादसभाके समान विचित्र रचनासे संयुक्त अभिषेकसभा स्थित है ॥ २०२ ॥

इसी दिशाभागमें अभिषेकसभाके समान विस्तारादिसे सहित और मणिमय तोरणद्वारोंसे रमणीय अलंकारसभा है ॥ २०३ ॥

इसी दिशाभागमें पूर्व सभाके सदृश उंचाई व विस्तारसे सहित, सुवर्ण एवं रत्नोंसे निर्मित, और सुन्दर द्वारोंसे संयुक्त मंत्रसभा है ॥ २०४ ॥

इन छह प्रासादोंको पूर्व मन्दिरोंमें मिलादेनेपर भवनोंकी समस्त संख्या पांच हजार चार सौ सड़सठ होती है ॥ २०५ ॥ ५४६७ ।

१ द ब उच्छेहो.

ते सव्वे पासादा चउदिम्मुहविप्फुरंतकिरणेहिं । वररयणपईवेहिं णिच्चचियणिच्चउज्जोवा ॥ २०६
पोक्खरणीरम्मेहिं उववणसंडेहिं[2] विविहरुक्खेहिं । कुसुमफलसोहिदेहिं सुरमिहुणजुदेहि सोहंति ॥ २०७
विद्दुमवण्णा केई केई कप्पूरकुंदसंकासा । कंचणवण्णा केई केई वज्जिंदणीलणिहा[3] ॥ २०८
तेसुं पासादेसुं विजओ देवीसहस्ससोहिल्लो । णिच्चजुवाणा देवा वररयणविभूसिदसरीरा ॥ २०९
लक्खणवंजणजुत्ता धादुविहीणा य वाहिपरिचत्ता । विविहसुहेसुं सत्ता कीडंते बहुविणोदेणं ॥ २१०
सयणाणि आसणाणिं रयणमयाणिं भवंति भवणेसुं । मउवाणि णिम्मलाणिं मणणयणाणंदजणणाणिं ॥ २११
आदिमपासादस्स य बहुमज्झे होदि कणयरयणमयं । सिंहासणं विसालं सपादपीढं परमरम्मं ॥ २१२
सिंहासणमारूढो विजओ णामेण अहिवई तत्थ । पुव्वमुहे पासादे तत्थाणंदेदि लीलाए ॥ २१३
तस्स य सामाणीया चेट्ठंते छस्सहस्सपरिमाणा । उत्तरदिसाविभागे विदिसाए विजयपीढादो ॥ २१४

जिनकी किरणें चारों दिशाओंमें प्रकाशमान हो रही है ऐसे उत्तम रत्नमयी प्रदीपोंसे वे सब भवन नित्य अर्चित और नित्य उद्योतित रहते है ॥ २०६ ॥

पुष्करिणिओसे रमणीय, फल-फूलोंसे सुशोभित, अनेक प्रकारके वृक्षोसे सहित, और देवयुगलोंसे संयुक्त ऐसे उपवनखण्डोंसे वे प्रासाद शोभायमान होते है ॥ २०७ ॥

इनमेंसे कितने ही भवन मूंगे जैसे वर्णवाले, कितने ही कपूर और कुंदपुष्पके सदृश, कितने ही सुवर्णवर्ण, और कितने ही वज्र एवं इन्द्रनीलमणिके सदृश है ॥ २०८ ॥

उन भवनोंमें हजारों देवियोंसे सुशोभित, विजय नामक देव शोभायमान है। और वहां नित्ययुवक, उत्तम रत्नोंसे विभूषित शरीरसे संयुक्त, लक्षण व व्यंजनोंसे सहित, धातुओंसे विहीन, व्याधिसे रहित, तथा विविध प्रकारके सुखोंमें आसक्त देव बहुत विनोदके साथ क्रीडा करते है ॥ २०९-२१० ॥

इन भवनोंमे मृदुल, निर्मल और मन एवं नेत्रोंको आनन्ददायक रत्नमय शय्यायें व आसन विद्यमान हैं ॥ २११ ॥

प्रथम प्रासादके बहुमध्यभागमे अतिशय रमणीय और पादपीठ सहित सुवर्ण एवं रत्नमय विशाल सिंहासन है ॥ २१२ ॥

वहां पूर्वमुख प्रासादमें सिंहासनपर आरूढ़ विजय नामक अधिपति देव लीलासे आनन्दको प्राप्त होता है ॥ २१३ ॥

विजयके सिंहासनसे उत्तरदिशा और विदिशामें उसके छह हजार प्रमाण सामानिक देव स्थित रहते हैं ॥ २१४ ॥

---

१ ब 'दिसुह'. २ द ब °संडा. ३ द ब जंबिंद.

चेट्ठंति णिरुवमाणा छ च्चिय विजयस्स अग्गदेवीओ । ताणं पीढा रम्मा सिंहासणपुव्वदिब्भाए ॥ २१५
परिवारा देवीओ तिण्णि सहस्सा हुवंति पत्तेक्कं । साहियपल्लं आऊ णियणियठाणम्मि चेट्ठंति ॥ २१६
बारस देवसहस्सा बाहिरपरिसाए विजयदेवस्स । णइरिदिदिसाए ताणं पीढाणिं सामिपीढादो ॥ २१७
१२००० ।
दस देवसहस्साणिं मज्झिमपरिसाए होंति[1] विजयस्स । दक्खिणदिसाविभागे तप्पीढा णाहपीढादो ॥ २१८
१००००।
अब्भंतरपरिसाए अट्ठ सहस्साणि विजयदेवस्स । अग्गिदिसाए होंति हु तप्पीढा णाहपीढादो ॥ २१९
(८०००)
सेणामहत्तराणं सत्ताणं होंति दिव्वपीढाणिं । सिंहासणपच्छिमदो वरकंचणरयणरइदाइं ॥ २२०
तणुरक्खा अट्ठारससहस्ससंखा हवंति पत्तेक्कं । ताणं चउसु दिसासुं चेट्ठंते चंदपीढाणिं ॥ २२१
१८००० । १८००० । १८००० । १८००० ।

मुख्य सिंहासनके पूर्वदिशाभागमें विजयदेवकी अनुपम छहों अग्रदेवियां स्थित रहती है । उनके सिंहासन रमणीय है ॥ २१५ ॥

इनमेंसे प्रत्येक अग्रदेवीकी परिवारदेविया तीन हजार हैं जिनकी आयु एक पल्यसे अधिक होती है । ये परिवारदेवियां भी अपने अपने स्थानमें स्थित रहती हैं ॥ २१६ ॥

विजयदेवकी बाह्य परिषद्में बारह हजार देव है। उनके सिंहासन स्वामीके सिंहासनसे नैऋत्य दिशाभागमें हैं ॥ २१७ ॥ १२००० ।

विजयदेवकी मध्यम परिषद्में दश हजार देव होते हैं । उनके सिंहासन स्वामीके सिंहासनसे दक्षिणदिशाभागमें स्थित रहते है ॥ २१८ ॥ १०००० ।

विजयदेवकी अभ्यन्तर परिषद्में जो आठ हजार देव रहते है, उनके सिंहासन स्वामीके सिंहासनसे अग्निदिशामें स्थित रहते हैं ॥ २१९ ॥ ८००० ।

सात सेनामहत्तरोंके उत्तम सुवर्ण एवं रत्नोंसे रचित दिव्य पीठ मुख्य सिंहासनके पश्चिममें होते हैं ॥ २२० ॥

विजयदेवके जो अठारह हजारप्रमाण शरीररक्षक देव हैं, उन प्रत्येकके चन्द्रपीठ चारों दिशाओंमें स्थित है ॥ २२१ ॥

पूर्व १८००० । दक्षिण १८००० । पश्चिम १८००० । उत्तर १८००० ।

१ ब हंति.

सत्तसरमहुरगीयं गायंता पल्लवंसपहुदीणि । वायंता णच्चंता[1] विजयं रंजंति तत्थ सुरा ॥ २२२

रायंगणस्स बाहिर परिवारसुराण होंति पासादा । विप्फुरिदधयवडाया वररयणजोहअधियंता ॥ २२३

बहुविहरइकरणेहिं कुसलाओ णिच्चजोव्वणजुदाओ । णाणाविगुव्वणाओ मायालोहादिरहिदाओ ॥ २२४

उल्लसिदविब्भमाओ चित्तसहावेण पेम्मवंताओ । सव्वाओ देवीओ लग्गंते विजयदेवस्स ॥ २२५

णियणयराणि णिविट्ठा देवा सव्वे वि विणयसंपुण्णा । णिब्भरभत्तिपसत्ता सेवंते विजयमणवरदं ॥ २२६

तण्णयरीए बाहिर गंतूगं जोयणाणि पणवीसं । चत्तारो वणसंडा पत्तेक्कं चेत्ततरुजुत्ता ॥ २२७

होंति हु ताणि[2] वणाणिं दिव्वाणि असोयसत्तवण्णाणं । चंपयचूदवणा तह पुव्वादिपदाहिणक्कमेणं ॥ २२८

बारसमहस्सजोयणदीहा ते होंति पंचसयरुंदा । पत्तेक्कं वणसंडा बहुविहरुक्खेहिं परिपुण्णा ॥ २२९

१२००० । ५०० ।

वहां देव सात स्वरोंसे परिपूर्ण मधुर गीतको गाते और पटह एवं बांसुरी आदिक बाजोंको बजाते व नाचते हुए विजयका मनोरंजन करते हैं ॥ २२२ ॥

राजांगणसे बाहिर फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे सहित और उत्तम रत्नोंकी ज्योतिसे अधिक रमणीय परिवारदेवोंके प्रासाद है ॥ २२३ ॥

जो बहुत प्रकारकी रतिके करनेमें कुशल है, नित्य यौवनसे युक्त है, नाना प्रकारकी विक्रियाको करती है, माया एवं लोभादिसे रहित है, उल्लासयुक्त विलास सहित हैं, और स्वभावसे ही प्रेम करनेवाली है ऐसी समस्त देवियां विजयदेवकी सेवा करती है ॥ २२४–२२५ ॥

अपने नगरोंमें रहनेवाले सब ही देव विनयसे परिपूर्ण और अतिशय भक्तिमें आसक्त होकर निरन्तर विजयदेवकी सेवा करते है ॥ २२६ ॥

उस नगरीके बाहिर पच्चीस योजन जाकर चार वनखण्ड स्थित है, जो प्रत्येक चैत्यवृक्षोंसे संयुक्त हैं ॥ २२७ ॥

अशोक, सप्तपर्ण, चम्पक और आम्र वृक्षोंके ये वन पूर्वादिक दिशाओंमें प्रदक्षिणक्रमसे हैं ॥ २२८ ॥

बहुत प्रकारके वृक्षोंसे परिपूर्ण वे प्रत्येक वनखण्ड बारह हजार योजन लंबे और पांच सौ योजन चौड़े हैं ॥ २२९॥ दीर्घ १२००० । विस्तीर्ण ५०० यो.

१ द ब णं चित्ता. २ द ब च्चित्तसहावेण. ३ द ब ताणं.

पुव्वेसुं चेत्तदुमा भावणचेत्तप्पमाणसारिच्छा । ताणं चउसु दिसासुं चउचउजिणणाहपडिमाओ ॥ २३०
देवासुरमहिदाओ सपाडिहेराओ[1] रयणमइयाओ । पल्लंकआसणाओ जिणिंदपडिमाओ विजयंते ॥ २३१
चेत्तदुमस्सीसाणे भागे चेट्ठेदि दिव्वपासादो[2] । इगितीसजोयणाणिं कोसब्भहियाणि वित्थिण्णो ॥ २३२
३१ । को १ ।
बासट्ठि दुगुणउदओ दुकोस गाढा विचित्तमणिखंभो । चउ-अट्ठजोयणाणिं रुंदुच्छेहा दु[3] तद्दारे ॥ २३३
६२ । को २ । ४ । ८
सुजलंतरयणदीओ विचित्तसयणासणेहिं परिपुण्णो । सद्दरसरूवगंधप्पासेहिं[4] सुरमणारम्मो[5] ॥ २३४
कणयमयकुड्डविरचिदविचित्तचित्तप्पबंधरमणिज्जो । अच्छरियजणणरूवो किं बहुणा सो णिरुवमाणो ॥ २३५
तस्सिं असोयदेओ रमेदि देवीसहस्ससंजुत्तो । वररयणमउडधारी चामरछत्तादिसोहिल्लो ॥ २३६

इन वनोंमें भावनलोकके चैत्यवृक्षोंके प्रमाणसे सदृश जो चैत्यवृक्ष स्थित है उनकी चारो दिशाओंमें चार जिनेन्द्रप्रतिमायें है ॥ २३० ॥

देव व असुरोंसे पूजित, प्रातिहार्योंसे सहित, और पद्मासनसे स्थित वे रत्नमय जिनेन्द्र-प्रतिमायें जयवंत है ॥ २३१ ॥

प्रत्येक चैत्यवृक्षके ईशानदिशाभागमे एक कोश अधिक इकतीस योजनप्रमाण विस्तार-वाला दिव्य प्रासाद स्थित है ॥ २३२ ॥ यो. ३१, को. १ ।

विचित्र मणिमय खम्भोसे संयुक्त इस प्रासादकी उंचाई विस्तारसे दुगुणी अर्थात् साढ़े बासठ योजन और अवगाह दो कोशप्रमाण है । उसके द्वारका विस्तार चार योजन और उंचाई आठ योजन है ॥ २३३ ॥ उंचाई यो. ६२, को. २ । (अवगाह को. २) । विस्तार ४ । उंचाई ८ यो. ।

उपर्युक्त प्रासाद देदीप्यमान रत्नदीपकोंसे सहित, विचित्र शय्याओं व आसनोंसे परिपूर्ण, और शब्द-रस-रूप-गन्ध एवं स्पर्शसे देवोंके मनको आनन्दजनक, सुवर्णमय भीतोंपर रचे गये विचित्र चित्रोंके सम्बन्धसे रमणीय, और आश्चर्यजनक स्वरूपसे संयुक्त है । बहुत कहनेसे क्या ? वह प्रासाद अनुपम है ॥ २३४-२३५ ॥

उस प्रासादमें उत्तम रत्नमुकुटको धारण करनेवाला और चमर-छत्रादिसे सुशोभित वह अशोक देव हजारों देवियोंसे युक्त होकर रमण करता है ॥ २३६ ॥

१ द ब सपादिहोराओ रमणमइराओ. २ द ब चेत्तदुमीसाणे भागे चेट्ठेदि हु होदि दिव्व°. ३ द रुंदं छेत्ताओ, ब रुदंछेदाओ. ४ द ब गंधे पासेहिं. ५ द तुषमणो रम्मा, ब तुरंयमणाणंमा. ६ ब कुंडल.

सेसम्मि वइजयंतत्तिदए विजयं व[1] वण्णणं सयलं । दक्खिणपच्छिमउत्तरदिसासु ताणं पि णयराणिं ॥ २३७

। जंबूदीववण्णणा समत्ता[3] ।

दीवो[4] सयंभुरमणो चरिमो सो होदि सयलदीवाणं[5] । चेट्ठेदि तस्स मज्झे वलएण सयंपहो सेलो ॥ २३८

जोयणसहस्समेक्कं गाढो वरविविहरयणदिप्पंतो । मूलोवरिभाएसुं तडवेदीउववणादिजुदो ॥ २३९

तग्गिरिणो उच्छेहे[6] वासे कूडेसु जेत्तियं माणं । तस्सिं कालवसेणं[7] उवएसो संपइ पणट्ठो ॥ २४०

। एवं विण्णासो समत्तो ।

एत्तो दीवरयणायराण बादरखेत्तफलं[8] वत्तइस्सामो । तत्थ जंबूदीवमादिं कादूण वट्टसरूवावट्ठिद-खेत्ताणं खेत्तफलमाणयणट्ठमेसा[9] सुत्तगाहा—

तिगुणियवासा परिही तीए[10] विक्खंभपादगुणिदाए । जं लद्धं तं बादरखेत्तफलं सरिसवट्टाणं[11] ॥ २४१

शेष वैजयन्तादि तीन देवोंका संपूर्ण वर्णन विजय देवके ही समान है । इनके भी नगर क्रमशः दक्षिण, पश्चिम और उत्तर दिशामें स्थित हैं ॥ २३७ ॥

जम्बूद्वीपका वर्णन समाप्त हुआ ।

सब द्वीपोंमें अन्तिम वह स्वयम्भूरमण द्वीप है । इसके मध्यभागमें मण्डलाकारसे स्वयंप्रभ शैल स्थित है ॥ २३८ ॥

यह पर्वत एक हजार योजनप्रमाण अवगाहसे सहित, उत्तम अनेक प्रकारके रत्नोंसे देदीप्यमान, और मूल व उपरिम भागोंमें तटवेदी एवं उपवनादिसे संयुक्त है ॥ २३९ ॥

इस पर्वतकी उंचाई, विस्तार और कूटोंका जितना प्रमाण है, उसका उपदेश कालवश इस समय नष्ट हो चुका है ॥ २४० ॥

इस प्रकार विन्यास समाप्त हुआ ।

अब यहांसे आगे द्वीप-समुद्रोंके स्थूल क्षेत्रफलको कहते है । उनमेंसे जम्बूद्वीपको आदि करके गोलाकारसे अवस्थित क्षेत्रोंके क्षेत्रफलको लानेके लिये यह सूत्रगाथा है—

गोल क्षेत्रके विस्तारसे तिगुणी उसकी परिधि (बादर) होती है, इस परिधिको विस्तारके चतुर्थ भागसे गुणा करनेपर जो राशि प्राप्त हो उतना समानगोल क्षेत्रोंका बादर क्षेत्रफल होता है ॥ २४१ ॥

१ द ब विजय पि. २ ब जबूद्वीपवण्णणा. ३ द पुस्तके नास्त्येतत्. ४ द आदीओ. ५ द देवाणं. ६ द ब उच्छेहो. ७ द ब कालवसेसा. ८ द ब दीवरणायराठाण बादरभेदतप्फलं. ९ द ब °मिस्सा. १० द ब परिहीए ११ द ब .सरिसवट्टाणं.

लवणसमुद्दमादिं कादूण उवरि वलयसरूवेण ठिददीवसमुद्दाण खेत्तफलमाणयणट्ठं एदा वि सुत्तगाहाओ—

लक्खेणोणं रुंदं णवहि गुण इच्छियस्स आयामो । तं रुंदेण य गुणिदं खेत्तफलं दीवउवहीणं ॥ २४२

अहवा आदिममज्झिमबाहिरसूईण मेलिदं माणं । विक्खंभहदो इच्छियवलयाणं होदि बादरं खेत्तं ॥ २४३

अहवा तिगुणियमज्झिमसूई जाणिज्ज इट्ठवलयाणं । तह अ पमाणं तं चिय रुंदहदे वलयखेत्तफलं ॥ २४४

जंबूदीवस्स बादरखेत्तफलं सत्तसयपण्णासकोडिजोयणपमाणं होदि— ७५०००००००० । लवणसमुद्दस्स खेत्तफलं अट्ठारसहस्सकोडिजोयणपमाणं— १८००००००००००० । धादइसंडदीवस्स बादरखेत्तफलं अट्ठसहस्सकोडिअब्भहियएक्कलक्खकोडिजोयणपमाणं— १०८००००००००००० । कालोदसमुद्दस्स

उदाहरण—जम्बूद्वीपका विस्तार यो. १००००० । १००००० × ३ = ३००००० । ३००००० × $\frac{१००००० - ४}{४}$ = ७५०००००००० बा. क्षे. फल ।

लवणसमुद्रको आदि करके आगे वलयाकारसे स्थित द्वीप-समुद्रोंके क्षेत्रफलको लानेके लिये ये भी सूत्रगाथाये है—

इच्छित क्षेत्रके विस्तारमेसे एक लाख कम करके शेषको नौसे गुणा करनेपर इच्छित द्वीप या समुद्रका आयाम होता है । पुनः इस आयामको विस्तारसे गुणा करनेपर द्वीप-समुद्रोंका क्षेत्रफल होता है ॥ २४२ ॥

उदाहरण—लवणसमुद्रका विस्तार यो. २ लाख । २ लाख – १ लाख × ९ = ९ लाख आयाम । ९ लाख × २ लाख = १८०००००००००० लवणसमुद्रका क्षेत्रफल ।

अथवा— आदि, मध्य और बाह्य सूचियोंके प्रमाणको मिलाकर विस्तारसे गुणित करनेपर इच्छित वलयाकार क्षेत्रोंका बादर क्षेत्रफल होता है ॥ २४३ ॥

उदाहरण—लवणसमुद्रकी आदि, मध्य व बाह्य सूची— १ लाख + ३ लाख + ५ लाख = ९ लाख; ९ लाख × २ लाख = १८०००००००००० ल. स. का बादर क्षेत्रफल ।

अथवा— तिगुणी मध्यसूचीको इष्ट वलयक्षेत्रोंका पूर्वोक्त अर्थात् आदि, मध्यम और बाह्य सूचियोंका सम्मिलित प्रमाण जानना चाहिये । इसे विस्तारसे गुणित करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उतना उन वलयक्षेत्रोंका बादर क्षेत्रफल होता है ॥ २४४ ॥

उदाहरण—लवणसमुद्रकी म. सू. यो. ३ लाख । ३ लाख × ३ = ९ लाख । ९ लाख × २ लाख = १८०००००००००० ल. स. का बादर क्षे. फ. ।

जम्बूद्वीपका बादर क्षेत्रफल सात सौ पचास करोड़ योजनप्रमाण है—७५०००००००० । लवणसमुद्रका क्षेत्रफल अठारह हजार करोड़ योजनप्रमाण है— १८०००००००००० । धातकीखंडद्वीपका बादर क्षेत्रफल एक लाख आठ हजार करोड़ योजनप्रमाण है— १०८०००-

खेत्तफलं चत्तारिसहस्सकोडिअब्भहियपंचलक्खकोडिजोयणपमाणं— ५०४०००००००००० । पोक्खरदीवस्स खेत्तपमाणं सट्ठिसहस्सकोडिअब्भहियएक्कवीसलक्खकोडिजोयणपमाणं—२१६०००००००००००। पोक्खरवरसमुद्दस्स खेत्तफलं अट्ठावीससहस्सकोडिअब्भहियउणणउदिलक्खकोडिजोयणपमाणं — ८९२८०-०००००००००। एवं जंबूदीवप्पहुदिजहण्णपरित्तासंखेज्जयस्स रूवाहियछेदणयमेत्तट्ठाणं गंतूण ट्ठिददीवस्स खेत्तफलं जहण्णपरित्तासंखेज्जयं रूऊणजहण्णपरित्तासंखेज्जएण गुणिय पुणो णवसहस्सकोडिजोयणेहिं गुणिदमेत्तं खेत्तफलं होदि। तच्चेदं— १६ । १५ । ९०००००००००००। पुणो जंबूदीवप्पहुदिपलिदोवमस्स रूवाहिय [-छेदणय-] मेत्तं ठाणं गंतूण ट्ठिददीवस्स खेत्तफलं पलिदोवमं रूऊणपलिदोवमेण गुणिय पुणो णवसहस्सकोडिजोयणेहिं गुणिदमेत्तं होदि । तच्चेदं पमाणं — [प । प-१]९०००००००००० । एवं गणिदूण णादव्वं जाव सयंभूरमणसमुद्दं त्ति । तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— सयंभूरमणसमुद्दस्स खेत्तफलं जगसेढीए वग्गं णवरूवेहिं गुणिय सत्तसदचउरसीदिरूवेहिं भजिदमेत्तं पुणो एक्कलक्खं बारससहस्स-पंचसयजोयणेहिं गुणिदरज्जूए अब्भहियं होदि । पुणो एक्कसहस्सछस्सयसत्तासीदिकोडीओ पण्णासलक्ख-

०००००००। कालोदसमुद्रका क्षेत्रफल पांच लाख चार हजार करोड़ योजनप्रमाण है— ५०४०००००००००० । पुष्करद्वीपका क्षेत्रफल इक्कीस लाख साठ हजार करोड़ योजनप्रमाण है—२१६०००००००००० । पुष्करवरसमुद्रका क्षेत्रफल नवासी लाख अट्ठाईस हजार करोड़ योजनप्रमाण है— ८९२८०००००००० । इस प्रकार जम्बूद्वीपको आदि लेकर जघन्य परीतासंख्यातके एक अधिक अर्धच्छेदप्रमाण स्थान जाकर जो द्वीप स्थित है उसका क्षेत्रफल जघन्यपरीतासंख्यातको एक कम जघन्यपरीतासंख्यातसे गुणा करके फिर नौ हजार करोड़ योजनोंसे भी गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उतना है। वह प्रमाण यह है— १६× (१६-१)×९०००००००००० (१६ यह संदृष्टिके लिये कल्पित जघन्यपरीतसंख्यातका प्रमाण है)। पश्चात् जम्बूद्वीपको आदि लेकर पल्योपमके एक अधिक अर्धच्छेदप्रमाण स्थान जाकर जो द्वीप स्थित है उसका क्षेत्रफल पल्योपमको एक कम पल्योपमसे गुणा करके फिर नौ हजार करोड़ योजनोंसे भी गुणा करनेपर प्राप्त हुई राशिके प्रमाण है। वह प्रमाण यह है— पल्य × (पल्य - १) × ९०००००००००० । इस प्रकार गिनकर स्वयम्भूरमण समुद्रपर्यन्त क्षेत्रफल जानना चाहिये। इनमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते है—

जगश्रेणीके वर्गको नौसे गुणा करके प्राप्त राशिमें सात सौ चौरासीका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसमे फिर एक लाख बारह हजार पांच सौ योजनोंसे गुणित राजुको जोड़दे; पुनः एक हजार छह सौ सतासी करोड़ पचास लाख योजनोंसे पूर्वोक्त दोनों राशियोंको कम

१ द अब्भहिएक्क°. २ द ब रूवोय. ३ द °मेत्तधाणं. ४ द ट्ठिदजीवस्स. ५ द गुणिद खेत्तं होदि. ६ द ब १६। ७ द गणिणिदूण, ब गणिणदूण.

जोयणेहिं पुव्विल्लदोण्णिरासीहिं परिहीणं होदि । तस्स ठवणा $\frac{९}{७८४}$ घण रज्जू १ । ११२५०० रिण ७

जोयणाणि १६८७५०००००० । एत्तो दीवरयणायराणं एऊणवीसवियप्पं अप्पाबहुअं वत्तइस्सामो । तं जहा—

पढमपक्खे जंबूदीवसयलरुंदादो लवणणीररासिस्स एयदिसरुंदम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ । जंबूदीव-लवणसमुद्दादो धादइसंडस्स । एवं सव्वब्भंतरिमदीवरयणायराणं एयदिसरुंदादो तदणंतरबाहिरणिविट्ठ- ५ दीवस्स वा तरंगिणीरमणस्स वा एयदिसरुंदवड्ढी गवेसिज्जइ ।

बिदियपक्खे जंबूदीवस्सद्धादो लवणणिण्णगाणाहस्स एयदिसरुंदम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ । तदो जंबूदीवस्सद्धम्मि सम्मिलिदलवणसमुद्दादो धादइसंडस्स । एवं सव्वब्भंतरिमदीवउवहीणं एयदिसरुंदादो तदणंतरबाहिरणिविट्ठदीवस्स वा तरंगिणीरमणस्स वा एयदिसरुंदम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ ।

तदियपक्खे इच्छियसलिलरासिस्स एयदिसरुंदादो तदणंतरतरंगिणीणाहस्स एयदिसरुंदम्मि १० वड्ढी गवेसिज्जइ ।

करनेपर जो शेष रहे उतना स्वयंभूरमण समुद्रका क्षेत्रफल है । उसकी स्थापना— ७×७×९÷ ७८४ + राजु १ × ११२५०० –(रिण) १६८७५०००००० योजन । (स्वयंभूरमण समुद्रका प्रकारान्तरसे क्षेत्रफल लानेके लिये देखो षट्खंडागम १, ४, २५ – भा. ४, पृ. १९८).

अब यहांसे उन्नीस विकल्पों द्वारा द्वीपसमुद्रोंके अल्पबहुत्वको कहते है । वह इस प्रकार है—

प्रथम पक्षमे जम्बूद्वीपके सम्पूर्ण विस्तारकी अपेक्षा लवणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिका प्रमाण खोजा जाता है । जम्बूद्वीप और लवणसमुद्रके सम्मिलित विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डके विस्तारमें वृद्धिका प्रमाण मालूम किया जाता है । इस प्रकार समस्त अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उनके अनन्तर बाह्य भागमें स्थित द्वीप अथवा समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिके प्रमाणको मालूम किया जाता है ।

द्वितीय पक्षमे जम्बूद्वीपके अर्धविस्तारसे लवणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी गवेषणा की जाती है । पश्चात् जम्बूद्वीपके अर्ध विस्तारमें लवणसमुद्रके विस्तारको मिलाकर इस सम्मिलित विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डद्वीपके विस्तारमें वृद्धिकी गवेषणा की जाती है । इस प्रकार सम्पूर्ण अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोंके एक दिशासम्बन्धी विस्तारसे उनके अनन्तर बाह्य भागमें स्थित द्वीप अथवा समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी गवेषणा की जाती है ।

तृतीय पक्षमें अभीष्ट समुद्रके एक दिशासम्बधी विस्तारसे उसके अनन्तर स्थित समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी गवेषणा की जाती है ।

तुरिमपक्खे अब्भंतरिमणीररासीणं एयदिसविक्खंभादो तदणंतरतरंगिणीणाहस्स एयदिसविक्खंभम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ ।

पंचमपक्खे इच्छियदीवस्स एयदिसरुंदादो तदणंतरोवरिमदीवस्स एयदिसरुंदम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ ।

छट्ठमपक्खे अब्भंतरिमसव्वदीवाणं एयदिसरुंदादो तदणंतरोवरिमदीवस्स एयदिसरुंदम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ ।

सत्तमपक्खे अब्भंतरिमस्स दीवस्स[1] दोण्णिदिसरुंदादो तदणंतरोवरिमदीवस्स एयदिसरुंदम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ ।

अट्ठमपक्खे हेट्ठिमसयलमयरायराणं दोण्णिदिसरुंदादो तदणंतरवाहिणीरमणस्स एयदिसरुंदम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ ।

णवमपक्खे जंबूदीवबादरसुहुमखेत्तफलप्पमाणेण उवरिमापगाकंतदीवाणं खेत्तफलस्स खंडसलागं कादूणुवहीदो दीवस्स खंडसलागाणं वड्ढी गवेसिज्जइ ।[2]

चतुर्थ पक्षमें अभ्यन्तर समुद्रोंके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी खोज की जाती है ।

पंचम पक्षमें इच्छित द्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारसे तदनन्तर उपरिम द्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी गवेषणा की जाती है ।

छठे पक्षमें अभ्यन्तर सब द्वीपोंके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर उपरिम द्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी खोज की जाती है ।

सातवें पक्षमें अभ्यन्तर द्वीपोंके दोनों दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर उपरिम द्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी गवेषणा की जाती है ।

आठवें पक्षमें अधस्तन सम्पूर्ण समुद्रोंके दोनो दिशाओंसम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी गवेषणा की जाती है ।

नवम पक्षमें जम्बूद्वीपके बादर व सूक्ष्म क्षेत्रफलके प्रमाणसे आगेके समुद्र और द्वीपोंके क्षेत्रफलकी खण्डशलाकाये करके समुद्रसे द्वीपकी और द्वीपसे समुद्रकी खण्डशलाकाओंकी वृद्धिकी गवेषणा की जाती है ।

१ द ब दीवाणं. २ द ब खंदसलागं.

दसमपक्खे जंबूदीवादो लवणसमुद्दस्स लवणसमुद्दादो धादईसंडस्स एक्कदीवादो उवहिस्स उवहीदो दीवस्स वा खंडसलागाणं वड्ढी गवेसिज्जइ[1] ।

एक्कारसमपक्खे अब्भंतरकल्लोलिणीरमणदीवाणं खंडसलागाणं समूहादो बाहिरणिविट्ठणीररासिस्स वा दीवस्स वा खंडसलागाणं वड्ढी गवेसिज्जइ ।

बारसमपक्खे इच्छियसायरादो दीवस्स दीवादो णीररासिस्स खेत्तफलस्स वड्ढी गवेसिज्जइ ।

तेरसमपक्खे अब्भंतरिमदीवपयोहीणं खेत्तफलादो तदणंतरोवरिमदीवस्स वा तरंगिणीणाहस्स वा खेत्तफलस्स वड्ढी गवेसिज्जइ ।

चोद्दसमपक्खे लवणसमुद्दादिइच्छियसमुद्दादो तदणंतरतरंगिणीरासिस्स [खेत्तफलस्स] वड्ढी गवेसिज्जइ ।

पण्णारसमपक्खे सव्वब्भंतरिममयरहराणं खेत्तफलादो तदणंतरोवरिमणिण्णगाणाहस्स वड्ढी गवेसिज्जइ ।

सोलसमपक्खे धादइसंडादिइच्छियदीवादो तदणंतरोवरिमदीवस्स खेत्तफलस्स वड्ढी गवेसिज्जइ । १०

दशवें पक्षमें जम्बूद्वीपसे लवणसमुद्रकी और लवणसमुद्रसे धातकीखण्डद्वीपकी इस प्रकार एक द्वीपसे समुद्रकी अथवा समुद्रसे द्वीपकी खण्डशलाकाओंकी वृद्धिका प्रमाण मालूम किया जाता है ।

ग्यारहवे पक्षमें अभ्यन्तर समुद्र व द्वीपोंकी खण्डशलाकाओंके समूहसे बाह्य भागमें स्थित समुद्र अथवा द्वीपकी खण्डशलाकाओंकी वृद्धि खोजी जाती है ।

बारहवे पक्षमें इच्छित समुद्रसे द्वीपके और द्वीपसे समुद्रके क्षेत्रफलकी वृद्धि खोजी जाती है ।

तेरहवे पक्षमें अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोंके क्षेत्रफलकी अपेक्षा तदनन्तर अग्रिम द्वीप अथवा समुद्रके क्षेत्रफलकी वृद्धि खोजी जाती है ।

चौदहवे पक्षमें लवणसमुद्रको आदि लेकर इच्छित समुद्रके क्षेत्रफलसे उसके अनन्तर स्थित समुद्रके खेत्रफलकी वृद्धिको खोजा जाता है ।

पन्द्रहवें पक्षमें समस्त अभ्यन्तर समुद्रोंके क्षेत्रफलसे उनके अनन्तर स्थित अग्रिम समुद्रके क्षेत्रफलकी वृद्धिको खोजा जाता है ।

सोलहवें पक्षमें धातकीखण्डादि इच्छित द्वीपसे उसके अनन्तर स्थित अग्रिम द्वीपके क्षेत्रफलकी वृद्धिको खोजा जाता है ।

१ ब पुस्तके नास्त्येतत्.

सत्तरसमपक्खे धादइसंडप्पहुदिअब्भंतरिमदीवाणं खेत्तफलादो तदणंतरबाहिरणिविट्ठदीवस्स खेत्तफलम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ ।

अट्ठारसमपक्खे इच्छियदीवस्स वा तरंगिणीणाहस्स वा आदिममज्झिमबाहिरसूईणं परिमाणादो तदणंतरबाहिरणिविट्ठदीवस्स वा तरंगिणीणाहस्स वा आदिममज्झिमबाहिरसूईणं पत्तेक्कं वड्ढी गवेसिज्जइ ।

उणवीसदिमपक्खे इच्छियदीवणिण्णगाणाहाणं आयामादो तदणंतरबाहिरणिविट्ठदीवस्स वा णीररासिस्स वा आयामवड्ढी गवेसिज्जइ । ५

तत्थ पढमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो । तं जहा— जंबूदीवस्स सयलविक्खंभादो लवणसमुद्दस्स एयदिसरुंदं एक्कलक्खेणब्भहियं होइ । जंबूदीवेणब्भहियलवणसमुद्दस्स एयदिसरुंदादो धादइसंडस्स एयदिसरुंदं एक्कलक्खेणब्भहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । तव्वड्ढीआणयणहेदुं इमा सुत्तगाहा—

इच्छियदीवुवहीणं[1] चउगुणरुंदम्मि पढमसूइजुदं । तियभजिदं तं सोधसु दुगुणिदरुंदस्स सा हवे वड्ढी ॥२४५

सत्तरहवें पक्षमें धातकीखण्डप्रभृति अभ्यंतर द्वीपोंके क्षेत्रफलसे उनके अनन्तर बाह्य भागमें स्थित द्वीपके क्षेत्रफलमें होनेवाली वृद्धिको खोजा जाता है ।

अठारहवें पक्षमें इच्छित द्वीप अथवा समुद्रकी आदि, मध्य और बाह्य सूचीके प्रमाणसे उसके अनन्तर बाह्य भागमें स्थित द्वीप अथवा समुद्रकी आदि, मध्य व बाह्य सूचियोंमेंसे प्रत्येककी वृद्धिको खोजा जाता है ।

उन्नीसवें पक्षमे इच्छित द्वीप-समुद्रोंके आयामसे उनके अनन्तर बाह्य भागमें स्थित द्वीप अथवा समुद्रके आयामकी वृद्धिको खोजा जाता है ।

उपर्युक्त उन्नीस विकल्पोंमेंसे प्रथम पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते है । वह इस प्रकार है—

जम्बूद्वीपके समस्त विस्तारकी अपेक्षा लवणसमुद्रका एक दिशासम्बन्धी विस्तार एक लाख योजन अधिक है । जम्बूद्वीप और लवणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी सम्मिलित विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डका एक दिशासम्बन्धी विस्तार एक लाख योजन अधिक है । इस प्रकार स्वयम्भूरमणसमुद्रपर्यन्त अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोंके सम्मिलित एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उनके आगे स्थित द्वीप अथवा समुद्रका विस्तार एक एक लाख योजन अधिक है । इस वृद्धिप्रमाणको लानेके लिये यह गाथा सूत्र है—

इच्छित द्वीप-समुद्रोंके चौगुणे विस्तारमें आदि सूचीके प्रमाणको मिलाकर तीनका भाग देनपर जो लब्ध आवे उसे विवक्षित द्वीप-समुद्रके दुगुणे विस्तारमेंसे कम करदेनेपर शेष वृद्धिका प्रमाण होता है ॥ २४५ ॥

१ द ब दीवोवहीणं.

इट्ठस्स दीवस्स वा सायरस्स वा आदिमसूइस्सद्धं लक्खद्धसंजुदस्स आणयणहेदुमिमा सुत्तगाहा—

इच्छियदीवुवहीणं[1] रुंदं दोलक्खविरहिदं मिलिदं । बाहिरसूइम्मि तदो पंचहिदं तत्थ जं लद्धं ॥ २४६

आदिमसूइस्सद्धं लक्खद्धजुदं हुवेदि इट्ठस्स । एवं लवणसमुद्दप्पहुदिं आणेज्ज अंतो त्ति ॥ २४७

बिदियपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो— जंबूदीवस्सद्धस्स विक्खंभादो लवणसमुद्दस्स एयदिसरुंदं दिवड्ढलक्खेणब्भहियं होइ । जंबूदीवस्सद्धसहितलवणसमुद्दस्स एयदिसरुंदादो धादइसंडदीवस्स एयदिसरुंदं दिवड्ढलक्खेणब्भहियं होइ । एवं सव्वब्भंतरदीवसायराणं एयदिसरुंदादो तदणंतरउवरिमदीवस्स वा सायरस्स वा एयदिसरुंदवड्ढी दिवड्ढीलक्खेणब्भहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । तब्बड्ढी-आणयणहेदुमिमा सुत्तगाहा—

उदाहरण—पुष्करद्वीपकी विस्तारवृद्धिका प्रमाण— पु. वि. १६ ला. × ४ + २९ ला. ÷ ३ = ३१ ला.; १६ ला. × २ − ३१ ला. = १ ला.

विवक्षित द्वीप अथवा समुद्रकी अर्ध लाख योजनोसे संयुक्त अर्ध आदिम सूचीको लानेके लिये ये सूत्रगाथायें है—

इच्छित द्वीप-समुद्रोंके विस्तारमेंसे दो लाख कम करके शेषको बाह्य सूचीमे मिलाकर पांचका भाग देनेपर जो लब्ध आवे, उतना अर्ध लाख सहित इष्ट द्वीप अथवा समुद्रकी आधी आदिम सूचीका प्रमाण होता है । इसी प्रकार लवणसमुद्रसे लेकर अन्तिम समुद्र तक उक्त सूचीप्रमाणको लाना चाहिये ॥ २४६–२४७ ॥

उदाहरण— धातकीखण्डकी अर्ध लाख योजन सहित अर्ध आदिम सूची ३ ला. योजन है— धात. वि. ४ लाख − २ लाख = २ लाख। बाह्य सूची १३ लाख + २ लाख ÷ ५ = ३ ला. = २५०००० + ५०००० ।

द्वितीय पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं— जम्बूद्वीपके अर्ध विस्तारकी अपेक्षा लवण-समुद्रका एक दिशासम्बन्धी विस्तार डेढ़ लाख योजन अधिक है । जम्बूद्वीपके अर्धविस्तार सहित लवणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डद्वीपका एक दिशासम्बन्धी विस्तार भी डेढ़ लाख योजन अधिक है । इसी प्रकार सम्पूर्ण अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोंके एक दिशासम्बंधी विस्तारकी अपेक्षा उनके अनन्तर स्थित अग्रिम द्वीप अथवा समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमे स्वयम्भूरमणसमुद्र तक डेढ़ लाख योजन वृद्धि होती गई है । इस वृद्धिप्रमाणको लानेके लिये ये सूत्रगाथायें हैं—

१ द दीवावहीणं, ब दीवोवहीणं. २ द वण्णइस्सामो, ब वतेइस्सामो.

इच्छियदीवुवहीणं[1] बाहिरसूइस्स अद्धमेत्तम्मि । आइमसूई सोधसु जं सेसं तं च[2] परिवड्ढी ॥२४८

इच्छियदीवुवहीदो[3] हेट्ठिमदीवोवहीण संपिंडं । सगसगआदिमसूइस्सद्धं लवणादिचरिमंतं ॥ २४९

तदियपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो— लवणसमुद्दस्स एयदिसरुंदादो कालोदगसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी छल्लक्खेणब्भहियं होदि। कालोदगसमुद्दस्स एयदिसरुंदादो पोक्खरवरसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी चउवीसलक्खेणब्भहियं होदि । एवं कालोदगसमुद्दप्पहुदि विवक्खिदतरंगिणीरमणादो तदणंतरोवरिमणीररासिस्स एयदिसरुंदवड्ढी चउग्गुणं होदूण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दं ति। तस्स अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— महिंदवरसायरस्स एयदिसरुंदादो सयंभूरमणसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी बारसुत्तरसएण भजिदतिगुणसेढीओ पुण छप्पण्णसहस्सदुसदपण्णासजोयणेहिं अब्भहियं होदि तस्स ठवणा $\frac{-३}{११३}$ । एदस्स धणजोयणाणि ५६२५० । तब्वड्ढीणं आणयणसुत्तगाहा—

इच्छित द्वीप-समुद्रोंकी बाह्य सूचीके अर्ध प्रमाणमेंसे आदिम सूचीको घटा देनेपर जो शेष रहे उतना उस वृद्धिका प्रभाण है ॥ २४८ ॥

उदाहरण — कालोद समुद्रके विस्तारमें वृद्धि— का. स. बा. सूची यो. २९ लाख ÷ २ = १४५०००० ; १४५००० – १२ लाख (आ. सू.) = १५०००० वृद्धि ।

लवणसमुद्रसे लेकर अन्तिम समुद्र तक इच्छित द्वीप या समुद्रसे अधस्तन (पहिलेके) द्वीप-समुद्रोंका सम्मिलित विस्तार अपनी अपनी आदिम सूचीके अर्धभागमात्र होता है ॥ २४९ ॥

उदाहरण— पुष्करद्वीपसे पहिलेके द्वीप-समुद्रोंका विस्तार— पु. द्वी. आ. सूची यो. २९ लाख ÷ २ = १४५०००० ।

तृतीय पक्षमे अल्पबहुत्वको कहते है— लवणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा कालोदकसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी वृद्धि छह लाख योजन अधिक है। कालोदकसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवरसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी वृद्धि चौबीस लाख योजन अधिक है । इस प्रकार कालोदकसमुद्रसे लेकर स्वयम्भूरमणसमुद्रपर्यन्त विवक्षित समुद्रके विस्तारकी अपेक्षा उसके अनन्तर स्थित अग्रिम समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें उत्तरोत्तर चौगुणी वृद्धि होती गई है । उसके अन्तिम विकल्पको कहते हैं। अहीन्द्रवरसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा स्वयंभूरमणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमे एक सौ बारहसे भाजित तिगुणी जगश्रेणियां और छप्पन हजार दो सौ पचास योजनप्रमाण वृद्धि हुई है । उसकी स्थापना इस प्रकार है— जगश्रेणी×३÷११२+यो. ५६२५० ।

१ द ब दीओवहीणं. २ द ब त सेसं तच्च. ३ द दीवउवहीदो, ब दीवोवहीदो. ४ द दीवावहीण.

इच्छियजलणिहिरुंदं तिगुणं दलिदूण तिण्णिलक्खूणं । तिलक्खूणतिगुणवासे सोहिय दलिदम्मि सा हवे वड्ढी ॥

चउत्थपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो— लवणणीररासिस्स एयदिसरुंदादो कालोदगसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी छल्लक्खेणब्भहिय होइ । लवणसमुद्दसंमिलिदकालोदगसमुद्दादो पोक्खरवरसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी बावीसलक्खेण अब्भहियं होदि । एवं हेट्ठिमसायराणं समूहादो तदणंतरोवरिमणीररासिस्स एयदिसरुंदवड्ढी चदुगुणं दोलक्खेहिं रहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । तस्स अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— सयंभूरमणसमुद्दस्स हेट्ठिमसयलसायराणं एयदिसरुंदसमूहादो सयंभूरमणसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी छरूवेहिं भजिदरज्जू पुणो तिदयहिदं तिण्णिलक्खपण्णाससहस्सजोयणाणि अब्भहियं होदि— ४२ धणजोयणाणि ३५०००० । तव्वड्ढीआणयणहेदुमिमं गाहासुत्तं—

अंडलक्खहीणइच्छियवासं बारसेहिं भजिदलद्धंसो । सोधसु तिचरणभागेण सोदवासम्मि तं हवे वड्ढी ॥ २५१

उन वृद्धिओंको लानेके लिये यह सूत्रगाथा है— इच्छित समुद्रके तिगुणे विस्तारको आधा करके उसमेंसे तीन लाख कम करदेनेपर जो शेष रहे उसे तीन लाख कम तिगुणे विस्तारमेंसे घटाकर शेषको आधा करनेपर वह वृद्धिप्रमाण आता है ॥ २५० ॥

उदाहरण—कालोदसमुद्रसे पुष्करवरसमुद्रके विस्तारमें हुई वृद्धिका प्रमाण—

पु. स. वि. यो. ३२ लाख × ३ ÷ २ − ३ लाख = ४५ लाख; ३२ लाख × ३ − ३ लाख = ९३ लाख; ९३ लाख − ४५ लाख ÷ २ = २४००००० यो. वृद्धि ।

चतुर्थ पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं— लवणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा कालोदकसमुद्रका एक दिशासंबंधी विस्तार छह लाख योजन अधिक है । लवणसमुद्र-सम्मिलित कालोदकसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवरसमुद्रकी एक दिशासम्बन्धी विस्तारवृद्धि बाईस लाख योजन अधिक है । इस प्रकार अधस्तन समुद्रसमूहसे उसके अनंतर स्थित अग्रिम समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें दो लाख कम चौगुणी वृद्धि स्वयंभूरमणसमुद्र तक होती गयी है । उसके अन्तिम विकल्पको कहते हैं— स्वयंभूरमणसमुद्रके अधस्तन सम्पूर्ण समुद्रोंके एक दिशासम्बन्धी विस्तारसमूहकी अपेक्षा स्वयंभूरमण समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें छह रूपोंसे भाजित एक राजु और तीनसे भाजित तीन लाख पचास हजार योजन अधिक वृद्धि हुई है । राजु $\frac{१}{६}$ यो. $३५०००\frac{०}{३}$ ।

इस वृद्धिप्रमाणके लानेके हेतु यह गाथासूत्र है—

इच्छित समुद्रके विस्तारमेंसे आठ लाख कम करके शेषमें बारहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे विस्तारके तीन चतुर्थ भागोंमेंसे घटा देनेपर जो अवशिष्ट रहे उतनी विवक्षित समुद्रके विस्तारमें वृद्धि होती है ॥ २५१ ॥

१ द अट्ठ.

इच्छियवड्ढीदो हेट्ठिमसयलसायराणं संबंधिएयदिसरुंदसमासाणं आणयणट्ठं गाहासुत्तं—

सगसगवड्ढिपमाणे दोलक्खं अवणिदूण अद्धकदे । इच्छियवड्ढीदु तदो हेट्ठिमउवहीणसंबंधं ॥ २५२

पंचमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो— सयलजंबूदीवस्स रुंदादो धादइसंडस्स एयदिसरुंदवड्ढी तियलक्खेणब्भहियं होदि । धादईसंडस्स एयदिसरुंदादो पोक्खरवरदीवस्स एयदिसरुंदवड्ढी बारसलक्खेणब्भहियं होदि । एवं तदणंतरहेट्ठिमदीवादो अणंतरोवरिमदीवस्स वासवड्ढी तिगुणं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणदीओ त्ति । तस्स अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— दुचरिमअहिंदवरदीवादो अंतिमसयंभूरमणदीवस्स वड्ढिपमाणं तियरज्जू[2] बत्तीसरूवेहिं अवहरिदपमाण पुणो अट्ठावीससहस्सएक्कसयपणुवीसजोयणेहिं अब्भहियं होइ । $\frac{३}{३२}$ घणजोयण २८१२५ । तव्वड्ढीणं आणयणे गाहासुत्तं—

उदाहरण—वारुणीवर समुद्रका विस्तार यो. १२८ लाख; १२८ लाख − ८ लाख ÷ १२=१० लाख; ९६ लाख (विस्तारका $\frac{३}{४}$) − १० लाख = ८६००००० वृद्धि ।

इच्छित वृद्धिसे अधस्तन समस्त समुद्रोंसम्बन्धी एक दिशाके विस्तारयोगोंको लानेकेलिये यह गाथा सूत्र है—

अपनी अपनी वृद्धिके प्रमाणमेंसे दो लाख कम करके शेषको आधा करनेपर इच्छित वृद्धिवाले समुद्रसे पहिलेके समस्त समुद्रोंसम्बन्धी विस्तारका प्रमाण आता है ॥ २५२ ॥

उदाहरण— वारुणीवर समुद्रकी विस्तारवृद्धि ८६ लाख । ८६ लाख − २ लाख ÷ २ = ४२००००० योजन लवणोद, कालोद और पुष्कर समुद्रका सम्मिलित विस्तार ।

पांचवें पक्षमे अल्पबहुत्वको कहते हैं— सम्पूर्ण जम्बूद्वीपके विस्तारसे घातकीखण्डके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमे तीन लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है । धातकीखण्डके एक दिशासम्बन्धी विस्तारसे पुष्करवरद्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमे बारह लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है । इस प्रकार स्वयंभूरमणद्वीप पर्यन्त अनंतर अधस्तनद्वीपसे उसके आगे स्थित द्वीपके विस्तारमें तिगुणी वृद्धि होती गई है । उसके अन्तिम विकल्पको कहते है— द्विचरम अहीन्द्रवरद्वीपसे अन्तिम स्वयंभूरमणद्वीपके विस्तारमें होनेवाली वृद्धिका प्रमाण बत्तीससे भाजित तीन राजु और अट्ठाईस हजार एक सौ पच्चीस योजन अधिक है ।

राजु $\frac{३}{३२}$ + यो. २८१२५ ।

१ द ब सबंधो. २ द ब तियरज्जूहिं.

इच्छियदीवे रुंदं तिगुणं दलिदूण तिण्णिलक्खूणं। तिलक्खूणतिगुणवासे सोहिय दलिदे हुवे वड्ढी ॥ २५३

छट्ठमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो। तं जहा— जंबूदीवस्स अद्धरुंदादो धादइसंडस्स एयदिसरुंदं आउट्ठलक्खेणब्भहियं होदि ३५०००० । जंबूदीवस्स अद्धेणं मिलिदधादईसंडस्स एयदिसरुंदादो पोक्खरवरदीवस्स एयदिसरुंदवड्ढी एयारसलक्खपण्णाससहस्सजोयणेहिं अब्भहियं होइ ११५०००० । एवं धादईसंडप्पहुदिइच्छियदीवस्स एयदिसरुदवड्ढीदो तदणंतरउवरिमदीवस्स वड्ढी चउगुणं अड्ढाइज्जलक्खेणूणं होदूण गच्छइ जाव सयंभूरमणदीओ त्ति । तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— [सयंभूरमणदीवस्स हेट्ठिमसयलदीवाणं एयदिसरुंदसमूहादो सयंभूरमणदीवस्स एयदिसरुदवड्ढी] चउरासीदिरूवेहिं भजिदसेढी पुणो तियहिदतिण्णिलक्खपणुवीससहस्सजोयणेहिं अब्भहियं होइ। तस्स ठवणा $\frac{८४}{३}$ धण जो $\frac{३२५०००}{१}$ । तब्वड्ढीणं आणयणट्ठं गाहासुत्तं—

इस वृद्धिप्रमाणको लानेके लिये यह गाथा सूत्र है— इच्छित द्वीपके तिगुणे विस्तारको आधा करके उसमेंसे तीन लाख कम करदेनेपर जो शेष रहे उसे तीन लाख कम तिगुणे विस्तारमेंसे घटाकर शेषको आधा करनेपर वृद्धिका प्रमाण होता है ॥ २५३ ॥

उदाहरण— पुष्कर. वि. १६ लाख × ३ ÷ २ − ३ लाख = २१ लाख; ४८ लाख − ३ लाख = ४५ लाख; ४५ लाख − २१ लाख = २४००००० वृद्धि ।

छठे पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते है । वह इस प्रकार है— जम्बूद्वीपके अर्ध विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डका एक दिशासम्बन्धी विस्तार साढ़े तीन लाख योजन अधिक है— ३५०००० । जंबूद्वीपके अर्ध विस्तार सहित धातकीखण्डके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवरद्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी वृद्धि ग्यारह लाख पचास हजार योजन अधिक है— ११५०००० । इस प्रकार धातकीखण्डप्रभृति इच्छित द्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर अग्रिम द्वीपके विस्तारमें अढ़ाई लाख कम चौगुणी वृद्धि स्वयम्भूरमणद्वीप तक होती चली गई है । उनमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते है— स्वयंभूरमणद्वीपसे पहिलेके समस्त द्वीपोंके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा स्वयंभूरमणद्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें चौरासी रूपोंसे भाजित जगश्रेणी और तीनसे भाजित तीन लाख पच्चीस हजार योजन अधिक वृद्धि हुई है । उसकी स्थापना इस प्रकार है—

$$\text{जगश्रेणी} \div ८४ + \frac{३२५०००}{१} \text{ ।}$$

उन वृद्धियोंको लानेके लिये गाथासूत्र—

अंतिमरुंदपमाणं लक्खोणं तीहि भाजिदं दुगुणं । दलिदतियलक्खजुत्तं परिवड्ढी होदि दीवाणं ॥ २५४

इच्छियदीवादो हेट्ठिमदीवाणं रुंदसमासाणं आणयणट्ठं गाहासुत्तं—

चउभाजिदइट्ठरुंदं हेट्ठं च ट्ठाविदूण तद्धेट्ठं[1] । लक्खूणे तियभजिदे उवरिमरासिम्मि मेलविदे ॥ २५५

लक्खद्धं हीणकदे जंबूदीवस्स अद्धपहुदि तदो । इट्ठस्स दुचरिमंतं दीवाणं मेलणं होदि ॥ २५६

सत्तमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो सयलजंबूदीवरुंदादो धादईसंडस्स एयदिसरुंदवड्ढी तिण्णिलक्खेणब्भहियं होदि ३००००० । जंबूदीवसंमिलिदधादईसंडदीवस्स दोण्णिदिसरुंदादो पोक्खरवरदीवस्स एयदिसरुंदवड्ढी सत्तलक्खेहिं अब्भहियं होदि ७००००० । एवं धादईसंडप्पहुदिइच्छियदीवाणं दोण्णिदिसरुंदादो तदणंतरोवरिमदीवस्स एयदिसरुंदवड्ढी चउग्गुणं पंचलक्खेणूणं होदूण गच्छदि जाव सयंभूरमणदीओ

एक लाख कम अन्तिम विस्तारप्रमाणमे तीनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे दुगुणा करके अर्थात तीन लाख अर्थात् डेढ़ लाख ($\frac{३००००० }{ २}$) और मिलादेनेपर द्वीपोंकी वृद्धिका प्रमाण होता है ॥ २५४ ॥

उदाहरण—पुष्कर. वि. यो. १६ लाख – १ लाख ÷ ३ × २ + $\frac{३०००० }{ २}$ = ११५०००० पु. द्वी. की विस्तारवृद्धि ।

इच्छित द्वीपसे पहिलेके द्वीपोंके विस्तारसमूहको लानेके लिये गाथासूत्र—

चारसे भाजित इष्ट द्वीपके विस्तारको अलग रखकर इच्छित द्वीपसे पहिले द्वीपका जो विस्तार हो उसमेंसे एक लाख कम करके शेषमे तीनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे उपरिम राशिमें मिलाकर आधा लाख कम करनेपर अर्ध जम्बूद्वीपसे लेकर इच्छित द्विचरम (अहीन्द्रवर) द्वीप तक उन द्वीपोका सम्मिलित विस्तार होता है ॥ २५५-२५६ ॥

उदाहरण—वारुणी. द्वी. वि. यो. ६४ लाख ÷ ४ = १६ लाख; पु. द्वी. वि. १६ लाख – १ लाख ÷ ३ = ५ लाख; १६ लाख + ५ लाख – ५०००० = २०५०००० अर्ध जम्बूद्वीपसे सम्मिलित पुष्करवरद्वीप तकका विस्तारयोग ।

सातवे पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हे— सम्पूर्ण जम्बूद्वीपसे धातकीखण्डके एकदिशासम्बन्धी विस्तारमे तीन लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है— ३००००० । जम्बूद्वीप सहित धातकीखण्डके दोनो दिशाओसम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा पुष्करद्वीपके एक दिशासबन्धी विस्तारमें सात लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है–७००००० । इस प्रकार धातकीखण्डप्रभृति इच्छित द्वीपोंके दोनों दिशाओंसम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उनके अनन्तर स्थित अग्रिम द्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें पांच लाख कम चौगुणी वृद्धि स्वयंभूरमणद्वीप तक होती चली

१ द ब संदं हेट्ठाहे ट्ठाविदूण तद्धेक्कं.

त्ति । तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— सयंभूरमणदीवस्स हेट्ठिमसयलदीवाणं दोण्णिदिसरुंदसमूहादो सयंभूरमणदीवस्स एयदिसरुंदवड्ढी चउवीसरूवेहिं भजिदरज्जू पुणो तियहिदपंचलक्खसत्ततीससहस्स-पंचसयजोयणेहिं अब्भहियं होदि । तस्स ठवणा $\frac{-}{७ | २४}$ धण जोयणाणि $५३७५००/३$ । तव्वड्ढीणं आणयणट्ठं गाहासुत्तं—

सगसगवासपमाणं लक्खेणं तियहिदं दुलक्खजुदं । अहवा पणलक्खाहियवासतिभागं तु परिवड्ढी ॥ २५७

पुणो इच्छियदीवादो वा हेट्ठिमसयलदीवाणं दोण्णिदिसरुंदस्स समासो वि एक्कलक्खादिचउ-गुणं पंचलक्खेहिं अब्भहियं होऊण गच्छइ जाव अहिंदवरदीवो त्ति । तव्वड्ढीणं आणयणहेदुं इमं[1] गाहासूत्तं—

दुगुणियसगसगवासे पणलक्खं अवणिदूण तियभजिदे । हेट्ठिमदीवाण पुढं दोदिसरुंदम्मि होदि पिंडफलं[2] ॥

गई है । इनमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते हैं— स्वयंभूरमणद्वीपसे अधस्तन सम्पूर्ण द्वीपोंके दोनों दिशाओंसम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा स्वयंभूरमणद्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें चौवीससे भाजित एक राजु और तीनसे भाजित पांच लाख सैंतीस हजार पांचसौ योजन अधिक वृद्धि हुई है । उसकी स्थापना इस प्रकार है— राजु $\frac{१}{२४}$ + यो. $\frac{५३७५००}{३}$ ।

उन वृद्धियोंको लानेके लिये गाथासूत्र—

एक लाख कम अपने अपने विस्तारप्रमाणमें तीनका भाग देकर दो लाख और मिलानेपर उस वृद्धिका प्रमाण होता है, अथवा— पांच लाख अधिक विस्तारमें तीनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना उक्त वृद्धिका प्रमाण होता है ॥ २५७ ॥

उदाहरण—पु. द्वी. वि. १६ ला.–१ ला. ÷ ३ + २ ला.=७ ला. वृद्धि । अथवा — पु. द्वी. वि. १६ ला. + ५ ला. ÷ ३ = ७ ला. वृद्धिप्रमाण ।

पुनः इच्छित द्वीपसे अधस्तन समस्त द्वीपोंके दोनों दिशाओंसम्बन्धी विस्तारका योग भी एक लाखको आदि लेकर चौगुणा और पांच लाख अधिक होकर अहीन्द्रवरद्वीप तक चला जाता है । उस वृद्धिको लानेके लिये यह गाथासूत्र है —

अपने अपने दुगुणे विस्तारमेंसे पांच लाख कम करके शेषमें तीनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना अधस्तन द्वीपोंके दोनों दिशाओंसंबन्धी विस्तारका योगफल होता है ॥ २५८ ॥

१ द ब इमा. २ द हिंदफलं, ब तिंदफलं.

अट्ठमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो— लवणसमुद्दस्स दोण्णिदिसरुंदादो कालोदगसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी चउलक्खेणब्भहियं होदि ४००००० । लवणकालोदगसमुद्दाणं दोण्णिदिसरुंदादो पोक्खरवरसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी बारसलक्खेणब्भहियं होदि १२००००० । एवं कालोदगसमुद्दप्पहुदि तत्तो उवरिमतदणंतरइच्छियरयणायराणं एयदिसरुंदवड्ढी हेट्ठिमसव्वजलरासीणं दोण्णिदिसरुंदवड्ढीदो चउग्गुणं चउलक्खविहीणं होदूण' गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— सयंभूरमणस्स हेट्ठिमसयलसायराण दोण्णिदिसरुंदादो सयंभूरमणसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी रज्जूए बारसभागो पुणो तियहिदचउलक्खपंचहत्तरिसहस्सजोयणेहि अब्भहियं होदि । तस्स ट्ठवणा $\overline{७}$ । १२ धण जोयणाणि ४७५०००/३ । तव्वड्ढीणं आणयणहेदुं इमं[2] गाहासुत्तं—

इट्ठोवहिविक्खंभे चउलक्खं मेलिदूण तियभजिदे । तीदरयणायराणं दोदिसरुंदादु उवरिमेयदिसं ॥ २५९

उदाहरण—पु. द्वी. का विस्तार यो. १६ ला.×१–५ ला. ÷ ३ = ९ ला. यो. जं. द्वी. और धात. का उभयदिशासम्बन्धी विस्तार ।

आठवें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते है— लवणसमुद्रके दोनो दिशाओंसम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा कालोदकसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमे चार लाख अधिक वृद्धि हुई है— ४००००० । लवण और कालोदक समुद्रके दोनों दिशाओसम्बन्धी सम्मिलित विस्तारकी अपेक्षा पुष्करसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमे बारह लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है— १२००००० । इस प्रकार कालोदकसमुद्रसे लेकर उससे उपरिम तदनन्तर इच्छित समुद्रोंकी एक दिशासम्बन्धी विस्तारवृद्धि अवस्तन सब समुद्रोकी दोनो दिशाओसम्बन्धी विस्तारवृद्धिसे चार लाख कम चौगुणी होकर स्वयंभूरमणसमुद्र तक चली गई है । उनमेंसे अंतिम विकल्पको कहते हैं— स्वयंभूरमणसमुद्रके अवस्तन सम्पूर्ण समुद्रोके दोनो दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा स्वयंभूरमणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें राजुका बारहवां भाग और तीनसे भाजित चार लाख पचत्तर हजार योजन अधिक वृद्धि हुई है । उसकी स्थापना इस प्रकार है—

राजु १/१२ + यो. ४७५०००/३ ।

उस वृद्धिके लानेके हेतु यह गाथा सूत्र है—

इष्ट समुद्रके विस्तारमें चार लाख मिलाकर तीनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतनी अतीत समुद्रोंके दोनों दिशाओं संबन्धी विस्तारकी अपेक्षा उपरिम समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धि होती है ॥ २५९ ॥

१ द ब होदिऊण. २ द ब इमा.

हेट्ठिमसमासो वि— इट्ठस्स कालोदसमुद्दादो हेट्ठिमेक्कस्स समुद्दस्स दोण्णिदिसरुंदसमासं चउलक्खं होदि ४००००० । पोक्खरवरसमुद्दादो हेट्ठिमदोण्णिसमुद्दाणं दोण्णिदिसरुंदसमासं वीसलक्खजोयणपमाणं होदि २०००००० । एवमब्भंतरिमणीररासिस्स दोण्णिदिसरुंदसमासादो तदणंतरोवरिमसंमुद्दस्स एय-दिसरुंदवड्ढी चउगुणं चउलक्खेणब्भहियं होऊण गच्छइ जाव अहिंदवरसमुद्दो त्ति । तव्वड्ढीणं आणयणहेदुं इमं गाहासुत्तं—

दुगुणियसगसगवासे चउलक्खे अवणिदूण तियभजिदे । तीदरयणायराणं दोदिसभायम्मि पिंडफलं ॥ २६० ॥

णवमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो— जंबूदीवस्स बादरसुहुमखेत्तफलस्स पमाणेण लवण-समुद्दस्स खेत्तफलं किंज्जंतं चउवीसगुणं होदि २४ । जंबूदीवस्स खेत्तफलादो धादईसंडस्स खेत्तफलं चउदालीसब्भहियं एक्कसयमेत्तं होदि १४४ । एवं जाणिदूण णेदव्वं जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— जगसेढीए वग्गं तिगुणिय एक्कलक्खछण्णउदिसहस्सकोडिरूवेहिं भजिदमेत्तं पुणो तिगुणिदसेढि चोद्दसलक्खरूवेहि भजियमेत्तेहिं अब्भहियं होदि पुणो णवकोसेहिं परिहीणं । तस्स

उदाहरण— वारुणीवरसमुद्रका वि. १२८ ला. + ४ ला. ÷ २ = ४४ ला. वृद्धि ।

अधस्तन योग भी— इष्ट कालोदसमुद्रसे अधस्तन एक लवणसमुद्रका दोनो दिशाओ संबन्धी विस्तारसमास चार लाख है— ४००००० । पुष्करवरसमुद्रसे अधस्तन दोनो समुद्रोंका दोनो दिशाओंसम्बन्धी विस्तारसमास बीस लाख योजनप्रमाण है— २००००००। इस प्रकार अभ्यन्तर समुद्रके दोनो दिशाओंसम्बन्धी विस्तारसमाससे तदनन्तर स्थित उपरिम समुद्रकी दोनों दिशासम्बन्धी विस्तारवृद्धि चौगुणी और चार लाख अधिक होकर अहीन्द्रवर समुद्र तक चली गई है । उस वृद्धिको लानेके लिये यह गाथासूत्र है—

अपने अपने दुगुणे विस्तारमेसे चार लाख कम करके शेषमें तीनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना अतीत समुद्रोंके दोनो दिशाओंसम्बन्धी विस्तारका योग होता है ॥ २६० ॥

उदाहरण— पु. समुद्रका वि. ३२ ला. × २ − ४ ला. ÷ ३ ला. = २० ला. कालोद और लवणसमुद्रका सम्मिलित उभय दि. विस्तार ।

नववे पक्षमे अल्पबहुत्वको कहते है—जम्बूद्वीपके बादर व सूक्ष्म क्षेत्रफलके प्रमाणसे लवणसमुद्रका क्षेत्रफल करनेपर चौबीसगुणा होता है २४ । जम्बूद्वीपके क्षेत्रफलसे धातकी-खण्डका क्षेत्रफल एक सौ चयालीस गुणा है १४४ । इस प्रकार जानकर स्वयंभूरमणसमुद्र-पर्यन्त लेजाना चाहिये । उसमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते हैं— जगश्रेणीके वर्गको तिगुणा करके उसमें एक लाख छयानवै हजार करोड़ रूपोंका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना और तिगुणी जगश्रेणीमे चौदह लाखका भाग देनेपर लब्ध हुए प्रमाणसे अधिक तथा नौ कोश कम है । उसकी स्थापना इस प्रकार है—

१ द ब किंचूणं.

ठवणा— $\frac{=३}{१९६०००००००००}$ धण खेत्तं $\frac{२१}{१४०००००}$ रिण कोसाणि ९ । तव्वड्ढीणं आणयण-हेदुं इमं गाहासुत्तं—

लक्खूणइट्ठरुंदं तिगुणं चउगुणिदइट्ठवासगुणं । लक्खस्स कदिम्मि हिदे जंबूदीउप्पमा खंडा ॥ २६१

दसमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो । तं जहा— जंबूदीवस्स बादरसुहुमक्खेत्तपमाणेण लवण-समुद्दस्स खेत्तफलं किज्जंतं चउवीसगुणप्पमाणं होदि २४ । लवणसमुद्दस्स खंडसलागाणं संखादो धादइ-संडस्स खंडसलागा छगुणं होदि । धादइसंडस्स खंडसलागादो कालोदगसमुद्दस्स खंडसलागा चउगुणं होऊण[1] छण्णवदिरूवेणब्भहियं होइ । तत्तो उवरि तदणंतरहेट्ठिमदीवउवहीदो अणंतरोवरिमदीवस्स उव-हिस्स वा खंडसलागा चउग्गुणं, पक्खेवभूदछण्णवदी दुगुणदुगुणं होदूण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । तत्थ अंतिमवियप्प वत्तइस्सामो—[सयंभूरमणदीवखंडसलागादो सयभूरमणसमुद्दस्स खंडसलागा] तिण्णि सेढीओ सत्तलक्खजोयणेहिं भजिदाओ पुणो णवजोयणेहिं अब्भहियाओ होंति । तस्स ठवणा—

(ज. × ज. × ३ ÷ १९६००००००००००) + (ज. × ३ ÷ १ ४०००००) − को. ९ ।

उस वृद्धिको लानेके लिये यह गाथासूत्र है—

एक लाख कम इष्ट द्वीप या समुद्रके विस्तारको तिगुणा करके फिर उसे चौगुणे अपने विस्तारसे गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उसमें एक लाखके वर्गका भाग देनेपर जम्बूद्वीपके समान खण्डोंकी संख्या आती है ॥ २६१ ॥

धातकीखण्डका विस्तार यो. ४ ला ; [४ ला. − १ ला. × ३ ला] × [४ ला. × ४] ÷ १ ला.^{२} = १४४ खण्ड ।

दशवें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते है । वह इस प्रकार है— जम्बूद्वीपके बादर व सूक्ष्म क्षेत्रफलके बराबर लवणसमुद्रका क्षेत्रफल करनेपर वह उससे चौबीसगुणा होता है २४ । लवणसमुद्रसम्बन्धी खण्डशलाकाओंकी संख्यासे धातकीखण्डकी खण्डशलाकाये छहगुणी हैं । धातकीखण्डद्वीपकी खण्डशलाकाओसे कालोदकसमुद्रकी खण्डशलाकायें छहगुणी होकर छयानबे रूपोंसे अधिक है । पुनः इससे ऊपर तदनन्तर अधस्तन द्वीप या समुद्रसे अनन्तर उपरिम द्वीप या समुद्रकी खण्डशलाकायें चौगुणी है और इनके प्रक्षेपभूत छयानबे उत्तरोत्तर स्वयंभूरमणसमुद्र तक दुगुणे दुगुणे होते गये है । उनमेसे अन्तिम विकल्पको कहते है— स्वयंभू-रमणद्वीपकी खण्डशलाकाओंसे स्वयंभूरमणसमुद्रकी खण्डशलाकायें सात लाख योजनोंसे भाजित तीन जगश्रेणी और नौ योजनोंसे अधिक है । उसकी स्थापना इस प्रकार है— ज. ३ ÷ यो. ७००००० + यो. ९ ।

१ द्र होदिऊण.

$७००^{३}_{०००}$ घण जोयणाणि ९ । तत्थ अदिरेगस्स पमाणाणयणट्ठं इमा सुत्तगाहा—

लक्खेण भजिदसगसगवासं इगिरूवविरहिदं तेण । सगसगखंडसलागं भजिदे अदिरेगपरिमाणं ॥ २६२

एक्कारसमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो । तं जहा— लवणसमुद्दस्स खंडसलागाणं संखादो धादईसंडदीवस्स खंडसलागाणं वड्डी वीसुत्तरएक्कसएणब्भहियं होदि १२० । लवणसमुद्दखंडसलागसंमिलिदधादईसंडदीवस्स खंडसलागाणं संखादो कालोदगसमुद्दस्स खंडसलागाणं वड्डी चउरुत्तरपंचसएणब्भहियं होदि ५०४ । एवं धादईसंडस्स वड्डिप्पहुदि[1] हेट्ठिमदीवउवहीणं समूहादो अणंतरोवरिमदीवस्स वा रयणायरस्स वा खंडसलागाणं[2] वड्डी चउगुणं चउवीसरूवेहिं अब्भहियं होऊण गच्छदि जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— सयंभूरमणसमुद्दादो हेट्ठिमसव्वदीवरयणायराणं खंडसलागाण समूहं सयंभूरमणसमुद्दस्स खंडसलागम्मि अवणिदे वड्डिपमाणं केत्तियमिदि भणिदे जगसेढीए वग्गं अट्ठाणवदिसहस्सकोडिजोयणेहिं भजिदं पुणो सत्तलक्खजोयणेहिं भजिदतिण्णिजगसेढीअब्भहियं पुणो चोद्दसकोसेहिं परिहीणं होदि । तस्स

उनमे चौगुणीसे अतिरिक्त प्रमाणको लानेके लिये यह गाथासूत्र है—

एक लाखसे भाजित अपने अपने विस्तारमेसे एक रूप कम करके शेषका अपनी अपनी [illegible] भाग देनेपर अतिरिक्त संख्याका प्रमाण आता है ॥ २६२ ॥

उदाहरण—कालोदकसमुद्रकी चतुर्गुणित खण्डशलाकाओंसे अतिरिक्त खण्डशलाकाओंका प्रमाण— का. स. विस्तार यो. ८ लाख ÷ १ लाख − १ = ७; का. स. की खण्डश. ६७२ ÷ ७ = ९६ अतिरिक्त प्रमाण ।

ग्यारहवें पक्षमे अल्पबहुत्वको कहते हैं । वह इस प्रकार है— लवणसमुद्रसम्बन्धी खण्डशलाकाओंकी संख्यासे धातकीखण्डद्वीपकी खण्डशलाकाओंकी वृद्धिका प्रमाण एक सौ बीस है १२० । लवणसमुद्रकी खण्डशलाकाओंको मिलाकर धातकीखण्डद्वीपसम्बन्धी खण्डशलाकाओंकी संख्यासे कालोदकसमुद्रसम्बन्धी खण्डशलाकाओंकी वृद्धिका प्रमाण पांच सौ चार है ५०४ । इस प्रकार धातकीखण्डद्वीपसम्बन्धी शलाकावृद्धिसे प्रारंभ कर स्वयंभूरमणसमुद्र तक अधस्तन द्वीप-समुद्रोंके शलाकासमूहसे अनन्तर उपरिम द्वीप अथवा समुद्रकी खण्डशलाकाओंकी वृद्धि चौगुणी और चौबीस संख्यासे अधिक होती गई है । उनमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते हैं—

स्वयंभूरमणसमुद्रसे अधस्तन समस्त द्वीप-समुद्रोंके खण्डशलाकासमूहको स्वयंभूरमणसमुद्रकी खण्डशलाकाओंमेंसे घटादेनेपर वृद्धिका प्रमाण कितना है, ऐसा कहनेपर अट्ठानबै हजार करोड़ योजनोंसे भाजित जगश्रेणीके वर्गसे अतिरिक्त सात लाख योजनोंसे भाजित तीन

१ द ब वड्डिं पुहदी. २ द ब धादइसंडसलागाणं.

ठवणा $९८०००^{२}=९८०००००००००$ घण रज्जू $-\frac{३}{७०००००}$ रिण कोस १४ । तच्चड्ढिआणयणहेदुमिमं गाहासुत्तं—

लक्खेण भजिदअंतिमवासस्स[१] कदीए एगरूऊणं । अट्ठगुणं हिट्ठाणं[२] संकलणादो दु उवरिमे वड्ढी ॥ २६३

दश हजार वर्ष प्रमाण आयुका धारक प्रत्येक व्यन्तर देव एक सौ मनुष्योंको मारने व पालनेके लिये समर्थ है ॥ ९२ ॥

वह देव एक सौ पचास धनुषप्रमाण विस्तार व बाहल्यसे युक्त क्षेत्रको अपनी शक्तिसे उखाड़कर अन्यत्र फेंक सकता है ॥ ९३ ॥

एक पल्यप्रमाण आयुका धारक व्यन्तर देव अपनी भुजओंसे छह खण्डोंको उलट सकता है और उनमें स्थित लोगोंको मारने व पालनेके लिये भी समर्थ है ॥ ९४ ॥

दश हजार वर्षमात्र आयुका धारक व्यन्तर देव उत्कृष्ट रूपसे सौ रूपोंकी और जघन्यरूपसे सात रूपोंकी विक्रिया करता है । मध्यमरूपसे वह देव सातसे ऊपर और सौसे नीचे विविध रूपोंकी विक्रिया करता है ॥ ९५ ॥

---

१ द ब खणेदि. २ द पल्लट्टेहि, ब पल्लट्टदि. ३ द ब खक्खंडेण पि, ४ द ब ठिदं.

सेसा वेंतरदेवा णियणियओहीण जेत्तियं खेत्तं । पूरंति तेत्तियं पि हु पत्तेक्कं विकरणबलेणं ॥ ९६

संखेज्जजोयणाणिं संखेज्जाऊ य एक्कसमयेणं । जादि असंखेज्जाणिं ताणि असंखेज्जमाऊ य ॥ ९७

। सत्तिपरूवणा सम्मत्ता ।

अट्ठाण वि पत्तेक्कं किंणरपहुदीण वेंतरसुराणं । उच्छेहो णादव्वो दसकोदंडप्पमाणेणं ॥ ९८

। उच्छेहपरूवणा सम्मत्ता ।

चउलक्खाधियतेवीसकोडिअंगुलयसूइवग्गेहिं । भजिदाए सेढीए वग्गे भोमाण परिमाणं ॥ ९९

$\frac{\text{जगसेढी}}{४}$ | ५३०८४१६०००००००००० ।

। संखा सम्मत्ता ।

संखातीदविभत्ते वितरवासम्मि लद्धपरिमाणा । उप्पज्जंता देवा मरमाणा होंति तम्मेत्ता ॥ १००

। उप्पज्जणमरणा सम्मत्ता ।

बाकीके व्यन्तर देवोंमेंसे प्रत्येक देव अपने अपने अवधिज्ञानोंका जितना क्षेत्र है उतने मात्र क्षेत्रको विक्रियाबलसे पूर्ण करते हैं ॥ ९६ ॥

संख्यात वर्षप्रमाण आयुसे युक्त व्यन्तर देव एक समयमें संख्यात योजन और असंख्यात वर्षप्रमाण आयुसे युक्त वह असंख्यात योजन जाता है ॥ ९७ ॥

शक्तिप्ररूपणा समाप्त हुई ।

किन्नर प्रभृति आठों व्यन्तर देवोंमेंसे प्रत्येककी उंचाई दश धनुषप्रमाण जानना चाहिये ॥ ९८ ॥

उत्सेधप्ररूपणा समाप्त हुई ।

तेईस करोड़ चार लाख सूच्यंगुलोंके वर्गका (अर्थात् तीन सौ योजनके वर्गका) जगश्रेणिके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना व्यन्तर देवोंका प्रमाण है ॥ ९९ ॥

संख्याका कथन समाप्त हुआ ।

व्यन्तरोंके असंख्यातका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतने देव उत्पन्न होते हैं और उतने ही मरते हैं ॥ १०० ॥

उत्पद्यमान व म्रियमाण देवोंका कथन समाप्त हुआ ।

आउसबंधणभावं दंसणगहणाण कारणं विविहं । गुणठाणापहुदीणिं भउमाणं भावसामाणि ॥ १०१

जोयणसदत्तियकदी भजिदे पदरस्स संखभागम्मि । जं लद्धं तं माणं वेंतरलोए जिणपुराणं ॥ १०२

$\frac{=}{४}$ | ५३०८४१६०००००००००० ।

इंदसदणमिदचलणं अणंतसुहणाणविरियदंसणया । भव्वंबुजवणभाणुं सेयंसजिणं पसादेमि[1] ॥ १०३

एवमाइरियपरंपरागयतिलोयपण्णत्तीए वेंतरलोयसरूवणिरूवणपण्णत्ती णाम
छट्ठमो महाहियारो सम्मत्तो ॥ ६ ॥

आयुके बांधनेवाले भाव, सम्यग्दर्शनग्रहणके विविध कारण और गुणस्थानादिकोंका कथन व्यन्तरोंके भवनवासियोंके समान जानना चाहिये ॥ १०१ ॥

जगप्रतरके संख्यात भागमें तीनसौ योजनोंके वर्गका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना व्यन्तरलोकमें जिनपुरोंका प्रमाण है । ॥ १०२ ॥

जिनके चरणोंमें सौ इन्द्रोंने नमस्कार किया है और जो अनन्तसुख, अनन्तज्ञान, अनन्तवीर्य व अनन्तदर्शनसे सहित है तथा भव्यजीवरूप कमलवनके विकसित करनेके लिये सूर्यके समान हैं ऐसे श्रेयांस जिनको मैं प्रसन्न करता हूं ॥ १०३ ॥

इस प्रकार आचार्यपरंपरागत त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें व्यन्तरलोकस्वरूपनिरूपण प्रज्ञप्ति नामक छठा महाधिकार समाप्त हुआ ।

---

१ द ब पसादम्मि.

[सत्तमो महाधियारो]

[1]अक्खलियणाणदंसणसहियं सिरिवासुपुज्जजिणसामिं । णमिऊणं वोच्छामो जोइसियजगस्स पण्णत्तिं ॥ १

जोइसियणिवाससिदी भेदो संखा तहेव विण्णासो । परिमाणं चरचारो अचरेसरूवाणि आऊ य ॥ २

आहारो उस्सासो उच्छेहो ओहिणाणसत्तीओ । जीवाणं उप्पत्तीमरणाइं एक्कसमयम्मि ॥ ३

आउगबंधणभावं दंसणगहणस्स कारणं विविहं । गुणठाणादिपवण्णणमहियारा सत्तरसिमाए ॥ ४

[१७][3]

रज्जुकदी गुणिदव्वं एक्कसयदसुत्तरेहिं जोयणए । तस्सिं अगम्मदेसं[4] सोधिय सेसम्मि जोदिसिया ॥ ५

=

४९ । ११० ।

तं पि य अगम्मखेत्तं समवट्टं जंबुदीवबहुमज्झे । पणएक्कखपणदुगणवदोतिखतियएक्कजोयणंककमे ॥ ६

१३०३२९२५०१५ ।

। णिवासखेत्तं सम्मत्तं ।

अस्खलित ज्ञान-दर्शनसे सहित श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्रको नमस्कार करके ज्योतिर्लोककी प्रज्ञप्तिको कहते हैं ॥ १ ॥

[1]ज्योतिषी देवोंका निवासक्षेत्र, [2]भेद, [3]संख्या, [4]विन्यास, [5]परिमाण, [6]चर ज्योतिषियोंका संचार, [7]अचर ज्योतिषियोंका स्वरूप, [8]आयु, [9]आहार, [10]उच्छ्वास, [11]उत्सेध, [12]अवधिज्ञान, [13]शक्ति, [14]एक समयमें जीवोंकी उत्पत्ति व मरण, [15]आयुके बन्धक भाव, [16]सम्यग्दर्शनग्रहणके विविध कारण और [17]गुणस्थानादि वर्णन, इस प्रकार ये ज्योतिर्लोकके कथनमें सत्तरह अधिकार है ॥ २–४ ॥

राजुके वर्गको एक सौ दश योजनोंसे गुणा करनेपर जो लब्ध आवे उनमेंसे अगम्य देशको छोड़कर शेषमें ज्योतिषि देव रहते हैं ॥ ५ ॥ रा[2] × ११० ।

वह अगम्य क्षेत्र भी समवृत्त जम्बूद्वीपके बहुमध्य भागमें स्थित है । उसका प्रमाण अंकक्रमसे पांच, एक, शून्य, पांच, दो, नौ, दो, तीन, शून्य, तीन और एक, इन अंकोंसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजनमात्र है ॥ ६ ॥ १३०३२९२५०१५ यो. ।

निवासक्षेत्रका कथन समाप्त हुआ ।

---

१ अतः प्राक् द ब प्रत्योः एतत्पद्यमुपलभ्यते– मुनिकुमुदाकरंगदनुरागदिनादमरल्विनं कृशानन विरताति-शांव्रतमसं मनुद्बुद्धिये पापिनं जग । ज्जननयनोत्पलं बिरिविनं सुतपोधरणीधराग्रदिं जनयिसिदं सुकातिकुलचंद्रमुनींद्र-शशांकमंबलं ॥ २ द ब अवर°. ३ द ब ⅀ । १०० ।. ४ द अगमदेसिं.

चंदा दिवायरा गहणक्खत्ताणिं पइण्णताराओ । पंचविहा जोदिगणा लोयंतघणोवहिं पुट्ठा ॥ ७

णवरि विसेसो पुव्वावरदक्खिणउत्तरेसु भागेसुं । अंतरमत्थित्ति[1] ण ते छिवंति जोइग्ग सो वाऊ ॥ ८

पुव्वावरविच्चालं एक्कसहस्सं विहत्तरी अधिया[2] । जोयणया पत्तेक्कं रूवस्सासंखभागपरिहीणं[3] ॥ ९

$$१०७२ । रिण \frac{१}{a} |$$

तद्दक्खिणुत्तरेसुं रूवस्सासंखभागअधियाओ । बारसजोयणहीणा पत्तेक्कं तिण्णि रज्जूओ ॥ १०

$$— ३ रिण जो १२ । १ \frac{४}{a} |$$

। भेदो सम्मत्तो[5] ।

भजिदम्मि सेढिवग्गे बेसयछप्पण्णअंगुलकदीए । जं लद्धं सो रासी जोदिसियसुराण सव्वाणं ॥ ११

$$= \frac{}{४} । ६५५३६ ।$$

चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और प्रकीर्णक तारा, इस प्रकार ज्योतिषी देवोंके समूह पांच प्रकारके हैं । ये ज्योतिषी देव लोकके अन्तमें घनोदधि वातवलयको छूते हैं ॥ ७ ॥

विशेष इतना है कि पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर भागोंमें अन्तर है । इसलिये वे ज्योतिषी देव उस घनोदधि वातवलयको नहीं छूते (?) ॥ ८ ॥

प्रत्येक दिशामें पूर्व-पश्चिम अन्तराल एक हजार बहत्तर योजन व रूपके असंख्यातवें भागसे हीन है ॥ ९ ॥

$$यो. १०७२ - \frac{१}{असं.} ।$$

वह अन्तराल प्रत्येकके दक्षिण-उत्तर भागोंमें रूपके असंख्यातवें भागसे अधिक व बारह योजन कम तीन राजु प्रमाण है ॥ १० ॥

$$रा. ३ - यो. १२\frac{१}{असं.} ।$$

भेदका कथन समाप्त हुआ ।

दो सौ छप्पन अंगुलोंके वर्गका जगश्रेणीके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतनी सम्पूर्ण ज्योतिषी देवोंकी राशि है ॥ ११ ॥ जगश्रेणी^{2} ÷ ६५५३६ ।

---

१ द ब अंतरमत्थि त. २ ब अधियाओ. ३ द ब परिमाणं ४ द ब $\frac{१}{a}$. ५ द ब सम्मत्तं.

अट्ठचउदुतितिसत्ता सत्त य ठाणेसु णवसु सुण्णाणिं। छत्तीससत्तदुणवअट्ठातिचउक्का होंति अंककमा ॥ १२

एदेहि गुणिदसंखेज्जरूवपदरंगुलेहिं भजिदाए। सेढिकदीए लद्धं माणं चंदाण जोइसिंदाणं ॥ १३

४। ७। ४३८३८९२७३६०००००००००७७३३२४८।

तेत्तियमेत्ता रविणो हुवंति चंदाण ते पडिंद त्ति। अट्ठासीदि गहाणिं एक्केक्काणं मयंकाणं ॥ १४

४। ७। ४३८३८९२७३६०००००००००७७३३२४८।

बुहसुक्कबिहप्पइणो मंगलसणिकाललोहिदा कणओ। णीलविकाला केसो कवयवओ कणयसंठाणा ॥ १५

। १३[1]।

दुदुंभगो रत्तणिभो णीलब्भासो असोयसंठाणो। कंसो रूवणिभक्खो कंसत्थेवण्णो य संखपरिणामा ॥ १६

। ८।

तिलपुप्फसंखवण्णोदयवण्णो पंचवण्णणामक्खा। उप्पायधूमकेदू तिलो य णभछाररासी य ॥ १७

। ९[2]।

वीयण्हसरिससंधी कलेवराभिण्णगंधिमाणवया। कालककालककेदू णियलाणयविज्जुजीहा य ॥ १८

। १२।

आठ, चार, दो, तीन, तीन, सात, सात, नौ स्थानोंमें शून्य, छत्तीस, सात, दो, नौ, आठ, तीन और चार, ये क्रमसे अंक होते हैं। इनसे गुणित संख्यातरूप प्रतरांगुलोंका जगश्रेणीके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतने चन्द्र ज्योतिषियोंका प्रमाण है ॥ १२–१३ ॥

ज. श्रे.[2] ÷ (सं. प्र. अं. × ४३८९२७३६०००००००००७७३३२४८).

इतने ही (चन्द्रोंके बराबर) सूर्य भी हैं। ये चन्द्रोंके प्रतीन्द्र होते हैं। प्रत्येक चन्द्रके अठासी ग्रह होते है ॥ १४ ॥

ज. श्रे.[2] ÷ (सं. प्र. अं. × ४३८९२७३६०००००००००७७३३२४८).

बुध[1], शुक्र[2], बृहस्पति[3], मंगल[4], शनि[5], काल[6], लोहित[7], कनक[8], नील[9], विकाल[10], केश[11], कवयव[12], कनकसंस्थान[13], दुंदुभक[14], रक्तनिभ[15], नीलाभास[16], अशोकसंस्थान[17], कंस[18], रूपनिभ[19], कंसकवर्ण[20], शंखपरिणाम[21], तिलपुच्छ[22], शंखवर्ण[23], उदकवर्ण[24], पंचवर्ण[25], उत्पात[26], धूमकेतु[27], तिल[28], नभ[29], क्षारराशि[30], विजिष्णु[31], सदृश[32], संधि[33], कलेवर[34], अभिन्न[35], ग्रन्थि[36], मानवक[37], कालक[38], कालकेतु[39], निलय[40], अनय[41], विद्युज्जिह्व[42], सिंह[43], अलक[44], निर्दुःख[45],

१ ब १४. २ द ब कंचयवण्णो. ३ द ब १०.

सिंहालकणिहुक्खा कालमहाकालरुद्दमहरुद्दा । संताणविउलसंभवसव्वट्ठी खेमचंदो य ॥ १९

। १३[1] ।

णिम्मंतजोइमंता दिससंठियविरदवीतसोका य । णिच्चलपलंबभासुरसयंपभा विजयवइजयंते य ॥ २०

। ११[2] ।

सीमंकरावराजिय[3]जयंतविमलाभयंकरो वियसो[4] । कट्ठी वियडो[5] कज्जलि अग्गीजालो असोकयो केतू ॥ २१

। १२ ।

खीरसऽघस्सवणज्जलकेदुकेदुअंतरयएक्कसंठाणा । अस्सो[6] य भावग्गह[7] चरिमा य महग्गहा णामा ॥ २२

। १० ।

छप्पण्ण छक्क छक्कं छण्णव सुण्णाणि होंति[8] दसठाणा । दोणवपंचयछक्कं अट्ठचउपंचअंककमे ॥ २३

एदेण गुणिदसंखेज्जरूवपदरंगुलेहि भजिदूणं । सेढिकदी एक्कारसहदम्मि सव्वग्गहाण परिसंखा ॥ २४

= ११

४ । ७ । ५४८६५९२०००००००००९६६६५६ ।

एक्केक्कससंकाणं अट्ठावीसा हुवंति णक्खत्ता । एदाणं णामाइं कमजुत्तीए परूवेमो ॥ २५

काल[46], महाकाल[47], रुद्र[48], महारुद्र[49], संतान[50], विपुल[51], संभव[52], सर्वार्थी[53], क्षेम[54], चन्द्र[55], निर्मन्त्र[56], ज्योतिष्मान्[57], दिशासंस्थित[58], विरत[59], वीतशोक[60], निश्चल[61], प्रलंब[62], भासुर[63], स्वयंप्रभ[64], विजय[65], वैजयन्त[66], सीमंकर[67], अपराजित[68], जयन्त[69], विमल[70], अभयंकर[71], विकस[72], काष्ठी[73], विकट[74], कज्जली[75], अग्निज्वाल[76], अशोक[77], केतु[78], क्षीरस[79], अघ[80], श्रवण[81], जलकेतु[82], केतु[83], अन्तरद[84], एकसंस्थान[85], अश्व[86], भावग्रह[87] और अन्तिम महाग्रह[88], इस प्रकार ये अठासी ग्रहोंके नाम हैं ॥ १५-२२ ॥

छह, पांच, छह, छह, छह, नौ, दश स्थानोंमें शून्य, दो, नौ, पांच, छह, आठ, चार और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उससे गुणित संख्यातरूप प्रतरांगुलोंका जगश्रेणीके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे ग्यारहसे गुणा करनेपर सम्पूर्ण ग्रहोंकी संख्या होती है ॥ २३-२४ ॥

ज. श्रे.[2] ÷ (सं. प्र. अं. × ५४८६५९२०००००००००९६६६५६) × ११.

एक एक चन्द्रके अट्ठाईस नक्षत्र होते हैं । यहां क्रमयुक्तिसे उनके नामोंको कहते हैं ॥ २५ ॥

---

१ द ब १२. २ द ब १०. ३ द ब °जय°. ४ द ब विमला. ५ द ब. विमलो. ६ द ब असो. ७ ब °भावगाह. ८ ब हुंति.

कित्तियरोहिणिमिगसिरमद्दाओ[1] पुणव्वसु तहा पुस्सो। असिलेसादी मघओ पुव्वाओ उत्तराओ य हत्थो य ॥
चित्ताओ सादीओ होंति विसाहाणुराहजेट्ठाओ। मूलं पुव्वासाढा तत्तो वि य उत्तरासाढा ॥ २७
अभिजीसवणधणिट्ठा सदभिसणामाओ पुव्वभद्दपदा। उत्तरभद्दपदा रेवदीओ तह अस्सिणी भरणी[3] ॥२८
दुगइगितियतितिणवया एक्का ठाणेसु णवसु सुण्णाणिं। चउअट्ठएक्कतियसत्तणवयगयणेक्कअंककमे[4] ॥ २९
एदेहि गुणिदसंखेज्जरूवपदरंगुलेहिं भजिदूणं। सेढिकदी सत्तहदे परिसंखा सव्वरिक्खाणं ॥ ३०

$$= \frac{७}{४ । ७ । १०९७३१८४०००००००००१९३३३१२ ।}$$

एक्केक्कमयंकाणं हुवंति ताराण कोडिकोडीओ। छावट्ठिसहस्साणं णवसया पंचहत्तरिजुदाणिं ॥ ३१
तारागणसंखा ६६९७५०००००००००००० ।
संपहि कालवसेणं ताराणामाण णत्थि उवदेसो। एदाणं सव्वाणं परमाणाणिं परूवेमो ॥ ३२

[1]कृत्तिका, [2]रोहिणी, [3]मृगशीर्षा, [4]आर्द्रा, [5]पुनर्वसु, [6]पुष्य, [7]आश्लेषा, [8]मघा, [9]पूर्वा फाल्गुनी, [10]उत्तरा फाल्गुनी, [11]हस्त, [12]चित्रा, [13]स्वाति, [14]विशाखा, [15]अनुराधा, [16]ज्येष्ठा, [17]मूल, [18]पूर्वाषाढ़ा, [19]उत्तराषाढ़ा, [20]अभिजित्, [21]श्रवण [22]धनिष्ठा, [23]शतभिषा, [24]पूर्व भाद्रपदा, [25]उत्तर भाद्रपदा, [26]रेवति, [27]अश्विनी और [28]भरणी, ये उन नक्षत्रोंके नाम है ॥ २६–२८ ॥

दो, एक, तीन, तीन, तीन नौ, एक, नौ स्थानोंमें शून्य, चार, आठ, एक, तीन, सात, नौ, शून्य और एक, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उससे गुणित संख्यातरूप प्रतरांगुलोंका जगश्रेणीके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे सातसे गुणा करनेपर सब नक्षत्रोंकी संख्या होती है ॥ २९–३० ॥

ज. श्रे.[2] ÷ (सं. प्र. अं. × १०९७३१८४०००००००००१९३३३१२) × ७.

एक एक चन्द्रके छयासठ हजार नौ सौ पचत्तर कोड़ाकोड़ी तारे होते हैं ॥ ३१ ॥

इस समय कालके वशसे ताराओंके नामोंका उपदेश नहीं है। इन सबके प्रमाणोंको कहते हैं ॥ ३२ ॥

१ द ब °सिरे°. २ ब अद्द. ३ द ब भरणीओ. ४ द क °कमो.

दुगसत्तचउक्काइं एक्कारसठाणएसु सुण्णाइं । णवसत्तछद्दुगाइं अंकाण कमेण एदेणं ॥ ३३

संगुणिदेहिं संखेज्जरूवपदरंगुलेहिं भजिदव्वो । सेढीवग्गो तत्तो पणसत्तियचउक्कट्ठा ॥ ३४

णवअट्ठपंचणवदुगअट्ठासत्तट्ठणवचउक्काणिं । अंककमे गुणिदव्वो परिसंखा सव्वतारांणं ॥ ३५

= ४९८७८२९५८९८४३७५

४ । ७ । २६७९०००००००००००४७२ ।

। संखा सम्मत्ता ।

गंतूणं सीदिजुदं अट्ठसया जोयणाणि चित्ताए । उवरिम्मि मंडलाइं चंदाणं होंति गयणम्मि ॥ ३६

। ८८० ।

उत्ताणावट्ठिदगोलगद्धसरिसाणि ससिमणिमयाणिं । ताणं पुह पुह बारससहस्ससिसिरयरमंदकिरणाणिं ॥३७

तेसु ट्ठिदपुढविजीवा जुत्ता उज्जोवकम्मउदएणं । जम्हा तम्हा ताणिं फुरंतसिसिरयरमंदकिरणाणिं ॥ ३८

दो, सात, चार, ग्यारह स्थानोंमें शून्य, नौ, सात, छह और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उससे गुणित संख्यात रूप प्रतरांगुलोंका जगश्रेणीके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसको पांच, सात, तीन, चार, आठ, नौ, आठ, पांच, नौ, दो, आठ, सात, आठ, नौ और चार, इन अंकोंसे गुणा करनेपर सब ताराओंकी संख्या होती है ॥ ३३-३५ ॥

ज. श्रे.[२] ÷ (सं. प्र. अं × २६७९०००००००००४७२)

× ४९८७८२९५८९८४३७५.

इस प्रकार संख्याका कथन समाप्त हुआ ।

चित्रा पृथिवीसे ऊपर आठसौ अस्सी योजन जाकर आकाशमें चन्द्रोंके मण्डल हैं ॥ ३६ ॥ ८८० ।

उत्तान अर्थात् ऊर्ध्वमुख रूपसे अवस्थित अर्ध गोलकके सदृश चन्द्रोंके मणिमय विमान हैं । उनकी पृथक् पृथक् अतिशय शीतल एवं मन्द किरणें बारह हजार प्रमाण हैं ॥ ३७ ॥

उनमें स्थित पृथिवी जीव चूंकि उद्योत नामकर्मके उदयसे संयुक्त हैं, इसीलिये वे प्रकाशमान अतिशय शीतल मन्द किरणोंसे संयुक्त होते हैं ॥ ३८ ॥

---

२ ब ब गोलगद्ध°.

एक्कट्ठियभागकदे जोयणए ताण होदि छप्पण्णा । उवरिमतलाण रुंदं दलिदेदुबहलं पि पत्तेक्कं ॥ ३९

। $\frac{५६}{६१}$ । $\frac{२८}{६१}$ ।

एदाणं परिहीओ पुह पुह बे जोयणाणि अदिरेको । ताणिं अकिट्टिमाणिं अणाइणिहणाणि बिंबाणिं ॥ ४०

चउगोउरसंजुत्ता तडवेदी तेसु होदि पत्तेक्कं । तम्मज्झे वरवेदीसहिदं रायंगणं रम्मं ॥ ४१

रायंगणबहुमज्झे वररयणमयाणि दिव्वकूडाणिं । कूडेसु जिणपुराणिं वेदीचउतोरणजुदाइं ॥ ४२

ते सव्वे जिणणिलया मुत्ताहलकणयदामकमणिज्जा । वरवज्जकवाडजुदा दिव्वविदाणेहिं रेहंति ॥ ४३

दिप्पंतरयणदीवा अट्ठमहामंगलेहिं परिपुण्णा । वंदणमालाचामरकिंकिणियाजालसोहिल्ला ॥ ४४

एदेसुं णट्टसभा अभिसेयसभा विचित्तरयणमई । कीडणसाला विविहा ठाणट्ठाणेसु सोहंति ॥ ४५

महलमुइंगपडहप्पहुदीहिं विविहादिव्वतूरेहिं । उवहिसरिच्छरवेहिं जिणगेहा णिच्चहलबोला ॥ ४६

एक योजनके इकसठ भाग करनेपर छप्पन भागप्रमाण उन चन्द्रविमानोंमेंसे प्रत्येकके उपरिम तलका विस्तार व इससे आधा बाहल्य है ॥ ३९ ॥ $\frac{५६}{६१}$ । $\frac{२८}{६१}$ ।

इनकी परिधियां पृथक् पृथक् दो योजनसे कुछ अधिक हैं । वे बिम्ब अकृत्रिम व अनादिनिधन हैं ॥ ४० ॥

उनमेंसे प्रत्येककी तटवेदी चार गोपुरोंसे संयुक्त होती है । उसके बीचमें उत्तम वेदी सहित रमणीय राजांगण होता है ॥ ४१ ॥

राजांगणके ठीक बीचमें उत्तम रत्नमय दिव्य कूट और उन कूटोंपर वेदी व चार तोरणोंसे संयुक्त जिनपुर होते हैं ॥ ४२ ॥

वे सब जिनभवन मोती व सुवर्णकी मालाओंसे रमणीय और उत्तम वज्रमय किवाड़ोंसे संयुक्त होते हुए दिव्य चन्दोवोंसे सुशोभित रहते है ॥ ४३ ॥

ये जिनभवन देदीप्यमान रत्नदीपकोंसे सहित, अष्ट महामंगल द्रव्योंसे परिपूर्ण और वन्दनमाला, चंवर व क्षुद्र घंटिकाओंके समूहसे शोभायमान होते हैं ॥ ४४ ॥

इन जिनभवनोंमें स्थान स्थानपर विचित्र रत्नोंसे निर्मित नाट्यसभा, अभिषेकसभा और विविध प्रकारकी क्रीड़ाशालायें सुशोभित होती हैं ॥ ४५ ॥

वे जिनभवन समुद्रके समान गम्भीर शब्द करनेवाले मर्दल, मृदंग और पटह आदि विविध प्रकारके दिव्य वादित्रोंसे नित्य शब्दायमान रहते हैं ॥ ४६ ॥

१ द ब दलदद्धं.

छत्तत्तयसिंहासणभामंडलचामरेहिं जुत्ताइं । जिणपडिमाओ तेसुं रयणमईओ विराजंति ॥ ४७
सिरिदेवी सुददेवी सव्वाण सणक्कुमारजक्खाणं[1] । रूवाणि मणहराणिं रेहंति जिणिंदपासेसुं ॥ ४८
जलगंधकुसुमतंदुलवरभक्खप्पदीवधूवफलपुण्णं । कुव्वंति ताण पुज्जं णिब्भरभत्तीए सव्वसुरा ॥ ४९
एदाणं कूडाणं समंतदो होंति चंदपासादा । समचउरस्सा दीहा णाणाविण्णासरमणिज्जा ॥ ५०
मरगयवण्णा केई केई कुंदेंदुहारहिमवण्णा । अण्णे सुवण्णवण्णा अवरे वि पवालणिहवण्णा ॥ ५१
उववादमंदिराइं अभिसेयपुराणि भूसणगिहाणिं । मेहुणकीडणसालाओ मंतअत्थाणसालाओ ॥ ५२
ते सव्वे पासादा वरपायारा विचित्तगोउरया । मणितोरणरमणिज्जा जुत्ता बहुचित्तभित्तीहिं[2] ॥ ५३
उववणपोक्खरणीहिं विराजमाणा विचित्तरूवाहिं । कणयमयविडलथंभा सयणासणपहुदिपुण्णाणिं ॥ ५४
सुंदरसरूवगंधप्पासेहि णिरुवमेहिं सोक्खाणिं । देंति विविहाणि दिव्वा पासादा धूवगंधड्ढा ॥ ५५

उन जिनभवनोंमें तीन छत्र, सिंहासन, भामण्डल और चामरोंसे संयुक्त रत्नमयी जिनप्रतिमायें विराजमान हैं ॥ ४७ ॥

जिनेन्द्रप्रासादोंमें श्रीदेवी, श्रुतदेवी और सब सनत्कुमार यक्षोंकी मनोहर मूर्तियां शोभायमान होती हैं ॥ ४८ ॥

सब देव गाढ़ भक्तिसे जल, गन्ध, फूल, तन्दुल, उत्तम भक्ष्य (नैवेद्य), दीप, धूप और फलोंसे परिपूर्ण उनकी पूजा करते हैं ॥ ४९ ॥

इन कूटोंके चारों ओर समचतुष्कोण लंबे और नाना प्रकारके विन्याससे रमणीय चन्द्रोंके प्रासाद होते हैं ॥ ५० ॥

इनमेंसे कितने ही प्रासाद मरकतवर्ण, कितने ही कुन्दपुष्प, चन्द्र, हार एवं वर्फ जैसे वर्णवाले; कोई सुवर्णके समान वर्णवाले और दूसरे मूंगेके सदृश वर्णसे सहित हैं ॥ ५१ ॥

इन भवनोंमें उपपादमन्दिर, अभिषेकपुर, भूषणगृह, मैथुनशाला, क्रीड़ाशाला, मंत्रशाला और आस्थानशालायें (सभाभवन) स्थित रहती हैं ॥ ५२ ॥

वे सब प्रासाद उत्तम कोटोंसे सहित, विचित्र गोपुरोंसे संयुक्त, मणिमय तोरणोंसे रमणीय, बहुत प्रकारके चित्रोंवाली दीवालोंसे युक्त, विचित्र रूपवाली उपवन-वापिकाओंसे विराजमान, सुवर्णमय विशाल खम्भोंसे सहित और शयनासन आदिसे परिपूर्ण हैं ॥ ५३–५४ ॥

ये दिव्य प्रासाद धूपके गन्धसे व्याप्त होते हुए अनुपम एवं शुद्ध रस, रूप, गन्ध और स्पर्शसे विविध प्रकारके सुखोंको देते हैं ॥ ५५ ॥

१ द ब रज्जाणं. २ द ब भित्तीओ.

सत्तट्ठप्पहुदीओ भूमीओ भूसिदाओ कूडेहिं । विप्फुरिदरयणकिरणावलीओ भवणेसु रेहंति ॥ ५६
तम्मंदिरमज्झेसुं चंदा सिंहासणासमारूढा । पत्तेक्कं चंदाणं चत्तारो अग्गमहिसीओ ॥ ५७
चंदाभसुसीमाओ पहंकरा[1] अच्चिमालिणी ताणं । पत्तेक्कं परिवारा चत्तारि[2]सहस्सदेवीओ ॥ ५८
णियणियपरिवारसमं विक्किरियं दरिसियंति देवीओ । चंदाणं परिवारा अट्ठवियप्पा य पत्तेक्कं ॥ ५९
पडिइंदा सामाणियतणुरक्खा तह हवंति तिप्परिसा । सत्ताणीयपइण्णयअभियोगा किब्बिसा देवा ॥ ६०
सयलिंदाण पडिंदा एक्केक्का होंति ते वि आइच्चा । सामाणियतणुरक्खप्पहुदी संखेज्जपरिमाणा ॥ ६१
रायंगणबाहिरए परिवाराणं हवंति पासादा । विविहवररयणरइदा विचित्तविण्णासभूदीहिं ॥ ६२
सोलससहस्समेत्ता अभिजोगसुरा हवंति पत्तेक्कं । चंदाण पुरतलाइं विक्किरियासाविणो णिच्चं ॥ ६३

। १६००० ।

भवनोंमें कूटोंसे विभूषित और प्रकाशमान रत्न-किरण-पंक्तिसे संयुक्त सात आठ आदि भूमियां शोभायमान होती हैं ॥ ५६ ॥

इन मन्दिरोंके बीचमें चन्द्र सिंहासनोंपर विराजमान रहते हैं। उनमेंसे प्रत्येक चन्द्रके चार अग्रमहिषियां (पट्ट देवियां) होती हैं ॥ ५७ ॥

चन्द्राभा, सुसीमा, प्रभंकरा और अर्चिमालिनी, ये उन अग्रदेवियोंके नाम हैं। इनमेंसे प्रत्येककी चार हजार प्रमाण परिवार देवियां होती हैं ॥ ५८ ॥

अग्रदेवियां अपनी अपनी परिवार देवियोंके समान अर्थात् चार हजार रूपों प्रमाण विक्रिया दिखलाती हैं। प्रतीन्द्र, सामानिक, तनुरक्ष, तीनों पारिषद, सात अनीक, प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विष, इस प्रकार प्रत्येक चन्द्रके परिवार देव आठ प्रकारके होते हैं ॥ ५९-६० ॥

सब इन्द्रोंके एक एक प्रतीन्द्र होते हैं। वे (प्रतीन्द्र) सूर्य ही हैं। सामानिक और तनुरक्ष प्रभृति देव संख्यात प्रमाण होते हैं ॥ ६१ ॥

राजांगणके बाहिर विविध प्रकारके उत्तम रत्नोंसे रचित और विचित्र विन्यासरूप विभूतिसे सहित परिवारदेवोंके प्रासाद होते हैं ॥ ६२ ॥

प्रत्येक इन्द्रके सोलह हजारप्रमाण आभियोग्य देव होते हैं जो नित्य ही विक्रिया धारण करते हुए चन्द्रोंके पुरतलोंको वहन करते हैं ॥ ६३ ॥ १६००० ।

१ द ब पहंकरा.

चउचउसहस्समेत्ता पुव्वादिदिसासु कुंदसंकासा । केसरिकरिवसहाणं जडिलतुरंगाण रूवधरा[1] ॥ ६४

चित्तोवरिमतलादो उवरिं गंतूण जोयणट्ठसए । दिणयरणयरतलाइं णिच्चं चेट्ठंति गयणम्मि ॥ ६५

। ८०० ।

उत्ताणावट्ठिदगोलयद्धसरिसाणि रविमणिमयाणिं । ताणं पुहु पुह बारससहस्सउण्हयरकिरणाणिं ॥ ६६

। १२००० ।

तेसु ठिदपुढविजीवा जुत्ता आदावकम्मउदएणं । जम्हा तम्हा ताणिं फुरंतउण्हयरकिरणाणिं ॥ ६७

इगिसट्ठिभागकदे जोयणए ताण होंति अडदालं । उवरिमतलाण रुंदं तलद्धबहलं पि पत्तेक्कं । ६८

$$\left|\frac{४८}{६१}\right|\frac{२४}{६१}\Big|$$

एदाणं परिहीओ पुह पुह बे जोयणाणि अदिरेगा । ताणिं अकट्टिमाणिं अणाइणिहणाणि बिंबाणिं ॥ ६९

पत्तेक्कं तडवेदी चउगोउरदारसुंदरा ताणं । तम्मज्झे वरवेदीसहिदं रायंगणं होदि ॥ ७०

इनमेंसे सिंह, हाथी, बैल और जटा युक्त घोड़ोंके रूपको धारण करनेवाले तथा कुन्द-पुष्पके सदृश सफेद चार चार हजार प्रमाण देव क्रमसे पूर्वादिक दिशाओंमें चन्द्रबिम्बोंको वहन करते है ॥ ६४ ॥

चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे ऊपर आठ सौ योजन जाकर आकाशमें नित्य सूर्यनगरतल स्थित हैं ॥ ६५ ॥ ८०० ।

सूर्योके मणिमय बिम्ब ऊर्ध्व अवस्थित अर्ध गोलकके सदृश है । इनकी पृथक् पृथक् बारह हजारप्रमाण उष्णतर किरणें होती हैं ॥ ६६ ॥ १२००० ।

चूंकि उनमें स्थित पृथिवी जीव आताप नामकर्मके उदयसे संयुक्त होते है, इसीलिये वे प्रकाशमान उष्णतर किरणोंसे युक्त होते है ॥ ६७ ॥

एक योजनके इकसठ भाग करनेपर अड़तालीस भागप्रमाण उनमेंसे प्रत्येक सूर्यके बिम्बके उपरिम तलोंका विस्तार और तलोंसे आधा बाहल्य भी होता है ॥ ६८ ॥ $\frac{४८}{६१}$ । $\frac{२४}{६१}$ ।

इनकी परिधियां पृथक् पृथक् दो योजनसे अधिक होती हैं । वे सूर्यबिम्ब अकृत्रिम एवं अनादिनिधन हैं ॥ ६९ ॥

उनमेंसे प्रत्येककी तटवेदी चार गोपुरद्वारोंसे सुन्दर होती है । उसके बीचमें उत्तम वेदीसे संयुक्त राजांगण होता है ॥ ७० ॥

१ द ब रूववरा. २ द ब गोलद्ध°. ३ द एक्कस्सट्ठिय, ब एक्करसतिय.

रायंगणस्स मज्झे वररयणमयाणि दिव्वकूडाणिं । तेसुं जिणपासादा चेट्ठंते सूरकंतमया ॥ ७१
एदाण मंदिराणं मयंकपुरकूडभवणसारिच्छं । सव्वं चिय वण्णणयं णिउणेहिं एत्थ वत्तव्वं ॥ ७२
तेसु जिणप्पडिमाओ पुव्वोदिदवण्णणप्पयाराओ । विविहच्चणदव्वेहिं ताओ पूजंति सव्वसुरा ॥ ७३
एदाणं कूडाणं होंति समंतेण सूरपासादा । ताणं पि वण्णणाओ ससिपासादेहिं सरिसाओ ॥ ७४
तण्णिलयाणं मज्झे दिवायरा दिव्वसिंघपीढेसुं । वरछत्तचमरजुत्ता चेट्ठंते दिव्वयरतेया ॥ ७५
जुदिसुदिपहंकराओ सूरपहाअच्चिमालिणीओ वि । पत्तेक्कं चत्तारो दुमणीणं अग्गदेवीओ ॥ ७६
देवीणं परिवारा पत्तेक्कं चउसहस्सदेवीओ । णियणियपरिवारसमं विकिरियं ताओ गेण्हंति ॥ ७७
सामाणियतणुरक्खा तिप्परिसाओ पइण्णयाणीया । अभियोगा किब्बिसिया सत्तविहा सूरपरिवारा ॥ ७८
रायंगणबाहिरए परिवाराणं हुवंति पासादा । वररयणभूसिदाणं फुरंततेयाण सव्वाणं ॥ ७९

राजांगणके मध्यमें जो उत्तम रत्नमय दिव्य कूट होते हैं उनमें सूर्यकान्त मणिमय जिनभवन स्थित है ॥ ७१ ॥

निपुण पुरुषोंको इन मन्दिरोंका सम्पूर्ण वर्णन चन्द्रपुरोंके कूटोंपर स्थित जिनभवनोंके सदृश यहांपर भी करना चाहिये ॥ ७२ ॥

उनमें जो जिनप्रतिमायें विराजमान हैं उनके वर्णनका प्रकार पूर्वोक्त वर्णनके ही समान है । समस्त देव विविध प्रकारके पूजाद्रव्योंसे उन प्रतिमाओंकी पूजा करते हैं ॥ ७३ ॥

इन कूटोंके चारों तरफ जो सूर्यप्रासाद हैं उनका भी वर्णन चन्द्रप्रासादोंके सदृश है ॥ ७४ ॥

उन भवनोंके मध्यमें उत्तम छत्र-चँवरोंसे संयुक्त और अतिशय दिव्य तेजको धारण करनेवाले सूर्य दिव्य सिंहासनोंपर स्थित होते है ॥ ७५ ॥

द्युतिश्रुति, प्रभंकरा, सूर्यप्रभा और अर्चिमालिनी, ये चार प्रत्येक सूर्यकी अग्रदेवियां होती हैं ॥ ७६ ॥

इनमेंसे प्रत्येक अग्रदेवीकी चार हजार परिवार-देवियां होती हैं । वे अपने अपने परिवारके समान अर्थात् चार हजार रूपोंकी विक्रिया ग्रहण करती हैं ॥ ७७ ॥

सामानिक, तनुरक्ष, तीनों पारिषद, प्रकीर्णक, अनीक, आभियोग्य और किल्विषिक, इस प्रकार सूर्योंके सात प्रकार परिवार देव होते हैं ॥ ७८ ॥

राजांगणके बाहिर उत्तम रत्नोंसे विभूषित और प्रकाशमान तेजको धारण करनेवाले समस्त परिवार-देवोंके प्रासाद होते हैं ॥ ७९ ॥

सोलससहस्समेत्ता अभिजोगसुरा हवंति पत्तेक्कं । दिणयरणयरतलाइं विक्किरियाहारिणो[1] णिच्चं ॥ ८०

१६०००।

ते पुव्वादिदिसासुं केसरिकरिवसहजडिलहयरूवा । चउचउसहस्समेत्ता कंचणवण्णा विराजंते ॥ ८१

चित्तोवरिमतलादो गंतूणं जोयणाणि अट्ठसए । अडसीदिजुदे गहगणपुरीओ दोगुणिदछक्कबहलम्मि ॥ ८२

८८८। १२।

चित्तोवरिमतलादो पुव्वोदिदजोयणाणि गंतूणं । तासुं बुहणयरीओ णिच्चं चेट्ठंति गयणम्मि ॥ ८३

एदाओ सव्वाओ कणयमईओ य मंदकिरणाओ । उत्ताणावट्टिदगोलयद्धसरिसाओ णिच्चाओ ॥ ८४

उवरिमतलाण रुंदं कोसस्सद्धं तदद्धबहलत्तं । परिही दिवड्ढकोसो सविसेसा ताण पत्तेक्कं ॥ ८५

एक्केक्काए पुरीए तडवेदी पुव्ववण्णणा होदि । तम्मज्झे वरवेदीजुत्तं रायंगणं रम्मं ॥ ८६

प्रत्येक सूर्यके सोलह हजार प्रमाण आभियोग्य देव होते हैं जो नित्य ही विक्रिया करके सूर्यनगरतलोंको ले जाते हैं ॥ ८० ॥ १६००० ।

सिंह, हाथी, बैल और जटायुक्त घोड़ेके रूपको धारण करनेवाले तथा सुवर्णके समान वर्णसे संयुक्त वे आभियोग्य देव क्रमसे पूर्वादिक दिशाओंमें चार चार हजार प्रमाण विराजमान होते हैं ॥ ८१ ॥

चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे आठ सौ अठासी योजन ऊपर जाकर दुगुणित छह अर्थात् बारह योजनमात्र बाहल्यमे ग्रहसमूहकी नगरियां है ॥ ८२ ॥ ८८८। १२ ।

उनमेंसे चित्रा पृथिवीके उपरिमतलसे पूर्वोक्त आठसौ अठासी योजन ऊपर जाकर आकाशमें बुधकी नगरियां नित्य स्थित हैं ॥ ८३ ॥

ये सब नगरियां सुवर्णमयी, मन्द किरणोंसे संयुक्त, नित्य और ऊर्ध्व अवस्थित अर्ध गोलकके सदृश है ॥ ८४ ॥

उनमेंसे प्रत्येकके उपरिम तलका विस्तार आध कोश, बाहल्य इससे आधा, और परिधि डेढ़ कोशसे अधिक होती है ॥ ८५ ॥

हर एक पुरीकी तटवेदी पूर्वोक्त वर्णनासे युक्त होती है । उसके बीचमें उत्तम वेदीसे संयुक्त रमणीय राजांगण स्थित रहता है ॥ ८६ ॥

---

१ द ब °कारिणो.

तम्मज्झे वरकूडा हुवंति तेसुं जिणिंदपासादा । कूडाण समंतेणं बुहणिलया पुव्वसरिसवण्णणया ॥ ८७

दोदो सहस्समेत्ता अभियोगा हरिकरिंदवसहहया । पुव्वादिसु पत्तेक्कं कणयणिहा बुहपुराणि धारंति ॥ ८८

चित्तोवरिमतलादो णवऊणियणवसयाणि जोयणए । गंतूण णहे उवरिं सुक्काग पुराणि चेट्ठंति ॥ ८९

८९१ ।

ताणं णयरतलाणं पणसयदुसहस्समेत्तकिरणाणिं । उत्ताणगोलयद्धोवमाणि वररुप्पमइयाणिं ॥ ९०

२५०० ।

उवरिमतलविक्खंभो कोसपमाणं तदद्धबहलत्तं । ताणं अकिट्टिमाणं खचिदाणं विविहरयणेहिं ॥ ९१

को १ । को $\frac{1}{2}$

पुह पुह ताणं परिही तिकोसमेत्ता हुवेदि सविसेसा । सेसाओ वण्णणाओ बुहणयराणं सरिच्छाओ ॥ ९२

चित्तोवरिमतलादो छक्कोणियणवसएण जोयणए । गंतूण णहे उवरिं चेट्ठंति गुरूण णयराणिं ॥ ९३

८९४ ।

राजांगणके मध्यमें उत्तम कूट और उन कूटोंपर जिनेन्द्रप्रासाद होते हैं । कूटोंके चारों ओर पूर्व भवनोंके समान वर्णनवाले बुधके भवन है ॥ ८७ ॥

बुधके सिंह, हाथी, बैल एवं घोड़ेके रूपको धारण करनेवाले और सुवर्ण जैसे वर्णसे संयुक्त दो दो हजार मात्र आभियोग्य देव क्रमसे पूर्वादिक दिशाओमेसे प्रत्येकमें बुधोंके पुरोंको धारण करते है ॥ ८८ ॥

चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे नौ कम नौ सौ योजन ऊपर जाकर आकाशमें शुक्रोंके पुर स्थित हैं ॥ ८९ ॥ ८९१ ।

ऊर्ध्व अवस्थित गोलकार्धके सदृश और उत्तम चांदीसे निर्मित उन नगरतलोंकी दो हजार पांचसौ किरणें होती हैं ॥ ९० ॥ २५०० ।

विविध प्रकारके रत्नोंसे खचित उन अकृत्रिम पुरोंके उपरिम तलका विस्तार एक कोश-प्रमाण और इससे आधा बाहल्य है ॥ ९१ ॥ को. १ । को. $\frac{1}{2}$ ।

उनकी परिधि पृथक् पृथक् तीन कोशमात्रसे अधिक है । इन नगरोंका बाकी सब वर्णन बुधनगरोंके सदृश है ॥ ९२ ॥

चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे छह कम नौ सौ योजन ऊपर जाकर आकाशमें गुरुओंके (बृहस्पतिके) नगर स्थित हैं ॥ ९३ ॥ ८९४ ।

ताणं णयरतलाणिं फलिहमयाणिं सुमंदकिरणाणिं । उत्ताणगोलगद्धोवमाणि णिच्चस्सहावाणिं ॥ ९४
उवरिमतलविक्खंभा ताणं कोसस्स परिमभागा य । सेसा हि वण्णणाओ सुक्कपुराणं सरिच्छाओ ॥ ९५
चित्तोवरिमतलादो तियऊणियणवसयाणि जोयणए । गंतूण उवरि गयणे मंगलणयराणि चेट्ठंति ॥ ९६

८९७ ।

ताणिं णयरतलाणिं रुहिरारुणपउमरायमइयाणिं । उत्ताणगोलगद्धोवमाणि सव्वाणि मंदकिरणाणिं ॥ ९७
उवरिमतलविक्खंभो कोसस्सद्धं तदद्धबहलत्तं[2] । सेसाओ वण्णणाओ तारं पुव्वुत्तसरिसाओ ॥ ९८
चित्तोवरिमतलादो गंतूणं णवसयाणि जोयणए । उवरि सुवण्णमयाइं सणिणयराणिं णहे होंति ॥ ९९

९०० ।

उवरिमतलविक्खंभा[3] कोसद्धं होंति ताण पत्तेक्कं । सेसाओ वण्णणाओ पुव्वपुराणं सरिच्छाओ ॥ १०० ॥
अवसेसाण गहाणं णयरीओ उवरि चित्तभूमीओ । गंतूण बुहसणीणं विच्चाले होंति णिच्चाओ ॥ १०१ ॥

उन गुरुओंके नगरतल स्फटिकमणिसे निर्मित, सुन्दर मन्द किरणोंसे संयुक्त, ऊर्ध्वमुख स्थित गोलकार्धके सदृश और नित्य-स्वभाववाले है ॥ ९४ ॥

उनके उपरिम तलका विस्तार कोशके बहुभाग अर्थात् कुछ कम एक कोश प्रमाण है। उनका शेष वर्णन शुक्रपुरोके सदृश है ॥ ९५ ॥

चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे तीन कम नौ सौ योजन ऊपर जाकर आकाशमें मंगल-नगर स्थित हैं ॥ ९६ ॥ ८९७ ।

ये सब नगरतल खूनके समान लाल वर्णवाले पद्मरागमणियोंसे निर्मित, ऊर्ध्वमुखस्थित गोलकार्धके सदृश और मन्द किरणोंसे संयुक्त होते है ॥ ९७ ॥

उनके उपरिम तलका विस्तार आधा कोश व बाहल्य इससे आधा है । इनका शेष वर्णन पूर्वोक्त नगरोंके सदृश है ॥ ९८ ॥

चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे नौसौ योजन ऊपर जाकर आकाशमें शनियोंके सुवर्णमय नगर हैं ॥ ९९ ॥ ९०० ।

उनमेंसे प्रत्येकके उपरिम तलका विस्तार आध कोशमात्र है। इनका शेष वर्णन पूर्व नगरोंके सदृश है ॥ १०० ॥

अवशिष्ट ग्रहोंकी नित्य नगरियां चित्रा पृथिवीके ऊपर जाकर बुध और शनियोंके अन्तरालमें हैं ॥ १०१ ॥

१ ब णयरि°. २ द ब बहलद्धं. ३ द ब विक्खंभो.

ताणिं णयरतलाणिं जहजोग्गुद्दिट्ठवासबहलाणिं । उत्ताणगोलगद्धोवमाणि बहुरयणमइयाणिं ॥ १०२ ॥
सेसाओ वण्णणाओ पुव्विल्लपुराण होंति सरिसाओ । किं पारेमि भणेदुं जीहाए एक्कमेत्ताए ॥ १०३ ॥
अट्ठसयजोयणाणिं चउसीदिजुदाणि उवरि चित्तादो । गंतूण गयणमग्गे हुवंति णक्खत्तणयराणिं ॥ १०४ ॥
८८४ ।
ताणिं णयरितलाणिं बहुरयणमयाणि मंदकिरणाणिं । उत्ताणगोलगद्धोवमाणि रम्माणि रेहंति ॥ १०५ ॥
उवरिमतलवित्थारो ताणं कोसो तदद्धबहलाणिं । सेसाओ वण्णणाओ दिणयरणयराण सरिसाओ ॥ १०६
णवरि विसेसो देवा अभियोगा सीहहत्थिवसहस्सा । ते एक्केकसहस्सा पुव्वदिसासु ताणि धारंति ॥ १०७
णउदिजुदसत्तजोयणसदाणि गंतूण उवरि चित्तादो । गयणयले ताराणं पुराणि बहले दहुत्तरसदम्मि ॥ १०८
ताणं पुराणि णाणावररयणमयाणि मंदकिरणाणिं । उत्ताणगोलगद्धोवमाणि पासाद दोसहसदंडा (?) ॥१०९
२००० । (?)

ये नगरतल यथायोग्य कहे हुए विस्तार व बाहल्यसे सहित, ऊर्ध्वमुख गोलकार्धके सदृश, और बहुतसे रत्नोंसे रचित हैं ॥ १०२ ॥

इनका शेष वर्णन पूर्वोक्त पुरोके सदृश है । एकमात्र जिह्वासे इनका विशेष कथन करते हुए क्या पार पा सकता हूं? ॥ १०३ ॥

चित्रा पृथिवीसे आठसौ चौरासी योजन ऊपर जाकर आकाशमार्गमें नक्षत्रोंके नगर है ॥ १०४ ॥ ८८४ ।

वे सब रमणीय नगरतल बहुतसे रत्नोसे निर्मित, मन्द किरणोसे संयुक्त, और ऊर्ध्वमुख गोलकार्धके सदृश होते हुए विराजमान होते है ॥ १०५ ॥

उनके उपरिम तलका विस्तार एक कोश और बाहल्य इससे आधा है। इनका शेष वर्णन सूर्यनगरोंके सदृश है ॥ १०६ ॥

इतना विशेष है कि सिंह, हाथी, बैल एवं घोड़ेके आकारको धारण करनेवाले जो चार हजार आभियोग्य देव है वे एक एक हजार प्रमाण क्रमसे पूर्वादिक दिशाओंमें उन नगरोंको धारण किया करते हैं ॥ १०७ ॥

चित्रा पृथिवीसे सात सौ नब्बे योजन ऊपर जाकर आकाशतलमें एकसौ दश योजनमात्र बाहल्यमें ताराओंके नगर हैं ॥ १०८ ॥

उन ताराओंके पुर नाना प्रकारके उत्तम रत्नोंसे निर्मित, मन्द किरणोंसे संयुक्त और ऊर्ध्वमुख गोलकार्धके सदृश हैं । इनमें स्थित प्रासाद.....(?) ॥ १०९ ॥

२००० । (?)

१ द ब पावेदि मणाओ.

वरअवरमज्झिमाणं तिवियप्पाणं हुवंति एदाणं । उवरिमतलविक्खंभा जेट्ठाणं दोसहस्सदंडाणि ॥ ११०

२००० ।

पंचसयाणि धणूणिं तब्विक्खंभो हुवेदि अवराणं । तिदुगुणिदावरमाणं मज्झिमयाणं दुठाणेसुं ॥ १११

५०० । १००० । १५०० ।

तेरिच्छमंतरालं जहण्णताराण कोससत्तंसो । जोयणया पंचासा मज्झिमए सहस्समुक्कस्से । ११२

को $\frac{१}{७}$ जो ५० । १००० ।

सेसाओ वण्णणाओ पुव्वपुराणं हुवंति सरिसाणिं । एत्तो गुरूवइट्ठं पुरपरिमाणं परूवेमो ॥ ११३

। विण्णासं समत्तं[1] ।

णियणियरासिपमाणं एदाणं[2] जं मयंकपहुदीणं[3] । णियणियणयरपमाणं तेत्तियमेत्तं च कूडजिणभवणं । ११४

जोइग्गणणयरीणं सव्वाणं रुंदमाणसारिच्छं । बहलत्तं मण्णंते लोगविभायस्स आइरिया ॥ ११५

। परिमाणं सम्मत्तं । पाठान्तरम् ।

ये उत्कृष्ट, जघन्य और मध्यम भेदसे तीन प्रकार होते हैं । उनमेसे उत्कृष्ट नगरोंके उपरिम तलका विस्तार दो हजार धनुषमात्र है ॥ ११० ॥ २००० ।

जघन्य नगरोंका वह विस्तार पांचसौ धनुषप्रमाण है । इस जघन्य प्रमाणको तीन और दोसे गुणा करनेपर क्रमसे दो स्थानोंमें मध्यम नगरोंका विस्तार होता है ॥ १११ ॥

५०० । १००० । १५०० ।

जघन्य ताराओंका तिरछा अन्तराल एक कोशका सातवां भाग, मध्यम ताराओंका पचास योजन, और उत्कृष्ट ताराओंका एक हजार योजनप्रमाण है ॥ ११२ ॥

को. $\frac{१}{७}$ । यो. ५० । १००० ।

इनका शेष वर्णन पूर्व पुरोंके सदृश है । अब यहांसे आगे गुरूपदिष्ट पुरोंके प्रमाणको कहते हैं ॥ ११३ ॥

इस प्रकार विन्यासका कथन समाप्त हुआ ।

इन चन्द्रादिकोंकी निज निज राशिका जो प्रमाण है उतना ही अपने अपने नगरों, कूटों और जिनभवनोंका प्रमाण है ॥ ११४ ॥

' लोकविभाग ' के आचार्य समस्त ज्योतिर्गणोंकी नगरियोंके विस्तारप्रमाणके सदृश ही उनके बाहल्यको भी मानते है ॥ ११५ ॥ पाठान्तर ।

परिमाणका कथन समाप्त हुआ ।

---

१ द ब सम्मत्ता. २ द ब पण्हाणं. ३ द °जम्हयंक, ब जमयंक. ४ द ब जोइट्ठण°.

चरबिंबा मणुवाणं खेत्ते तस्सिं च जंबुदीवम्मि । दोण्णि मियंका ताणं एक्कं चिय होदि चारमही ॥ ११६

पंचसयजोयणाणिं दसुत्तराइं हुवेदि विक्खंभो[1] । ससहरचारमहीए दिणयरबिंबादिरित्ताणिं ॥ ११७

$$५१० \left| \frac{४८}{६१} \right|$$

वीसूणबेसयाणिं जंबूदीवे चरंति सीदकरा । रविमंडलाधियाणिं तीसुत्तरतियसयाणि लवणम्मि ॥ ११८

पण्णरससंसहराणं वीथीओ होंति चारखेत्तम्मि । मंडलसमरुंदाओ तद्दुबहलाओ पत्तेक्कं ॥ ११९

$$\frac{५६}{६१} \left| \frac{२८}{६१} \right|$$

सट्ठिजुदं तिसयाणिं मंदररुंदं च जंबुविक्खंभे । सोधिय दलिते लद्धं चंदादिमहीहिं मंदरंतरयं ॥ १२०

चउदालसहस्साणिं वीसुत्तरअडसयाणि मंदरदो । गच्छिय सव्वब्भंतरवीहीं[2] इंदूण परिमाणं ॥ १२१

४४८२० ।

चर अर्थात् गमनशील बिम्ब मनुष्यक्षेत्रमें ही हैं, मनुष्यक्षेत्रके भीतर भी जम्बूद्वीपमें जो दो चन्द्र हैं उनकी संचार-भूमि एक ही है ॥ ११६ ॥

चन्द्रकी संचार-भूमिका विस्तार सूर्य-बिम्बसे अतिरिक्त अर्थात् एक योजनके इकसठ भागोंमेंसे अड़तालीस भाग अधिक पांचसौ दश योजनमात्र है ॥ ११७ ॥ यो. $५१०\frac{४८}{६१}$ ।

चन्द्रमा बीस कम दोसौ योजन जम्बूद्वीपमें और सूर्यमण्डलसे अधिक तीनसौ तीस योजनप्रमाण लवणसमुद्रमें संचार करते हैं ॥ ११८ ॥

चन्द्रोंके चारक्षेत्रमें जो पन्द्रह गलियां हैं उनमेसे प्रत्येकका विस्तार चन्द्रमण्डलके बराबर एक योजनके इकसठ भागोमेसे छप्पन भागप्रमाण और बाहल्य इससे आधा है ॥११९॥

$\frac{५६}{६१}$ । $\frac{२८}{६१}$ ।

जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे तीनसौ साठ योजन (दोनों ओरका चार-क्षेत्र) और मन्दर पर्वतके विस्तारको कम करके शेषको आधा करनेपर जो लब्ध आवे उतना चन्द्रकी आदि चारपृथिवीसे मन्दर पर्वतका अन्तर है ॥ १२० ॥

मन्दर पर्वतसे चलकर चवालीस हजार आठसौ बीस योजन चन्द्रोंकी सर्वाभ्यन्तर वीथीका प्रमाण है । अर्थात् मन्दराचल और चन्द्रकी अभ्यन्तर गलीके बीच उपर्युक्त योजनों प्रमाण अन्तराल हैं ॥ १२१ ॥

उदाहरण— जं. द्वी. का वि. यो. १००००० − ३६० = ९९६४०; ९९६४० − १०००० (मन्दरविष्कम्भ) = ८९६४०; ८९६४० ÷ २ = ४४८२० अन्तरप्रमाण ।

१ द ब विक्खंभा. २ गच्छेय सव्वभंतरवीहीं.

एक्कसट्ठीए गुणिदा पंचसया जोयणाणि दससुत्ता । ते अडदालविमिस्सा धुवरासी णाम चारमही ॥ १२२

एक्कत्तीससहस्सा अट्ठावण्णुत्तरं सदं तह य । इगिसट्ठीए भजिदे धुवरासिपमाणमुद्दिट्ठं ॥ १२३

$$\begin{array}{|l} ३११५८ \\ \hline ६१ \end{array}$$

पण्णरसेहिं गुणिदं हिमकरबिंबप्पमाणमवणिज्जं । धुवरासीदो सेसं विच्चालं सयलवीहीणं ॥ १२४

$$\begin{array}{|l} ३०३१८ \\ \hline ६१ \end{array}$$

तं चोद्दसपविहत्तं हुवेदि एक्केक्कवीहिविच्चालं । पणुतीसजोयणाणिं अदिरेकं तस्स परिमाणं ॥ १२५

अदिरेकस्स पमाणं चोद्दसमदिरित्तविण्णिसदअंसा । सत्तावीसब्भहिया चत्तारि सया हवे हारो ॥ १२६

$$\begin{array}{|l} ३५ \\ \hline \end{array} \begin{array}{|l} २१४ \\ ४२७ \end{array}$$

पांच सौ दश योजनोंको इकसठसे गुणा करनेपर जो संख्या प्राप्त हो उसमें वे अड़तालीस भाग और मिला देनेपर ध्रुवराशि नामक चार-महीका विस्तार होता है ॥ १२२ ॥

उदाहरण— ५१० × ६१ = ३१११०; ३१११० + ४८ = ३११५८ = $\frac{३११५८}{६१}$ ध्रु. रा. चार मही ।

इकतीस हजार एक सौ अट्ठावनमें इकसठका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना ध्रुवराशिका प्रमाण कहा गया है ॥ १२३ ॥ $\frac{३११५८}{६१}$ ।

चन्द्रबिम्बके प्रमाणको पन्द्रहसे गुणा करनेपर जो कुछ प्राप्त हो उसे ध्रुवराशिमेंसे कमकर देनेपर शेष सम्पूर्ण गलियोंका अन्तरालप्रमाण होता है ॥ १२४ ॥

चन्द्रबिम्बका प्रमाण $\frac{५६}{६१}$ × १५ = $\frac{८४०}{६१}$; ध्रुवराशि $\frac{३११५८}{६१}$ − $\frac{८४०}{६१}$ = $\frac{३०३१८}{६१}$ कुल वीथी अन्तराल ।

इसमें चौदहका भाग देनेपर एक एक वीथीके अन्तरालका प्रमाण होता है । यह प्रमाण पैंतीस योजनोंसे अधिक है । इस अधिकताका जो प्रमाण है उसमें दो सौ चौदह अंश और चार सौ सत्ताईस भागहार है, अर्थात् वह प्रमाण एक योजनके चार सौ सत्ताईस भागोंमेंसे दो सौ चौदह भाग अधिक है ॥ १२५-१२६ ॥

उदाहरण— समस्त वीथियोंका अन्तराल $\frac{३०३१८}{६१}$; $\frac{३०३१८}{६१}$ ÷ १४ (= $\frac{८५४}{६१}$) = ३५$\frac{४२८}{६१}$ = ३५$\frac{२१४}{३०७}$ प्रत्येक वीथीका अन्तराल प्रमाण ।

पढमपहादो चंदा बाहिरमग्गस्स गमणकालम्मि । वीहिं पडि मेलिज्जं विच्चालं बिंबसंजुत्तं ॥ १२७

$$३६\left|\begin{matrix}१७९\\४२७\end{matrix}\right|$$

चउदालसहस्सा अडसयाणि छप्पण्णंजोयणा अधिया । उणसीदिजुदसदंसा बिदियद्धगदेंदुमेरुविच्चालं ॥

$$४४८५६\left|\begin{matrix}१७९\\४२७\end{matrix}\right|$$

चउदालसहस्सा अडसयाणि बाणउदि जोयणा भागा । अडवण्णुत्तरतिसया तदियद्धगदेंदुमंदरपमाणं ॥ १२९

$$४४८९२\left|\begin{matrix}३५८\\४२७\end{matrix}\right|$$

चउदालसहस्सा णवसयाणि उणतीस जोयणा भागा । दसजुत्तसदं विदियं चउत्थपहगदहिमंसुमेरूणं ॥ १३०

$$४४९२९\left|\begin{matrix}११०\\४२७\end{matrix}\right|$$

चन्द्रोंके प्रथम वीथीसे द्वितीयादि बाह्य वीथियोंकी ओर जाते समय प्रत्येक वीथीके प्रति बिम्बसंयुक्त अन्तरालको मिलाना चाहिये ॥ १२७ ॥

प्रत्येक वीथीका अन्तर $३५\frac{२}{४}\frac{१४}{७} + \frac{३}{४}\frac{९२}{७}$ ($= \frac{५}{६}\frac{६}{१}$ बिम्बविस्तार) $= ३५\frac{६}{४}\frac{०६}{७}$ $= ३६\frac{१}{४}\frac{७९}{७}$ बिम्बसंयुक्त अन्तराल प्रमाण ।

द्वितीय अध्व अर्थात् गलीको प्राप्त हुए चन्द्रमाका मेरु पर्वतसें चवालीस हजार आठ सौ छप्पन योजन और एक योजनके चार सौ सत्ताईस भागोंमेंसे एक सौ उन्यासी भागप्रमाण अन्तर है ॥ १२८ ॥

प्रथम वीथी और मेरुका अन्तर $४४८२० + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४४८५६\frac{१७९}{४२७}$ मेरु और द्वितीय वीथीके मध्यका अन्तर ।

तृतीय गलीको प्राप्त हुए चन्द्र और मेरुपर्वतके बीचमें चवालीस हजार आठ सौ बानवे योजन और तीन सौ अट्ठावन भाग अधिक अन्तरप्रमाण है ॥ १२९ ॥

$$४४८५६\frac{१७९}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४४८९२\frac{३५८}{४२७} ।$$

चतुर्थ पथको प्राप्त हुए चन्द्रमा और मेरुके मध्य चवालीस हजार नौ सौ उनतीस योजन और एक सौ दश भागमात्र अधिक अन्तर है ॥ १३० ॥

$$४४८९२\frac{३५८}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४४९२९\frac{११०}{४२७}$$

चउदालसहस्सा णवसयाणि पण्णट्ठि जोयणा भागा। दोण्णि सया उणणउदी पंचमपहइंदुमंदरपमाणं ॥ १३१

४४९६५ | २८९ / ४२७ |

पणदालसहस्सा बेजोयणजुत्ता कलाओ इगिदालं। छट्ठपहट्ठिदहिमकरचामीयरसेलविच्चालं ॥ १३२

४५००२ | ४१ / ४२७ |

पणदालसहस्सा जोयणाणि अडतीस दुसयवीसंसा। सत्तमवीहिगदं सीदमयूखमेरूण विच्चालं ॥ १३३

४५०३८ | २२० / ४२७ |

पणदालसहस्सा चउहत्तरिअधिया कलाओ तिण्णिसया। णवणवदी विच्चालं अट्ठमवीहीगदिंदुमेरूणं ॥ १३४

४५०७४ | ३९९ / ४२७ |

पणदालसहस्सा सयमेक्कारसजोयणाणि कलाण सयं। इगिवण्णा विच्चालं णवमपहे चंदमेरूणं ॥ १३५

४५१११ | १५१ / ४२७ |

पंचम पथको प्राप्त चन्द्रका मेरु पर्वतसे चवालीस हजार नौ सौ पैंसठ योजन और दो सौ नवासी भागप्रमाण अन्तर है ॥ १३१ ॥

$४४९२९\frac{११०}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४४९६५\frac{२८९}{४२७}$ ।

छठे पथमें स्थित चन्द्र और सुवर्णशैल (मेरु) के मध्यमें पैंतालीस हजार दो योजन और इकतालीस कलाप्रमाण अन्तर है ॥ १३२ ॥

$४४९६५\frac{२८९}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४५००२\frac{४१}{४२७}$ ।

सातवीं गलीको प्राप्त चन्द्र और मेरुके मध्यमें पैंतालीस हजार अड़तीस योजन और दो सौ बीस भाग अधिक अन्तर है ॥ १३३ ॥

$४५००२\frac{४१}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४५०३८\frac{२२०}{४२७}$ ।

आठवीं गलीको प्राप्त चन्द्र और मेरुके बीचमें पैंतालीस हजार चौहत्तर योजन और तीन सौ निन्यानबे कला अधिक अन्तर है ॥ १३४ ॥

$४५०३८\frac{२२०}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४५०७४\frac{३९९}{४२७}$ ।

नौवें पथमें चन्द्र और मेरुके मध्यमें पैंतालीस हजार एक सौ ग्यारह योजन और एक सौ इक्यावन कलामात्र अन्तराल है ॥ १३५ ॥

$४५०७४\frac{३९९}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४५१११\frac{१५१}{४२७}$ ।

पणदालसहस्सा सय सत्ततालं कलाण तिण्णि सया । तीसजुदा दसमपहे विच्चं हिमकिरणमेरूणं[1] ॥१३६

४५१४७ | ३३० / ४२७ |

पणदालसहस्साणिं चुलसीदी जोयणाणि एक्कसयं । बासीदिकला विच्चं एक्कारसपहम्मि एदाणं ॥ १३७

४५१८४ | ८२ / ४२७ |

पणदालसहस्साणिं बीसुत्तरदोसयाणि जोयणया । इगिसट्ठिदुसयभागा बारसमपहम्मि तं विच्चं ॥ १३८

४५२२० | २६१ / ४२७ |

पणदालसहस्साणिं दोण्णि सया जोयणाणि सगवण्णा । तेरसकलाओ तेरसपहम्मि एदाण विच्चालं ॥ १३९

४५२५७ | १३ / ४२७ |

पणदालसहस्सा बे सयाणि तेणउदि जोयणा अधिया । अट्ठोणदुसयभागा चोद्दसमपहम्मि तं विच्चं ॥ १४०

४५२९३ | १९२ / ४२७ |

.....

दशवें पथमें स्थित चन्द्र और मेरुका अन्तराल पैंतालीस हजार एक सौ सैंतालीस योजन और तीन सौ तीस कलाप्रमाण जानना चाहिये ॥ १३६ ॥

$४५१११\frac{१}{४}\frac{५१}{२}\frac{१}{७} + ३६\frac{१}{४}\frac{७}{२}\frac{९}{७} = ४५१४७\frac{३}{४}\frac{३०}{२}\frac{०}{७}$ ।

ग्यारहवें पथमें इन दोनोंका अन्तर पैंतालीस हजार एक सौ चौरासी योजन और ब्यासी कलामात्र है ॥ १३७ ॥ $४५१४७\frac{३}{४}\frac{३०}{२}\frac{०}{७} + ३६\frac{१}{४}\frac{७}{२}\frac{९}{७} = ४५१८४\frac{८}{४}\frac{२}{२}\frac{२}{७}$ ।

बारहवें पथमें वह अन्तराल पैंतालीस हजार दो सौ बीस योजन और दो सौ इकसठ भागमात्र है ॥ १३८ ॥ $४५१८४\frac{८}{४}\frac{२}{२}\frac{२}{७} + ३६\frac{१}{४}\frac{७}{२}\frac{९}{७} = ४५२२०\frac{२}{४}\frac{६१}{२}\frac{१}{७}$ ।

तेरहवें पथमें इन दोनोंका अन्तराल पैंतालीस हजार दो सौ सत्तावन योजन और तेरह कलामात्र है ॥ १३९ ॥ $४५२२०\frac{२}{४}\frac{६१}{२}\frac{१}{७} + ३६\frac{१}{४}\frac{७}{२}\frac{९}{७} = ४५२५७\frac{१}{४}\frac{३}{२}\frac{३}{७}$ ।

चौदहवें पथमें वह विस्तार पैंतालीस हजार दो सौ तेरानबे योजन और आठ कम दो सौ भाग अधिक है ॥ १४० ॥ $४५२५७\frac{१}{४}\frac{३}{२}\frac{३}{७} + ३६\frac{१}{४}\frac{७}{२}\frac{९}{७} = ४५२९३\frac{१}{४}\frac{९२}{२}\frac{२}{७}$ ।

.....

१ द ब प्रत्योरियं गाथा १३४-१३५ गाथयोरन्तराले प्राप्यते, अस्मिन् स्थाने चैतत्समानार्थका निम्ना गाथोपलभ्यते— पणदालसहस्साणिं सगदाल सयं च जोयणमेयं । तीसं तिसयकलाओ दहमो पहचंद णायव्वो ।

पणदालसहस्साणिं तिण्णि सया जोयणाणि उणतीसं । इगिहत्तरितिसयकला पण्णरसपहम्मि तं विच्चं ॥ १४१

४५३२९ | ३७१ / ४२७ |

बाहिरपहादु ससिणो आदिमवीहीए आगमणकाले । पुव्वपमेलिदखेत्तं फेलसु[1] जा चोद्दसादिपदमपहं ॥

सट्ठिजुदं तिसयाणिं सोहेज्जसु जंबुदीववासम्मि । जं सेसं आबाहं अब्भंतरमंडलिंदूणं ॥ १४३

णवणउदिसहस्साणिं छस्सयचालीसजोयणाणिं पि । चंदाणं विच्चालं अब्भंतरमंडलट्ठिदाणं ॥ १४४

९९६४० ।

गिरिससहरपहवड्ढी दोहिं गुणिदाए होदि जं लद्धं । सा आबाधावड्ढी पडिमग्गं चंदचंदाणं ॥ १४५

७२ | ३५८ / ४२७ |

पन्द्रहवें पथमें वह अन्तराल पैंतालीस हजार तीन सौ उनतीस योजन और तीन सौ इकहत्तर कला अधिक है ॥ १४१ ॥ $४५२९३\frac{१९३}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४५३२९\frac{३७१}{४२७}$ ।

बाह्य अर्थात् पन्द्रहवें पथसे चन्द्रके प्रथम वीथीकी ओर आगमनकालमें पहिले मिलाये हुए क्षेत्र ($३६\frac{१७९}{४२७}$) को उत्तरोत्तर कम करते जानेसे चौदहवीं गलीको आदि लेकर प्रथम गली तकका अन्तरालप्रमाण आता है ॥ १४२ ॥

जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे तीन सौ साठ योजनोंको कम कर देनेपर जो शेष रहे उतना अभ्यन्तर मण्डलमें स्थित दोनों चन्द्रोंके आबाधा अर्थात् अन्तरालका प्रमाण होता है ॥ १४३ ॥

ज. द्वी. वि. १००००० − ३६० (दोनों ओरका चार क्षेत्र) = ९९६४० यो. ।

अभ्यन्तर मण्डलमें स्थित चन्द्रोंका अन्तराल निन्यानबे हजार छह सौ चालीस योजन-प्रमाण है ॥ १४४ ॥

सुमेरु और चन्द्रपथोंके बीच जो अन्तरालवृद्धिका प्रमाण है उसे दोसे गुणा करनेपर जो लब्ध हो उतना प्रत्येक गलीमें चन्द्रोंके परस्पर एक दूसरेके बीचमें रहनेवाले अन्तरालकी वृद्धिका प्रमाण होता है ॥ १४५ ॥

मेरु और चन्द्रपथोंका अन्तर $३६\frac{१७९}{४२७} \times २ = ७२\frac{३५८}{४२७}$ चन्द्रोंकी अन्तरालवृद्धि ।

---

[1] फेलसु.

बारसजुदसत्तसया णवणउदिसहस्स जोयणाणिं पि । अडवण्णा तिसयकला बिदियपहे चंदचंदस्स ॥१४६

$$९९७१२\left|\begin{matrix}३५८\\४२७\end{matrix}\right.$$

णवणउदिसहस्साणिं सत्तसया जोयणाणि पणसीदी । उणणउदीदुसयकला तदिए विच्चं सिदंसूणं ॥ १४७

$$९९७८५\left|\begin{matrix}२८९\\४२७\end{matrix}\right.$$

णवणवदिसहस्साणिं अट्ठसया जोयणाणि अडवण्णा । वीसुत्तरदुसयकला ससीण विच्चं तुरिममग्गे ॥ १४८

$$९९८५८\left|\begin{matrix}२२०\\४२७\end{matrix}\right.$$

णवणउदिसहस्सा णवसयाणि इगितीस जोयणाणं पि । इगिसदइगिवण्णकला विच्चालं पंचमपहम्मि ॥१४९

$$९९९३१\left|\begin{matrix}१५१\\४२७\end{matrix}\right.$$

एक्कं जोयणलक्खं चउअब्भहियं हुवेदि सविसेसं । बासीदिकला छट्ठे पहम्मि चंदाण विच्चालं ॥ १५०

$$१००००४\left|\begin{matrix}८२\\४२७\end{matrix}\right.$$

सत्तत्तरिसंजुत्तं जोयणलक्खं च तेरस कलाओ । सत्तममग्गे दोण्हं तुसारकिरणाण विच्चालं ॥ १५१

$$१०००७७\left|\begin{matrix}१३\\४२७\end{matrix}\right.$$

द्वितीय पथमें एक चन्द्रसे दूसरे चन्द्रका अन्तराल निन्यानबे हजार सात सौ बारह योजन और तीन सौ अट्ठावन कला अधिक है ॥ १४६ ॥

$$९९६४० + ७२\tfrac{३५८}{४२७} = ९९७१२\tfrac{३५८}{४२७}.$$

तृतीय पथमें चन्द्रोंका अन्तराल निन्यानबे हजार सात सौ पचासी योजन और दो सौ नवासी कालमात्र है ॥ १४७ ॥ $९९७१२\tfrac{३५८}{४२७} + ७२\tfrac{३५८}{४२७} = ९९७८५\tfrac{२८९}{४२७}$ ।

चौथे मार्गमें चन्द्रोंका अन्तराल निन्यानवै हजार आठ सौ अट्ठावन योजन और दो सौ बीस कला अधिक है ॥ १४८ ॥ $९९७८५\tfrac{२८९}{४२७} + ७२\tfrac{३५८}{४२७} = ९९८५८\tfrac{२२०}{४२७}$ ।

पांचवें पथमें चन्द्रोंका अन्तराल निन्यानबे हजार नौ सौ इकतीस योजन और एक सौ इक्यावन कलाप्रमाण है ॥ १४९ ॥ $९९८५८\tfrac{२२०}{४२७} + ७२\tfrac{३५८}{४२७} = ९९९३१\tfrac{१५१}{४२७}$ ।

छठे पथमें चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख चार योजन और ब्यासी कला अधिक है ॥ १५० ॥ $९९९३१\tfrac{१५१}{४२७} + ७२\tfrac{३५८}{४२७} = १०००० ४\tfrac{८२}{४२७}$ ।

सातवें मार्गमें दोनों चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख सतत्तर योजन और तेरह कलामात्र है ॥ १५१ ॥ $१००००४\tfrac{८२}{४२७} + ७२\tfrac{३५८}{४२७} = १०००७७\tfrac{१३}{४२७}$ ।

इगणवण्णजुदेक्कसयं जोयणलक्खं कलाओ तिण्णिसया । एक्कत्तरी ससीणं अट्ठममग्गम्मि विच्चालं ॥ १५२

$$१००१४९\left|\frac{३७१}{४२७}\right|$$

एक्कं जोयणलक्खं बावीसजुदा बियसयाणिं । दोउत्तरतिसयकला णवमपहे ताण विच्चालं ॥ १५३

$$१००२२२\left|\frac{३०२}{४२७}\right|$$

एक्कं जोयणलक्खं पणणउदिजुदाणि दोण्णि य सयाणिं । बेसयतेत्तीसकला विच्चं दसमम्मि इंदूणं ॥१५४

$$१००२९५\left|\frac{२३३}{४२७}\right|$$

एक्कं जोयणलक्खं अट्ठासट्ठीजुदा य तिण्णि सया । चउसट्ठिसदकलाओ एक्करसपहम्मि तं विच्चं ॥ १५५

$$१००३६८\left|\frac{१६४}{४२७}\right|$$

एक्कं लक्खं चउसय इगिदाला जोयणाणि अदिरेगे । पणणउदिकला मग्गे बारसमे अंतरं ताणं ॥ १५६

$$१००४४१\left|\frac{९५}{४२७}\right|$$

चउदसजुदपंचसया जोयणलक्खं कलाओ छव्वीसं । तेरसपहम्मि दोण्हं विच्चालं सिसिरकिरणाणं ॥ १५७

$$१००५१४\left|\frac{२६}{४२७}\right|$$

आठवें मार्गमें चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख एक सौ उनंचास योजन और तीन सौ इकहत्तर कला अधिक है ॥ १५२ ॥ $१०००७७\frac{१३}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} - १००१४९\frac{३७१}{४२७}$ ।

नौवें मार्गमें उन चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख दो सौ बाईस योजन और तीन सौ दो कला अधिक है ॥ १५३ ॥ $१००१४९\frac{३७१}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००२२२\frac{३०२}{४२७}$ ।

दशवें पथमें चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख दो सौ पंचानबे योजन और दो सौ तेतीस कलाप्रमाण है ॥ १५४ ॥ $१००२२२\frac{३०२}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००२९५\frac{२३३}{४२७}$ ।

ग्यारहवें पथमें यह अन्तराल एक लाख तीन सौ अड़सठ योजन और एक सौ चौसठ कला अधिक है ॥ १५५ ॥ $१००२९५\frac{२३३}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००३६८\frac{१६४}{४२७}$ ।

बारहवें मार्गमें उन चन्दोंका अन्तर एक लाख चार सौ इक्तालीस योजन और पंचानबे कला अधिक है ॥ १५६ ॥

$$१००३६८\frac{१६४}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००४४१\frac{९५}{४२७}$$ ।

तेरहवें पथमें दोनों चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख पांच सौ चौदह योजन और छब्बीस कला प्रमाण है ॥ १५७ ॥ $१००४४१\frac{९५}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००५१४\frac{२६}{४२७}$ ।

लक्खं पंचसयाणिं छासीदी जोयणा कला तिसया । चउसीदी चोद्दसमे पहम्मि विच्चं सिदकराणं[2] ॥ १५८

$$१००५८६\left|\begin{matrix}३८४\\४२७\end{matrix}\right|$$

लक्खं छच्च सयाणिं उणसट्ठी जोयणा कला तिसया । पण्णरसजुदा मग्गे पण्णरसं अंतरं ताणं ॥ १५९

$$१००६५९\left|\begin{matrix}३१५\\४२७\end{matrix}\right|$$

बाहिरपहादु ससिणो आदिममग्गम्मि आगमणकाले । पुव्वपमेलिदखेत्तं सोहसु जा चोद्दसादिपढमपहं ॥

तियजोयणलक्खाणिं पण्णरससहस्सयाणि उणणउदी । अब्भंतरवीधीए परिरयरासिस्स परिसंखा ॥ १६१

३१५०८९ ।

सेसाणं वीहीणं परिहीपरिमाणजाणणणिमित्तं[4] । परिहिक्खेवं[5] भणिमो गुरूवदेसाणुसारेणं ॥ १६२

चौदहवें पथमें चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख पांचसौ छयासी योजन और तीन सौ चौरासी कला अधिक है ॥ १५८ ॥

$$१००५१४\frac{२६}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००५८६\frac{३८४}{४२७} ।$$

पन्द्रहवें मार्गमें उनका अन्तर एक लाख छह सौ उनसठ योजन और तीन सौ पन्द्रह कलामात्र है ॥ १५९ ॥ $१००५८६\frac{३८४}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००६५९\frac{३१५}{४२७}$ ।

चन्द्रके बाह्य पथसे प्रथम पथकी ओर आते समय पूर्वमें मिलाये हुए क्षेत्रको उत्तरोत्तर कम करनेपर चौदहवें पथसे प्रथम पथ तक दोनों चन्द्रोंका अन्तरालप्रमाण होता है ॥ १६० ॥

अभ्यन्तर वीथीके परिरय अर्थात् परिधिकी राशिका प्रमाण तीन लाख पन्द्रह हजार नवासी योजन है ॥ १६१ ॥ ३१५०८९ ।

शेष गलियोंके परिधिप्रमाणको जाननेके लिये गुरूपदेशानुसार परिधिके प्रक्षेपको कहते हैं ॥ १६२ ॥

---

१ द ब उणसट्ठी. २ द ब सीदकराणं. ३ द ब जाणणणमित्तं. ४ ब परिहिक्खेदं.

चंदपहसूइवड्ढीदुगुणं काऊण वग्गिदूणं च । दसगुणिदे जं मूलं परिहिक्खेओ[1] स णादव्वो ॥ १६३

$$७२\left|\begin{matrix}३५८\\४२७\end{matrix}\right|$$

तीसुत्तरबेसयजोयणाणि तेदालजुत्तसयमंसा । हारो चत्तारि सया सत्तावीसेहिं अब्भहिया ॥ १६४

$$२३०\left|\begin{matrix}१४३\\४२७\end{matrix}\right|$$

तियजोयणलक्खाणिं पण्णरससहस्सतिसयउणवीसा । तेदालजुदसदंसा बिदियपहे परिहिपरिमाणं ॥ १६५

$$३१५३१९\left|\begin{matrix}१४३\\४२७\end{matrix}\right|$$

उणवण्णा पंचसया पण्णरससहस्स जोयण तिलक्खा । छासीदी दुसदकला सा परिही तदियवीहीए ॥ १६६

$$३१५५४९\left|\begin{matrix}२८६\\४२७\end{matrix}\right|$$

चन्द्रपथोंकी सूचीवृद्धिको दुगुणा करके उसका वर्ग करनेपर जो राशि प्राप्त हो उसको दश गुणा करके वर्गमूल निकालनेपर प्राप्त राशिके प्रमाण परिधिप्रक्षेप जानना चाहिये ॥ १६३ ॥

च. प. सू. वृद्धि $३६\frac{१७०}{४२७}$; इसका दूना $= ७२\frac{३५८}{४२७} = \frac{३११०२}{४२७}$;

$\sqrt{\left(\frac{३११०२}{४२७}\right)^२ \times १०} = २३०\frac{१४३}{४२७}$ परिधिप्रक्षेप ।

उपर्युक्त प्रक्षेपक प्रमाण दो सौ तीस योजन और एक योजनके चार सौ सत्ताईस भागोंमेंसे एक सौ तेतालीस भाग अधिक है ॥ १६४ ॥ $२३०\frac{१४३}{४२७}$ ।

द्वितीय पथमें परिधिका प्रमाण तीन लाख पन्द्रह हजार तीन सौ उन्नीस योजन और एक सौ तेतालीस भागमात्र है ॥ १६५ ॥

$$३१५०८९ + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१५३१९\frac{१४३}{४२७} ।$$

तृतीय वीथीकी वह परिधि तीन लाख पन्द्रह हजार पांच सौ उनंचास योजन और दो सौ छयासी भाग-मात्र है ॥ १६६ ॥

$$३१५३१९\frac{१४३}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१५५४९\frac{२८६}{४२७} ।$$

---

१ ब परिक्खेओ.

सीदी सत्तसयाणिं पण्णरससहस्स जोयण तिलक्खा । दोण्णि कलाओ परिही चंदस्स चउत्थवीहिए ॥१६७

३१५७८० | २ / ४२७ |

तियजोयणलक्खाणिं वहुत्तरा तह य सोलससहस्सा । पणदालजुदसदंसा सा परिही पंचमपहम्मि ॥ १६८

३१६०१० | १४५ / ४२७ |

चालीस दुसय सोलससहस्स तियलक्ख जोयणा अंसा । अट्ठासीदी दुसया छट्ठपहे होदि सा परिही ॥१६९

३१६२४० | २८८ / ४२७ |

सोलससहस्स चउसय एक्कत्तरिअधियजोयण तिलक्खा । चत्तारि कला सत्तमपहम्मि परिही ससंकस्स[1] ॥

३१६४७१ | ४ / ४२७ |

चन्द्रकी चतुर्थ वीथीकी परिधि तीन लाख पन्द्रह हजार सात सौ अस्सी योजन और दो कला अधिक है ॥ १६७ ॥

$३१५५४९\frac{२८६}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१५७८०\frac{२}{४२७}$ ।

पांचवें पथमें वह परिधि तीन लाख सोलह हजार दश योजन और एक सौ पैंतालीस भाग अधिक है ॥ १६८ ॥

$३१५७८०\frac{२}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१६०१०\frac{१४५}{४२७}$ ।

छठे पथमें वह परिधि तीन लाख सोलह हजार दो सौ चालीस योजन और दो सौ अठासी भाग प्रमाण है ॥ १६९ ॥

$३१६०१०\frac{१४५}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१६२४०\frac{२८८}{४२७}$

चन्द्रके सातवें पथमें वह परिधि तीन लाख सोलह हजार चार सौ इकत्तर योजन और चार कलामात्र है ॥ १७० ॥

$३१६२४०\frac{२८८}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१६४७१\frac{४}{४२७}$ ।

---

१ ब मर्दकस्स.

सत्तसया इक्कहिया लक्खा तिण्णेव सोलससहस्सा । इक्कसयं सगताला भागा अट्ठमपहे परिही ॥ १७१

३१६७०१ | १४७ / ४२७ |

सोलससहस्सणवसयइक्कत्तीसादिरित्ततियलक्खा । णउदीजुददुसयकला ससिस्स परिही णवममग्गे ॥ १७२

३१६९३१ | २९० / ४२७ |

बासट्ठिजुत्तइगिसयसत्तरससहस्सं जोयण तिलक्खा । छ च्चिय कलाओ परिही हिमंसुणो दसमवीहीए ॥

३१७१६२ | ६ / ४२७ |

तियजोयणलक्खाणिं सत्तरससहस्सतिसयबाणउदी । उणवण्णजुदसदंसा परिही एक्कारसपहम्मि ॥ १७४

३१७३९२ | १४९ / ४२७ |

आठवें पथमें उस परिधिका प्रमाण तीन लाख सोलह हजार सात सौ एक योजन और एक सौ सैंतालीस भाग अधिक है ॥ १७१ ॥

$$३१६४७१\frac{४}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१६७०१\frac{१४७}{४२७}.$$

चन्द्रके नौवें मार्गमें वह परिधि तीन लाख सोलह हजार नौ सौ इकतीस योजन और दो सौ नब्बै कलाप्रमाण है ॥ १७२ ॥

$$३१६७०१\frac{१४७}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१६९३१\frac{२९०}{४२७}.$$

चन्द्रकी दशवीं वीथीकी परिधि तीन लाख सत्तरह हजार एक सौ बासठ योजन और छह कलामात्र है ॥ १७३ ॥

$$३१६९३१\frac{२९०}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१७१६२\frac{६}{४२७}.$$

ग्यारहवें पथमें वह परिधि तीन लाख सत्तरह हजार तीन सौ बानबै योजन और एक सौ उनंचास भागप्रमाण है ॥ १७४ ॥

$$३१७१६२\frac{६}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१७३९२\frac{१४९}{४२७}.$$

---

१ द ब एक्कतीसा°. २ ब सत्तरसहस्स. ३ द ब सत्तरसहस्स°.

बावीसुत्तरछस्सय सत्तरससहस्सजोयण तिलक्खा । अट्ठोणियतिसयकला बारसमपहम्मि सा परिही ॥१७५

$$३१७६२२\left|\begin{matrix}२९२\\४२७\end{matrix}\right.$$

तेवण्णुत्तरअडसयसत्तरससहस्सेजोयण तिलक्खा । अट्ठकलाओ परिही तेरसमपहम्मि सीदरुचिकिरणो ॥

$$३१७८५३\left|\begin{matrix}८\\४२७\end{matrix}\right.$$

तियजोयणलक्खाणिं अट्ठारससहस्सयाणि तेसीदी । इगिवण्णजुदसदंसा चोद्दसमपहे हिमा परिही ॥ १७७

$$३१८०८३\left|\begin{matrix}१५१\\४२७\end{matrix}\right.$$

तियजोयणलक्खाइं अट्ठरससहस्सतिसयतेरसया । बेसयचउणउदिकला बाहिरमग्गम्मि सा परिही ॥ १७८

$$३१८३१३\left|\begin{matrix}२९४\\४२७\end{matrix}\right.$$

चंदसुरा सिग्घगदी णिग्गच्छंता हुवंति पविसंता । मंदगदी यसमाणा परिहीओ भमंति सरिसकालेणं ॥

बारहवें पथमें वह परिधि तीन लाख सत्तरह हजार छह सौ बाईस योजन और आठ कम तीन सौ अर्थात् दो सौ बानबै कलाप्रमाण है ॥ १७५ ॥

$$३१७३९२\frac{१४९}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१७६२२\frac{२९२}{४२७}।$$

चन्द्रके तेरहवें पथमें वह परिधि तीन लाख सत्तरह हजार आठ सौ तिरेपन योजन और आठ कलाप्रमाण है ॥ १७६ ॥

$$३१७६२२\frac{२९२}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१७८५३\frac{८}{४२७}।$$

चौदहवें पथमें यह परिधि तीन लाख अठारह हजार तेरासी योजन और एक सौ इक्यावन भागप्रमाण है ॥ १७७ ॥

$$३१७८५३\frac{८}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१८०८३\frac{१५१}{४२७}।$$

बाह्य मार्गमें वह परिधि तीन लाख अठारह हजार तीन सौ तेरह योजन और दो सौ चौरानबै कला अधिक है ॥ १७८ ॥

$$३१८०८३\frac{१५१}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१८३१३\frac{२९४}{४२७}।$$

चन्द्र व सूर्य बाहर निकलते हुए अर्थात् बाह्य मार्गकी ओर आते समय शीघ्रगतिवाले और अभ्यन्तर मार्गकी ओर प्रवेश करते हुए मन्द गतिसे संयुक्त होते हैं, इसीलिये वे समान कालमें ही असमान परिधियोंका भ्रमण करते हैं ॥ १७९ ॥

---

१ ब सत्तरसहस्स. २ द ब सत्तरसहस्स°. ३ ब चंदपुरा.

एक्कं जोयणलक्खं णव य सहस्साणि अट्ठसयाणिं[1] पि । परिहीणं पत्तेक्कं ते कादव्वा गयणखंडा[2] ॥ १८०

१०९८००।

गच्छदि मुहुत्तमेक्के अट्ठसट्ठीजुत्तसत्तरसयाणिं । णभखंडाणिं ससिणो तम्मि हिदे सव्वगयणखंडाणिं ॥१८१

१७६८।

बासट्ठिमुहुत्ताणिं भागा तेवीस सत्तहाराइं । इगिवीसाधिय विसदं लद्धं तं गयणखंडादो ॥ १८२

$$६२\left|\begin{matrix}२३\\२२१\end{matrix}\right|^{४}$$

सूर्यके बाह्य मार्गमें स्थित होनेपर द्वितीय पथकी तापपरिधिका प्रमाण तिरेसठ हजार इक्कीस योजन और एक भागमात्र होता है ॥ ३५५ ॥ ६३०२१$\frac{१}{५}$ ।

इस प्रकार मध्यम पथ पर्यन्त ले जाना चाहिये ।

विरोचन अर्थात् सूर्यके बाह्य मार्गमें स्थित होनेपर मध्यम पथमें तापक्षेत्रका प्रमाण तिरेसठ हजार तीन सौ चालीस योजन और दो कला अधिक रहता है ॥ ३५६ ॥

६३३४०$\frac{२}{५}$ ।

इस प्रकार द्विचरम मार्ग तक ले जाना चाहिये ।

तेसट्ठिसहस्साणिं छस्सय बासट्ठि जोयणाणि कला । चत्तारो बहिमग्गट्ठिदम्मि तवणम्मि बहिपहे ताओ ॥

$$६३६६२\left|\begin{matrix}४\\५\end{matrix}\right|$$

एक्कं लक्खं णवजुदचउवण्णसयाणि जोयणा अंसो । बाहिरपहट्ठिदक्के तावखिदी लवणछट्ठंसे ॥ ३५८

$$१०५४०९\left|\begin{matrix}१\\५\end{matrix}\right|$$

आदिमपहादु बाहिरपहम्मि भाणुस्स गमणकालम्मि । हाएदि किरणसत्ती वड्ढदि यागमणकालम्मि ॥३५९

तावक्खिदिपरिधीए[1] ताओ एक्ककमलणाहम्मि । दुगुणिदपरिमाणाओ सहस्सकिरणेसु दोण्हम्मि[2] ॥ ३६०

। तावखिदिपरिही सम्मत्ता ।

सव्वासुं परिहीसुं पढमपहट्ठिदसहस्सकिरणम्मि । बारसमुहुत्तमेत्ता पुह पुह उप्पज्जदे रत्ती ॥ ३६१

इच्छिदपरिहिपमाणं पंचविहत्तम्मि होदि जं लद्धं । सा तिमिरखेत्तपरिही पढमपहट्ठिददिणेसम्मि ॥ ३६२

$$\left|\begin{matrix}१\\५\end{matrix}\right|$$

सूर्यके बाह्य मार्गमे स्थित होनेपर बाह्य पथमें तापक्षेत्र तिरेसठ हजार छह सौ बासठ योजन और चार कलाप्रमाण रहता है ॥ ३५७ ॥ ६३६६२$\frac{४}{५}$ ।

सूर्यके बाह्य पथमें स्थित होनेपर लवण समुद्रके छठे भागमे तापक्षेत्र एक लाख चौवन सौ नौ योजन और एक भागमात्र रहता है ॥ ३५८ ॥ १०५४०९$\frac{१}{५}$ ।

आदि पथसे बाह्य पथकी ओर जाते समय सूर्यकी किरणशक्ति हीन होती है और बाह्य पथसे आदि पथकी ओर वापिस आते समय वह किरणशक्ति वृद्धिगत होती है ॥ ३५९ ॥

एक सूर्यके रहते तापक्षेत्रपरिधिमें जितने प्रमाण ताप रहता है उससे दुगुणे प्रमाण वह दो सूर्योंके रहनेपर होता है ॥ ३६० ॥

तापक्षेत्रपरिधिका कथन समाप्त हुआ ।

सूर्यके प्रथम पथमें स्थित रहनेपर पृथक् पृथक् सब परिधियोंमें बारह मुहूर्तप्रमाण रात्रि होती है ॥ ३६१ ॥

इच्छित परिधिप्रमाणको पांचसे विभक्त करनेपर जो लब्ध आवे उतना सूर्यके प्रथम पथमें स्थित होनेपर तिमिरक्षेत्रपरिधिका प्रमाण होता है ॥ ३६२ ॥

इच्छित मेरुपरिधि ३१६२२ ÷ ५ = ६३२३$\frac{३}{५}$ मेरुके ऊपर ति. क्षे. प्रमाण ।

---

१ द परिहिदीए, २ एसा गाथा ब पुस्तके नास्ति.

छच्च सहस्सा तिसया चउवीसं जोयणाणि दोण्णि कला । मेरुगिरितिमिरखेत्तं आदिममग्गट्ठिदे तवणे ॥३६३

६३२४ | २/५ |

पणतीससहस्सा पणसयाणि बावण्णजोयणा अंसा । अट्ठहिदा खेमाए तिमिराखिदी पढमपहठिदपयगे ॥३६४

३५५५२ | १/८ |

तियअट्ठणवट्ठतिया अंककमे सगदुगंस चालहिदा । खेमपुरीतमखेत्तं दिवायरे पढममग्गठिदे ॥ ३६५

३८९८३ | २७/४० |

एक्कत्तालसहस्सा णवसयचालीस जोयणाणि कला । पणतीस तिमिरखेत्तं रिट्ठाए पढमपहगदुदिणेसे ॥

४१९४० | ३५/४० |

बावत्तरि तिसयाणिं पणदालसहस्स जोयणा अंसा । सत्तरस अरिट्ठपुरे तमखेत्तं पढमपहसूरे ॥ ३६७

४५३७२ | १७/४० |

अट्ठत्तालसहस्सा तिसया उणतीस जोयणा अंसा । पणुवीसं खग्गाए बहुमज्झिमपणिधितमखेत्तं ॥ ३६८

४८३२९ | २५/४० |

सूर्यके आदि मार्गमें स्थित होनेपर मेरुपर्वतके ऊपर तिमिरक्षेत्रका प्रमाण छह हजार तीन सौ चौबीस योजन और दो भाग अधिक रहता है ॥ ३६३ ॥ ६३२४$\frac{२}{५}$ ।

पतंग अर्थात् सूर्यके प्रथम पथमें स्थित होनेपर क्षेमा नगरीमें तिमिरक्षेत्र पैंतीस हजार पांच सौ बावन योजन और एक योजनके आठवें भागप्रमाण रहता है ॥ ३६४ ॥

३५५५२$\frac{१}{८}$ ।

सूर्यके प्रथम मार्गमें स्थित होनेपर क्षेमपुरीमें तमक्षेत्र तीन, आठ, नौ, आठ और तीन, इन अंकोंके क्रमसे अड़तीस हजार नौ सौ तेरासी योजन और सत्ताईस भागप्रमाण रहता है ॥ ३६५ ॥ ३८९८३$\frac{२७}{४०}$ ।

सूर्यके प्रथम पथको प्राप्त होनेपर अरिष्टा नगरीमें तिमिरक्षेत्र इकतालीस हजार नौ सौ चालीस योजन और पैंतीस कलाप्रमाण रहता है ॥ ३६६ ॥ ४१९४०$\frac{३५}{४०}$ ।

सूर्यके प्रथम पथमें स्थित होनेपर अरिष्टपुरमें तमक्षेत्र पैंतालीस हजार तीन सौ बहत्तर योजन और सत्तरह भागमात्र रहता है ॥ ३६७ ॥ ४५३७२$\frac{१७}{४०}$ ।

खड्गा नगरीके बहुमध्यम प्रणिधि भागमें तमक्षेत्र अड़तालीस हजार तीन सौ उनतीस योजन और पच्चीस भागमात्र रहता है ॥ ३६८ ॥ ४८३२९$\frac{२५}{४०}$ ।

एक्कावण्णसहस्सा सत्तसया एक्कसट्ठि जोयणया । सत्तंसा तमखेत्तं मंजुसपुरमज्झपणिधीए ॥ ३६९

५१७६१ | ७/४० |

चउवण्णसहस्सा सगसयाणि अट्ठरसजोयणा अंसा । पण्णरस ओसहीपुरबहुमज्झिमपणिधितिमिरखिदी ॥

५४७१८ | १५/४० |

अट्ठावण्णसहस्सा इगिसय उणवण्ण जोयणा अंसा । सगतीस पुंडरीगिणिपुरीए बहुमज्झपणिधितमं ॥३७१

५८१४९ | ३७/४० |

तेसट्ठिसहस्साणिं सत्तरसं जोयणाणि चउअंसा[1] । पंचहिदा पढमपहे तमपरिही पहठिददिणेसे ॥ ३७२

६३०१७ | ४/५ |

तेसट्ठिसहस्साणिं जोयणया एक्कवीस एक्ककला । बिदियपहतिमिरखेत्तं आदिममग्गट्ठिदे सूरे ॥ ३७३

६३०२१ | १/५ |

मंजूषपुरकी मध्यप्रणिधिमें तमक्षेत्र इक्यावन हजार सात सौ इकसठ योजन और सात भागमात्र रहता है ॥ ३६९ ॥ ५१७६१$\frac{७}{४०}$ ।

औषधीपुरकी बहुमध्यप्रणिधिमें तिमिरक्षेत्र चौवन हजार सात सौ अठारह योजन और पन्द्रह भागप्रमाण रहता है ॥ ३७० ॥ ५४७१८$\frac{१५}{४०}$ ।

पुण्डरीकिणी पुरीकी बहुमध्यप्रणिधिमें तमका प्रमाण अट्ठावन हजार एक सौ उनंचास योजन और सैंतीस भाग अधिक रहता है ॥ ३७१ ॥ ५८१४९$\frac{३७}{४०}$ ।

सूर्यके प्रथम पथमें स्थित होनेपर प्रथम पथमें तमकी परिधि तिरेसठ हजार सत्तरह योजन और चार भागप्रमाण होती है ॥ ३७२ ॥ ६३०१७$\frac{४}{५}$ ।

सूर्यके आदिम मार्गमें स्थित होनेपर द्वितीय पथमें तिमिरक्षेत्र तिरेसठ हजार इक्कीस योजन और एक कला अधिक रहता है ॥ ३७३ ॥ ६३०२१$\frac{१}{५}$ ।

---

१ द ब जोयणया चउकलाओ.

तेसट्ठिसहस्साणिं चउवीसं जोयणाणि चउ अंसा । तदियपहतिमिरभूमी मत्तंडे पढममग्गगदे ॥ ३७४

$६३०२४\left|\begin{matrix}४\\५\end{matrix}\right|$

एवं मज्झिममग्गंतं णेदव्वं ।

तेसट्ठिसहस्साणिं तिसया चालीस जोयणा दुकला । मज्झिमपहतिमिरखिदी तिव्वकरे पढममग्गठिदे ॥३७५

$६३३४०\left|\begin{matrix}२\\५\end{matrix}\right|$

एवं दुचरिमपरियंतं णेदव्वं ।

तेसट्ठिसहस्साणिं छस्सयबासट्ठिजोयणाणि कला । चत्तारो बहिमग्गे तमखेत्तं पढमपहठिदे तवणे ॥ ३७६

$६३६६२\left|\begin{matrix}४\\५\end{matrix}\right|$

एक्कं लक्खं णवजुद्दचउवण्णसयाणि जोयणा अंसा । जलछट्ठभागतिमिरं उण्हयरे पढममग्गठिदे ॥ ३७७

$१०५४०९\left|\begin{matrix}१\\५\end{matrix}\right|$

इच्छियपरिरयरासिं सगसट्ठीतियसएहिं गुणिदूणं । णभतियअट्ठेक्कहिदे तमखेत्तं बिदियपहठिदे सूरे ॥ ३७८

$\begin{matrix}३६७\\१८३०\end{matrix}\Big|$

सूर्यके प्रथम मार्गमे स्थित रहनेपर तृतीय पथमे तिमिरक्षेत्र तिरेसठ हजार चौबीस योजन और चार भाग अधिक रहता है ॥ ३७४ ॥ $६३०२४\frac{४}{५}$ ।

इस प्रकार मध्यम मार्ग तक ले जाना चाहिये ।

तीव्रकर अर्थात् सूर्यके प्रथम मार्गमें स्थित होनेपर मध्यम पथमें तिमिरक्षेत्र तिरेसठ हजार तीन सौ चालीस योजन और दो कला अधिक रहता है ॥ ३७५ ॥ $६६३४०\frac{२}{५}$ ।

इस प्रकार द्विचरम मार्ग पर्यन्त ले जाना चाहिये ।

सूर्यके प्रथम पथमें स्थित होनेपर बाह्य मार्गमें तमक्षेत्र तिरेसठ हजार छह सौ बासठ योजन और चार कला अधिक रहता है ॥ ३७६ ॥ $६३६६२\frac{४}{५}$ ।

सूर्यके प्रथम मार्गमें स्थित होनेपर लवणसमुद्रसम्बन्धी जलके छठे भागमें तिमिरक्षेत्र एक लाख चौवन सौ नौ योजन और एक भाग अधिक रहता है ॥ ३७७ ॥

$१०५४०९\frac{१}{५}$ ।

इष्ट परिधिराशिको तीन सौ सड़सठसे गुणा करके प्राप्त गुणनफलमें अठारह सौ तीसका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना सूर्यके द्वितीय पथमें स्थित रहनेपर विवक्षित परिधिमें तमक्षेत्रका प्रमाण होता है ॥ ३७८ ॥

एक्कचउक्कतिछक्का अंककमे दुगदुगच्छअंसा य । पंचेक्कणवयभजिदा मेरुतमं बिदियपहतवणे[1] ॥ ३७९

$$६३४१\left|\begin{matrix}६२२\\९१५\end{matrix}\right|$$

णवचउछप्पंचतिया अंककमे सत्तछक्कसत्तंसा । अट्ठदुणवदुगभजिदा खेमाए मज्झपणिधितमं ॥ ३८०

$$३५६४९\left|\begin{matrix}७६७\\२९२८\end{matrix}\right|$$

णभणवणभणवयतिया अंककमे णवचउक्कसगदुकला । णभचउछचउएक्कहिदा खेमपुरीपणिधितमखेत्तं ॥

$$३९०९०\left|\begin{matrix}२७४९\\१४६४०\end{matrix}\right|$$

पंचपणगयणदुगचउ अंककमे पणचउक्कअडछक्का[2] । अंसा तिमिरक्खेत्ते मज्झिमपणिधीए रिट्ठाए ॥ ३८२

$$४२०५५\left|\begin{matrix}६८४५\\१४६४०\end{matrix}\right|$$[3]

उदाहरण— इष्ट मेरुपरिधिराशि ३१६२२; ३१६२२ × ३६७ = ११६०५२७४; ११६०५२७४ ÷ १८३० = ६३४१$\frac{६२२}{९१५}$ मेरुका तिमिरक्षेत्रप्रमाण ।

सूर्यके द्वितीय पथमे स्थित होनेपर मेरु पर्वतके ऊपर तमक्षेत्र एक, चार, तीन और छह, इन अंकोंके क्रमसे छह हजार तीन सौ इकतालीस योजन और नौ सौ पन्द्रहसे भाजित छहसौ बाईस भाग अधिक रहता है ॥ ३७९ ॥ ६३४१$\frac{६२२}{९१५}$ ।

क्षेमा नगरीके मध्य प्रणिधि भागमें तमक्षेत्र नौ, चार, छह, पांच और तीन, इन अंकोंके क्रमसे पैंतीस हजार छह सौ उनंचास योजन और दो हजार नौ सौ अट्ठाईससे भाजित सात सौ सड़सठ भाग प्रमाण रहता है ॥ ३८० ॥ ३५६४९$\frac{७६७}{२९२८}$ ।

क्षेमपुरीके प्रणिधिभागमे तमक्षेत्र शून्य, नौ, शून्य, नौ और तीन, इन अंकोंके क्रमसे उनतालीस हजार नब्बे योजन और चौदह हजार छह सौ चालीससे भाजित दो हजार सात सौ उनंचास कला प्रमाण रहता है ॥ ३८१ ॥ ३९०९०$\frac{२७४९}{१४६४०}$ ।

रिष्टा नगरीके मध्यम प्रणिधिभागमे तिमिरक्षेत्र पांच, पांच, शून्य, दो और चार, इन अंकोंके क्रमसे ब्यालीस हजार पचवन योजन और छह हजार आठ सौ पैंतालीस भाग अधिक रहता है ॥ ३८२ ॥ ४२०५५$\frac{६८४५}{१४६४०}$ ।

१ द ब बिदियपरिधितवणे. २ द चउक्कपणअड. ३ द ६८५४५ / १४६४०

छण्णवचउक्कपणचउ अंकक्कमे णवयपंचसगपंचा । अंसा मज्झिमपणिहीतमखेत्तमरिट्ठणयरीए ॥ ३८३

४५४९६ | ५७५९ / १४६४० |

एक्क छच्चउअट्ठा चउ अंककमेण पंचपंचट्ठा । णव य कलाओ खग्गामज्झिमपणधीए तिमिरखिदी ॥ ३८४

४८४६१ | ९८५५ / १४६४० |

दुगणभणवेक्कपंचा अंककमे णवयछक्कसत्तट्ठा । अंसा मंजुसणयरीमज्झिमपणधीए तमखेत्तं ॥ ३८५

५१९०२ | ८७६९ / १४६४० |

सत्तछअट्ठचउक्का पंचंककमेण जोयणा अंसा । पंचऊअट्ठदुगेक्का ओसहिपुरपणिधितमखेत्तं ॥ ३८६

५४८६७ | १२८६५ / १४६४० |

अट्ठखतिअट्ठपंचा अंककमेण जोयणाणि अंसा य । णवसगसगएक्केक्का तमखेत्तं पुंडरीगिणीणयरे ॥ ३८७

५८३०८ | ११७७९ / १४६४० |

अरिष्ट नगरीके मध्यम प्रणिधिभागमें तमक्षेत्र छह, नौ, चार, पांच और चार, इन अंकोंके क्रमसे पैतालीस हजार चार सौ छयानवे योजन और पांच हजार सात सौ उनसठ भाग अधिक रहता है ॥ ३८३ ॥ ४५४९६$\frac{५७५९}{१४६४०}$ ।

खड्गा पुरीके मध्यम प्रणिधिभागमें तिमिरक्षेत्र एक, छह, चार, आठ और चार, इन अंकोंके क्रमसे अड़तालीस हजार चार सौ इकसठ योजन और नौ हजार आठ सौ पचवन कला अधिक रहता है ॥ ३८४ ॥ ४८४६१$\frac{९८५५}{१४६४०}$ ।

मंजूषा नगरीके मध्यम प्रणिधिभागमें तमक्षेत्र दो, शून्य, नौ, एक और पांच, इन अंकोंके क्रमसे इक्यावन हजार नौ सौ दो योजन और आठ हजार सात सौ उनत्तर भाग प्रमाण रहता है ॥ ३८५ ॥ ५१९०२$\frac{८७६९}{१४६४०}$ ।

औषधि पुरके प्रणिधिभागमें तमक्षेत्र सात, छह, आठ, चार और पांच, इन अंकोंके क्रमसे चौवन हजार आठ सौ सड़सठ योजन और बारह हजार आठ सौ पैसठ भाग प्रमाण रहता है ॥ ३८६ ॥ ५४८६७$\frac{१२८६५}{१४६४०}$ ।

पुण्डरीकिणी नगरीमें तमक्षेत्र आठ, शून्य, तीन, आठ और पांच, इन अंकोंके क्रमसे अट्ठावन हजार तीन सौ आठ योजन और ग्यारह हजार सात सौ उन्यासी भाग प्रमाण रहता है ॥ ३८७ ॥ ५८३०८$\frac{११७७९}{१४६४०}$ ।

णवअट्ठेक्कतिछक्का अंककमे तिणवसत्तएक्कंसा । णभतियअट्ठेक्कहिदा बिदियपहे पढमपहतिमिरं ॥ ३८८

$$६३१८९ \left| \begin{matrix} १७९३ \\ १८३० \end{matrix} \right|$$

तियणवएक्कतिछक्का अंकाण कमे दुगेक्कसत्तंसा । पंचेक्कणवविहत्ता बिदियपहे बिदियपहतिमिरं ॥

$$६३१९३ \left| \begin{matrix} ७१२ \\ ९१५ \end{matrix} \right|$$

छण्णवएक्कतिछक्का अंककमे अडदुगट्ठएक्कंसा । गयणतिअट्ठेक्कहिदा बिदियपहे तदियमग्गतमं ॥

$$६३१९६ \left| \begin{matrix} १८२८ \\ १८३० \end{matrix} \right|$$

एवं मज्झिममग्गंतं णेदव्वं ।

तेसट्ठिसहस्सा पणसयाणि तेरस य जोयणा अंसा । चउदालजुदट्ठसया बिदियपहे मज्झिममग्गतमं ॥

$$६३५१३ \left| \begin{matrix} ८४४ \\ १८३० \end{matrix} \right|$$

सूर्यके द्वितीय पथमें स्थित होनेपर प्रथम पथमें तिमिरक्षेत्र नौ, आठ, एक, तीन और छह, इन अंकोंके क्रमसे तिरेसठ हजार एक सौ नवासी योजन और अठारह सौ तीससे भाजित सत्तरह सौ तेरानबै भाग अधिक रहता है ॥ ३८८ ॥ $६३१८९\frac{१७९३}{१८३०}$ ।

(= प्र. प. प. ३१५०८९ × ३६७ = ११५९३७६६३; ११५६३७६६३ ÷ १८३० = $६३१८९\frac{१७८३}{१८३०}$ ।

सूर्यके द्वितीय पथमें स्थित होनेपर द्वितीय पथमें तिमिरक्षेत्र तीन, नौ, एक, तीन और छह, इन अंकोंके क्रमसे तिरेसठ हजार एक सौ तेरानबै योजन और नौ सौ पन्द्रहसे भाजित सात सौ बारह भाग प्रमाण रहता है ॥ ३८९ ॥ $६३१९३\frac{७१२}{९१५}$ ।

सूर्यके द्वितीय पथमें स्थित होनेपर तृतीय मार्गमें तमक्षेत्र छह, नौ, एक, तीन और छह, इन अंकोंके क्रमसे तिरेसठ हजार एक सौ छयानबै योजन और अठारह सौ तीससे भाजित अठारह सौ अट्ठाईस भाग प्रमाण रहता है ॥ ३९० ॥ $६३१९६\frac{१८२८}{१८३०}$ ।

इस प्रकार मध्यम मार्ग तक ले जाना चाहिये ।

सूर्यके द्वितीय पथमें स्थित होनेपर मध्यम मार्गमें तमक्षेत्र तिरेसठ हजार पांच सौ तेरह योजन और आठ सौ चवालीस भाग अधिक रहता है ॥ ३९१ ॥ $६३५१३\frac{८४४}{१८३०}$ ।

छत्तियअट्ठतिछक्का अंककमे णवयसत्तछक्कंसा । पंचेक्कणवविहत्ता विदियपहद्धम्मि बाहिरे तिमिरं ॥ ३९२

६३८३६ | ६७९ / ९१५ |

एवं दुचरिममग्गंतं[1] णेदव्वं ।

सत्तणवछक्कपणगभएक्कंककमेण दुगसगतियंसा । णभतियअट्ठेक्कहिदा लवणोदहिछट्ठभागतमं[2] ॥ ३९३

१०५६९७ | ३७२ / १८३० |

एवं सेसपहेसुं वीहिं पडि जामिणीमुहुत्ताणिं । ठविऊणाणेज्ज तमं छक्कोणियदुसयपरिहीसुं ॥ ३९४

१९४ ।

सव्वपरिहीसु रत्तिं अट्ठरसमुहुत्तयाणि रविबिंबे[3] । बाहिरपहठिदम्मि एदं धरिऊण भणामि तमखेत्तं ॥ ३९५

इच्छियपरिरयरासिं तिगुणं कादूण दसहिदे लद्धं । होदि तिमिरस्स खेत्तं बाहिरमग्गट्ठिदे सूरे ॥ ३९६

३ / १० |

सूर्यके द्वितीय मार्गमें स्थित होनेपर बाह्य पथमें तिमिरक्षेत्र छह, तीन, आठ, तीन और छह, इन अंकोंके क्रमसे तिरेसठ हजार आठ सौ छत्तीस योजन और नौ सौ पन्द्रहसे भाजित छह सौ उन्यासी भाग अधिक है ॥ ३९२ ॥ ६३८३६$\frac{६७९}{९१५}$ ।

इस प्रकार द्विचरम मार्ग तक ले जाना चाहिये ।

सूर्यके द्वितीय मार्गमें स्थित होनेपर लवणोदधिके छठे भागमें तिमिरक्षेत्र सात, नौ, छह, पांच, शून्य और एक, इन अंकोंके क्रमसे एक लाख पांच हजार छह सौ सत्तानबै योजन और अठारह सौ तीससे भाजित तीन सौ बहत्तर भाग अधिक है ॥ ३९३ ॥ १०५६९७$\frac{३७२}{१८३०}$ ।

इस प्रकार शेष पथोंमेंसे प्रत्येक वीथीमें रात्रिमुहूर्तोंको स्थापित करके छह कम दो सौ अर्थात् एक सौ चौरानबै परिधियोंमें तिमिरक्षेत्रको ले आना चाहिये । (देखो विशेषार्थ गा. नं. ३४३) ॥ ३९४ ॥

सूर्यबिम्बके बाह्य पथमें स्थित होनेपर सब परिधियोंमें अठारह मुहूर्तप्रमाण रात्रि होती है, इसका आश्रय करके तमक्षेत्रको कहता हूं ॥ ३९५ ॥

इच्छित परिधिराशिको तिगुणा करके दशका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना सूर्यके बाह्य मार्गमें स्थित होनेपर विवक्षित परिधिमें तिमिरका क्षेत्र होता है ॥ ३९६ ॥

उदाहरण— इच्छित मेरुपरिधि ३१६२२ × ३ = ९४८६६; ९४८६६ + १० = ९४८६$\frac{३}{५}$ तिमिरक्षेत्र ।

१ द ब °मग्गो त्ति. २ द ब छट्ठमागंतं. ३ द ब बिंबं.

णव य सहस्सा चउसय छासीदी जोयणाणि तिण्णि कला । पंचहिदा मेरुतमं बाहिरमग्गे ठिदे तवणे ॥३९७

$$९४८६\left|\begin{matrix}३\\५\end{matrix}\right|$$

तेवण्णसहस्साइं तिसया अडवीसजोयणा तिकला । सोलसहिदा य खेमामज्झिमपणधीए तमखेत्तं ॥ ३९८

$$५३३२८\left|\begin{matrix}३\\१६\end{matrix}\right|$$

अट्ठावण्णसहस्सा चउसयपणहत्तरी य जोयणया । एक्कत्तालकलाओ सीदिहिदा खेमणयरीए ॥ ३९९

$$५८४७५\left|\begin{matrix}४१\\८०\end{matrix}\right|$$

बासट्ठिसहस्सा णव सयाणि एक्करस जोयणा भागा । पणुवीस सीदिभाजिदा रिट्ठाए मज्झपणिधितमं ॥

$$६२९११\left|\begin{matrix}२५\\८०\end{matrix}\right|$$

अट्ठासट्ठिसहस्सा अट्ठावण्णा य जोयणा अंसा । एक्कावण्णं तिमिरं रिट्ठपुरीमज्झपणिधीए ॥ ४०१

$$६८०५८\left|\begin{matrix}५१\\८०\end{matrix}\right|$$

बाहत्तरिं सहस्सा चउसयचउणउदि जोयणा असा । पणुतीसं खग्गाए मज्झिमपणिधीए तिमिरविदी ॥

$$७२४९४\left|\begin{matrix}३५\\८०\end{matrix}\right|$$

सूर्यके बाह्य मार्गमें स्थित रहनेपर मेरुके ऊपर तमक्षेत्र नौ हजार चार सौ छयासी योजन और पांचसे भाजित तीन कला प्रमाण रहता है ॥ ३९७ ॥ $९४८६\frac{३}{५}$ ।

क्षेमा नगरीके मध्यम प्रणिधिभागमें तमक्षेत्र तिरेपन हजार तीन सौ अट्ठाईस योजन और सोलहसे भाजित तीन कला प्रमाण रहता है ॥ ३९८ ॥ $५३३२८\frac{३}{१६}$ ।

क्षेमपुरीमें तमक्षेत्र अट्ठावन हजार चार सौ पचहत्तर योजन और अस्सीसे भाजित इकतालीस कला प्रमाण रहता है ॥ ३९९ ॥ $५८४७५\frac{४१}{८०}$ ।

रिष्टा नगरीके मध्य प्रणिधिभागमें तमक्षेत्र बासठ हजार नौ सौ ग्यारह योजन और अस्सीसे भाजित पच्चीस भाग अधिक रहता है ॥ ४०० ॥ $६२९११\frac{२५}{८०}$ ।

अरिष्टपुरीके मध्यप्रणिधिभागमें तिमिरक्षेत्र अड़सठ हजार अट्ठावन योजन और इक्यावन भाग अधिक रहता है ॥ ४०१ ॥ $६८०५८\frac{५१}{८०}$ ।

खड्गा नगरीके मध्यम प्रणिधिभागमें तिमिरक्षेत्र बहत्तर हजार चार सौ चौरानबै योजन और पैंतीस भाग अधिक रहता है ॥ ४०२ ॥ $७२४९४\frac{३५}{८०}$ ।

सत्तत्तरिं सहस्सा छस्सय इगिदाल जोयणाणि कला । एक्कासट्ठी मंजुसणयरीपणिहीए तमखेत्तं ॥ ४०३

७७६४१ | ६१ / ८० |

बासीदिसहस्साणिं सत्तत्तरिजोयणा कलाओ वि । पंचत्तालं ओसहिपुरीए बाहिरपहट्ठिदक्कम्मि ॥ ४०४

८२०७७ | ४५ / ८० |

सत्तासीदिसहस्सा बेसयचउवीस जोयणा अंसा । एक्कत्तरी अ तमिसप्पणिधीए[1] पुंडरीगिणीणयरे ॥ ४०५

८७२२४ | ७१ / ८० |

चउणउदिसहस्सा पणसयाणि छव्वीस जोयणा अंसा । सत्त य दसपविहत्ता बहिपहतवणम्मि पढमपहतिमिरं ॥

९४५२६ | ७ / १० |

चउणउदिसहस्सा पणसयाणि इगितीस जोयणा अंसा । चत्तारो पंचहिदा बाहिपहभाणुम्मि बिदियपहतिमिरं[2] ॥

९४५३१ | ४ / ५ |

चउणउदिसहस्सा पणसयाणि सगतीस जोयणा अंसा । तदियपहतिमिरखेत्तं बहिमग्गठिदे सहस्सकरे ॥ ४०८

९४५३७ | १ / ५ |

मंजूषा नगरीके प्रणिधिभागमें तमक्षेत्र सतत्तर हजार छह सौ इकतालीस योजन और इकसठ कला अधिक रहता है ॥ ४०३ ॥ ७७६४१$\frac{६१}{८०}$ ।

सूर्यके बाह्य मार्गमें स्थित होनेपर औषधीपुरीमें तमक्षेत्र व्यासी हजार सतत्तर योजन पैंतालीस कला प्रमाण रहता है ॥ ४०४ ॥ ८२०७७$\frac{४५}{८०}$ ।

पुण्डरीकिणी नगरके प्रणिधिभागमें तमिस्रक्षेत्र सतासी हजार दो सौ चौबीस योजन और इकत्तर भाग अधिक रहता है ॥ ४०५ ॥ ८७२२४$\frac{७१}{८०}$ ।

सूर्यके बाह्य पथमें स्थित होनेपर प्रथम पथमें तिमिरक्षेत्र चौरानबै हजार पांच सौ छब्बीस योजन और दशसे भाजित सात भाग अधिक रहता है ॥ ४०६ ॥ ९४५२६$\frac{७}{१०}$ ।

सूर्यके बाह्य मार्गमें स्थित होनेपर द्वितीय पथमें तिमिरक्षेत्र चौरानबै हजार पांच सौ इकतीस योजन और पांचसे भाजित चार भाग प्रमाण रहता है ॥ ४०७ ॥ ९४५३१$\frac{४}{५}$ ।

सूर्यके बाह्य मार्गमें स्थित होनेपर तृतीय पथमें तिमिरक्षेत्र चौरानबै हजार पांच सौ सैंतीस योजन और एक भागमात्र अधिक रहता है ॥ ४०८ ॥ ९४५३७$\frac{१}{५}$ ।

---

१ द ब तिमिसप्पणिधीए. २ द ब बहितममाणुम्मि बिदियपहतावं.

चउणउदिसहस्सा पणसयाणि बादालजोयणा तिकला । दसपविहत्ता बहिपहट्ठिदतवणे तुरिममग्गतमं ॥

$$९४५४२\left|\begin{matrix}३\\१०\end{matrix}\right|$$

एवं मज्झिममग्गाहल्लमग्गं ति णेदव्वं ।

पंचाणउदिसहस्सं दसुत्तरा जोयणाणि तिण्णि कला । पंचहिदा मज्झपदे तिमिरं बहिपहट्ठिदे[1] तवणे ॥ ४१०

$$९५०१०\left|\begin{matrix}३\\५\end{matrix}\right|$$

एवं दुचरिममग्गं ति णेदव्वं ।

पंचाणउदिसहस्सा चउसयचउणउदि जोयणा अंसा । बाहिरपहतमखेत्तं दीहत्तं बाहिरट्ठिदे ॥ ४११

$$९५४९४\left|\begin{matrix}१\\५\end{matrix}\right|$$

तियएक्कएक्कअट्ठा पंचेक्कंकक्कमेण चउअंसा । बहिपहट्ठिदिदिवसयरे लवणोदहिछट्ठभागतमं ॥ ४१२

$$१५८११३\left|\begin{matrix}४\\५\end{matrix}\right|$$

एदाणिं[2] तिमिरागं भंगाणिं होंति एक्कभाणुम्मि । दुगुणिदपरिमाणाणिं दोसुं पि य हेमकिरणेसुं ॥ ४१३

सूर्यके बाह्य मार्गमें स्थित होनेपर चतुर्थ मार्गमें तमक्षेत्र चौरानबै हजार पांच सौ ब्यालीस योजन और दशसे विभक्त तीन कला अधिक रहता है ॥ ४०९ ॥ $९४५४२\frac{३}{१०}$ ।

इस प्रकार मध्यम मार्गके आदिम मार्ग तक ले जाना चाहिये ।

सूर्यके बाह्य पथमे स्थित होनेपर मध्यम पथमें तिमिरक्षेत्र पंचानबै हजार दश योजन और पांचसे भाजित तीन कला अधिक रहता है ॥ ४१० ॥ $९५०१०\frac{३}{५}$ ।

इस प्रकार द्विचरम मार्ग तक ले जाना चाहिये ।

सूर्यके बाह्य अध्व (मार्ग) में स्थित रहनेपर बाह्य पथमें तमक्षेत्र पंचानबै हजार चार सौ चौरानबै योजन और एक भागमात्र लम्बा रहता है ॥ ४११ ॥ $९५४९४\frac{१}{५}$ ।

सूर्यके बाह्य मार्गमें स्थित होनेपर लवणोदधिके छठे भागमें तमक्षेत्र तीन, एक, एक, आठ, पांच और एक, इन अंकोंके क्रमसे एक लाख अट्ठावन हजार एक सौ तेरह योजन और चार भाग अधिक रहता है ॥ ४१२ ॥ $१५८११३\frac{४}{५}$ ।

ये तिमिरक्षेत्रोंके भंग एक सूर्यके रहते हुए होते हैं । दोनों सूर्योंके होते हुए इन्हें द्विगुणित प्रमाण जानना चाहिये ॥ ४१३ ॥

१ द ब पिहिपहट्ठिदे. २ द ब एदाणं.

पढमपहादो बाहिरपहम्मि दिवसाहिवस्स गमणेसुं । वड्ढंति तिमिरखेत्ता आगमणेसुं च परियंति ॥ ४१४

एवं सव्वपहेसुं भणियं तिमिरक्खिदीण परिमाणं । एत्तो आदवतिमिरक्खेत्तफलाइं परूवेमो ॥ ४१५

लवणंबुरासिवासच्छट्ठमभागस्स परिहिबारसमे । पणलक्खेहिं गुणिदे तिमिरादवखेत्तफलमाणं ॥ ४१६

चउठाणेसुं सुण्णा पंचदुणभछक्कणवयएक्कदुगा । अंककमे जोयणया तं खेत्तफलस्स परिमाणं ॥ ४१७

२१९६०२५०००० ।

एदे तिगुणिय भजिदं दसेहि एक्कादवक्खिदीय फलं । तेत्तिय दुतिभागहदं होदि फलं एक्कतमखेत्तं ॥ ४१८

६५८८०७५००० । ति ४३९२०५०००० ।

दिवसाधिप अर्थात् सूर्यके प्रथम पथसे बाह्य पथकी ओर गमन करनेमें तिमिरक्षेत्र वृद्धिको और आगमनकालमें हानिको प्राप्त होते है ॥ ४१४ ॥

इस प्रकार सब पथोंमें तिमिरक्षेत्रोंके प्रमाणको कह दिया है । अब यहांसे आगे आतप और तिमिरके क्षेत्रफलको कहते हैं ॥ ४१५ ॥

लवण समुद्रके विस्तारके छठे भागकी जो परिधि हो उसके बारहवें भागको पांच लाखसे गुणा करनेपर तिमिर और आतपक्षेत्रका क्षेत्रफलप्रमाण आता है ॥ ४१६ ॥

लवण समुद्रका वि. यो. २००००० ; २००००० ÷ ६ = ३३३३३$\frac{२}{६}$; दोनों ओरके प्रमाणके लिये इसे दुगुणा करनेपर ६६६६६$\frac{४}{६}$; जम्बूद्वीपका विस्तार १००००० ; १००००० + ६६६६६$\frac{४}{६}$ = १६६६६६$\frac{४}{६}$; इसकी परिधि 'विक्खंभवग्गदहगुणकरणी' इस करणसूत्रके अनुसार ५२७०४६ ÷ १२ = ४३९२०$\frac{१}{२}$; ४३९२०$\frac{१}{२}$ × ५ लाख = २१९६०२५०००० ति. व आ. क्षेत्रफल ।

चार स्थानोंमें शून्य, पांच, दो, शून्य, छह, नौ, एक और दो, इन अंकोंके क्रमसे उस क्षेत्रफलका प्रमाण इक्कीस सौ छयानबै करोड़ दो लाख पचास हजार योजनमात्र होता है ॥ ४१७ ॥ २१९६०२५०००० ।

इसको तिगुणा करके दशका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना एक आतपक्षेत्रका क्षेत्रफल और इस आतपक्षेत्रफल प्रमाणके तीन भागोंमेंसे दो भागमात्र एक तमक्षेत्रका क्षेत्रफल होता है ॥ ४१८ ॥

२१९६०२५०००० × ३ = ६५८८०७५०००० ; ६५८८०७५०००० ÷ १० = ६५८८०७५००० एक आतप क्षेत्रफल ।

आतप. क्षे. फ. ६५८८०७५००० × $\frac{२}{३}$ = ४३९२०५०००० एक तमक्षेत्रफल ।

एदं आदवतिमिरक्खेत्तफलं एक्कदिणयरणिमित्तं । दोसुं रविबिंबेसुं णादव्वं दुगुणपुव्वपरिमाणं ॥ ४१९

अट्ठारस विय सया तावक्खेत्तं[1] तु हेट्ठदो तवदि । सव्वेसिं सूराणं सतमेक्कं उवरि तावं तु ॥ ४२०

१८०० । १०० ।

एत्तो दिवायराणं हदवत्थमणेसु जाणि रूवाणि । ताइं परमगुरूणं उवदेसेणं पवक्खेमो ॥ ४२१

बाणविहीणे वासे अउगुणसरताडिदम्मि जीवकदी । इसुवग्गा छग्गुणिदा तीए जुदो होदि चावकदी ॥

तियजोयणलक्खाणिं दस य सहस्साणि ऊणवीसेहिं । अवहरिदाहं भणिदं हरिवरिससरस्स परिमाणं ॥ ४२३

३१०००० / १९

तम्मज्झे सोधेज्जं सीदिस्समधियसदं च जं सेसं । सो आदिममग्गादो बाणं हरिवरिसविजयस्स ॥ ४२४

१८० ।

यह उपर्युक्त आतप व तिमिरक्षेत्रफल एक सूर्यके निमित्तसे है । दोनों सूर्योंके रहनेपर इसे पूर्वप्रमाणसे दुगुणा जानना चाहिये ॥ ४१९ ॥

सब सूर्योंके नीचे अठारह सौ योजन प्रमाण और ऊपर एक सौ योजनमात्र तापक्षेत्र तपता है ॥ ४२० ॥ १८०० । १०० ।

यहांसे आगे सूर्योंके उदय व अस्त होनेमें जो स्वरूप होते हैं, उन्हें परम गुरुओंके उपदेशानुसार कहते हैं ॥ ४२१ ॥

बाण रहित विस्तारको चौगुणे बाणप्रमाणसे गुणा करनेपर जीवाकी कृति होती है । बाणके वर्गको छहसे गुणा करनेपर जो राशि प्राप्त हो उसे उपर्युक्त जीवाकी कृतिमें मिला देनेसे धनुषकी कृति होती है ॥ ४२२ ॥

हरिवर्ष क्षेत्रके बाणका प्रमाण उन्नीससे भाजित तीन लाख दश हजार योजन मात्र कहा गया है ॥ ४२३ ॥ $\frac{३१००००}{१९}$ ।

इसमेंसे एक सौ अस्सी योजन (जम्बूद्वीपका चार क्षेत्र) कम करनेपर जो शेष रहे उतना प्रथम मार्गसे हरिवर्ष क्षेत्रका बाण होता है ॥ ४२४ ॥

जं. द्वी. चा. क्षे. १८० = $\frac{३४२०}{१९}$; ह. क्षे. बाण $\frac{३१०००}{१९}$ − रिण $\frac{३४००}{१९}$ = $\frac{२९६८०}{१९}$ आदि मार्गसे हरिवर्ष क्षेत्रका बाणप्रमाण ।

१ [अट्ठारसजोयणसय तावक्खेत्तं].

तियजोयणलक्खाणिं छच्च सहस्साणि पणसयाणिं पि । वीदिजुदाणिं आदिममग्गादो तस्स परिमाणं ॥

३०६५८० | १९ |

णवणवदिसहस्साणिं छस्सयचत्तालजोयणाणिं च । परिमाणं णादव्वं आदिममग्गस्स सूईए ॥ ४२६

९९६४० ।

तियठाणेसुं सुण्णा चउछप्पंचदुखछणवसुण्णा । पंचदुगंककमेणं एक्कं छत्तिभजिदा अ धणुवग्गो ॥ ४२७

२५०९६०२५६४००० | ३६१ |

तेसीदिसहस्सा तियसयाणि सत्तत्तरी य जोयणया । णव य कलाओ आदिमपहादु हरिवस्सधणुपट्ठं ॥

८३३७७ | ९ | १९ |

तद्धणुपट्ठस्सद्धं सोधेज्जसु चक्खुपाससेत्तम्मि । जं अवसेसपमाणं णिसधाचलउवरिमखिदी सा ॥ ४२९

४१६८८ | १४ | १९ |

आदिम मार्गसे उस हरिवर्ष क्षेत्रके बाणका प्रमाण उन्नीससे भाजित तीन लाख छह हजार पांच सौ अस्सी योजनमात्र होता है ॥ ४२५ ॥ $\frac{३०६५८०}{१९}$ ।

प्रथम मार्गकी सूचीका प्रमाण निन्यानवे हजार छहसौ चालीस योजनमात्र जानना चाहिये ॥ ४२६ ॥ ९९६४० ।

तीन स्थानोंमें शून्य, चार, छह, पांच, दो; शून्य, छह, नौ, शून्य, पांच और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उसमें तीन सौ इकसठका भाग देनेपर लब्ध राशिप्रमाण हरिवर्षक्षेत्रके धनुषका वर्ग होता है । ॥ ४२७ ॥ $\frac{२५०९६०२५६४०००}{३६१}$

आदिम पथसे हरिवर्षक्षेत्रका धनुःपृष्ठ तेरासी हजार तीन सौ सतत्तर योजन और नौ कलाप्रमाण है ॥ ४२८ ॥ ८३३७७$\frac{९}{१९}$ ।

इस धनुःपृष्ठप्रमाणके अर्ध भागको चक्षुस्पर्शक्षेत्रमेंसे कम कर देनेपर जो शेष प्रमाण रहे उतनी निषधपर्वतकी उपरिम पृथिवी है [जहांपर उदित हुए सूर्यबिम्बको अयोध्यापुरीमें भरतादिक चक्रवर्ती देखते हैं] ॥ ४२९ ॥

हरिवर्षका धनुषपृष्ठ ८३३७७$\frac{९}{१९}$ = $\frac{१५८४१७२}{१९}$; इसका आधा = $\frac{१५८४१७२}{३८}$ = $\frac{१५८४१७२०}{३८०}$; चक्षुस्पर्शक्षेत्र ४७२६३$\frac{७}{१९}$ = $\frac{९४५२६७}{२०}$ = $\frac{१७९६००७३}{३८०}$; $\frac{१७९६००७३}{३८०}$ − $\frac{१५८४१७२०}{३८०}$ = $\frac{२११८३५३}{३८०}$ = ५५७४$\frac{२३३}{३८०}$ निषध पर्वतकी उपरिम पृथिवीका प्रमाण ।

१ द ब अवसेत°.

आदिमपरिहिं तिगुणिय वीसहिदो लद्धमेत्ततेसट्ठी । दुसदा सत्तत्तालं सहस्सया वीसहरिदसत्तंसा ॥ ४३०

४७२६३ | ७ / २० |

एदं चक्खुप्पासोक्किट्ठक्खेत्तस्स होदि परिमाणं । तं एत्थं णेदव्वं हरिवरिससरासपट्ठद्धं ॥ ४३१

पंचसहस्सा [तह] पणसयाणि चउहत्तरी य जोयणया । बेसयतेत्तीसंसा हारो सीदीजुदा तिसया ॥ ४३२

५५७४ | २३३ / ३८० |

उवरिम्मि णिसहगिरिणो एत्तियमाणेण पढममग्गठिदं । पेच्छंति तवणिबिंबं भरहक्खेत्तम्मि चक्कहरा ॥ ४३३

आदिम परिधिको तिगुणा करके बीसका भाग देनेपर जो सैंतालीस हजार दो सौ तिरेसठ योजन और एक योजनके बीस भागोंमेंसे सात भाग लब्ध आते हैं यही उत्कृष्ट चक्षुस्पर्शक्षेत्रका प्रमाण होता है। इसमेंसे हरिवर्षक्षेत्रके धनुःपृष्ठप्रमाणके अर्ध भागको घटाना चाहिये ॥ ४३०-४३१ ॥

विशेषार्थ— जब श्रावण मासमें (कर्क संक्रान्तिके समय) सूर्य अभ्यन्तर वीथीमें स्थित होता है तब अयोध्या नगरीके मध्यमें अपने महलके ऊपर स्थित भरतादिक चक्रवर्ती निषध पर्वतके ऊपर उदित होते हुए सूर्यबिम्बको देखते हैं। यह अयोध्या नगरी निषध पर्वतके एक भागसे दूसरे भाग तककी अभ्यन्तर वीथीके ठीक बीचमें स्थित है। इस प्रकार जब सूर्य अपने भ्रमण द्वारा पूर्ण (३१५०८९ यो.) अभ्यन्तरपरिधिको साठ मुहूर्तमें और निषध पर्वतके एक ओरसे दूसरे ओर तककी अभ्यन्तरपरिधिको अठारह मुहूर्तमें समाप्त करता है, तब वह निषध पर्वतसे अयोध्या तककी परिधिको नौ मुहूर्तमें समाप्त करेगा। अब जब सूर्य ३१५०८९ योजनप्रमाण परिधिको साठ मुहूर्तमें समाप्त करता है, तब वह नौ मुहूर्तमें कितनी परिधिको समाप्त करेगा ? इस प्रकार त्रैराशिक करनेपर सैंतालीस हजार दो सौ त्रिरेसठ योजन और एक योजनके बीस भागोंमेंसे सात भागप्रमाण यह उत्कृष्ट चक्षुस्पर्शक्षेत्र आता है।

उदाहरण— $\frac{९}{६०} = \frac{३}{२०}$; अभ्यन्तरपरिधि ३१५०८९ × $\frac{३}{२०}$ = ४७२६३$\frac{७}{२०}$ उत्कृष्ट चक्षुस्पर्शक्षेत्र। (देखो त्रिलोकसार गाथा ३८९)।

उक्त प्रकारसे चक्षुके उत्कृष्ट विषयक्षेत्रमेंसे हरिवर्षके अर्ध धनुःपृष्ठको निकाल देनेपर निषध-पर्वतकी उपरिम पृथिवीका प्रमाण पांच हजार पांच सौ चौहत्तरे योजन और एक योजनके तीन सौ अस्सी भागोंमेंसे दो सौ तेतीस भाग अधिक आता है। इतने योजनमात्र निषध पर्वतके ऊपर प्रथम वीथीमें स्थित सूर्यबिम्बको भरतक्षेत्रके चक्रवर्ती देखते हैं ॥ ४३२-४३३॥

५५७४$\frac{२३३}{३८०}$ ।

उवरिम्मि णीलगिरिणो तेत्तियमाणेण पढममग्गगदो । पुरावदम्मि विजए चक्की देक्खंति इयररविं[1] ॥ ४३४
मग्गेक्कमुहुत्ताणिं खेमादीतियपुरम्मि अधियाणिं । किंचूणएक्कणाली[2] रत्ती य अरिट्ठणयरम्मि ॥ ४३५
णालि १ ।
तावे खग्गपुरीए अत्थमणं होदि मंजुसपुरम्मि । अवरण्हमधियगलिया[3] ओसहियगयरम्मि साधियमुहुत्त ॥
तावे मुहुत्तमधियं अवरण्हं पुंडरीगिणीणयरे । तप्पणिधी सुरवण्णे दोण्णि[4] मुहुत्ताणि अदिरेगो ॥ ४३७
कालम्मि सुसीमप्पणधीए सुरवणम्मि पढमपहे । होदि अवरण्हकालो तिण्णि मुहुत्ताणि अदिरेगो ॥४३८
तेय तिय मुहुत्तमधिया[5] सुसीमकुंडलपुरम्मि दो दो य । एक्केक्कसाधियाणि य अवराजिदपहंकरंकपउमपुरे ॥
सुभणयरे अवरण्हं साधियणाली य होदि परिमाणं । णालितिभागं रत्ती किंचूणं रयणसंचयपुरम्मि ॥४४०
तावदम्मि उदओ अंकाले होदि कमलबंधुस्स । तावे[6] दिणरत्तीओ अवरविदेहेसु साहेमि ॥ ४४१

ऐरावत क्षेत्रके चक्रवर्ती उतने ही योजनप्रमाण (५५७४$\frac{३}{१९}\frac{३}{१९}\frac{३}{१९}$) नील पर्वतके ऊपर प्रथम मार्गमें स्थित द्वितीय सूर्यबिम्बको देखते हैं ॥ ४३४ ॥

भरतक्षेत्रमें सूर्यके उदित होनेपर क्षेमा आदिक तीन पुरोंमें एक मुहूर्तसे कुछ अधिक और अरिष्टनगरमें कुछ कम एक नाली (घड़ी) प्रमाण रात्रि होती है ॥ ४३५ ॥

उस समय खड्गपुरीमें सूर्यास्त, मंजूषपुरमें एक नालीसे अधिक अपराह्न, और औषधी-नगरमें वह (अपराह्न) मुहूर्तसे अधिक होता है । ॥ ४३६ ॥

उस समय पुण्डरीकिणी नगरमें वह अपराह्न एक मुहूर्तसे अधिक और इसके समीप देवारण्यमें दो मुहूर्तसे अधिक होता है ॥ ४३७ ॥

इसी समय प्रथम पथमें सुसीमा नगरीके समीप देवारण्यमें तीन मुहूर्तसे अधिक अपराह्न काल होता है ॥ ४३८ ॥

इस समय सुसीमा व कुण्डलपुरमें तीन तीन मुहूर्तसे अधिक, अपराजित व प्रभंकर पुरमें दो दो मुहूर्तसे अधिक, अंकपुर व पद्मपुरमें एक एक मुहूर्तसे अधिक, और शुभ नगरमें एक नालीसे अधिक अपराह्न काल होता है । इसके अतिरिक्त रत्नसंचय पुरमें उस समय कुछ कम नालीके तीसरे भागप्रमाण रात्रि होती है ॥ ४३९-४४० ॥

जिस समय ऐरावत क्षेत्रमें सूर्यका उदय होता है उस समय अपर विदेहोंमें होनेवाले दिन-रात्रिविभागोंको कहता हूं ॥ ४४१ ॥

---

१ द ब दुक्खंति तियररविं, क देक्खंति रयररविं. २ ब किंचूणं एक्का णाली. ३ द ब °घडिया. ४ द ब सुरचरणे दोण्णि य. ५ द ब °भविया. ६ द तादे.

खेमादिसुरवणंतं हुवंति जे पुव्वरत्तिअवरण्हा । कमसो ते णादव्वा असपुरीपहुदि णवयठाणेसुं ॥ ४४२
होंति अवज्झादिसु णवठाणेसुं पुव्वरत्तिअवरण्हं । पुव्वुत्तरयणसंचयपुरादिणयराण सारिच्छा ॥ ४४३
किंचूणछम्मुहुत्ता रत्ती जा पुंडरीगिणीणयरे । तह होदि वीदसोके भरहेरावदखिदीसु मज्झण्णे ॥ ४४४
तावे णिसहगिरिंदे उदयत्थमणाणि होंति भाणुस्स । णीलगिरिंदेसु तहा एक्कखणे दोसु पासेसुं ॥ ४४५
पंचसहस्सा [तह] पणसयाणि चउहत्तरी य अहिरेगो । तेत्तीस बेसयंसा हारो सीदीजुदा तिसया ॥ ४४६

५५७४ | २३३ / ३८० |

एत्तियमेत्ताहु परं उवरिं णिसहस्स पढममग्गम्मि । भरहक्खेत्ते चक्की दिणयरबिंबं ण देक्खंति ॥ ४४७
उवरिम्मि णीलगिरिणो ते परिमाणाहु पढममग्गम्मि । एरावदम्मि चक्की इदरदिणेसं ण देक्खंति ॥ ४४८
सिहिपवणदिसाहिंतो जंबूदीवस्स दोण्णि रविबिंबा । दो जोयणाणि पुह पुह आदिममग्गादु विदियपहे ॥

क्षेमा नगरीसे लेकर देवारण्य तक जो पूर्वरात्रि एवं अपराह्न काल होते हैं वे ही क्रमसे अश्वपुरी आदिक नौ स्थानोंमें भी जानने चाहिये ॥ ४४२ ॥

अवध्यादिक नौ स्थानोंमें पूर्वोक्त रत्नसंचयपुरादिक नगरोंके सदृश ही पूर्वरात्रि व अपराह्न काल होते हैं ॥ ४४३ ॥

भरत और ऐरावत क्षेत्रमें मध्याह्नके होनेपर जिस प्रकार पुण्डरीकिणी नगरमें कुछ कम छह मुहूर्त रात्रि होती है, उसी प्रकार वीतशोका नगरीमें भी कुछ कम छह मुहूर्तप्रमाण रात्रि होती है ॥ ४४४ ॥

उस समय जिस प्रकार निषध पर्वतपर सूर्यका उदय व अस्तगमन होता है, उसी प्रकार एक ही क्षणमें नील पर्वतके ऊपर भी दोनों पार्श्वभागोंमें (द्वितीय) सूर्यका उदय व अस्तगमन होता है ॥ ४४५ ॥

भरतक्षेत्रमें चक्रवर्ती पांच हजार पांचसौ चौहत्तर योजन और एक योजनके तीनसौ अस्सी भागोंमेंसे दो सौ तेतीस भाग अधिक, इतनेसे आगे निषध पर्वतके ऊपर प्रथम मार्गमें सूर्यबिम्बको नहीं देखते हैं ॥ ४४६-४४७ ॥ $५५७४\frac{२३३}{३८०}$ ।

ऐरावत क्षेत्रमें स्थित चक्रवर्ती नील पर्वतके ऊपर इस प्रमाणसे ($५५७४\frac{२३३}{३८०}$) अधिक दूर प्रथम मार्गमें दूसरे सूर्यको नहीं देखते हैं ॥ ४४८ ॥

जम्बूद्वीपके दोनों सूर्यबिम्ब अग्नि व वायु दिशासे पृथक् पृथक् दो दो योजन लांघकर प्रथम मार्गसे द्वितीय पथमें प्रवेश करते हैं ॥ ४४९ ॥

लंबंतकाले[1] (?) भरदेरावदखिदीसु पविसंति । ताधे पुव्वुत्ताइं रत्तीदिवसाणि जायंति ॥ ४५०

एवं सव्वपहेसुं उदयत्थमणाणि ताणि णादूणं । पडिवीहिं दिवसणिसा बाहिरमग्गंतमाणेज्जं[2] ॥ ४५१

सव्वपरिहीसु बाहिरमग्गट्ठिदे दिवद्धणाहविंबम्मि । दिणरत्तीओ बारस अट्ठरसमुहुत्तमेत्ताओ ॥ ४५२

बाहिरपहादु आदिमपहम्मि दुमणिस्स आगमणकाले । पुव्वुत्तदिणणिसादी हुवंति अधियाओ ऊणाओ ॥

मत्तंडदिणगदीए एक्कं चिय लब्भदे उदयठाणं । एवं दीवे वेदीलवणसमुद्देसु आणेज्ज ॥ ४५४

$$\frac{१७०}{६१} \Big| १ \Big| १७६ \Big| \frac{१७०}{६१} \Big| १ \Big| ४ \Big| \frac{१७०}{६१} \Big| १ \Big| \frac{२०१७८}{६१} \Big|$$

जिस समय उक्त दोनों सूर्य प्रथम मार्गमें प्रवेश करते हुए क्रमशः भरत और ऐरावत क्षेत्रमें प्रविष्ट होते हैं, उसी समय पूर्वोक्त दिन-रात्रियां होती हैं ॥ ४५० ॥

इस प्रकार सर्व पथोंमें उन उदय व अस्तमनोंको जानकर सूर्यके बाह्य मार्गमें स्थित प्रत्येक वीथीमें दिन व रात्रि प्रमाणको ले आना चाहिये ॥ ४५१ ॥

सूर्यबिम्बके बाह्य मार्गमें स्थित होनेपर सब परिधियोंमें बारह मुहूर्तमात्र दिन और अठारह मुहूर्त प्रमाण रात्रि होती है ॥ ४५२ ॥

सूर्यके बाह्य पथसे आदि पथकी ओर आते समय पूर्वोक्त दिन व रात्रि क्रमशः उत्तरोत्तर अधिक और कम होती हैं ॥ ४५३ ॥

सूर्यकी दिनगतिमें एक ही उदयस्थान लब्ध होता है । इस प्रकार द्वीप, वेदी और लवणसमुद्रमें उदयस्थानोंके प्रमाणको लेआना चाहिये ॥ ४५४ ॥

उदाहरण— वेदिकासे रहित जम्बूद्वीपका चारक्षेत्र १७६ $= \frac{१०७३६}{६१}$; सूर्यकी दिनगति $\frac{१७०}{६१}$; $\frac{१०७३६}{६१} \div \frac{१७०}{६१} = ६३\frac{२६}{१७०}$ द्वीप उदयस्थान । वेदिका चारक्षेत्र यो. ४ $= \frac{२४४}{६१} \div \frac{१७०}{६१} = १\frac{७४}{१७०}$ वेदिका उदयस्थान ।

ल. स. चारक्षेत्र (बिम्बविस्तारसे रहित) यो. ३३० $= \frac{२०१३०}{६१}$; $\frac{२०१३०}{६१} \div \frac{१७०}{६१} = ११८\frac{७०}{१७०}$ ल. स. उदयस्थान । $६३\frac{२६}{१७०} + १\frac{७४}{१७०} + ११८\frac{७०}{१७०} = १८३$, इसके अतिरिक्त बाह्य पथमें उदयस्थान १; १८३ + १ = १८४ सर्व उदयस्थान ।

---

१ ब लंबंतकाले. २ द ब मग्गत्थमाणेज्ज.

ते दीवे तेसट्ठी छव्वीसंभा सयस्सएक्कहिदा । एक्को चिय वेदीए कलाओ चउहत्तरी होंति ॥ ४५५

$$६३\left|\frac{२६}{१७०}\right|१\left|\frac{७४}{१७०}\right|^{१}$$

अट्ठारसुत्तरसदं लवणसमुद्दम्मि तेत्तियकलाओ । एदे मिलिदा उदया तेसीदिसदाणि अट्ठताल कला॥ ४५६

$$११८\left|\frac{११८}{१७०}\right|$$

अट्ठासीदिगहाणं एक्कं चिय होदि अत्थ चारखिदी । तज्जोगो वीहीओ पडिवीहिं होंति परिहीओ ॥ ४५७

परिहीसु ते चरंते ताणं कणयाचलस्स विच्चालं । अण्णं पि पुव्वभणिदं कालवसादो पणट्ठमुवएसं ॥ ४५८

। गहाणं परूवणा सम्मत्ता ।

ससिणो[२] पण्णरसाणं वीहीणं ताण होंति मज्झम्मि । अट्ठ चिय वीहीओ अट्ठावीसाण रिक्खाणं ॥ ४५९

वे उदयस्थान एक सौ सत्तरसे भाजित छब्बीस भाग अधिक तिरेसठ जम्बूद्वीपमें और चौहत्तर कला अधिक केवल एक उसकी वेदीके ऊपर है ॥ ४५५ ॥

जं. द्वी. $६३\frac{२६}{१७०}$ । वेदी $१\frac{७४}{१७०}$ ।

लवणसमुद्रमें उतनी (११८) ही कलाओंसे अधिक एक सौ अठारह उदयस्थान हैं । ये सब उदयस्थान मिलकर अड़तालीस कलाओंसे अधिक एक सौ तेरासी है ॥ ४५६ ॥

उदाहरण — लवणसमुद्रमें बिम्बविस्तारसहित सूर्यका चारक्षेत्र यो० $३३०\frac{४८}{६१}$ है, $३३०\frac{४८}{६१} = \frac{२०१७८}{६१} \div \frac{१७०}{६१} = ११८\frac{११८}{१७०}$ उदयस्थान । $६३\frac{२६}{१७०} + १\frac{७४}{१७०} + ११८\frac{११८}{१७०} = १८३\frac{४८}{१७०}$ कुल ।

यहां अठासी ग्रहोंका एक ही चारक्षेत्र है जहां प्रत्येक वीथीमें उनके योग्य वीथियां और परिधियां है ॥ ४५७ ॥

वे ग्रह इन परिधियोंमें संचार करते हैं । इनका मेरु पर्वतसे अन्तराल तथा और भी जो पूर्वमें कहा जा चुका है इसका उपदेश कालवश नष्ट होचुका है ॥ ४५८ ॥

ग्रहोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

चन्द्रकी पन्द्रह गलियोंके मध्यमें उन अट्ठाईस नक्षत्रोंकी आठ ही गलियां होती हैं ॥ ४५९ ॥

---

१ द २१ $\left|\frac{७४}{१७०}\right.$, ब ६३ $\left|\frac{७४}{१७०}\right.$ २ द ससिणे.

णव अभिजिप्पहुदीणिं[1] सादी पुव्वाओ उत्तराओ वि । इय बारस रिक्खाणिं चंदस्स चरंति पढमपहे ॥४६०
तदिए पुणव्वसू मघ सत्तमए रोहिणी य चित्ताओ । छट्ठम्मि कित्तियाओ तह य विसाहाओ अट्ठमए ॥
दसमे अणुराहाओ जेट्ठा एक्कारसम्मि पण्णरसे । हत्थो मूलादितियं मिगसिरदुगपुस्सअसिलेसा ॥ ४६२
ताराओ कित्तियादिसु छप्पंचतियेक्कछक्कतियछक्का । चउदुगदुगपंचेक्का एक्कचउछतिणवचउक्का य ॥
चउतियतियपंचा तह एक्करसजुदं सयं दुगदुगाणिं । बत्तीस पंच तिण्णि य कमेण णिद्दिट्ठसंखाओ ॥ ४६४

६ । ५ । ३ । १ । ६ । ३ । ६ । ४ । २ । २ । ५ । १ । १ । ४ । ६ । ३ । ९ । ४ । ४ । ३ । ३ । ५ । १११ । २ । २ । ३२ । ५ । ३ ।

वीयणयसयलउड्ढी कुरंगसिरदीवतोरणाणं च । आदववारणवम्मियगोमुत्तं सरजुगाणं च ॥ ४६५
हत्थुप्पलदीवाणं अधियरणं हारवीणसिंगा य । विच्छुवदुक्कयवावी केसरिगयसीस आयारा ॥ ४६६
मुरयं पतंतपक्खी सेणा गयपुव्वअवरगत्ता य । णावा हयसिरसरिसा णं[2] चुल्ली कित्तियादीणं ॥ ४६७

अभिजित् आदि नौ, स्वाति, पूर्वा फाल्गुनी और उत्तरा फाल्गुनी ये बारह नक्षत्र चन्द्रके प्रथम मार्गमें संचार करते हैं ॥ ४६० ॥

चन्द्रके तृतीय पथमें पुनर्वसु और मघा, सातवेमे रोहिणी और चित्रा, छठेमे कृत्तिका तथा आठवेमें विशाखा नक्षत्र संचार करता है ॥ ४६१ ॥

दशवेंमें अनुराधा, ग्यारहवेंमें ज्येष्ठा तथा पन्द्रहवें मार्गमे हस्त, मूलादिक तीन (मूल, पूर्वाषाढा, उत्तराषाढ़ा), मृगशीर्षा, आर्द्रा, पुष्य और आश्लेषा, ये आठ नक्षत्र संचार करते है ॥ ४६२ ॥

छह, पांच, तीन, एक, छह, तीन, छह, चार, दो, दो, पांच, एक, एक, चार, छह, तीन, नौ, चार, चार, तीन, तीन, पांच, एक सौ ग्यारह, दो, दो, बत्तीस, पांच और तीन, यह क्रमसे उन कृत्तिकादिक नक्षत्रोंके ताराओकी संख्या निर्दिष्टकी गई है ॥ ४६३–४६४ ॥

६, ५, ३, १, ६, ३, ६, ४, २, २, ५, १, १, ४, ६, ३, ९, ४, ४, ३, ३, ५, १११, २, २, ३२, ५, ३ ।

बीजना,[1], गाड़ीकी उद्धिका[2], हिरणका शिर[3], दीप[4], तोरण[5], आतपवारण[6] (छत्र), वल्मीक[7], (चीटी आदिसे किया गया मिट्टीका पुंजविशेष), गोमूत्र[8], सरयुग[9], हस्त[10], उत्पल[11], दीप[12], अधिकरण[13], हार[14], वीणा[15], सींग[16], विच्छु[17], दुष्कृतवापी[18], सिंहका शिर[19], हाथीका शिर[20], मुरज[21], पतत्पक्षी[22], सेना[23], हाथीका पूर्व शरीर[24], हाथीका अपर शरीर[25], नौका[26], घोड़ेका शिर[27] और चूल्हा[28], इनके समान क्रमसे उन कृत्तिकादिक नक्षत्रोंके ताराओंका आकार है ॥ ४६५–४६७ ॥

१ द ब पहुदीणं. २ द ब हयं ससीसापासाणं.

णियताराणं संखा सव्वाणं ठाविदूण रिक्खाणं । पत्तेक्कं गुणिदव्वं एक्कारससदेहि एक्करसे ॥ ४६८
१११११ ।

होंति परिवारतारा मूलंमिस्साओ सयलताराओ । तिविहाइं रिक्खाइं मज्झिमवरअवरभेदेहिं ॥ ४६९

६६६६ । ५५५५ । ३३३३ । १११११ । ६६६६ । ३३३३ । ६६६६ । ४४४४ । २२२२ । २२२२ । ५५५५ । ११११ । ११११ । ४४४४ । ६६६६ । ३३३३ । ९९९९ । ४४४४ । ४४४४ । ३३३३ । ३३३३ । ५५५५ । १२३३२१ । २२२२ । २२२२ । ३५५५२ । ५५५५ । ३३३३ ।

६६७२ । ५५६० । ३३३६ । ११११२ । ६६७२ । ३३३६ । ६६७२ । ४४४८ । २२२४ । २२२४ । ५५६० । ११११२ । ११११२ । ४४४८ । ६६७२ । ३३३६ । १०००८ । ४४४८ । ४४४८ । ३३३६ । ३३३६ । ५५६० । १२३४३२ । २२२४ । २२२४ । ३५५८४ । ५५६० । ३३३६ ।

अवराओ जेट्ठहासदभिसभरणीओ सादिअसिलेस्सा । होंति अ वराओ पुणव्वस्सु तिउत्तरा रोहणिविसाहाओ ॥
सेसाओ मज्झिमाओ जहण्णभे पंचउत्तरसहस्सं । तं चिय दुगुणं तिगुणं मज्झिमवरभेसु णभखंडा ॥ ४७१
१००५ । २०१० । ३०१५ ।

अपने अपने सब ताराओंकी संख्याको रखकर उसे ग्यारहसौ ग्यारहसे गुणा करनेपर प्रत्येक नक्षत्रोंके परिवार-ताराओंका प्रमाण होता है । इसमें मूल ताराओंका प्रमाण मिलादेनेसे समस्त ताराओंका प्रमाण होता है । मध्यम, उत्कृष्ट और जघन्यके भेदसे नक्षत्र तीन प्रकारके होते है ॥ ४६८-४६९ ॥

गुणकार— १११११ । परिवार तारा— कृ. ६६६६, रो. ५५५५, मृ. ३३३३, आ. ११११, पुन. ६६६६, पुष्य ३३३३, आ. ६६६६, म. ४४४४, पू. २२२२, उ. २२२२, ह. ५५५५, चि. ११११, स्वा. ११११, वि. ४४४४, अ. ६६६६, ज्ये. ३३३३, मू. ९९९९, पू. आ. ४४४४, उ. आ. ४४४४, अभि. ३३३३, श्र. ३३३३, ध. ५५५५, श. १२३३२१, पू. भा. २२२२, उ. भा. २२२२, रे. ३५५५२, अ. ५५५५ भ. ३३३३ ।

सकल तारा— कृ. ६६७२, रो. ५५६०, मृ. ३३३६, आ. ११११२, पुन. ६६७२, पु. ३३३६, आ. ६६७२, म. ४४४८, पू. २२२४, उ. २२२४, ह. ५५६०, चि. ११११२, स्वा. ११११२, वि. ४४४८, अनु. ६६७२, ज्ये. ३३३६, मू. १०००८, पू. आ. ४४४८, उ. आ. ४४४८, अभि. ३३३६, श्र. ३३३६, ध. ५५६०, श. १२३४३२, पू. भा. २२२४, उ. भा. २२२४, रे. ३५५८४, अ. ५५६०, भ. ३३३६ ।

ज्येष्ठा, आर्द्रा, शतभिषक्, भरणी, स्वाति और आश्लेषा, ये छह जघन्य; पुनर्वसु, तीन उत्तरा (उत्तरा फाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तरा भाद्रपदा), रोहिणी और विशाखा ये उत्कृष्ट; तथा शेष नक्षत्र मध्यम हैं । इनमेंसे जघन्य नक्षत्रोंके एक हजार पांच, मध्यम नक्षत्रोंके इससे दुगुणे और उत्कृष्ट नक्षत्रोंके उससे तिगुणे नभखण्ड होते हैं ॥ ४७०-४७१ ॥

१००५ । २०१० । ३०१५ ।

अभिजिस्स छस्सयाणिं तीसजुदाणिं हुवंति णभखंडा । एवं णक्खत्ताणं सीमविभागं वियाणेहि ॥ ४७२

६३० ।

पत्तेक्कं रिक्खाणिं सव्वाणि मुहुत्तकालेणं । लंघंति गयणखंडे पणतीसट्ठारससयाणिं ॥ ४७३

१८३५ ।

दोससिणक्खत्ताणं परिमाणं भणमि[1] गयणखंडेसुं । लक्खं णव य सहस्सा अट्ठसया काहलाधारा ॥ ४७४

रिक्खाण मुहुत्तगदी होदि पमाणं फलं मुहुत्तं च । इच्छा णिस्सेसाइं मिलिदाइं गयणखंडाणिं ॥ ४७५

१८३५ । १०९८०० ।

तेरासियम्मि लद्धं णियणियपरिहीसु सो गमणकालो । तम्माणं उणसट्ठी होंति मुहुत्ताणि अदिरेको ॥ ४७६

५९ ।

परन्तु अभिजित् नक्षत्रके छहसौ तीस ही नभखण्ड होते हैं । इस प्रकार नभखण्डोंसे इन नक्षत्रोंकी सीमाका विभाग जानना चाहिये ॥ ४७२ ॥ ६३० ।

सब नक्षत्रोंमेंसे प्रत्येक एक मुहूर्तकालमें अठारहसौ पैंतीस गगनखण्डोंको लांघते हैं ॥ ४७३ ॥ १८३५ ।

दो चन्द्रों सम्बन्धी नक्षत्रोंके गगनखण्डप्रमाणको कहता हूं । ये गगनखण्ड काहला (वाद्यविशेष) के आकार हैं । इनका कुल प्रमाण एक लाख नौ हजार आठसौ है ॥ ४७४ ॥

ज. न. गगनखण्ड १००५; १००५ × ६ = ६०३० । म. न. ग. खण्ड २०१०; २०१० × १५ = ३०१५० । उ. न. ग. खण्ड ३०१५; ३०१५ × ६ = १८०९० । अभिजित् ग. खं. ६३०; ६०३० + ३०१५० + १८०९० + ६३० = ५४९०० एक चन्द्रसम्बन्धी नक्षत्रोंके गगनखण्ड । ५४९०० × २ = १०९८०० उभय चन्द्र सम्बन्धी न. ग. खण्ड ।

[यदि अठारहसौ पैंतीस गगनखण्डोंके अतिक्रमण करनेमें नक्षत्रोंका एक मुहूर्त काल व्यतीत होता है, तो समस्त गननखण्डोंके अतिक्रमण करनेमें उनका कितना काल व्यतीत होगा ? इस प्रकार त्रैराशिक करनेमें] नक्षत्रोंकी मुहूर्तकालपरिमित गति (१८३५) प्रमाणराशि, एक मुहूर्त फलराशि और सब मिलकर गगनखण्ड (१०९८००) इच्छाराशि होती है। उक्त प्रकार त्रैराशिकके करनेपर जो लब्ध आवे उतना अपनी अपनी परिधियोंमें गमनका काल समझना चाहिये। उसका प्रमाण यहां उनसठ मुहूर्तसे अधिक आता है ॥ ४७५–४७६ ॥ ५९ ।

१ द ब मणम्मि.

अदिरेकस्स पमाणं तिण्णि सयाणिं हवंति सत्त कला । तिसएहिं सत्तसट्ठीसंजुत्तेहिं विभत्ताणिं ॥ ४७७

$\frac{३०७}{३६७}$

सवणादिअट्ठभाणिं अभिजिस्सादीओ उत्तरा पुव्वा। वच्चंति मुहुत्तेणं बावण्णसयाणि अधियपणसट्ठी ॥४७८

अधियप्पमाणमंसा अट्ठारसहस्सदुसयतेसट्ठी । इगिवीससहस्साणिं णवमयसट्ठी हवे हारो ॥ ४७९

$५२६५\frac{१८२६३}{२१९६०}$

वच्चंति मुहुत्तेणं पुणव्वसुंमघा तिसत्तदुगपंचा । अंककमे जोयणया तियणभचउएक्कएक्ककला ॥ ४८०

$५२७३\frac{११४०३}{२१९६०}$

बावण्णसया पणसीदिउत्तरा सत्ततीस असा य। चउणउदिपणसयहिदा जादि मुहुत्तेण कित्तिया रिक्खा ॥

$५२८५\frac{३७}{५९४}$

इस अतिरेकका प्रमाण तीन सौ सड़सठसे विभक्त तीन सौ सात कला है ॥ ४७७ ॥

समस्त ग. खण्ड १०९८००; १०९८०० × १ = १०९८००; १०९८०० + १८३५ = $५९\frac{१८३५}{३६७} = ५९\frac{३०७}{३६७}$ मुहूर्त ।

श्रवणादिक आठ, अभिजित्, स्वाति, उत्तरा और पूर्वा, ये नक्षत्र बावन सौ पैसठ योजनसे अधिक एक मुहूर्तमें गमन करते है । यहां अधिकताका प्रमाण इक्कीस हजार नौ सौ साठ भागोंमेंसे अठारह हजार दो सौ तिरेसठ भागमात्र है ॥ ४७८-४७९ ॥

$५२६५\frac{१८२६३}{२१९६०}$ ।

पुनर्वसु और मघा अंकक्रमसे तीन, सात, दो और पांच अर्थात् पांच हजार दो सौ तिहत्तर योजन और ग्यारह हजार चार सौ तीन भाग अधिक एक मुहूर्तमें गमन करते हैं ॥ ४८० ॥ $५२७३\frac{११४०३}{२१९६०}$ ।

कृत्तिका नक्षत्र एक मुहूर्तमें बावनसौ पचासी योजन और पांचसौ चौरानबैसे भाजित सैंतीस भाग अधिक गमन करता है । ॥ ४८१ ॥ $५२८५\frac{३७}{५९४}$ ।

---

१ द ब पुव्वाउ. २ द ब चउणउदी

पचसहस्सा दुसया अट्ठासीदी य जोयणा अधिया । चित्ताओ रोहिणीओ जंति मुहुत्तेण पत्तेक्कं ॥ ४८२

अदिरेकस्स पमाणं कलाओ सगसत्ततिणहदुगमेत्ता । अंककमे तह हारो खलकणवएक्कदुगमाणे ॥ ४८३

$$५२८८\left|\begin{matrix}२०३७७\\२१९६०\end{matrix}\right.$$

बावण्णसया बाणउदि जोयणा वच्चदे विसाहा य । सोलससहस्सणवसयसगदालकला मुहुत्तेणं ॥ ४८४

$$५२९२\left|\begin{matrix}१६९४७\\२१९६०\end{matrix}\right.$$

तेवण्णसयाणिं जोयणाणि वच्चदिं मुहुत्तेणं । चउवण्ण चउसया दससहस्स अंसा य अणुराहा ॥ ४८५

$$५३००\left|\begin{matrix}१०४५४\\२१९६०\end{matrix}\right.$$

तेवण्णसयाणिं जोयणाणि चत्तारिं वच्चदि जेट्ठा । अंसा सत्तसहस्सा चउवीसजुदा मुहुत्तेणं ॥ ४८६

$$५३०४\left|\begin{matrix}७०२४\\२१९६०\end{matrix}\right.$$

पुस्सो अस्सिलेसाओ पुव्वासाढा य उत्तरासाढा । हत्थो मिगसिरमूला अद्दाओ अट्ठ पत्तेक्कं ॥ ४८७

तेवण्णसया उणवीसजोयणा[1] जंति इगिमुहुत्तेणं । अट्ठाणउदी णवसय पण्णरससहस्स अंसा य ॥ ४८८

$$५३१९\left|\begin{matrix}१५९९८\\२१९६०\end{matrix}\right.$$

चित्रा और रोहिणीमेंसे प्रत्येक एक मुहूर्तमें पांच हजार दो सौ अठासी योजनसे अधिक जाते हैं । यहां अधिकताका प्रमाण अंकक्रमसे शून्य, छह, नौ, एक और दो अर्थात् इक्कीस हजार नौ सौ साठसे भाजित बीस हजार तीन सौ सतत्तर कला है ॥ ४८२-४८३ ॥

$$५२८८\frac{२०३७७}{२१९६०}$$

विशाखा नक्षत्र बावन सौ बानबे योजन और सोलह हजार नौ सौ सैंतालीस कला अधिक एक मुहूर्तमें गमन करता है ॥ ४८४ ॥ $५२९२\frac{१६९४७}{२१९६०}$ ।

अनुराधा नक्षत्र एक मुहूर्तमें तिरेपनसौ योजन और दश हजार चार सौ चौवन भाग अधिक गमन करता है ॥ ४८५ ॥ $५३००\frac{१०४५४}{२१९६०}$ ।

ज्येष्ठा नक्षत्र एक मुहूर्तमें तिरेपन सौ चार योजन और सात हजार चौबीस भाग अधिक गमन करता है ॥ ४८६ ॥ $५३०४\frac{७०२४}{२१९६०}$ ।

पुष्य, आश्लेषा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, हस्त, मृगशीर्षा, मूल और आर्द्रा, इन आठ नक्षत्रोंमेंसे प्रत्येक एक मुहूर्तमें तिरेपन सौ उन्नीस योजन और पन्द्रह हजार नौ सौ अट्ठानबे भाग अधिक गमन करते हैं ॥ ४८७-४८८ ॥ $५३१९\frac{१५९९८}{२१९६०}$ ।

---

१ द ब उणवण्णसयजोयणा, क उणजोयणा.

मंडलखेत्तपमाणं जहण्णभे तीस जोयणा होंति । तं चिय दुगुणं तिगुणं मज्झिमवरभेसु पत्तेक्कं ॥ ४८९

३० । ६० । ९० ।

अट्ठारस जोयणया हवेदि अभिजिस्स मंडलक्खित्तं । सट्ठियणहमेत्ताओ णियणियताराण[1] मंडलखिदीओ ॥

सादीओ दक्खिणाए उत्तरमज्झेसु सादिभरणीओ । मूलं अभिजीकित्तियरिक्खाओ चरंति णियमग्गे ॥ ४९१

एदाणिं रिक्खाणिं णियणियमग्गेसु पुव्वभणिदेसुं । णिच्चं चरंति मंदरसेलस्स पदाहिणक्कमेणं ॥ ४९२

एदि मघा मज्झण्हे कित्तियरिक्खस्स अत्थमणसमए । उदए अणुराहाओ एवं जाणेज्ज सेसाओ ॥ ४९३

। एवं णक्खत्ताणं परूवणा सम्मत्ता ।

जघन्य नक्षत्रोंके मण्डलक्षेत्रका प्रमाण तीस योजन और इससे दूना एवं तिगुना वही प्रमाण क्रमसे मध्यम और उत्कृष्ट नक्षत्रोंमेंसे प्रत्येकका है ॥ ४८९ ॥ ३० । ६० । ९० ।

अभिजित् नक्षत्रका मण्डलक्षेत्र अठारह योजन प्रमाण है । और अपने अपने ताराओंका मंडलक्षेत्र स्वस्थित आकाश मात्र ही है ॥ ४९० ॥

स्वाति, भरणी, मूल, अभिजित् और कृत्तिका, ये पांच नक्षत्र अपने मार्गमें क्रमसे ऊर्ध्व, अधः, दक्षिण, उत्तर और मध्यमें संचार करते हैं ॥ ४९१ ॥

ये नक्षत्र मन्दर पर्वतके प्रदक्षिणक्रमसे पूर्वोक्त अपने अपने मार्गोंमें नित्य ही संचार करते हैं ॥ ४९२ ॥

कृत्तिका नक्षत्रके अस्तमनकालमें मघा मध्याह्नको और अनुराधा उदयको प्राप्त होता है । इसी प्रकार शेष नक्षत्रोंके भी उदयादिकको जानना चाहिये ॥ ४९३ ॥

विशेषार्थ— जिस समय किसी विवक्षित नक्षत्रका अस्तमन होता है उस समय उससे आठवां नक्षत्र मध्याह्नको और इससे भी आठवां नक्षत्र उदयको प्राप्त होता है । इस नियमके अनुसार कृतिकादिकके अतिरिक्त शेष नक्षत्रोंके भी अस्तमन, मध्याह्न और उदयको स्वयं ही जानलेना चाहिये (देखो त्रिलोकसार गा. ४३६) ।

इस प्रकार नक्षत्रोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

---

१ द ब ताराणिं.

दुविहा चरअचराओ पइण्णतारा ताण वरसंखा । कोडाकोडीलक्खं तेत्तीससहस्सणवसया पण्णं ॥ ४९४

१३३९५०००००००००००००० ।

छत्तीस अचरतारा जंबूदीवस्स चउदिसाभाए । एदाओ दोससिणो परिवारा अद्धमेक्कम्मि ॥ ४९५

३६ । ६६९७५०००००००००००० ।

रिक्खगमणादु अधियं गमणं जाणेज्ज सयलताराणं । ताणं णामप्पहुदिसु उवएसो संपइ पणट्ठो ॥ ४९६

चंदादो मत्तंडो मत्तंडादो गहा गहाहिंतो । रिक्खा रिक्खाहिंतो ताराओ होंति सिग्घगदी ॥ ४९७

। एवं ताराणं परूवणं समत्तं ।

अयणाणि य रविसणिणो सगसगखेत्ते[1] गहा य जे[2] चारी । णत्थि अयणाण भगणे णियमा ताराण एमेव ॥

रविअयणे एक्केकं तेसीदिसया हवंति दिणरत्ती । तेरसदिवसा चंदे[3] सत्तट्ठीभागचउचालं ॥ ४९९

१८३ । १३ | ४४/६७ |

प्रकीर्णक तारे चर और अचर रूपसे दो प्रकारके होते हैं । इनकी उत्कृष्ट संख्या एक लाख तेतीस हजार नौ सौ पचास कोड़ाकोड़ी है ॥ ४९४ ॥

१३३९५०००००००००००००० ।

इनमेंसे छत्तीस अचर तारा जम्बूद्वीपके चारों दिशाभागोंमें स्थित हैं । ये (उपर्युक्त संख्याप्रमाण) दो चन्द्रोंके परिवार-तारे हैं । इनसे आधे एक चन्द्रके परिवार-तारे समझना चाहिये ॥ ४९५ ॥ अचर तारा ३६ । ६६९७५०००००००००००० ।

नक्षत्रोंके गमनसे सब ताराओंका गमन अधिक जानना चाहिये । इनके नामादिकका उपदेश इस समय नष्ट हो चुका है ॥ ४९६ ॥

चन्द्रसे सूर्य, सूर्यसे ग्रह, ग्रहोंसे नक्षत्र और नक्षत्रोंसे भी तारा शीघ्र गमन करनेवाले होते हैं ॥ ४९७ ॥

इस प्रकार ताराओंका कथन समाप्त हुआ ।

सूर्य, चन्द्र और जो अपने अपने क्षेत्रमें संचार करनेवाले ग्रह हैं उनके अयन होते हैं। नक्षत्रसमूह और ताराओंके इस प्रकार अयनोंका नियम नहीं है ॥ ४९८ ॥

सूर्यके प्रत्येक अयनमें एक सौ तेरासी दिन-रात्रियां और चन्द्रके अयनमें सड़सठ भागोंमेंसे चवालीस भाग अधिक तेरह दिन होते हैं ॥ ४९९ ॥ १८३ । १३$\frac{४४}{६७}$ ।

---

१ द ब समयक्खेत्ते. २ ब जं. ३ द ब दिणादिचंदे.

दक्खिणअयणं आदी पज्जवसाणं तु उत्तरं अयणं । सव्वेसिं सूराणं विवरीदं होदि चंदाणं ॥ ५००

छच्चेव सया तीसं भगणाणं[1] अभिजिरिक्खविक्खंभा । दिट्ठा सव्वंदरिसीहिं सव्वेहि अणंतणाणेहिं ॥ ५०१

६३० ।

सदभिसभरणी अद्दा सादी तह अस्सिलेस्सजेट्ठा य । पंचुत्तरं सहस्सा भगणाणं सीमविक्खंभा ॥ ५०२

एदं चेव य तिगुणं पुणव्वसू रोहिणी विसाहा य । तिण्णेव उत्तराओ भवसेसाणं भवे विदुगं ॥ ५०३

चउवण्णं च सहस्सा णव य सया होंति सयलरिक्खाणं । विगुणियपयणक्खंडा दोचंदाणं पि णादव्वं ॥ ५०४

५४९०० ।

एयं च सयसहस्सा अट्ठाणउदीसया य पंडिपुण्णा । एसो मंडलछेदो भगणाणं सीमविक्खंभो ॥ ५०५

१०९८०० ।

अट्ठारसभागसया तीसं गच्छदि रवी[2] मुहुत्तेणं । णक्खत्तसीमछेदो ते चेट्ठं[3] इमेण बोद्धव्वा ॥ ५०६

१८३० ।

सब सूर्योंका दक्षिण अयन आदिमें और उत्तर अयन अन्तमें होता है। चन्द्रोंके अयनोंका क्रम इससे विपरीत है ॥ ५०० ॥

नक्षत्रोंमे अभिजित् नक्षत्रका विस्तार अर्थात् उसके गगनखण्डोंका प्रमाण जो छह सौ तीस है उसे सभी सर्वदर्शियोंने अनन्त ज्ञानसे देखा है ॥ ५०१ ॥ ६३० ।

शतभिषक्, भरणी, आर्द्रा, स्वाति, आश्लेषा और ज्येष्ठा, इन नक्षत्रगणोंके सीमाविष्कम्भ अर्थात् गगनखण्ड एक हजार पांच हैं ॥ ५०२ ॥

पुनर्वसु, रोहिणी, विशाखा और तीनों उत्तरा (उत्तराफल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तरा भाद्रपदा) इनके गगनखण्ड इससे (१००५) तिगुणे तथा शेष नक्षत्रोंके दूने है ॥ ५०३ ॥

सब नक्षत्रोंके गगनखण्ड चौवन हजार नौ सौ है। इससे दूने दोनों चन्द्रोंके गगनखण्ड समझना चाहिये ॥ ५०४ ॥ ५४९०० ।

इस प्रकार एक लाख अट्ठानबे सौ गगनखण्डोंसे परिपूर्ण यह मण्डलविभाग नक्षत्रगणोंकी सीमाके विस्तार स्वरूप है ॥ ५०५ ॥ १०९८०० ।

सूर्य एक मुहूर्तमें अठारह सौ तीस गगनखण्डोंको लांघता है । नक्षत्रोंकी सीमाका विभाग....इस प्रकार जानना चाहिये ॥ ५०६ ॥

१ द ब भागाणं. २ द ब खे. ३ द चेट्ठइ.

सत्तरसट्ठहीणि हु चंदे सूरे बिसट्ठिभेदहियं च । सत्तट्ठी वि य भगणा चरइ मुहुत्तेण भागाणं ॥ ५०७

१७६८ । १८३० । १८३५ ।

चंदरविगयणखंडे अण्णोण्णविसुद्धसेसबासट्ठी । एयमुहुत्तपमाणं बासट्ठिफलिच्छया तीसा ॥ ५०८

१ । ६२ । ३० ।

एयट्ठेतिण्णिसुण्णं गयणक्खंडेण लब्भदि मुहुत्तं । अट्ठरसट्ठी य तहा गयणक्खंडेण किं लद्धं ॥ ५०९

१८३० । १८६० । १ ।

चंदादो सिग्घगदी दिवसमुहुत्तेण चरदि खलु सूरो । एक्कं चेव मुहुत्तं एक्कं एयट्ठिभागं च ॥ ५१०

$$1 \left| \frac{1}{61} \right|$$

रविरिक्खगमणखंडे अण्णोण्णं सोहिऊण जं सेसं । एयमुहुत्तपमाणं फल पण इच्छा तहा तीसं ॥ ५११

१ । ५ । ३० ।

चन्द्र एक मुहूर्तमें सत्तरह सौ अड़सठ गगनखण्डोंको लांघता है । इसकी अपेक्षा सूर्य बासठ गगनखण्ड अधिक और नक्षत्रगण सड़सठ गगनखण्ड अधिक लांघते हैं ॥५०७॥

१७६८ + ६२ = १८३० । १७६८ + ६७ = १८३५ ।

चन्द्र और सूर्यके गगनखण्डोंको परस्पर घटानेपर बासठ शेष रहते हैं । जब सूर्य एक मुहूर्तमें चन्द्रकी अपेक्षा बासठ खण्ड अधिक जाता है तब वह तीस मुहूर्तमें कितने खण्ड अधिक जावेगा ? इस प्रकारके त्रैराशिकमें यहां एक मुहूर्त प्रमाणराशि, बासठ फलराशि और तीस मुहूर्त इच्छाराशि होती है ॥ ५०८ ॥ ६२ × ३० = १८६० ।

जब एक, आठ, तीन और शून्य अर्थात् अठारह सौ तीस गगनखण्डोंके अतिक्रमणमें एक मुहूर्त प्राप्त होता है तो अठारह सौ साठ गगनखण्डोंके अतिक्रमणमें क्या प्राप्त होगा ? ॥ ५०९ ॥ १८६० ÷ १८३० = $1\frac{1}{61}$ मु. ।

सूर्य चन्द्रमाकी अपेक्षा दिनमुहूर्त अर्थात् तीस मुहूर्तोंमें एक मुहूर्त और एक मुहूर्तके इकसठवें भाग अधिक शीघ्र गमन करता है ॥ ५१० ॥

सूर्य और नक्षत्रोंके गगनखण्डोंको परस्पर घटाकर जो शेष रहे उसे ग्रहण करनेपर यहां एक मुहूर्त प्रमाणराशि, पांच फलराशि और तीस मुहूर्त इच्छाराशि है ॥ ५११ ॥

३० × ५ = १५० गगनखण्ड ।

१ ब बिअट्ठि°.

तीसट्ठारसया खलु मुहुत्तकालेण कमइ जइ' सूरो । तो केत्तियकालेणं सयपंचासं कमेइ त्ति ॥ ५१२

१८३० । १ । १५०।

सूरादो णक्खत्तं दिवसमुहुत्तेण जहणतरमाहु । एक्कस्स मुहुत्तस्स य भागं एक्कट्ठिमे पंच ॥ ५१३

५
६१

णक्खत्तसीमभागं भजिदे दिवसस्स जहणभामेहिं । लद्धं तु होइ रविससिणक्खत्ताणं तु संजोगा ॥ ५१४

णिसयदलगगणखंडे कमेइ जह दिणयरो दिणिक्केणं । तउ रिक्खाणं णियणिय णहखंडेगमण को कालो ॥

१५० । १ । ६१०

अभिजी छच्च मुहुत्ते चत्तारि य केवलो अहोरत्ते । सूरेण समं गच्छदि एत्तो सेसाणि वोच्छामि ॥ ५१६

अ. रा. ४, मु. ६ ।

सदभिसभरणीअद्दा सादी तह अस्सिलेसजेट्ठा य । छच्चेव अहोरत्ते एक्कावीसा मुहुत्तेणं ॥ ५१७

अ. रा. ६, मु. २१ ।

सूर्य जब अठारह सौ तीस गगनखण्डोंको एक मुहूर्तकालमें लांघता है तब वह एक सौ पचास गगनखण्डोंको कितने समयमें लांघेगा ? ॥ ५१२ ॥

$१५० \div १८३० = \frac{१५०}{१८३०} = \frac{५}{६१}$ मु. ।

सूर्यकी अपेक्षा नक्षत्र एक दिनमुहूर्तों (३० मु.) मे एक मुहूर्तके इकसठ भागोंमेंसे पांच भाग अधिक जविनतर अर्थात् अतिशय वेगवाला है ॥ ५१३ ॥

सूर्य और चन्द्र एक दिनमें नक्षत्रोंकी अपेक्षा जितने गगनखण्ड पीछे रहते हैं उनका नक्षत्रोंके गगनखण्डोंमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतने समय तक सूर्य व चन्द्रमाका नक्षत्रोंके साथ संयोग रहता है ॥ ५१४ ॥

यदि सूर्य एक दिनमें तीन सौके आधे एक सौ पचास गगनखण्ड पीछे रहता है तो नक्षत्रोंके अपने अपने गगनखण्डोंके गमनमें कितना काल लगेगा ? ॥ ५१५ ॥

अभिजित् नक्षत्र चार अहोरात्र और छह मुहूर्त काल तक सूर्यके साथ गमन करता है । यहांसे आगे शेष नक्षत्रोंका कथन करता हूं ॥ ५१६ ॥

अभि. ग. खं. ६३० ÷ १५० = ४$\frac{१}{५}$ दिन = ४ अहोरात्र और ६ मुहूर्त अधिक ।

शतभिषक्, भरणी, आर्द्रा, स्वाति, आश्लेषा तथा ज्येष्ठा, ये नक्षत्र छह अहोरात्र और इक्कीस मुहूर्त तक सूर्यके साथ गमन करते हैं ॥ ५१७ ॥

ज. न. ग. खण्ड १००५; १००५ ÷ १५० = ६$\frac{७}{१०}$ दिन = ६ अहोरात्र और २१ मुहूर्त अधिक ।

१ द ब जं. २ द ब णहतडे.

तिण्णेव उत्तराओ पुणव्वसू रोहिणी विसाहा य । वीसं च अहोरत्ते तिण्णेव य होंति सूरस्स ॥ ५१८

अ. रा. २०, मु. ३ ।

अवसेसा णक्खत्ता पण्णारस वि सूरगदा होंति । बारस चेव मुहुत्ता तेरस य समे अहोरत्ते ॥ ५१९

अ. १३, मु. १२ ।

सत्तट्ठिगयणखंडे मुहुत्तमेत्तेण कमइ जो चंदो । भगणाण गयणखंडे को कालो होइ गमणम्मि ॥ ५२०

६७ । १ । ६३० ।

अभिजिस्स चंदचारो[1] सत्तट्ठी खंडिदे मुहुत्तेगे । भागो य सत्तवीसा ते पुण अहिया णवमुहुत्तेहिं ॥ ५२१

$९\left|\frac{२७}{६७}\right.$

सदभिसभरणीअद्दा सादी तह अस्सलेसजेट्ठा य । एदे छण्णक्खत्ता पण्णारसमुहुत्तसंजुत्ता ॥ ५२२

१५ ।

तीनों उत्तरा, पुनर्वसु, रोहिणी और विशाखा, ये छह उत्कृष्ट नक्षत्र बीस अहोरात्र और तीन मुहूर्त काल तक सूर्यके साथ गमन करते हैं ॥ ५१८ ॥

उ. न. ग. खण्ड ३०१५; ३०१५ ÷ १५० = २०$\frac{१}{६}$ अ. रा. = २० अहोरात्र और ३ मु. अधिक ।

शेष पन्द्रह ही जघन्य नक्षत्र तेरह अहोरात्र और बारह मुहूर्त काल तक सूर्यके साथ संगत रहते हैं ॥ ५१९ ॥

म. न. ग. खण्ड २०१०; २०१० ÷ १५० = १३$\frac{४}{६}$ अ. रा. = १३ अहोरात्र और १२ मुहूर्त अधिक ।

जब चन्द्रमा एक मुहूर्तमें नक्षत्रोंसे सड़सठ गगनखण्ड पीछे रह जाता है तब उनके (नक्षत्रोंके) गगनखण्डों तक साथ गमन करनेमें कितना समय लगेगा ? ॥ ५२० ॥

भिण्णिंदणीलवण्णा सत्तमकक्खट्ठिदा वसहपहुदी । ते णियणियकक्खासुं वरमंडणमंडिदायारा ॥ २५३
सत्ताण अणीयाणं[1] णियणियकक्खाण होंति विच्चाले । होंति वरपडहसंखं महलकाहलपहुदीण पत्तेक्कं ॥
लंबंतरयणकिंकिणिमुहदामणिकुसुमदामरमणिज्जा । भुव्वंतधयवदाया वरचामरछत्तकंतिल्ला ॥ २५५
रयणमयप्पल्लाणा वसहतुरंगा रहा य इंदाणं । बहुविहविगुव्वणाण वाहिज्जंताण सुरकुमारेहिं ॥ २५६
असिमुसलकणयतोमरकोदंडप्पहुदिविविहमत्थकरा । ते सत्तसु कक्खासुं पदाहिणो दिव्वरूवधरा ॥ २५७
सज्जं रिसहं[2] गंधारमज्झिमा पंचपंचमहुरसरं । धइवदमुदं णिसादं पुह पुह गायंति गंधव्वा ॥ २५८
वीणावेणुप्पमुहं णाणाविहतालकरणलयजुत्तं । वाइज्जदि वाइत्तं गंधव्वेहिं महुरसरं ॥ २५९
कंदप्परायराजाधिराजविज्जाहराण चरियाणिं । णच्चंति णट्टयसुरा णिच्चं पढमाए कक्खाए ॥ २६०

अपनी अपनी कक्षाओंमेंसे छठी कक्षामें स्थित वृषभादिक उत्तम पद्मराग मणि अथवा बंधूक पुष्पके सदृश शरीरसे शोभायमान होते है ॥ २५२ ॥

अपनी अपनी कक्षाओंमेंसे सप्तम कक्षामें स्थित वृषभादिक भिन्न इन्द्रनीलमणिके सदृश वर्णवाले और उत्तम आभूषणोंसे मण्डित आकारसे युक्त होते है ॥ २५३ ॥

सातों अनीकोंकी अपनी अपनी कक्षाओंके अन्तरालमें उत्तम पटह, शंख, मर्दल और काहल आदिमेंसे प्रत्येक होते है ॥ २५४ ॥

बहुविध विक्रिया करनेवाले तथा सुरकुमारों द्वारा उह्यमान इन्द्रोंके वृषभ, तुरंग और रथादिक लटकती हुई रत्नमय क्षुद्रघंटिकाओं, मणि एवं पुष्पोंकी मालाओंसे रमणीय; फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे युक्त, उत्तम चँवर व छत्रसे कान्तिमान् और रत्नमय तथा सुखप्रद साजसे संयुक्त होते है ॥ २५५-२५६ ॥

जो असि, मूसल, कनक, तोमर और धनुष आदि विविध प्रकारके शस्त्रोंको हाथमें धारण करनेवाले है वे सात कक्षाओंमें दिव्य रूपके धारक पदाति होते है ॥ २५७ ॥

गन्धर्व देव षड्ज, ऋषभ, गांधार, मध्यम, पंचम, धैवत और निषाद, इन मधुर स्वरोंको पृथक् पृथक् गाते है ॥ २५८ ॥

गन्धर्व देव नाना प्रकारकी तालक्रिया व लयसे संयुक्त और मधुर स्वरसे वीणा एवं बांसुरी आदि वादित्रोंको बजाते है ॥ २५९ ॥

प्रथम कक्षाके नर्तक देव नित्य ही कन्दर्प, राजा, राजाधिराज और विद्याधरोंके चरित्रोंका अभिनय करते है ॥ २६० ॥

१ सत्ताण य आणीया. २ द ब ज सट्ठिसहं.

पुढवीसाणं चरियं अद्धमहादिमंडलीयाणं । बिदियाए कक्खाए णच्चंते णच्चणा देवा ॥ २६१
बलदेवाण हरीणं पडिसत्तूणं विचित्तचरिदाणिं । तदियाए कक्खाए वररसभावेहिं णच्चंति ॥ २६२
चोद्दसरयणवईणं णवणिहिसामीण चक्कवट्टीणं । अच्छरियचरित्ताणिं णच्चंति चउत्थकक्खाए ॥ २६३
सद्दवाण सुरिंदाणं सलोयपालाण चारुचरियाइं[1] । ते पंचमकक्खाए णच्चंति विचित्तभंगीहिं ॥ २६४
गणहरदेवादीणं विमलमुणिंदाण विविहरिद्धीणं । चरियाइं[2] विचित्ताइं णच्चंते छट्ठकक्खाए ॥ २६५
चोत्तीसाइसयाणं बहुविहकल्लाणपाडिहेराणं । जिणणाहाण चरित्तं सत्तमकक्खाए णच्चंति ॥ २६६
दिव्ववरदेहजुत्ता वररयणविभूसणेहिं कयसोहा । ते णच्चंते णिच्चं णियणियइंदाण अग्गेसुं ॥ २६७
एदा सत्त अणीया[3] देविंदाणं हुवंति[4] पत्तेक्कं । अण्णा वि छत्तचामरपीढाणि य बहुविहा होंति ॥ २६८

द्वितीय कक्षाके नर्तक देव अर्द्धमण्डलीक और महामण्डलीकादि पृथिवीपालकोंके चरित्रका अभिनय करते है ॥ २६१ ॥

तृतीय कक्षाके नर्तक देव उत्तम रस एवं भावोंके साथ बलदेव, नारायण और प्रतिनारायणोंके विचित्र चरित्रोंका अभिनय करते है ॥ २६२ ॥

चतुर्थ कक्षाके नर्तक देव चौदह रत्नोंके अधिपति और नव निधियोंके स्वामी ऐसे चक्रवर्तियोंके आश्चर्यजनक चरित्रोंका अभिनय करते है ॥ २६३ ॥

पंचम कक्षाके वे नर्तक देव लोकपालों सहित समस्त इन्द्रोंके सुन्दर चरित्रोंका विचित्र प्रकारोंसे अभिनय करते है ॥ २६४ ॥

छठी कक्षाके नर्तक देव विविध ऋद्धियोंके धारक गणधर देवादि निर्मल मुनीन्द्रोंके विचित्र चरित्रोंका अभिनय करते है ॥ २६५ ॥

सप्तम कक्षाके नर्तक देव चौंतीस अतिशयोंसे संयुक्त और बहुत प्रकारके मंगलमय प्रातिहार्योंसे युक्त जिननाथोंके चरित्रका अभिनय करते है ॥ २६६ ॥

दिव्य एवं उत्तम देहसे सहित और उत्तम रत्नविभूषणोंसे शोभायमान वे नर्तक देव नित्य ही अपने अपने इन्द्रोंके आगे नाचते है ॥ २६७ ॥

ये सात सेनायें प्रत्येक देवेन्द्रके होती है । इसके अतिरिक्त अन्य बहुत प्रकार छत्र, चँवर और पीठ भी होते है ॥ २६८ ॥

१ ब चरियाणं. २ द ब उच्चरिय. ३ द ब सत्त पदा णाणीए. ४ द ब देविंदाण होंति.

सव्वाणि यणीयाणि वसहाणीयस्स होंति सरिसाणिं । वरविविहभूसणेहिं विभूसिदंगाणि पत्तेक्कं ॥ २६९
सव्वाणि यणीयाणिं कक्खं पडि छस्सअं सहावेणं । पुव्वं व विकुव्वणाए लोयविणिच्छयमुणी भणइ[1] ॥
६०० । ४२०० । पाठान्तरम् ।
वसहाणीयादीणं पुह पुह चुलसीदिलक्खपरिमाणं । पढमाए कक्खाए सेसासुं दुगुणदुगुणक्कमे ॥ २७१
एवं सत्तविहाणं सत्ताणीयाण[2] होंति पत्तेक्कं । संगायणिआहरिया[3] एवं णियमा परूवेंति ॥ २७२
पाठान्तरम् ।
सत्ताणीयाहिवई जे देवा होंति दक्खिणिंदाणं । उत्तरइंदाण[4] तहा ताणं णामाणि वोच्छामि ॥ २७३
वसहेसु दामयट्ठी तुरंगमेसुं हवेदि हरिदामो । तह मादली[5] रहेसुं गजेसु एरावदो णाम ॥ २७४
वाऊ पदातिसंघे गंधव्वेसुं अरिट्ठसंका य । णीलंजण[6] त्ति देवी विक्खादा णट्टयाणीए ॥ २७५
पीढाणीए दोण्णं अहिवइदेओ हुवेदि हरिणामो । सेसाणियवईणं णामेसुं णत्थि उवएसो ॥ २७६

सब अनीकोंमेसे प्रत्येक उत्तम विविध प्रकारके भूषणोसे विभूषित शरीरवाले होते हुए वृषभानीकके सदृश हैं ॥ २६९ ॥

प्रत्येक कक्षाकी सब सेनायें स्वभावसे छह सौ और विक्रियाकी अपेक्षा पूर्वोक्त संख्याके समान है, ऐसा लोकविनिश्चयमुनि कहते है ॥ २७० ॥ ६०० × ७ = ४२०० ।
पाठान्तर ।

प्रथम कक्षामें वृषभादिक अनीकोका प्रमाण पृथक् पृथक् चौरासी लाख है । शेष कक्षाओमे क्रमशः इससे दूना दूना है । इस प्रकार सात प्रकार सप्तानीकोंमे प्रत्येकके है, ऐसा संगायणि आचार्य नियमसे निरूपण करते है ॥ २७१–२७२ ॥ पाठान्तर ।

दक्षिण इन्द्रों और उत्तर इन्द्रोकी सात अनीकोंके जो अधिपति देव है उनके नामोंको कहते है ॥ २७३ ॥

वृषभोंमें दामयष्टि, तुरंगमोमें हरिदाम, तथा रथोंमें मातलि, गजोंमें ऐरावत नामक, पदातिसंघमे वायु, गन्धर्वोमें अरिष्टशंका (अरिष्टयशस्क) और नर्तकानीकमे नीलंजसा (नीलांजना) देवी, इस प्रकार सात अनीकोंमें ये महत्तर देव विख्यात है ॥ २७४–२७५ ॥

दोनोंकी पीठानीक (अश्वसेना) का अधिपति हरि नामक देव होता है । शेष अनीकोंके अधिपतियोके नामोंका उपदेश नहीं है ॥ २७६ ॥

१ द ब °मुणि भणइं. २ द ब सव्वविदाणं सत्ताणीयाणि. ३ द संघाहणि° ४ द ब उवरिम°. ५ द ब तह मरदली. ६ द ब नीलंजसो.

अभियोगाणं अहिवइदेवो चेट्ठेदि दक्खिणिंदेसुं । बालकणामो उत्तरइंदेसुं पुप्फदंतो य ॥ २७७ .
सक्कदुगम्मि य वाहणदेवा[1] एरावदणाम हत्थि कुव्वंति । विक्किरियाओ लक्खं उच्छेहं जोयणा दीहं ॥
१०००००० ।
एदाणं बत्तीसं होंति मुहा दिव्वरयणदामजुदा । पुह पुह रुणंति किंकिणिकोलाहलसद्दकयसोहा ॥ २७९
एक्केकमुहे चंचलचंदुज्जलचमरचारुरूवम्मि । चत्तारि होंति दंता धवला वररयणभरखचिदा ॥ २८०
एक्केकम्मि विसाणे एक्केकसरोवरो विमलवारी । एक्केकसरवरम्मि य एक्केकं कमलवणसंडा ॥ २८१
एक्केककमलसंडे बत्तीस विकस्सरा महापउमा । एक्केकमहापउमं एक्केकजोयणं पमाणेणं ॥ २८२
वरकंचणकयसोहा वरपउमा सुरविकुव्वणबलेणं । एक्केकमहापउमे णाडयसाला य एक्केका ॥ २८३
एक्केकाए तीए बत्तीस वरच्छरा पणच्चंति । एवं सत्ताणीया णिद्दिट्ठा बारसिंदाणं ॥ २८४
पुह पुह पइण्णयाणं अभियोगसुराण किब्विसाणं च । संखातीदपमाणं भणिदं सव्वेसु इंदाणं ॥ २८५

दक्षिण इन्द्रोमे आभियोग देवोका अधिपति देव बालक नामक और उत्तर इन्द्रोंमें इनका अधिपति पुष्पदन्त नामक देव होता है ॥ २७७ ॥

सौधर्म और ईशान इन्द्रके वाहन देव विक्रियासे एक लाख उत्सेध योजन प्रमाण दीर्घ ऐरावत नामक हाथीको करते है ॥ २७८ ॥ १००००० ।

इनके दिव्य रत्नमालाओंसे युक्त बत्तीस मुख होते हैं जो घंटिकाओंके कोलाहल शब्दसे शोभायमान होते हुए पृथक् पृथक् शब्द करते है ॥ २७९ ॥

चंचल एवं चन्द्रके समान उज्ज्वल चामरोंसे सुन्दर रूपवाले एक एक मुखमें रत्नोंके समूहसे खचित धवल चार दांत होते है ॥ २८० ॥

एक एक विषाण (हाथी दांत) पर निर्मल जलसे युक्त एक एक सरोवर होता है । एक एक सरोवरमें एक एक उत्तम कमल-वनखण्ड होता है ॥ २८१ ॥

एक एक कमलखण्डमें विकसित बत्तीस महापद्म होते है, और एक एक महापद्म एक एक योजन प्रमाण होता है ॥ २८२ ॥

देवोंके विक्रिया बलसे वे उत्तम पद्म उत्तम सुवर्णसे शोभायमान होते हैं । एक एक महापद्मपर एक एक नाट्यशाला होती है ॥ २८३ ॥

उस एक एक नाट्यशालामें उत्तम बत्तीस अप्सरायें नृत्य करती है । इस प्रकार बारह इन्द्रोंकी सात सेनायें कही गयी है ॥ २८४ ॥

सभी [स्वर्गों] में इन्द्रोंके प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विषिक देवोका पृथक् पृथक् असंख्यात प्रमाण कहा गया है ॥ २८५ ॥

---

१ द ब वाहणएवा.

पडिइंदाणं सामाणियाण[1] तेत्तीससुरवराणं च । दसभेदा परिवारा णियइंदसमा य पत्तेक्कं ॥ २८६

चत्तारि सहस्साणिं सक्कादुगे दिग्गिंदसामंता । एक्कं चेव सहस्सं सणक्कुमारादिदोण्हं पि ॥ २८७

४००० । १००० ।

पंचचउतियदुगाणं सयाणि बम्हिंदयादियिचउक्के । आणदपहुदिचउक्के पत्तेक्कं एक्कएक्कसयं ॥ २८८

५०० । ४०० । ३०० । २०० । १०० ।

पण्णास चउसयाणिं पंचसयब्भंतरादिपरिसाओ । सोमजमाणं भणिदा पत्तेक्कं सयलदक्खिणिंदेसुं ॥ २८९

५० । ४०० । ५०० ।

सट्ठी पंचसयाणिं छच्च सया ताओ तिण्णिपरिसाओ । वरुणस्स कुबेरस्स य सत्तरिया छस्सयाणि सत्तसया ॥

६० । ५०० । ६०० । ७० । ६०० । ७०० ।

चउदक्खिणइंदाणं कुबेरवरुणस्समत्ततिप्परिसा । कादव्व विवज्जासं उत्तरइंदाणं सेस पुव्वं वा ॥ २९१

५० । ४०० । ५०० । वरु ७० । ६०० । ७०० । कुबेर ६० । ५०० । ६०० ।

प्रतीन्द्र, सामानिक और त्रायस्त्रिंश देवोंमेंसे प्रत्येकके दश प्रकारके परिवार अपने इन्द्रके समान होते है ॥ २८६ ॥

सौधर्म और ईशान इन्द्रके लोकपालोंके सामन्त चार हजार और सनत्कुमारादि दोके एक ही हजार होते है ॥ २८७ ॥ ४००० । १००० ।

ब्रम्हेन्द्रादिक चारके उक्त देव क्रमशः पांच सौ, चार सौ, तीन सौ और दो सौ तथा आनत आदि चार इन्द्रोमेसे प्रत्येकके एक एक सौ होते है ॥ २८८ ॥

५०० । ४०० । ३०० । २०० । १०० ।

समस्त दक्षिणेन्द्रोंमें प्रत्येकके सोम व यम लोकपालके अभ्यन्तरादि पारिषद देव क्रमसे पचास, चार सौ और पांच सौ कहे गये है ॥ २८९ ॥

अ. पा. ५० । म. पा. ४०० । बा. पा. ५०० ।

वे तीनों पारिषद देव वरुणके साठ, पांच सौ और छह सौ तथा कुबेरके सत्तर, छह सौ और सात सौ होते है ॥ २९० ॥

वरुण—अ. पा. ६०, म. पा. ५००, बा. पा. ६०० । कुबेर— अ. पा. ७०, म. पा. ६००, बा. पा. ७०० ।

चार दक्षिण इन्द्रोके कुबेर और वरुणके तीनों पारिषद समान हैं । उत्तर इन्द्रोंके इससे विपरीत क्रम करना चाहिये । शेष पूर्वके समान समझना चाहिये (?) ॥ २९१ ॥

---

१ द सामाणियाणियाणं. २ द ब बम्हिंदयादिम°. ३ द ब आरण°.

सव्वेसु दिगिंदाणं सामंतसुराण तिण्णि परिसाओ। णियणियदिगिंदपरिसासारिसाओ[1] हवंति पत्तेक्कं ॥ २९२
सोमादिदिगिंदाणं सत्ताणीयाणि होंति पत्तेक्कं। अट्ठावीससहस्सा पढमं सेसेसु दुगुणकमा ॥ २९३
पंचत्तीसं लक्खा छप्पण्णसहस्सयाणि पत्तेक्कं। सोमादिदिगिंदाणं हुवेदि वसहादिपरिमाणं ॥ २९४
३५५६०००।
दोकोडीओ लक्खा अडदाल सहस्सयाणि बाणउदी। सत्ताणीयपमाणं पत्तेक्कं लोयपालाणं ॥ २९५
२४८९२०००।
जे अभियोगपइण्णयकिब्बिसिया होंति लोयपालाणं। ताण पमाणणिरूवणउवएसा संपइ पणट्ठा ॥ २९६
छल्लक्खा छासट्ठीसहस्सया छस्सयाणि छासट्ठी। सक्कस्स दिगिंदाणं विमाणसंखा य पत्तेक्कं ॥ २९७
६६६६६६।
तेसु पहाणविमाणा सयंपहारिट्ठजलपहा णामा। वग्गूपहो य कमसो सोमादियलोयपालाणं ॥ २९८
इय संखाणामाणिं सणक्कुमारिंदबम्महिंदेसुं। सोमादिदिगिंदाणं भणिदाणिं वरविमाणेसुं ॥ २९९
६६६६६६।

सब लोकपालोंके सामन्त सुरोंके तीनों पारिषदोंमेंसे प्रत्येक अपने अपने लोकपालोंके पारिषदोंके सदृश हैं (?) ॥ २९२ ॥

सोमादि लोकपालोंके जो सात सेनायें होती हैं उनमेंसे प्रत्येक प्रथम कक्षामें अट्ठाईस हजार और शेष कक्षाओंमें दुगुणित क्रमसे युक्त है ॥ २९३ ॥

सोमादिक लोकपालोंमेंसे प्रत्येकके वृषभादिका प्रमाण पैंतीस लाख छप्पन हजार है ॥ २९४ ॥ ३५५६००० ।

लोकपालोंमेंसे प्रत्येकके सात अनीकोंका प्रमाण दो करोड़ अड़तालीस लाख बानबै हजार है ॥ २९५ ॥ २४८९२००० ।

लोकपालोंके जो आभियोग्य, प्रकीर्णक और किल्विषिक देव होते हैं उनके प्रमाणके निरूपणका उपदेश इस समय नष्ट हो गया है ॥ २९६ ॥

सौधर्म इन्द्रके लोकपालोंमेंसे प्रत्येकके विमानोंकी संख्या छह लाख छयासठ हजार छह सौ छयासठ है ॥ २९७ ॥ ६६६६६६ ।

उन विमानोंमें सोमादि लोकपालोंके क्रमसे स्वयंप्रभ, अरिष्ट, जलप्रभ और वल्गुप्रभ नामक प्रधान विमान हैं ॥ २९८ ॥

सनत्कुमार और ब्रह्मेन्द्रके सोमादि लोकपालोंके उत्तम विमानोंकी यही संख्या और नाम कहे गये हैं ॥ २९९ ॥ ६६६६६६ ।

१ द ब दिगिंदपरिसाओ.

होदि हु सयंपहक्खं वरजेट्ठमयंजणाणि वग्गू य । ताण पहाणविमाणा सेसेसुं दक्खिणिंदेसुं ॥ ३००
सोमं सव्वदभद्दा सुभद्दअमिदाणि[1] सोमपहुदीणं । होंति पहाणविमाणा सव्वेसुं उत्तरिंदाणं ॥ ३०१
ताणं विमाणसंखाउवएसो णत्थि कालयवसेणं । ते सव्वे वि दिगिंदा तेसु विमाणेसु कीडंते ॥ ३०२
सोमजमा समरिद्धी दोण्णि वि ते होंति दक्खिणिंदेसुं । तेसिं अधिओ वरुणो वरुणादो होदि धणणाहो ॥
सोमजमा समरिद्धी दोण्णि वि ते होंति उत्तरिंदाणं । तेसु कुबेरो अधिओ हुवेदि वरुणो कुबेरादो ॥
इंदपडिंदादीणं देवाणं जेत्तियाओ देवीओ । चेट्ठंति तेत्तियाणिं[2] वोच्छामो आणुपुव्वीए ॥ ३०५
बलणामा अच्चिणिया ताओ सव्विंदसरिसणामाओ । एक्केक्कउत्तरिंदे तम्मेत्ता जेट्ठदेवीओ ॥ ३०६
किण्हा या ये पुराइं रामावइरामरक्खिदा वसुका । वसुमित्ता वसुधम्मा वसुंधरा सव्वइंदसमणामा ॥

शेष दक्षिण इन्द्रोंमे स्वयंप्रभ, वरज्येष्ठ, अंजन और वल्गु, ये उन लोकपालोंके प्रधान विमान होते है ॥ ३०० ॥

सब उत्तर इन्द्रोंके सोमादिक लोकपालोंके सोम (सम), सर्वतोभद्र, सुभद्र और अमित नामक प्रधान विमान होते है ॥ ३०१ ॥

उन विमानोंकी संख्याका उपदेश कालवश इस समय नहीं है । वे सब लोकपाल उन विमानोंमे क्रीड़ा किया करते है ॥ ३०२ ॥

दक्षिण इन्द्रोंके सोम और यम ये दोनों लोकपाल समान ऋद्धिवाले होते है । उनसे अधिक वरुण और वरुणसे अधिक कुबेर होता है ॥ ३०३ ॥

उत्तर इन्द्रोंके वे दोनों सोम और यम समान ऋद्धिवाले होते है । उनसे अधिक कुबेर और कुबेरसे अधिक वरुण होता है ॥ ३०४ ॥

इन्द्र और प्रतीन्द्रादिक देवोंके जितनी जितनी देवियां होती हैं उनको अनुक्रमसे कहते है ॥ ३०५ ॥

बलनामा अर्चिनिका वे सब इन्द्रोंके सदृश नामवाली होती हैं । एक एक उत्तर इन्द्रके इतनी ही ज्येष्ठ देवियां होती हैं ॥ ३०६ ॥

कृष्णा,...(?) रामापति, रामरक्षिता, वसुका, वसुमित्रा, वसुधर्मा, वसुंधरा सब इन्द्रसम नामवाली हैं ॥ ३०७ ॥

---

१ द ब °समिदाणि. २ द ब तेत्तियाणं.

सक्कदुगम्मि सहस्सा सोलस एक्केक्कजेट्ठदेवीए । चेट्ठंति चारुरूवमणुवमरूवा[1] परिवारदेवीओ ॥ ३०८

अट्ठचउदुगसहस्सा एक्कसहस्सं सणक्कुमारदुगे । बम्हम्मि लंतविंदे कमेण महसुक्कइंदम्मि ॥ ३०९

पंचसया देवीओ होंति सहस्सारइंददेवीणं । अड्ढाइज्जसयाणिं आणदइंदादियचउक्के ॥ ३१०

१६००० । ८००० । ४००० । २००० । १००० । ५०० । २५० ।

बत्तीससहस्साणिं सोहम्मदुगम्मि होंति वल्लहिया । पत्तेक्कमट्ठसहस्सा सणक्कुमारिंदजुगलम्मि ॥ ३११

३२००० । ३२००० । ८००० । ८००० ।

बम्हिंदे दुसहस्सा पंचसयाणिं च लंतविंदम्मि । अड्ढाइज्जसयाणिं हुवंति महसुक्कइंदम्मि ॥ ३१२

२००० । ५०० । २५० ।

पणुवीसजुदेक्कसयं होंति सहस्सारइंदवल्लहिया । आणदपाणदआरणअच्चुदइंदाण तेसट्ठी ॥ ३१३

१२५ । ६३ ।

सौधर्म और ईशान इन्द्रकी एक एक ज्येष्ठ देवीके सुन्दर व अनुपम रूपवाली सोलह हजार परिवार देवियां होती है ॥ ३०८ ॥ १६००० ।

सानत्कुमार और माहेन्द्र, ब्रम्हेन्द्र, लांतवेन्द्र और महाशुक्र इन्द्रकी एक एक ज्येष्ठ देवीके क्रमसे आठ हजार, चार हजार, दो हजार और एक हजार परिवार देवियां होती है ॥ ३०९ ॥

स. मा. ८०००, ब्र. ४०००, लां.२००० , म. १००० ।

सहस्रार इन्द्रकी प्रत्येक ज्येष्ठ देवीके पांच सौ परिवार देवियां और आनतेन्द्रादिक चारकी प्रत्येक ज्येष्ठ देवीके अढ़ाई सौ परिवार देवियां होती हैं ॥ ३१० ॥

सह. ५००, आनतेन्द्रादिक चार २५० ।

सौधर्मद्विकमें प्रत्येक इन्द्रके बत्तीस हजार और सनत्कुमारादि दो इन्द्रोंमें प्रत्येकके आठ हजार वल्लभा देवियां होती है ॥ ३११ ॥

सौ. ३२०००, ई. ३२०००, स. ८०००, मा. ८००० ।

ब्रम्हेन्द्रके दो हजार, लांतवेन्द्रके पांच सौ, और महाशुक्र इन्द्रके अढ़ाई सौ वल्लभा देवियां होती है ॥ ३१२ ॥ ब्र. २०००, लां. ५००, म. २५० ।

सहस्रार इन्द्रके एक सौ पच्चीस और आनत-प्राणत-आरण-अच्युत इन्द्रोंके तिरेसठ वल्लभायें होती हैं ॥ ३१३ ॥ स. १२५, आनतादि ६३ ।

---

१ द ब 'रूवाणं. २ द ब °मइ°.

परिवारवल्लभाओ सक्काओदुगस्स जेट्ठदेवीओ । णियसमविकुव्वणाओ पत्तेक्कं सोलससहस्सा ॥ ३१४
१६००० ।

तत्तो दुगुणं ताओ णियणियतणुविकुव्वणकराओ । आगदइंदचउक्कं जाव कमेणं पवत्तव्वो ॥ ३१५
३२००० । ६४००० । १२८००० । २५६००० । ५१२००० । १०२४००० ।

विणयासिरिकणयमालापउमाणंदासुसीमजिणदत्ता । एक्केक्कदक्खिणिंदे एक्केक्का पाणवल्लहिया ॥
एक्केक्कउत्तरिंदे एक्केक्का होदि हेममाला य । णीलुप्पलविस्सुदया णंदावहलक्खणाओ जिणदासी ॥
सयलिंदवल्लभाणं चत्तारि महत्तरीओ पत्तेक्कं । कामा कामिणिआओ पंकयगंधा यलंबुणामा य ॥३१८
पडिइंदादितियस्स य° णियणियइंदेहिं सरिसदेवीओ । संखाए णामेहिं विक्किरियारिद्धि चत्तारि ॥ ३१९
तप्परिवारा कमसो चउएक्कसहस्सयाणिं पंचसया । अड्ढाइज्जसयाणि तद्दलतेसट्ठिबत्तीसं ॥ ३२०
४००० । १००० । ५०० । २५० । १२५ । ६३ । ३२ ।

सौधर्म और ईशान इन्द्रकी परिवारवल्लभाओं और ज्येष्ठ देवियोंमें प्रत्येक अपने समान सोलह हजार प्रमाण विक्रिया करनेमें समर्थ है ॥ ३१४ ॥ १६००० ।

इसके आगे आनतादि चार इन्द्रों तक वे ज्येष्ठ देवियां क्रमशः इससे दूने प्रमाण अपने अपने शरीरकी विक्रिया करनेवाली हैं, ऐसा क्रमसे कहना चाहिए ॥ ३१५ ॥

स. मा. ३२०००, ब्र. ६४०००, लां. १२८०००, म. २५६०००, सह. ५१२०००, आनतादि १०२४००० ।

एक एक दक्षिण इन्द्रके विनयश्री, कनकमाला, पद्मा, नंदा, सुसीमा और जिनदत्ता, इस प्रकार एक एक प्राणवल्लभा होती है ॥ ३१६ ॥

हेममाला, नीलोत्पला, विश्रुता, नन्दा, वैलक्षणा और जिनदासी, इस प्रकार एक एक उत्तर इन्द्रके एक एक प्राणवल्लभा होती है ॥ ३१७ ॥

सब इन्द्रोंकी वल्लभाओंमेंसे प्रत्येकके कामा, कामिनिका, पंकजगंधा और अलंबु (अलंबूषा) नामक चार महत्तरी (गणिका महत्तरी) होती है ॥ ३१८ ॥

प्रतीन्द्रादिक तीनकी देवियां संख्या, नाम, विक्रिया और ऋद्धि, इन चारमें अपने अपने इन्द्रोंके सदृश हैं ॥ ३१९ ॥

उनके परिवारका प्रमाण क्रमसे चार हजार, एक हजार, पांच सौ, अढ़ाई सौ, इसका आधा अर्थात् एक सौ पच्चीस, तिरेसठ और बत्तीस है ॥ ३२० ॥

४०००, २०००, १०००, ५००, २५०, १२५, ६३, ३२ ।

१ द ब णियसमयं. २ द ब पडिइंदातिधियस्स य.

णिरुवमलावण्णाओ वरविविहविभूसणाओ पत्तेक्कं । आउट्ठकोडिमेत्ता वल्लहिया लोयपालाणं ॥ ३२१
३५०००००० ।

सामाणियदेवीओ सव्वदिणिंदाण होंति पत्तेक्कं । णियणियदिणिंददेवीसमाणसंखाओ सव्वाओ ॥ ३२२

सव्वेसुं इंदेसुं तणुरक्खसुराण होंति देवीओ । पुह छस्सयमेत्ताणिं णिरुवमलावण्णरूवाओ ॥ ३२३
६०० ।

आदिमदोजुगलेसुं बम्हादिसु चउसु आणदचउक्के । पुह पुह सव्विंदाणं अब्भंतरपरिसदेवीओ ॥ ३२४

पंचसयचउसयाणिं तिण्णया दोसयाणि एक्कसयं । पण्णासं पणुवीसं कमेण एदाण णादव्वं ॥ ३२५
५०० । ४०० । ३०० । २०० । १०० । ५० । २५ ।

छप्पंचचउसयाणिं तिगदुगएक्कसयाणि पण्णासा । पुव्वोदिदठाणेसुं मज्झिमपरिसाए देवीओ ॥ ३२६
६०० । ५०० । ४०० । ३०० । २०० । १०० । ५० ।

सत्तच्छपंचचउतियदुगएक्कसयाणि पुव्वठाणेसुं । सव्विंदाणं होंति हु बाहिरपरिसाए देवीओ ॥ ३२७
७०० । ६०० । ५०० । ४०० । ३०० । २०० । १०० ।

प्रत्येक लोकपालके अनुपम लावण्यसे युक्त और विविध प्रकारके भूषणोंवाली ऐसी साढ़े तीन करोड़ वल्लभायें होती है ॥ ३२१ ॥ ३५०००००० ।

सब लोकपालोंमेंसे प्रत्येकके सामानिक देवोंकी सब देवियां अपने अपने लोकपालोंकी देवियोंके समान संख्यावाली हैं ॥ ३२२ ॥

सब इन्द्रोंमे तनुरक्षक देवोंकी अनुपम लावण्यरूपवाली देवियां पृथक् पृथक् छह सौ मात्र होती है ॥ ३२३ ॥

आदिके दो युगल, ब्रम्हादिक चार युगल और आनतादिक चारमें सब इन्द्रोंके अभ्यन्तर पारिषद देवियां क्रमशः पृथक् पृथक् पांच सौ, चार सौ, तीन सौ, दो सौ, एक सौ, पचास और पच्चीस जानना चाहिये ॥ ३२४–३२५ ॥

सौ. ई. ५००, स. मा. ४००, ब्र. ३००, लां. २००, म. १००, सह. ५०, आनतादि चार २५ ।

पूर्वोक्त स्थानोंमें मध्यम पारिषद देवियां क्रमसे छह सौ, पांच सौ, चार सौ, तीन सौ, दो सौ, एक सौ और पचास है ॥ ३२६ ॥

सौ. ई. ६००, स. मा. ५००, ब्र. ४००, लां. ३००, म. २००, सह. १००, आनतादिक चार ५० ।

पूर्वोक्त स्थानोंमें सब इन्द्रोंके बाह्य पारिषद देवियां क्रमसे सात सौ, छह सौ, पांच सौ, चार सौ, तीन सौ, दो सौ और एक सौ है ॥ ३२७ ॥

सौ. ई. ७००, स. मा. ६००, ब्र. ५००, लां. ४००, म. ३००, सह. २००, आनतादि चार १०० ।

सत्ताणीयपहूणं पुह पुह देवीओ छस्सया होंति । दोण्णि सया पत्तेक्कं देवीओ आणीयदेवाणं ॥ ३२८

६०० । २०० ।

जाओ पइण्णयाणं अभियोगसुराण किब्बिसाणं च । देवीओ ताण संखा उवएसो संपइ पणट्ठो ॥ ३२९

तणुरक्खप्पहुदीणं पुह पुह एक्केक्कजेट्ठदेवीओ । एक्केक्का वल्लहिया विविहालंकारकंतिल्ला ॥ ३३०

सोहम्मीसाणेसुं उप्पज्जंते हु सव्वदेवीओ । उवरिमकप्पे ताणं उप्पत्ती णत्थि कइया वि ॥ ३३१

छल्लक्खाणि विमाणा सोहम्मे दक्खिणिंदसव्वाणं । ईसाणे चउलक्खा उत्तरइंदाण य विमाणा ॥ ३३२

६००००० । ४००००० ।

तेसुं उप्पण्णाओ देवीओ भिण्णओहिणाणेहिं । णादूणं णियकप्पे णेंति हु देवा सरागमणा ॥ ३३३

सोहम्मम्मि विमाणा सेसा छव्वीसलक्खसंखा जे । तेसुं उप्पज्जंते देवा देवीहि सम्मिस्सा ॥ ३३४

ईसाणम्मि विमाणा सेसा चउवीसलक्खसंखा जे । तेसुं उप्पज्जंते देवीओ देवमिस्साओ ॥ ३३५

सात अनीकोंके प्रभुओंके पृथक् छह सौ और प्रत्येक अनीक देवके दो सौ देवियां होती है ॥ ३२८ ॥ महत्तर ६००, अनीक २०० ।

प्रकीर्णक, आभियोग्य सुर और किल्विषिक देवोंके जो देवियां हैं उनकी संख्याका उपदेश इस समय नष्ट हो गया है ॥ ३२९ ॥

तनुरक्षक आदि देवोंके पृथक् पृथक् विविध अलंकारोंसे शोभायमान एक एक ज्येष्ठ देवी और एक एक वल्लभा होती है ॥ ३३० ॥

सब देवियां सौधर्म और ईशान कल्पोंमें ही उत्पन्न होती है, इससे उपरिम कल्पोंमें उनकी उत्पत्ति कदापि नहीं होती ॥ ३३१ ॥

सब दक्षिण इन्द्रोंके सौधर्म कल्पमें छह लाख विमान और उत्तर इन्द्रोंके ईशान कल्पमें चार लाख विमान है ॥ ३३२ ॥ सौ. ६०००००, ई. ४०००००।

उन कल्पोंमें उत्पन्न हुई देवियोंको भिन्न अवधिज्ञानसे जानकर सराग मनवाले देव अपने कल्पमें ले जाते है ॥ ३३३ ॥

सौधर्म कल्पमें शेष जो छब्बीस लाख विमान हैं उनमें देवियोंसे सहित देव उत्पन्न होते है ॥ ३३४ ॥

ईशान कल्पमें जो शेष चौबीस लाख विमान हैं उनमें देवोंसे युक्त देवियां उत्पन्न होती हैं ॥ ३३५ ॥

सोहम्मीसाणेसुं देवा सव्वे वि कायपडिचारा । होंति हु सणक्कुमारप्पहुदी दु प्पासपडिचारा । ३३६
बम्हाभिधाणकप्पे लंतवकप्पम्मि रूवपडिचारा । कप्पम्मि महासुक्के सहस्सयारम्मि सद्दपडिचारा ॥
आणदपाणदआरणअच्चुदकप्पेसु चित्तपडिचारा । एत्तो सव्विंदाणं आवासविधिं परूवेमो ॥ ३३८
पढमादु एक्कतीसे पभणामजुदस्स दक्खिणोलीए । बत्तीससेढिबद्धे अट्ठारसमम्मि चेट्ठदे सक्को ॥ ३३९
तस्सिंदयस्स उत्तरदिसाए बत्तीससेढिबद्धेसुं । अट्ठारसमे चेट्ठदि इंदो ईसाणणामो य ॥ ३४०
पढमादु अट्ठतीसे दक्खिणपंतीए चक्कणामस्स । पणुवीससेढिबद्धे सोलसमे तह सणक्कुमारिंदो ॥ ३४१
तस्सिंदयस्स उत्तरदिसाए पणुवीससेढिबद्धम्मि । सोलसमसेढिबद्धे चेट्ठेदि महिंदणामिंदो ॥ ३४२
बम्हुत्तरस्स दक्खिणदिसाए इगिवीससेढिबद्धेसुं । चोद्दसमसेढिबद्धे चेट्ठेदि हु बम्हकप्पिंदो ॥ ३४३
लंतवइंदयदक्खिणदिसाए वीसाए सेढिबद्धेसुं । बारसमसेढिबद्धे चेट्ठेदि हु लंतविंदो वि ॥ ३४४

सौधर्म-ईशान कल्पोंमे सब ही देव कायप्रवीचारसे सहित और सानत्कुमार आदि स्पर्शप्रवीचारसे युक्त होते हैं ॥ ३३६ ॥

ब्रम्ह नामक कल्पमे व लांतव कल्पमे रूपप्रवीचारसे युक्त तथा महाशुक्र व सहस्रार कल्पमें शब्दप्रवीचारसे युक्त होते है ॥ ३३७ ॥

आनत, प्राणत, आरण और अच्युत, इन कल्पोमे देव चित्तप्रवीचार (मनःप्रवीचार) से सहित होते है । यहासे आगे सब इन्द्रोकी आवासविधिको कहते है ॥ ३३८ ॥

प्रथम इकतीस इन्द्रकोंमें प्रभ नाम युक्त इन्द्रककी दक्षिण श्रेणीमे बत्तीस श्रेणीबद्धोमेसे अठारहवेंमें सौधर्म इन्द्र स्थित है ॥ ३३९ ॥

इसी इन्द्रककी उत्तर दिशाके बत्तीस श्रेणीबद्धोमेसे अठारहवेंमें ईशान नामक इन्द्र स्थित है ॥ ३४० ॥

पहिलेसे अड़तीसवे चक्र नामक इन्द्रककी दक्षिण पंक्तिमें पच्चीस श्रेणीबद्धोंमेसे सोलहवेंमें सानत्कुमार इन्द्र स्थित है ॥ ३४१ ॥

इस इन्द्रककी उत्तर दिशामें पच्चीस श्रेणीबद्धोमेसे सोलहवें श्रेणीबद्धमे माहेन्द्र नामक इन्द्र स्थित है ॥ ३४२ ॥

ब्रम्होत्तरकी दक्षिण दिशामें इक्कीस श्रेणीबद्धोमेसे चौदहवें श्रेणीबद्धमें ब्रम्ह कल्पका इन्द्र स्थित है ॥ ३४३ ॥

लांतव इन्द्रककी दक्षिण दिशामें बीस श्रेणी बद्धोमेसे बारहवें श्रेणीबद्धमें लांतव इन्द्र स्थित है ॥ ३४४ ॥

महसुक्किंदयउत्तरदिसाए अट्ठरससेढिबद्धेसुं । दसमम्मि सेढिबद्धे वसइ महासुक्कणामिंदो ॥ ३४५
होदि सहस्सारुत्तरदिसाए सत्तरससेढिबद्धेसुं । अट्ठमए सेढिबद्धे वसइ सहस्सारणामिंदो ॥ ३४६
जिणदिट्ठणामइंदयदक्खिणओलीए सेढिबद्धेसुं । छट्ठमसेढीबद्धे आणदणामिंदआवासो ॥ ३४७
तस्सिंदयस्स उत्तरदिसाए तस्संखसेढिबद्धेसुं । छट्ठमसेढीबद्धे पाणदणामिंदआवासो ॥ ३४८
आरणइंदयदक्खिणदिसाए एक्कारससेढिबद्धम्मि । छट्ठमसेढीबद्धे [आरणइंदस्स आवासो ॥ ३४९
तस्सिंदयस्स उत्तरदिसाए एक्कारससेढिबद्धम्मि । छट्ठमसेढीबद्धे] अच्चुददइंदस्स आवासो ॥ ३५०
छज्जुगलसेसएसुं अट्ठारसमम्मि सेढिबद्धेसुं । दोहीणकमं दक्खिणउत्तरभागम्मि होंति देविंदा ॥ ३५१
पाठान्तरम् ।
एदाणं सेढीओ पत्तेक्कमसंखजोयणपमाणा । रविमंडलसमवट्टा णाणावररयणणियरमया ॥ ३५२

महाशुक्र इन्द्रककी उत्तर दिशामें अठारह श्रेणीबद्धोंमेंसे दशवें श्रेणीबद्धमें महाशुक्र नामक इन्द्र निवास करता है ॥ ३४५ ॥

सहस्रार इन्द्रककी उत्तर दिशामें सत्तरह श्रेणीबद्धोंमेंसे आठवें श्रेणीबद्धमें सहस्रार नामक इन्द्र निवास करता है ॥ ३४६ ॥

जिन भगवान्‌से देखे गये नामवाले इन्द्रककी दक्षिणपंक्तिके श्रेणीबद्धोंमेंसे छठे श्रेणीबद्धमें आनत नामक इन्द्रका निवास है ॥ ३४७ ॥

इस इन्द्रककी उत्तर दिशामें उतनी ही संख्या प्रमाण श्रेणीबद्धोंमेंसे छठे श्रेणीबद्धमें प्राणत नामक इन्द्रका निवास है ॥ ३४८ ॥

आरण इन्द्रककी दक्षिण दिशाके ग्यारह श्रेणीबद्धोंमेंसे छठे श्रेणीबद्धमें आरण इन्द्रका निवास है ॥ ३४९ ॥

उस इन्द्रककी उत्तर दिशाके ग्यारह श्रेणीबद्धोंमेंसे छठे श्रेणीबद्धमें अच्युत इन्द्रका आवास है ॥ ३५० ॥

छह युगलों और शेष कल्पोंमें यथाक्रमसे प्रथम युगलमें अपने अन्तिम इन्द्रकसे सम्बद्ध अठारहवें श्रेणीबद्धमें तथा इससे आगे दो हीन क्रमसे अर्थात् सोलहवें, चौदहवें, बारहवें, दसवें, आठवें और छठे श्रेणीबद्धमें दक्षिण भागमें दक्षिण इन्द्र और उत्तर भागमें उत्तर इन्द्र स्थित है ॥ ३५१ ॥ पाठान्तर ।

सूर्यमण्डलके समान गोल और नाना उत्तम रत्नसमूहोंसे निर्मित इनकी श्रेणियोंमेंसे प्रत्येक असंख्यात योजन प्रमाण है ॥ ३५२ ॥

१ ब °मसंखेज्जजोयण°.

तेसुं तडवेदीओ कणयमया होंति विविहधयमाला । चरियट्टालयचारू वरतोरणसुंदरदुवारा ॥ ३५३

दारोवरिमतलेसुं जिणभवणेहिं विचित्तरूवेहिं । उत्तुंगतोरणेहिं सविसेसं सोहमाणाओ ॥ ३५४

एवं पवण्णिदाणं सेढीणं होंति ताण बहुमज्झे । णियणियणामजुदाइं सक्कप्पहुदीण णयराइं ॥ ३५५

चुलसीदीओ सीदी बाहत्तरिसत्तरीओ सट्ठी य । पण्णासचालतीसा वीस सहस्साणि जोयणया ॥ ३५६

८४००० । ८०००० । ७२००० । ७०००० । ६०००० । ५०००० । ४०००० । ३०००० । २०००० ।

सोहम्मिंदादीणं अट्ठसुरिंदाण सेसइंदाणं । रायंगणस्स वासो पत्तेक्कं एस णादव्वो ॥ ३५७

रायंगणभूमीए समंतदो दिव्वकणयतडवेदी । चरियट्टालयचारू णच्चंतविचित्तधयमाला ॥ ३५८

सक्कदुगे तिण्णिसया अद्धाइज्जासयाणि उवरिदुगे । बम्हिंदे दोण्णिसया आदिमपायारउच्छेहो ॥ ३५९

३०० । २५० । २०० ।

उनमें मार्ग व अट्टालिकाओंसे सुन्दर, उत्तम तोरणोंसे युक्त सुन्दर द्वारोंवाली, और विविध प्रकारकी ध्वजासमूहोंसे युक्त सुवर्णमय तटवेदियां हैं ॥ ३५३ ॥

द्वारोंके उपरिम तलोंपर उन्नत तोरणोंसे सहित और विचित्र रूपवाले ऐसे जिनभवनोंसे वे वेदियां विशेष शोभायमान है ॥ ३५४ ॥

इस प्रकार वर्णित उन श्रेणियोंके बहुमध्य भागमें अपने अपने नामसे युक्त सौधर्म इन्द्र आदिके नगर है ॥ ३५५ ॥

चौरासी हजार, अस्सी हजार, बहत्तर हजार, सत्तर हजार, साठ हजार, पचास हजार, चालीस हजार, तीस हजार और बीस हजार योजन; यह सौधर्मादि आठ सुरेन्द्र और शेष इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके राजांगणका विस्तार जानना चाहिये ॥ ३५६–३५७ ॥

सौ. ८४०००, ई. ८००००, सान. ७२०००, मा. ७००००, ब्र. ६०००, लां. ५००००, म. ४००००, सह. ३००००, आनतादिक चार २०००० ।

राजांगण भूमिके चारों ओर दिव्य सुवर्णमय तटवेदी है । यह वेदी मार्ग व अट्टालिकाओंसे सुन्दर तथा नाचती हुई विचित्र ध्वजापंक्तियोंसे युक्त है ॥ ३५८ ॥

शक्राद्विक अर्थात् सौधर्म और ईशान इन्द्रके आदिम प्राकारका उत्सेध तीन सौ, उपरिद्विक अर्थात् सानत्कुमार और माहेन्द्रके आदिम प्राकारका उत्सेध अढ़ाई सौ तथा ब्रह्मेन्द्रके आदिम प्राकारका उत्सेध दो सौ योजन है ॥ ३५९ ॥

सौ. ई. ३००, सान. मा. २५०, ब्र. २०० ।

पण्णासजुदेक्कसया वीसब्भहियं सयं सयं सुद्धं । सो लंतविंदतिदए असीदि पत्तेक्कआणदादिम्मि ॥ ३६०
१५० । १२० । १०० । ८० ।

पण्णासं पणुवीसं तस्सद्धं तद्दलं च चत्तारिं । तिण्णि य अड्ढाइज्जं जोयणया तह कमे गाढं ॥ ३६१
५० । २५ । २५/२ | २५/४ | ४ । ३ । ५/२ ।

जं गाढस्स पमाणं तं चिय बहलत्तणं मि[1] णादव्वं । आदिमपायारस्स य कमसोयं पुव्वठाणेसुं ॥ ३६२

सक्कदुगे चत्तारो तह तिण्णि सणक्कुमारइंददुगे । बम्हिंदे दोण्णि सया सयमेक्कं आणदादिइंदेसुं ॥ ३६३
[४०० । ३०० । २०० ।] १६०[2] । १४० । १२० । १०० ।

चत्तारि तिण्णि दोण्णि य सयाणि सयमेक्क सट्ठिसंजुत्तं । चालीसजुदेक्कसयं वीसब्भहियं सयं एक्कं ॥ ३६४
४०० । ३०० । २०० । १६० । १४० । १२० । १०० ।

एदाइ जोयणाइं गोउरदाराण होइ उच्छेहो । सोहम्मप्पहुदीसुं पुव्वोदिदसत्तठाणेसुं ॥ ३६५

एक सौ पचास, एक सौ बीस और केवल सौ, यह क्रमसे लांतवेन्द्रादिक तीनके आदिम प्राकारका उत्सेधप्रमाण है । प्रत्येक आनतेन्द्रादिके राजांगणका उत्सेध अस्सी योजन है ॥ ३६० ॥ लां. १५०, म. १२०, सह. १००, आनतादि प्रत्येक ८० ।

उपर्युक्त आदिम प्राकारका अवगाढ़ क्रमशः पचास, पच्चीस, उसका आधा अर्थात् साढ़े बारह, उसका भी आधा अर्थात् सवा छह, चार, तीन और अढ़ाई योजन प्रमाण है ॥ ३६१ ॥
सौ. ई. ५०, स. मा. २५, ब्र. २५/२, लां. २५/४, म. ४, सह. ३, आनतादिक ५/२ योजन ।

पूर्वोक्त स्थानोंमें जो आदिम प्राकारके अवगाढ़का प्रमाण है वही क्रमसे उसका बाहल्य भी जानना चाहिये ॥ ३६२ ॥

शक्रद्विकमें चार सौ, तथा सानत्कुमार इन्द्रद्विकमें तीन सौ, ब्रह्मेन्द्रमें दो सौ [लांतव कल्पमें एक सौ साठ, महाशुक्रमें एक सौ चालीस, सहस्रारमें एक सौ बीस] और आनतादि इन्द्रोंमें एक सौ [इतने प्रत्येक दिशामें उन प्राकारोंके गोपुरद्वार है] ॥ ३६३ ॥

चार सौ, तीन सौ, दो सौ, एक सौ साठ, एक सौ चालीस, एक सौ बीस और एक सौ, इतने योजन प्रमाण सौधर्म आदि पूर्वोक्त सात स्थानोंमें गोपुरद्वारोंका उत्सेध है ॥३६४–३६५॥
सौ. ई. ४००, सान. मा. ३००, ब्र. २००, लां. १६०, म. १४०. सह. १२०, आनतादि १०० ।

१ द ब बहलत्तणम्मि. २ द ब १६१.

सदणउदिसीदिसत्तरि पण्णासं चाल तीस होंति कमा । जोयणया वित्थारा गोउरदाराण पत्तेक्कं ॥ ३६६
१०० । ९० । ८० । ७० । ५० । ४० । ३० ।

रायंगणबहुमज्झे एक्केक्कपहाणदिव्वपासादा । एक्केक्कसिं इंदे णियणियइंदाण णामसमा ॥ ३६७

धुव्वंतधयवदाया मुत्ताहलहेमदामकमणिज्जा । वररयणमत्तवारणणाणाविहभोडसाभरणा ॥ ३६८

दिप्पंतरयणदीया वज्जकवाडेहिं सुंदरदुवारा । दिव्ववरधूवसुरही सेज्जासणपहुदिपरिपुण्णा ॥ ३६९

सत्तट्ठणवदसादियविचित्तभूमीहिं भूसिदा सव्वे । हुव्वंति रयणखचिदा सोहंते सासयसरूवा ॥ ३७०

छस्सयपंचसयाणिं पण्णुत्तरचउसयाणि उच्छेहो । एदाणं सक्कदुगे दुइंदजुगलम्मि[1] बम्हिंदे[2] ॥ ३७१
६०० । ५०० । ४५० ।

चत्तारिसय पणुत्तरतिण्णिसया केवला य तिण्णि सया । सो लंतविंदतिदए आणदपहुदीसु दुसयपण्णासा ॥
४०० । ३५० । ३०० । २५० ।

. . .

उपर्युक्त स्थानोंमें गोपुरद्वारोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार क्रमसे सौ, नब्बे, अस्सी, सत्तर, पचास, चालीस और तीस योजन प्रमाण है ॥ ३६६ ।

सौ. ई. १००, सान. मा. ९०, ब्र. ८०, लां ७०, म. ५०, सह. ४०, आनतादि ३० ।

राजांगणके बहुमध्य भागमें एक एक इन्द्रका अपने अपने इन्द्रोंके नामोंके समान एक एक प्रधान दिव्य प्रासाद है ॥ ३६७ ॥

सब प्रासाद फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे सहित, मुक्ताफल एवं सुवर्णकी मालाओंसे रमणीय, उत्तम रत्नमय मत्तवारणोंसे संयुक्त, नाना प्रकारके सोलह आभरणोंवाले, चमकते हुए रत्नदीपकोसे सुशोभित, वज्रमय कपाटोसे सुन्दर द्वारोवाले, दिव्य उत्तम धूपसे सुगंधित, शय्या व आसन आदिसे परिपूर्ण और सात, आठ, नौ एवं दश, इत्यादिक विचित्र भूमियोंसे भूषित हैं । शाश्वत स्वरूपसे युक्त ये प्रासाद रत्नोंसे खचित होते हुए शोभायमान है ॥३६८-३७०॥

शक्रद्विक, सानत्कुमार-माहेन्द्र युगल और ब्रह्मेन्द्रके इन प्रासादोंका उत्सेध क्रमशः छह सौ, पांच सौ और चार सौ पचास योजन प्रमाण है ॥ ३७१ ॥

सौ. ई. ६००, सान. मा. ५००, ब्र. ४५० यो. ।

वह प्रासादोंका उत्सेध लांतवेन्द्रादि तीनके क्रमसे चार सौ, तीन सौ पचास और केवल तीन सौ तथा आनतेन्द्रादिकोंके दो सौ पचास योजन प्रमाण है ॥ ३७२ ॥

लां. ४००, म. ३५०, सह. ३००, आनतादि २५० यो. ।

---

१ ब ब इंदजुगलम्मि. २ ब बम्हिंदे आ.

एदाणं वित्थारा णियणियउच्छेहपंचमविभागा । वित्थारद्धं गाढं पत्तेक्कं सव्वपासादे ॥ ३७३
पासादाणं मज्झे सपादपीढा यकट्टिमायारा[1] । सिंहासणा विसाला वररयणमया विरायंति ॥ ३७४
सिंहासणाण सोहा जा एदाणं विचित्तरूवाणं । ण य सक्का वोत्तुं मे[2] पुण्णफलं[3] एत्थ पच्चक्खं ॥ ३७५
सिंहासणमारूढा सोलसवरभूसणेहि सोहिल्ला । सम्मत्तरयणसुद्धा सव्वे इंदा विरायंति ॥ ३७६
पुव्वज्जिदाहि सुचरिदकोडीहि संचिदाए लच्छीए । सक्कादीणं उवमा का दिज्जइ णिरुवमाणाए ॥ ३७७
देवीहिं पडिंदेहिं सामाणियपहुदिदेवसंघेहिं । सेविज्जंते णिच्चं इंदा वरछत्तचमरधारीहिं ॥ ३७८
सट्ठिसहस्सब्भहियं एक्कं लक्खं हुवंति पत्तेक्कं । सोहम्मीसाणिंदे अट्ठट्ठा अग्गदेवीओ ॥ ३७९

१६०००० । ८ ।

अग्गमहिसीओ अट्ठं माहिंदसणक्कुमारइंदाणं । बाहत्तरिं सहस्सा देवीओ होंति पत्तेक्कं ॥ ३८०

८ । ७२००० ।

इन प्रासादोंका विस्तार अपने अपने उत्सेधके पांचवे भागप्रमाण है । सब प्रासादोंमेंसे प्रत्येकका अवगाह विस्तारसे आधा है ॥ ३७३ ॥

प्रासादोंके मध्यमें पादपीठसे सहित, अकृत्रिम आकारवाले, विशाल और उत्तम रत्नमय सिंहासन विराजमान है ॥ ३७४ ॥

विचित्र रूपवाले इन सिंहासनोंकी जो शोभा है उसको कहनेके लिये मै समर्थ नहीं हूं । यहां पुण्यका फल प्रत्यक्ष है ॥ ३७५ ॥

सिंहासनपर आरूढ़, सोलह उत्तम भूषणोंसे शोभायमान, और सम्यग्दर्शनरूपी रत्नसे शुद्ध सब इन्द्र विराजमान है ॥ ३७६ ॥

पूर्वोपार्जित करोड़ों सुचरित्रोंसे प्राप्त हुई शक्रादिकोंकी अनुपम लक्ष्मीको कौनसी उपमा दी जाय ॥ ३७७ ॥

उत्तम छत्र व चमरोंको धारण करनेवाली देवियों, प्रतीन्द्रों और सामानिक आदि देव-समूहोंके द्वारा इन्द्रोंकी नित्य ही सेवा की जाती है ॥ ३७८ ॥

सौधर्म और ईशान इन्द्रमेंसे प्रत्येकके एक लाख साठ हजार देवियां तथा आठ आठ अग्रदेवियां होती है ॥ ३७९ ॥ देवी १६०००० , अग्रदेवी ८ ।

माहेन्द्र और सानत्कुमार इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके आठ अग्रमहिषियां तथा बहत्तर हजार देवियां होती है ॥ ३८० ॥ अग्रमहिषी ८, देवी ७२००० ।

१ द ब यकट्टिमायाय. २ द ब गे. ३ द ब पुण्णपदं.

अग्गमहिसीओ अट्ठ य चोत्तीससहस्सयाणि देवीओ । णिरुवमलावण्णाओ सोहंते बम्हकप्पिंदे ॥ ३८१

८ । ३४००० ।

सोलससहस्सपणसयदेवीओ अट्ठ अग्गमहिसीओ । लंतवइंदम्मि पुढं णिरुवमरूवाओ रेहंति ॥ ३८२

८ । १६५०० ।

अट्ठसहस्सा दुसया पण्णं चहिया हुवंति देवीओ । अग्गमहिसीओ अट्ठ य रम्मा महसुक्कइंदम्मि ॥ ३८३

८२५० । ८ ।

चत्तारिसहस्साइं एक्कसयं पंचवीसअब्भहियं । देवीओ अट्ठ जेट्ठा होंति सहस्सारइंदम्मि ॥ ३८४

४१२५ । ८ ।

आणइपाणदआरणअच्चुदइंदेसु अट्ठ जेट्ठाओ । पत्तेक्कं दुसहस्सा तेसट्ठी होंति देवीओ ॥ ३८५

८ । २०६३ ।

खणइणहट्ठदुगइगिअट्ठयछस्सत्तसक्कदेवीओ । लोयविणिच्छयगंथे हुवंति सेसेसु पुव्वं व ॥ ३८६

७६८१२८००० । पाठान्तरम् ।

सगवीस कोडीओ सोहम्मिंदेसु होंति देवीओ । पुव्वं पिव सेसेसुं संगाहणियम्मि णिद्दिट्ठं ॥ ३८७

२७००००००० । पाठान्तरम् ।

ब्रम्हकल्पेन्द्रके अनुपम लावण्यवाली आठ अग्रमहिषियां और चौतीस हजार देवियां शोभायमान है ॥ ३८१ ॥ अ. म. ८, देवी ३४००० ।

लांतवेन्द्रके अनुपम रूपवाली सोलह हजार पाच सौ देवियां और आठ अग्रमहिषियां शोभायमान है ॥ ३८२ ॥ अ. म. ८, देवी १६५०० ।

महाशुक्र इन्द्रके आठ हजार दो सौ पचास देवियां और रमणीय आठ अग्रमहिषियां होती है ॥ ३८३ ॥ दे. ८२५०, अ. म. ८ ।

सहस्रार इन्द्रके चार हजार एक सौ पच्चीस देवियां और आठ ज्येष्ठ देवियां होती है ॥ ३८४ ॥ दे. ४१२५, ज्ये. ८ ।

आणत, प्राणत, आरण और अच्युत इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके आठ अग्रमहिषियां और दो हजार तिरेसठ देवियां होती है ॥ ३८५ ॥ ज्ये. ८, दे. २०६३ ।

शून्य, शून्य, शून्य, आठ, दो, एक, आठ, छह और सात, इन अंकोके प्रमाण सौधर्म इन्द्रके देवियां होती हैं । शेष इन्द्रोमे देवियोंका प्रमाण पहिलेके ही समान है, ऐसा लोक-विनिश्चय ग्रन्थमें निर्दिष्ट है ॥ ३८६ ॥ ७६८१२८००० । पाठांतर ।

सौधर्म इन्द्रके सत्ताईस करोड़ और शेष इन्द्रोके पूर्वोक्त संख्या प्रमाण देवियां होती हैं, ऐसा संगाहणिमें निर्दिष्ट है ॥ ३८७ ॥ २७००००००० । पाठांतर ।

मायाविवज्जिदाओ बहुरदिकरणेसु णिउणबुद्धीओ । ओलग्गंते णिच्चं णियणियइंदाण चरणाइं ॥ ३८८
बब्बरचिलादकुज्जयकम्मंतियदासदासिपहुदीओ । संतेउरजोग्गाओ चेट्ठंति विचित्तवेसाओ ॥ ३८९
इंदाणं अत्थाणे[1] पीठाणीयस्स अहिवई देवा । रयणासणाणि देंति हु सपादपीढाणि बहुवाणिं ॥ ३९०
जं जस्स जोग्गमुच्चं [णिच्चं] णियडं विदोरमासणयं । तं तस्स [देंति] देवा णादूणं भूमिभागाइं ॥ ३९१
वररयणदंडहत्था पडिहारा होंति इंदभट्ठाणे । पत्थावमपत्थावं ओलग्गंताण[2] घोसंति ॥ ३९२
अण्णे वि सुरा तेसिं णाणाविहपेसणाणि कुणमाणा । इंदाण भत्तिभरिदा आणं सिरसा पडिच्छंति ॥ ३९३
पडिइंदादी देवा णिब्भरभत्तीए णियमोलग्गं । अभिमुहछिदा सभाए णियणियइंदाण कुव्वंति ॥ ३९४
पुव्वं ओलग्गसभा सक्कीसाणाण जारिसा भणिदा । तारिसया सव्वाणं णियणियणयरेसु इंदाणं ॥ ३९५

मायासे रहित और बहुत अनुरागके करनेमें निपुण बुद्धिवाली वे देवियां नित्य अपने अपने इन्द्रोंके चरणोंकी सेवा करती हैं ॥ ३८८ ॥

अन्तःपुरके योग्य बर्बर, किरात, कुब्जक, कर्मान्तिक और दास-दासी आदि विचित्र वेषोंसे युक्त स्थित रहते हैं ॥ ३८९ ॥

इन्द्रोंके आस्थानमें पीठानीकके अधिपति देव पादपीठ सहित बहुतसे रत्नमय आसनोंको देते है ॥ ३९० ॥

जो जिसके योग्य उच्च व [नीच] एवं निकट व दूरवर्ती आसन होता है, भूमिभागोंको जानकर देव उसके लिये वह देते हैं ॥ ३९१ ॥

इन्द्रके आस्थान अर्थात् सभामें उत्तम रत्नदण्डको हाथमें लिये हुए जो द्वारपाल होते हैं वे सेवकोंके लिये प्रस्तुत व अप्रस्तुत कार्यकी घोषणा करते हैं ॥ ३९२ ॥

उनके नाना प्रकारके कार्योंको करनेवाले इतर देव भी इन्द्रोंकी भक्तिसे भरे हुए उनकी आज्ञाको शिरसे ग्रहण करते हैं ॥ ३९३ ॥

प्रतीन्द्रादिक देव अत्यन्त भक्तिसे सभामें अभिमुख स्थित होकर अपने अपने इन्द्रोंकी नित्य सेवा करते है ॥ ३९४ ॥

पूर्वमें सौधर्म व ईशान इन्द्रकी जैसी ओलगसभा (सेवकशाला) कही है वैसी अपने अपने नगरोंमें सब इन्द्रोंके होती है ॥ ३९५ ॥

---

१ द ब अत्थाणं. २ द ब ओलगताणं त.

इंदप्पहाणपासादपुव्वदिब्भागपहुदिसंठाणा । चत्तारो पासादा पुव्वोदिदवण्णणेहिं जुदा ॥ ३९६

वेरुलियरजदसोका मिसक्कसारं च दक्खिणिंदेसुं । रुचकं मंदरसोका सत्तच्छदयं च उत्तरिंदेसुं ॥ ३९७

सक्कीसाणगिहाणं पुरदो छत्तीसजोयणुच्छेहा । जोयणबहलविखंभा[1] बारसधारा[2] हुवंति वज्जमया ॥ ३९८

पत्तेक्कं धाराणं[3] वासो एक्केक्ककोसपरिमाणं[4] । माणत्थंभसरिच्छं[5] सेसत्थंभाण वण्णणयं ॥ ३९९

भरहेरावदभूगदतित्थयरबालयाणाभरणाणं[6] । वररयणकरंडेहिं लंबंतेहिं विरायंते ॥ ४००

मूलादो उवरितले पुह पुह पणुवीसकोसपरिमाणा । गंतूणं सिहरादो तेत्तियमोदरिय होंति हु करंडा ॥ ४०१

२५ । २५ ।

पंचसयचावरुंदा पत्तेक्कं एक्ककोसदीहत्ता । ते होंति वरकरंडा णाणावररयणरासिमया ॥ ४०२

५०० । को १ ।

ते संखेज्जा सव्वे लंबंता रयणसिक्कजालेसुं । सक्कादिपूजणिज्जा अणादिणिहणा महारम्मा ॥ ४०३

इन्द्रोंके प्रधान प्रासादके पूर्वदिशाभागादिमें स्थित और पूर्वोक्त वर्णनोंसे युक्त चार प्रासाद होते हैं ॥ ३९६ ॥

दक्षिण इन्द्रोंमें वैडूर्य, रजत, अशोक और मृषत्कसार तथा उत्तर इन्द्रोंमें रुचक, मन्दर, अशोक और सप्तच्छद, ये चार प्रासाद होते है ॥ ३९७ ॥

सौधर्म और ईशान इन्द्रके ग्रहोंके आगे छत्तीस योजन ऊंचे, एक योजन बाहल्य व विष्कम्भसे सहित बज्रमय बारह धाराओंवाले [स्तम्भ] होते है ॥ ३९८ ॥

उन धाराओंमें प्रत्येक धाराका व्यास एक एक कोश प्रमाण है । शेष स्तम्भोंका वर्णन मानस्तम्भोंके सदृश है ॥ ३९९ ॥

[ये स्तम्भ] भरत और ऐरावत भूमिके तीर्थंकर बालकोंके आभरणोंके लटकते हुए उत्तम रत्नमय पिटारोंसे विराजमान हैं ॥ ४०० ॥

मूलसे उपरिम तलमें पृथक् पृथक् पच्चीस कोश प्रमाण जाकर और शिखरसे इतने ही उतरकर ये करण्ड होते हैं ॥ ४०१ ॥ मूल २५, शिखर २५ ।

नाना उत्तम रत्नोंकी राशि स्वरूप उन श्रेष्ठ करण्डोमेंसे प्रत्येक पांच सौ धनुष विस्तृत और एक कोश लम्बा होता है ॥ ४०२ ॥ विस्तार ५०० ध., दीर्घता १ को. ।

रत्नमय सींकोंके समूहोंमें लटकते हुए वे सब संख्यात करण्ड शक्रादिसे पूजनीय, अनादिनिधन और महा रमणीय होते हैं ॥ ४०३ ॥

---

१ द ब बहलाकंमा. २ द ब दारा. ३ द ब बाराणं. ४ द ब कोसापरिमाणं. ५ द ब माणद्धं च सरिच्छं. ६ द ब °बालइंदाणं.

आभरणा पुव्वावरविदेहतित्थयरबालयाणं च । थंभोवरि चेट्ठंते भवणेसु सणक्कुमारजुगलस्स ॥ ४०४
सयलिंदमंदिराणं पुरदो णग्गोहपायवा होंति । एक्केक्कं पुढविमया पुव्वोदिदजंबुदुमसरिसा ॥ ४०५
तम्मूले एक्केक्का जिणिंदपडिमा य पडिदिसं होदि । सक्कादिणमिदचलणा सुमरणमेत्ते वि दुरिदहरा ॥
सक्कस्स मंदिरादो ईसाणदिसे सुधम्मणामसभा । तिसहस्सकोसउदया चउसयदीहा तदद्धवित्थारा ॥
३००० । ४०० । २००
तीए दुवारछेहो कोसा चउसट्ठि तद्दलं रुंदो । सेसाओ वण्णणाओ सक्कप्पासादसरिसाओ ॥ ४०८
६४ । ३२ ।
रम्माए सुधम्माए विविहविणोदेहि कीडदे सक्को । बहुविहपरिवारजुदो भुंजंतो विविहसोक्खाणिं ॥ ४०९
तत्थेसाणदिसाए उववादसभा हुवेदि पुव्वसमा । दिप्पंतरयणसेज्जा विण्णासविसेससोहिल्ला ॥ ४१०
तीए दिसाए चेट्ठदि वररयणमओ जिणिंदपासादो । पुव्वसरिच्छो अहवा पंडुगजिणभवणसारिच्छो ॥ ४११

सानत्कुमार युगलके भवनोंमें स्तम्भोंके ऊपर पूर्व व पश्चिम विदेह सम्बन्धी तीर्थंकर बालकोंके आभरण स्थित होते है ॥ ४०४ ॥

समस्त इन्द्रमन्दिरोंके आगे न्यग्रोध वृक्ष होते हैं । इनमें एक एक वृक्ष पृथिवी स्वरूप और पूर्वोक्त जम्बू वृक्षके सदृश होते हैं ॥ ४०५ ॥

इनके मूलमें प्रत्येक दिशामें एक एक जिनेन्द्रप्रतिमा होती है जिसके चरणोंमें शक्रादिक प्रणाम करते है तथा जो स्मरण मात्रमें ही पापको हरनेवाली है ॥ ४०६ ॥

सौधर्म इन्द्रके मन्दिरसे ईशान दिशामें तीन हजार (तीन सौ) कोश ऊंची, चार सौ कोश लंबी, और इससे आधे विस्तारवाली सुधर्मा नामक सभा है ॥ ४०७ ॥

उ. ३०००, दी. ४००, वि. २०० कोस ।

सुधर्मा सभाके द्वारोंकी उंचाई चौसठ कोश और विस्तार इससे आधा है । शेष वर्णन सौधर्म इन्द्रके प्रासादके सदृश है ॥ ४०८ ॥ उत्सेध ६४, विस्तार ३२ कोश ।

इस रमणीय सुधर्मा सभामें बहुत प्रकारके परिवारसे युक्त सौधर्म इन्द्र विविध सुखोंको भोगता हुआ अनेक विनोदोंसे क्रीड़ा करता है ॥ ४०९ ॥

वहां ईशान दिशामें पूर्वके समान उपपाद सभा है। यह सभा दैदीप्यमान रत्नशय्याओंसे सहित और विन्यासविशेषसे शोभायमान है ॥ ४१० ॥

उसी दिशामें पूर्वके समान अथवा पाण्डुक वन सम्बन्धी जिनभवनके सदृश उत्तम रत्नमय जिनेन्द्रप्रासाद है ॥ ४११ ॥

---

१ द ब तिप्पंति.

अट्ठजोयणउच्चा तेसियवासा हुवंति पत्तेक्कं । सेसिंदपासादा सेसा पुव्वं व विण्णासो ॥ ४१२

८ । ८ ।

इंदप्पासादाणं समंतदो होंति दिव्वपासादा । देवीवल्लहियाणं णाणावररयणकणयमया ॥ ४१३

देवीभवणुच्छेहा सक्कदुगे जोयणाणि पंचसया । माहिंददुगे पण्णासब्भहियाचारिसयजुत्ता ॥४१४

५०० । ४५० ।

बम्हिंदलंतविंदे महसुक्किंदे सहस्सयारिंदे । आणदपहुदिचउक्के कमसो पण्णासहीणाणिं ॥ ४१५

४०० । ३५० । ३०० । २५० । २०० ।

देवीपुरउदयादो वल्लहियामंदिराण उच्छेहो । सव्वेसुं इंदेसुं जोयणवीसाधिओ होदि ॥ ४१६

उच्छेहदसमभागे एदाणं मंदिरेसु विक्खंभा । विक्खंभदुगुणदीहं वासस्सद्धं पि गाढत्तं ॥ ४१७

सव्वेसु मंदिरेसुं उववणसंडाणि होंति दिव्वाणिं । सव्वउडुजोगपल्लवफलकुसुमविभूदिभरिदाणिं ॥ ४१८

पोक्खरणीवावीओ सच्छजलाओ विचित्तरूवाओ । पुप्फिदकमलवणाओ एक्केक्के मंदिरे होंतिं ॥ ४१९

शेष इन्द्रोंके प्रासादोंमेसे प्रत्येक आठ योजन ऊंचा और इतने ही विस्तारसे सहित हैं । शेष विन्यास पहिलेके ही समान है ॥ ४१२ ॥ उत्सेध ८, विस्तार ८ यो. ।

इन्द्रप्रासादोंके चारों ओर देवी और वल्लभाओंके नाना उत्तम रत्न एवं सुवर्णमय दिव्य प्रासाद हैं ॥ ४१३ ॥

सौधर्म और ईशान इन्द्रकी देवियोंके भवनोंकी उंचाई पांच सौ योजन तथा माहेन्द्र व सानत्कुमार इन्द्रकी देवियोंके भवनोंकी उंचाई चार सौ पचास योजन है ॥ ४१४ ॥

ब्रह्मेन्द्र, लांतवेन्द्र, महाशुक्र इन्द्र, सहस्रार इन्द्र और आनत आदि चार इन्द्रोंकी देवियोंके भवनोंकी उंचाई क्रमसे पचास योजन कम है ॥ ४१५ ॥

ब्र. ४००, लां. ३५०, म. ३००, स. २५०, आनतादि २०० ।

सब इन्द्रोंमें वल्लभाओंके मंदिरोंका उत्सेध देवियोंके पुरोंके उत्सेधसे बीस योजन अधिक है ॥ ४१६ ॥

इनके मंदिरोंका विष्कम्भ उत्सेधके दशवें भागप्रमाण, दीर्घता विष्कंभसे दूनी और अवगाढ व्याससे आधा है ॥ ४१७ ॥

सब मंदिरोंमें समस्त ऋतुओंके योग्य पत्र, फूल और कुसुम रूप विभूतिसे परिपूर्ण दिव्य उपवन-खण्ड होते हैं ॥ ४१८ ॥

एक एक मंदिरमें स्वच्छ जलसे परिपूर्ण, विचित्र स्वरूपवाली और पुष्पित कमलवनोंसे संयुक्त पुष्करिणी वापियां हैं ॥ ४१९ ॥

णाणाविहतूरेहिं णाणाविहमहुरगीयसद्देहिं । ललियमयणट्टणेहिं सुरणयराइं विराजंति ॥ ४२०

आदिमपायारादो तेरसलक्खाणि जोयणे गंतुं[1] । चेट्ठेदि बिदियवेदी पढमा मिव सव्वणयरेसुं ॥ ४२१

१३००००० ।

वेदीणं विच्चाले णियणियसामीसरीररक्खा य । चेट्ठंति सपरिवारा पासादेसुं विचित्तेसुं ॥ ४२२

बिदियवेदी गया ।

तेसट्ठीलक्खाणिं पण्णाससहस्सजोयणाणि तदो । गंतूण तदियवेदी पढमा मिव सव्वणयरेसुं ॥ ४२३

६३५०००० ।

एदाणं विच्चाले तिप्परिसाणं सुरा विचित्तेसुं । चेट्ठंति मंदिरेसुं णियणियपरिवारसंजुत्ता ॥ ४२४

तदियवेदी सम्मत्ता ।

तव्वेदीदो गच्छिय चउसट्ठिसहस्सजोयणाणिं च । चेट्ठेदि तुरिमवेदी पढिमामिव सव्वणयरेसुं ॥ ४२५

देवोंके नगर नाना प्रकारके तूर्यों (वादित्रों), अनेक प्रकारके मधुर गीतशब्दों और विलासमय नृत्योंसे विराजमान हैं ॥ ४२० ॥

सब नगरोंमें आदिम प्राकारसे तेरह लाख योजन जाकर प्रथमके समान द्वितीय वेदी स्थित है ॥ ४२१ ॥ १३००००० ।

वेदियोंके अन्तरालमें विचित्र प्रासादोंमें सपरिवार अपने अपने स्वामियोंके शरीररक्षक देव रहते है ॥ ४२२ ॥

द्वितीय वेदीका कथन समाप्त हुआ ।

सब नगरोंमें इससे आगे तिरेसठ लाख पचास हजार योजन जाकर प्रथमके समान तृतीय वेदी है ॥ ४२३ ॥ ६३५०००० ।

इन वेदियोंके मध्यमें स्थित विचित्र मन्दिरोंमें अपने अपने परिवारसे संयुक्त तीन परिषदोंके देव स्थित होते है ॥ ४२४ ॥

तृतीय वेदीका कथन समाप्त हुआ ।

इस वेदीसे चौंसठ हजार योजन आगे जाकर सब नगरोंमें प्रथम वेदीके समान चतुर्थ वेदी स्थित है ॥ ४२५ ॥

---

१ द ब अलिय°. २ द जोयणे गं द ब, ब जोयणेगे द ब.

एदाणं विच्चाले वररयणमएसु दिव्वभवणेसुं । सामाणियणामसुरा णिवसंते विविहपरिवारा ॥ ४२६

तुरिमवेदी गदा ।

चउसीदीलक्खाणिं गंतूणं जोयणाणि तुरिमादो । चेट्ठेदि पंचवेदी पढमा मिव सव्वणयरेसुं ॥ ४२७

८४००००० ।

एदाणं विच्चाले णियणियआरोहका यणीया य । अभियोगा किब्बिसिया पइण्णया तह सुरा य तेत्तीसा ॥

पंचमवेदी गदा ।

तप्परदो गंतूणं पण्णाससहस्सजोयणाण च । होंति हु दिव्ववणाणिं इंदपुराणं चउदिसासुं ॥ ४२९

पुव्वादिसु ते कमसो असोयसत्तच्छदाण वणसंडा । चंपयचूदाण तहा पउमद्दहसरिसपरिमाणा ॥ ४३०

एक्केक्का चेत्ततरू तेसु असोयादिणामसंजुत्ता । णग्गोहतरुसरिच्छा वरचामरछत्तपहुदिजुदा ॥ ४३१

पोक्खरणीवावीहिं मणिमयभवणेहिं[1] संजुदा विउला । सव्वउडुजोग्गपल्लवकुसुमफला भांति वणसंडा ॥

इन वेदियोंके मध्यमें स्थित उत्तम रत्नमय दिव्य भवनोंमें विविध परिवारसे युक्त सामानिक नामक देव निवास करते है ॥ ४२६ ॥

चतुर्थ वेदीका कथन समाप्त हुआ ।

चतुर्थ वेदीसे चौरासी लाख योजन आगे जाकर सब नगरोमें पहिली वेदीके समान पंचम वेदी स्थित है ॥ ४१७ ॥ ८४००००० ।

इन वेदियोंके मध्यमें अपने अपने आरोहक अनीक, आभियोग्य, किल्बिषिक, प्रकीर्णक तथा त्रायस्त्रिंश देव निवास करते है ॥ ४२८ ॥

पंचम वेदीका कथन समाप्त हुआ ।

इसके आगे पचास हजार योजन जाकर इन्द्रपुरोंकी चारों दिशाओंमें दिव्य वन हैं ॥ ४२९ ॥

पूर्वादिक दिशाओंमें क्रमसे वे अशोक, सप्तच्छद, चंपक और आम्र वृक्षोंके वनखण्ड हैं । इन वनोंका प्रमाण पद्म द्रहके वनोंके समान है ॥ ४३० ॥

उन वनोंमें अशोकादि नामोंसे संयुक्त और उत्तम चमर-छत्रादिसे युक्त न्यग्रोध तरुके सदृश एक एक चैत्य वृक्ष है ॥ ४३१ ॥

पुष्करिणी वापियों व मणिमय भवनोंसे संयुक्त तथा सब ऋतुओंके योग्य पत्र, कुसुम एवं फलोंसे परिपूर्ण विपुल वनखण्ड शोभायमान हैं ॥ ४३२ ॥

---

१ द ब भवणेहिं.

संखेज्जजोयणाणिं पुह पुह गंतूण णंदणवणादो । सोहम्मादिदिगिंदाणं कीडणणयराणि चेट्ठंति ॥ ४३३

बारससहस्सजोयणदीहत्ता पणसहस्सविक्खंभा । पत्तेक्कं ते णयरा वरवेदीपहुदिकयसोहा ॥ ४३४

१२००० । ५००० ।

गणियामहत्तरीणं समचउरस्सा पुरीओ विदिसासुं । एक्कं जोयणलक्खं पत्तेक्कं दीहवासजुदा ॥ ४३५

१००००० । १००००० ।

सव्वेसुं णयरेसुं पासादा दिव्वविविहरयणमया । णच्चंतविचित्तधया णिरुवमसोहा विरायंति ॥ ४३६

जोयणसयदीहत्ता ताणं पण्णासमेत्तवित्थारा । मुहमंडवपहुदीहिं विचित्तरूवेहिं संजुत्ता ॥ ४३७

वालुगपुप्फगणामा याणविमाणाणि सक्कजुगलम्मि । सोमणसं सिरिरुक्खं सणक्कुमारिंददुदयम्मि ॥ ४३८

बम्हिंदादिचउक्के याणविमाणाणि सव्वदोभद्दा । पीदिकरम्मकणामा[1] मणोहरा होंति चत्तारि ॥ ४३९

आणदपाणदइंदे लच्छीमादिंतिणामदो होदि । आरणकप्पिंददुगे याणविमाणं विमलणामं ॥ ४४०

नन्दन वनसे पृथक् पृथक् संख्यात योजन जाकर सौधर्मादि इन्द्रोंके लोकपालोंके क्रीड़ा-नगर स्थित हैं ॥ ४३३ ॥

उत्तम वेदी आदिसे शोभायमान उन नगरोंमेंसे प्रत्येक बारह हजार योजन लम्बे और पांच हजार योजन प्रमाण विस्तारसे सहित हैं ॥ ४३४ ॥ लं १२०००, वि. ५००० ।

विदिशाओंमें गणिकामहत्तरियोंकी समचतुष्कोण नगरियां है । इनमेंसे प्रत्येक एक लाख योजन प्रमाण दीर्घता व विस्तारसे युक्त है ॥ ४३५ ॥ दी. १००००० वि. १००००० यो. ।

सब नगरोंमें नाचती हुई विचित्र ध्वजाओंसे युक्त और अनुपम शोभाके धारक दिव्य विविध रत्नमय प्रासाद विराजमान है ॥ ४३६ ॥

ये प्रासाद एक सौ योजन दीर्घ, पचास योजन प्रमाण विस्तारसे सहित, और विचित्र-रूप मुखमण्डपादिसे संयुक्त है ॥ ४३७ ॥

शक्रयुगल (सौधर्म व ईशान इन्द्र) मे वालुक और पुष्पक नामक यान विमान तथा सानत्कुमारादि दो इन्द्रोमें सौमनस और श्रीवृक्ष नामक यान विमान होते हैं ॥ ४३८ ॥

ब्रह्मेन्द्रादिक चारके सर्वतोभद्र, प्रीतिक (प्रीतिंकर), रम्यक और मनोहर नामक चार यान विमान होते हैं ॥ ४३९ ॥

आनत और प्राणत इन्द्रके लक्ष्मी मादिन्ति (?) नामक यान विमान तथा आरण कल्पेन्द्र युगलमें विमल नामक यान विमान होते हैं ॥ ४४० ॥

---

१ द ब पीदिंकररम्मकणामा, कोलापुरप्रतौ तु गृहीतः पाठः।

सोहम्मादिचउक्के कप्पजुगलेसु । होंति हु पुव्वुत्ताइं याणविमाणाणि पत्तेक्कं ॥ ४४१

पाठान्तरम् ।

एक्कं जोयणलक्खं पत्तेक्कं दीहवाससंजुत्ता । याणविमाणा दुविहा विक्किरियाए सहावेणं ॥ ४४२

ते विक्किरियाजादा याणविमाणा विणासिणो होंति । अविणासिणो य णिच्चं सहावजादा परमरम्मा ॥

धुव्वंतधयवदाया विविहासणसयणपहुदिपरिपुण्णा । धूवघडेहिं जुत्ता चामरघंटादिकयसोहा ॥ ४४४

वंदणमालारम्मा मुत्ताहलहेमदामरमणिज्जा । सुंदरदुवारसहिदा वज्जकवाडुज्जला विरायंति ॥ ४४५

सच्छाइं भायणाइं वत्थाभरणाइमाइं दुविहाइं । होंति हु याणविमाणे विक्किरियाए सहावेणं ॥ ४४६

विक्किरियाजणिदाइं विणासरूवाइं होंति सव्वाइं । वत्थाभरणादीया सहावजादाणि णिच्चाणिं ॥ ४४७

सोहम्मादिसु अट्ठसु आणदपहुदीसु चउसु इंदाणं । सूवरहरिणीमहिसा मच्छा भेकाहिछगलवसहा य ॥

कप्पतरू मउडेसुं चिण्हाणिं णव कमेण भणिदाणिं । एदेहिं ते इंदा लक्खिज्जंते सुराण मज्झम्मि ॥ ४४९

सौधर्मादि चारमें और शेष कल्पयुगलोंमें क्रमसे प्रत्येकके पूर्वोक्त यानविमान होते हैं ॥ ४४१ ॥ पाठान्तर ।

इनमेंसे प्रत्येक विमान एक लाख योजन प्रमाण दीर्घता व व्याससे संयुक्त है । ये विमान दो प्रकार हैं, एक विक्रियासे उत्पन्न हुए और दूसरे स्वभावसे ॥ ४४२ ॥

विक्रियासे उत्पन्न हुए वे यान विमान विनश्वर और स्वभावसे उत्पन्न हुए वे परम रम्य यान विमान नित्य व अविनश्वर होते हैं ॥ ४४३ ॥

उक्त यान विमान फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे सहित, विविध आसन व शय्या आदिसे परिपूर्ण, धूपघटोंसे युक्त, चामर एवं घंटादिकसे शोभायमान, वंदनमालाओंसे रमणीय मुक्ताफल व सुवर्णकी मालाओंसे सुशोभित, सुन्दर द्वारोंसे सहित, और वज्रमय कपाटोंसे उज्ज्वल होते हुए विराजमान हैं ॥ ४४४–४४५ ॥

यान विमानमें स्वच्छ भाजन, वस्त्र और आभरणादिक विक्रिया व स्वभावसे दो प्रकारके होते हैं ॥ ४४६ ॥

विक्रियासे उत्पन्न सब वस्त्राभरणादिक विनश्वर और स्वभावसे उत्पन्न हुए ये सभी नित्य होते हैं ॥ ४४७ ॥

सौधर्मादिक आठ और आनत आदि चार कल्पोंमें इन्द्रोंके मुकुटोंमें क्रमसे शूकर, हरिणी, महिष, मत्स्य, भेक, सर्प, छगल, वृषभ और कल्पतरु, ये नौ चिह्न कहे गये हैं । इन चिह्नोंसे सुरोंके मध्यमें वे इन्द्र पहिचाने जाते हैं ॥ ४४८–४४९ ॥

१ द ब कच्छ. २ द ब धुव्व. ३ द ब मच्छा भेका.

इंदाणं चिण्हाणिं पत्तेक्कं ताव जा[1] सहस्सारं । आणदआरणजुगले चोद्दसठाणेसु वोच्छामि ॥ ४५०
सूवरहरिणीमहिसा मच्छा कुम्मा य भेकहयहत्थी । चंदाहिगवयछगला वसहकप्पतरू[2] मउडमज्झेसुं ॥ ४५१
[पाठान्तरम् ।]
इंदाणं परिवारा पडिंदपहुदी ण होंति कइया वि[3] । अहमिंदाणं सप्पडिवाराहिंतो अणंतसोक्खाणं ॥ ४५२
उववादसभा विविहा कप्पातीदाण होंति सव्वाणं । जिणभवणा पासादा णाणाविहदिव्वरयणमया ॥ ४५३
अभिसेयसभा संगीयपहुदिसालाओ चित्तरुक्खा य । देवीओ ण दीसंति कप्पातीदेसु कइया वि ॥ ४५४
गेहुच्छेहो दुसया पण्णब्भहियं सयं सुद्धं । हेट्ठिममज्झिमउवरिमगेवज्जेसुं कमा होंति ॥ ४५५
२०० । १५० । १०० ।
भवणुच्छेहपमाणं अणुदिसाणुत्तराभिधाणेसुं । पण्णासा जोयणया कमसो पणुवीसमेत्ताणिं ॥ ४५६
५० । २५ ।
उदयस्स पंचमंसा दीहत्तं तद्दलं च वित्थारो । पत्तेक्कं णादव्वा कप्पातीदाण भवणेसुं ॥ ४५७
एवं इंदविभूदिपरूवणा सम्मत्ता ।

सहस्रार कल्प तक प्रत्येक इन्द्रके तथा आनत और आरण युगलमें इस प्रकार चौदह स्थानोंमें चिह्नोंको कहते हैं ॥ ४५० ॥

शूकर, हरिणी, महिष, मत्स्य, कूर्म, भेक, हय, हाथी, चन्द्र, सर्प, गवय, छगल, वृषभ और कल्पतरु, ये चौदह चिह्न मुकुटोंके मध्यमें होते हैं ॥ ४५१ ॥ [पाठान्तर ।]

इन्द्रोंके प्रतीन्द्र आदि परिवार होते हैं । किन्तु सपरिवार इन्द्रोंकी अपेक्षा अनन्त सुखसे युक्त अहमिन्द्रोंके उपर्युक्त परिवार कदापि नहीं होते ॥ ४५२ ॥

सब कल्पातीतोंके विविध प्रकारकी उपपादसभायें, जिनभवन, नाना प्रकारके दिव्य रत्नोंसे निर्मित प्रासाद, अभिषेकसभा, संगीत आदि शालायें और चैत्यवृक्ष भी होते हैं । परन्तु कल्पातीतोंके देवियां कदापि नहीं दिखतीं ॥ ४५३–४५४ ॥

अधस्तन, मध्यम और उपरिम ग्रैवेयोंमें प्रासादोंकी उंचाई क्रमसे दो सौ, एक सौ पचास और केवल सौ योजन है ॥ ४५५ ॥ अ. ग्रै. २००, म. ग्रै. १५०, उ. ग्रै. १०० ।

अनुदिश और अनुत्तर नामक विमानोंमें भवनोंकी उंचाईका प्रमाण क्रमसे पचास और पच्चीस योजन मात्र है ॥ ४५६ ॥ अनुदिश ५० अनुत्तर २५ ।

कल्पातीतोंके भवनोंमें प्रत्येककी दीर्घता उंचाईके पांचवें भाग और विस्तार उससे आधा समझना चाहिये ॥ ४५७ ॥

इस प्रकार इन्द्रविभूतिकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

१ ब जाव. २ द ब हयचंआ हिदवयछगला पंचतरू. ३ द ब कइया आदिं.

पढमे विदिए जुगले बम्हादिसु चउसु आणददुगम्मि । आरणजुगे सुदंसणपहुदिसु एक्कारसेसु कमे ॥ ४५८

दुगसत्तदसं चउदससोलसअट्ठरसवीसबावीसा । तत्तो एक्केक्कजुदा उक्कस्साऊ समुद्दउवमाणा ॥ ४५९

२ । ७ । १० । १४ । १६ । १८ । २० । २२ । २३ । २४ । २५ । २६ । २७ । २८ । २९ । ३० । ३१ । ३२ । ३३ ।

एसो उक्कस्साऊ इंदप्पहुदीण होदि हु चउण्णं । सेससुराणं आऊ मज्झिमजहण्णपरिमाणा ॥ ४६०

छासट्ठिकोडिलक्खा कोडिसहस्साणि तेत्तियाणिं पि । कोडिसया छच्चेव य छासट्ठीकोडियहियाणिं ॥ ४६१

छासट्ठीलक्खाणिं तेत्तियमेत्ताणि तह सहस्साणिं । छस्सयछासट्ठीओ दोण्णि कला तियविहत्ताओ[1] ॥ ४६२

एदाणिं[2] पल्लाइं आऊ उडुविंदयम्मि उक्कस्से । तं सेढीबद्धाणं पइण्णयाणं च णादव्वं ॥ ४६३

६६६६६६६६६६६६६ | २/३

उडुपडलुक्कस्साऊ इच्छियपडलप्पमाणरूवेहिं । गुणिदूणं आणेज्जं तस्सिं जेट्ठाउपरिमाणं ॥ ४६४

प्रथम व द्वितीय युगल, ब्रम्हादिक चार युगल, आनतयुगल, आरणयुगल और सुदर्शन आदि ग्यारहमें उत्कृष्ट आयु क्रमसे दो, सात, दश, चौदह, सोलह, अठारह, बीस, बाईस, इसके पश्चात् एक एक अधिक सागरोपम प्रमाण है ॥ ४५८-४५९ ॥

सौ. ई. २, स. मा. ७, ब्र. ब्रह्मो. १०, लां. का. १४, शु. म. १६, श. स १८, आ. प्रा. २०, आ. अ. २२, सु. २३, अ. २४, सुप्र. २५, यशो. २६, सुभ. २७, सुवि. २८, सुम. २९, सौ. ३०, प्री. ३१, आ. ३२, सर्वार्थसिद्धि ३३ ।

यह उत्कृष्ट आयु इन्द्र आदि चारकी है । शेष देवोंकी आयु मध्यम व जघन्य प्रमाणसे सहित है ॥ ४६० ॥

छ्यासठ लाख करोड़ छ्यासठ हजार करोड़ छह सौ छ्यासठ करोड़ अधिक छ्यासठ लाख छ्यासठ हजार छह सौ छ्यासठ और तीनसे विभक्त दो कला, इतने पल्य प्रमाण ऋतु इन्द्रकमें उत्कृष्ट आयु है । यही आयु उसके श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णकोंकी भी जानना चाहिये ॥ ४६१-४६३ ॥ ६६६६६६६६६६६६६$\frac{२}{३}$ ।

ऋतु पटलकी उत्कृष्ट आयुको इच्छित पटल प्रमाण रूपोंसे गुणित कर उसमें उत्कृष्ट आयुके प्रमाणको ले आना चाहिये ॥ ४६४ ॥

---

१ द ब तिहिविहत्ताओ. २ द ब एदाणं.

चोद्दसठाणेसु तिया एक्कं अंककमेण पल्लाणिं । एक्ककला उक्कस्से आऊ विमलिंदयम्मि पुढं ॥ ४६५

१३३३३३३३३३३३३३ | १/३ |

चोद्दसठाणे सुण्णं दुगं च अंककमेण पल्लाणिं । उक्कस्साऊ चंदिंदयम्मि सेढीपइण्णएसुं च ॥ ४६६

२०००००००००००००।

चोद्दसठाणे छक्का दुगं च अंककमेण पल्लाणिं । दोण्णि कला उक्कस्से आऊ वग्गुम्मि णादव्वो ॥ ४६७

२६६६६६६६६६६६६६ | २/३ |

पण्णरसट्ठाणेसुं तियाणि अंककमेण पल्लाणिं । एक्ककला उक्कस्से आऊ वीरिंदयसमूहे[1] ॥ ४६८

३३३३३३३३३३३३३३ | १/३ |

चोद्दसठाणे सुण्णं चउगं[2] अंककमेण पल्लाणिं । उक्कस्साऊ अरुणिंदयम्मि[3] सेढीपइण्णएसुं च ॥ ४६९

४०००००००००००००।

अंकक्रमसे चौदह स्थानोंमें तीन और एक, इतने पल्य और एक कला प्रमाण विमल इन्द्रकमें उत्कृष्ट आयु है ॥ ४६५ ॥

$६६६६६६६६६६६६६\frac{२}{३} \times २ = १३३३३३३३३३३३३३\frac{१}{३}$ ।

अंकक्रमसे चौदह स्थानोंमें शून्य और दो, इतने पल्य प्रमाण चन्द्र इन्द्रक तथा उसके श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णकोंमें उत्कृष्ट आयु है ॥ ४६६ ॥

$६६६६६६६६६६६६६\frac{२}{३} \times ३ = २०००००००००००००$ ।

अंकक्रमसे चौदह स्थानोंमें छह और दो, इतने पल्य व दो कला प्रमाण वल्गु इन्द्रकमें उत्कृष्ट आयु है ॥ ४६७ ॥

$६६६६६६६६६६६६६\frac{२}{३} \times ४ = २६६६६६६६६६६६६६\frac{२}{३}$ ।

अंकक्रमसे पन्द्रह स्थानोंमें तीन, इतने पल्य और एक कला प्रमाण वीर इन्द्रक समूहमें उत्कृष्ट आयु है ॥ ४६८ ॥ $३३३३३३३३३३३३३३\frac{१}{३}$ ।

अंकक्रमसे चौदह स्थानोंमें शून्य और चार, इतने पल्य प्रमाण अरुण इन्द्रक व उसके श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णकोंमें उत्कृष्ट आयु है ॥ ४६९ ॥ ४०००००००००००००।

---

१ द ब वीरिंदयसमूहे. २ द ब चउमं. ३ द ब अरिणिंदयम्मि.

चोद्दसठाणे छक्का चउ अंककमेण पल्लाणिं । दोण्णि कलाओ णंदणणामे आउस्स उक्कस्सो ॥ ४७०

४६६६६६६६६६६६६६ | २/३ |

चोद्दसठाणेसु तिया पंचंककमेण होंति पल्लाणिं । एक्ककला णलिणिंदयणामे आउस्स उक्कस्सो ॥ ४७१

५३३३३३३३३३३३३३ | १/३ |

